3 राजधानी
प्लाट दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी

6 प्रादेशिकी
मांस-मदिरा से मुक्त हो काशी नगरी

10 कारोबार
भूमंडलीकरण का समाधान विकेंद्रीकरण: जयशंकर

12 स्पोर्ट्स
भारत ने इंग्लैंड का सूपड़ा साफ किया

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 332
लखनऊ, रविवार, 25 सितंबर, 2022
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



केंद्र के अनेक फैसले गांधीवादी दर्शन पर आधारित
राष्ट्रीय-9

www.dailypioneer.com

# अंकिता की हत्या से भड़का आक्रोश

- नहर से बरामद हुआ शव आरोपी के रिजॉर्ट पर चला बुलडोजर, एक हिस्से को लोगों ने फूंका, एसआईटी करेगी हत्याकांड की जांच
- गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने भाजपा विधायक रेनू बिष्ट की गाड़ी में भी की तोड़फोड़
- भाजपा ने मुख्य आरोपी के पिता पूर्व राज्यमंत्री विनोद और भाई को पार्टी से किया निष्कासित






अंकिता भंडारी की हत्या से आक्रोशित लोगों ने देहरादून में भाजपा विधायक की गाड़ी में तोड़फोड़ की तो पौड़ी गढ़वाल में आरोपी पुलकित आर्य के कारखाने में आग लगा दी

**पायनियर समाचार सेवा।** देहरादून

**रिसेप्शनिस्ट** अंकिता भंडारी की हत्या से पूरे उत्तराखंड में आक्रोश फैल गया है। राज्य सरकार ने हत्याकांड के मुख्य आरोपी पुलकित आर्य के रिजॉर्ट पर शुक्रवार रात से ही बुलडोजर चलाना शुरू कर दिया। शनिवार सुबह इसके एक हिस्से को आक्रोशित लोगों ने आग के हवाले कर दिया।

सरकार ने पूरे मामले की जांच एसआईटी को सौंप दी है। राज्य से कई अन्य रिजॉर्ट को भी फूंकने की खबरें आ रही हैं। भाजपा ने आरोपी पुलकित के पिता पूर्व राज्य मंत्री विनोद आर्य और भाई अंकित को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। पौड़ी के श्रीकोट की रहने वाली 19 वर्षीय अंकिता भोगपुर क्षेत्र में वनतारा रिसॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट के तौर पर काम करती थी और 19 सितंबर से लापता थी। शनिवार सुबह उसकी लाश चिल्ला नहर से बरामद हो गई। आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर लोग उग्र प्रदर्शन कर रहे हैं और सोशल मीडिया से लेकर सड़कों पर वे अपने गुस्से का इजहार कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने भाजपा की यमकेश्वर से विधायक रेनू बिष्ट की गाड़ी में भी उस समय तोड़फोड़ कर दी जब वह ऋषिकेश स्थित एम्स पहुंचीं, जहां युवती की लाश पोस्टमार्टम के लिए लायी गई थी। इस बीच, राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मामले की जांच एसआईटी से कराने के आदेश दिए हैं।

दूसरी ओर, भाजपा ने पूर्व राज्यमंत्री विनोद आर्य और उनके बेटे एवं मुख्य आरोपी पुलकित के भाई अंकित आर्य को पार्टी से तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया है। धामी के निर्देश पर अंकित आर्य को भी ओबीसी आयोग के मनोनीत उपाध्यक्ष के पद से हटा दिया गया है। राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) के कर्मियों ने शुक्रवार को आरोपी से उस स्थान के बारे में पूरी जानकारी जुटाई, जहां नहर में अंकिता को धकेला गया था। टीम ने उसी स्थान से शव की तलाश शुरू कर दी। काफी मशक्कत के बाद एसडीआरएफ कर्मियों को शनिवार की सुबह युवती का शव मिल गया। शव को एम्स ऋषिकेश ले जाया गया, जहां पहले से ही बड़ी संख्या में लोग एकत्र होकर प्रदर्शन कर रहे थे। यमकेश्वर विधायक रेणु बिष्ट जैसे ही वहां पहुंचीं, नारेबाजी करती भीड़ उनकी कार पर टूट पड़ी और उनकी एसयूवी की पिछली खिड़की को तोड़ दिया। इस बीच, पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने पीड़िता के पिता के साथ टेलीफोन पर बातचीत की और उन्हें हर प्रकार से सहायता एवं आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वह पूरी कोशिश करेंगे कि दोषियों को मौत की सजा मिले। सोशल मीडिया पर शेयर की गई बातचीत के ऑडियो क्लिप में भावुक पिता को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि आरोपी का एनकाउंटर होना चाहिए था।

हालांकि पुलिस महानिदेशक ने कहा कि कानून के मुताबिक ही कार्रवाई होनी चाहिए। अशोक कुमार ने पीड़ित पिता को आश्वासन दिया कि अपराधियों के लिए मौत की सजा सुनिश्चित कराने के लिए पुलिस बारीकी से मामले की जांच करेगी और सभी सबूत जुटाएगी। रिसेप्शनिस्ट अंकिता भंडारी की हत्या से उत्तराखंड की राजनीति से लेकर पर्यटन, अपराध और अन्य पहलुओं को लेकर हलचल मच गई है। राज्य के लोग रिसॉर्ट्स और भूमि कानूनों के अंधाधुंध दुरुपयोग और अवैध निर्माण के मुद्दे को उठा रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी ने राज्य के सभी पर्यटक रिसॉर्ट्स ( शेष पेज 4 )

## धामी ने दिया त्वरित जांच व निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा

**पायनियर समाचार सेवा।** देहरादून

**उत्तराखंड** के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को अंकिता भंडारी के पिता से फोन पर बात कर संवेदनाएं प्रकट की और उनकी बेटी की हत्या की निष्पक्ष और त्वरित जांच का आश्वासन दिया। इसके लिए एसआईटी गठित कर दी गई है। मुख्यमंत्री धामी ने ट्वीट कर कहा कि राज्य सरकार इस जघन्य अपराध की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई करेगी जो इस प्रकार के घृणित कार्य को करने वाले अपराधियों के लिए एक नजीर साबित होगी।

# बाल उत्पीड़न से जुड़ी सामग्री के खिलाफ सीबीआई की कार्रवाई

- देशभर में 59 जगहों पर छापेमारी, इंटरपोल सिंगापुर से मिली सूचना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने ऑपरेशन मेघ चक्र के तहत बाल यौन उत्पीड़न से संबंधित सामग्री (सीएसएएम) के ऑनलाइन प्रसार से जुड़े दो मामलों में शनिवार को 21 राज्यों और एक केंद्र-शासित प्रदेश में 59 ठिकानों की तलाशी ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छापेमारी इंटरपोल सिंगापुर से मिली सूचना और पिछले साल के ऑपरेशन कार्बन के दौरान प्राप्त खुफिया जानकारी पर आधारित है। छापेमारी अभियान क्लाउड स्टोरेज सेवाओं पर लक्षित है, जिसका इस्तेमाल अपराधी बच्चों के साथ अवैध यौन गतिविधियों के ऑडियो-विजुअल प्रसारित करने के लिए करते हैं।

इसी के चलते इस अभियान को ऑपरेशन मेघ चक्र नाम दिया गया। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि सीबीआई ने देशभर में सीएसएएम प्रसारित करने वाले अपराधियों के खिलाफ छापे मारे हैं। एजेंसी ने बताया कि देश भर में जिन 59 ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया गया, उसमें फरीदाबाद और फतेहाबाद (हरियाणा), देहरादून (उत्तराखंड), कच्छ, लुनावअडा, राजकोट और गोधरा (गुजरात), महाराजगंज, हाथरस तथा गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश), बर्धमान तथा मुर्शिदाबाद (पश्चिम बंगाल), मुंबई, पुणे, नासिक, ठाणे, नांदेड़, सोलापुर, कोल्हापुर तथा नागपुर (महाराष्ट्र), धनबाद और रांची (झारखंड), चित्तूर और कृष्णा (आंध्र प्रदेश), बेंगलुरु, कोडागू, रामनगर तथा कोलार (कर्नाटक), रायपुर (छत्तीसगढ़ ) तथा नई दिल्ली शामिल हैं।

इसी तरह सीबाआई ने चेलाक्कारा तथा मल्लपुरम (केरल), डिंडीगुल (मदुरै), गुरदासपुर तथा होशियारपुर (पंजाब), चेन्नई, गोवा, हैदराबाद, अजमेर, जयपुर (राजस्थान), कुड्डोलोर (तमिलनाडु), गुवाहाटी, धीमाजी (असम), ईंटानगर (अरुणाचाल प्रदेश), सारन और भागलपुर (बिहार), अगरतला (त्रिपुरा) और मंडी (हिमाचल प्रदेश) में छापेमारी की। सीबीआई ने बयान में कहा कि आरोप है कि काफी संख्या में बच्चों के साथ अवैध यौन गतिविधियों के ऑडियो-विजुअल प्रसारित किए जा रहे हैं। इसके लिए क्लाउड बेस्ड स्टोरेज का इस्तेमाल किया जाता है। इस बारे में न्यूजीलैंड की कानून प्रवर्तक एजेंसी से इंटरपोल को जानकारी मिली थी, जिसका सीबीआई ने विश्लेषण किया तथा संदिग्ध लोगों की पहचान की और आगे इसे प्रसारित करने से रोक दिया।




राज्य स्तरीय गौ आधारित प्राकृतिक खेती के लिए विशेष कार्यशाला का भ्रमण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समाचार पेज 2

## भारत और भूटान सीमा द्वार फिर से खोले गए

**रंगिया, गुवाहाटी ( भाषा )।** असम और पश्चिम बंगाल में भारत-भूटान सीमा के द्वार ढाई साल के अंतराल के बाद पर्यटकों के लिए फिर से खोल दिए गए हैं। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, कोविड-19 महामारी के प्रकोप की शुरुआत के बाद से बंद किए गए भारत-भूटान सीमा के द्वार शुक्रवार को कुछ नए नियमों के साथ फिर से खोल दिए गए।

गुवाहाटी में भूटान के महावाणिज्य दूत जिग्मे थिनले नामग्याल ने तामूलपुर जिले के समद्रुप-जोंगखर, चिरांग में दादगिरि और गेलेफू, बक्सा में नामलांग और पनबांग और उदलगुरी जिले के समरंग में अंतरराष्ट्रीय सीमा द्वार फिर से खोलने की घोषणा की। इस अवसर पर भारत-भूटान मैत्री संघ के सदस्य मौजूद थे। ये द्वार सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक खुले रहेंगे। पश्चिम बंगाल में अलीपुरद्वार जिले के जयगांव में ( शेष पेज 4 )

## शांति चाहने वाला देश 26/11 के हमलावरों को पनाह नहीं देगा

- पाकिस्तान पर भारत का पलटवार, पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को मिला करारा जवाब

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त** राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान को करारा जवाब देते हुए भारत ने कहा कि जो देश अपने पड़ोसियों के साथ शांति की चाह रखने का दावा करता है, वह कभी सीमा पार आतंकवाद को प्रायोजित नहीं करेगा और मुंबई में 26-11 को हुए भयावह हमलों के साजिशकर्ताओं को पनाह नहीं देगा। भारत ने कहा कि पाकिस्तान ने 26-11 के हमलावरों के मुल्क में होने की जानकारी विश्व समुदाय के दबाव के बाद दी।

भारत ने जवाब देने के अधिकार का इस्तेमाल करते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के भाषण पर तीखी प्रतिक्रिया दी। शरीफ ने महासभा को संबोधित करते हुए जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया था। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन के प्रथम सचिव मिजितो विनितो ने कहा, यह खेदजनक है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने इस महासभा के मंच का इस्तेमाल भारत पर झूठे आरोप लगाने के लिए किया। युवा भारतीय राजनयिक ने कहा, शरीफ ने यह आरोप लगाया है, ताकि वह अपने देश के गलत कृत्यों को छिपा सकें और भारत के खिलाफ उठाए गए कदमों को न्यायोचित ठहरा सकें, जिन्हें दुनिया अस्वीकार्य मानती है।

गौरतलब है कि शरीफ ने संयुक्त राष्ट्र महारासभा को संबोधित करते हुए दोहराया था कि पाकिस्तान भारत के साथ शांति चाहता है, लेकिन शांति तभी सुनिश्चित हो सकती है और उसकी गांरटी तभी हो सकती है, जब संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव के तहत कश्मीर मुद्दे का समाधान हो। भारत ने शरीफ के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, एक ऐसा देश, जो अपने पड़ोसियों के साथ शांति कायम करने का दावा ( शेष पेज 4 )

## प्रधानाचार्य ने डांटा तो छात्र ने गोली मार दी

**पायनियर समाचार सेवा।** सीतापुर

**उत्तर** प्रदेश के सीतापुर जिले के एक स्कूल में प्राचार्य द्वारा डांटे जाने से नाराज होकर 12वीं कक्षा के एक छात्र ने शनिवार को उन पर गोली चला दी जिससे वह घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए लखनऊ भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि घटना सीतापुर जिले की बिसवां तहसील के सदरपुर थाना क्षेत्र के एक निजी विद्यालय आदर्श रामस्वरूप इंटर कॉलेज की है। सीसीटीवी फुटेज में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि पेड़ों के बीच से भागते हुए एक छात्र नजर आता है। फिर जिन प्रधानाचार्य को गोली लगी है, वह जान बचाते हुए भागते दिख रहे हैं। दरअसल शनिवार की सुबह सात बजे की यह घटना है। थाना सदरपुर इलाके के जहांगीराबाद में स्थित आदर्श रामस्वरूप विद्यालय इंटर कॉलेज के परिसर में ही प्रधानाचार्य रामसिंह वर्मा रहते हैं। कोचिंग पढ़ने के लिए छात्र गुरुविन्दर सिंह पहुंचा था। रोज की तरह अपने बैग में कापी-किताब तो ले गया, लेकिन उसी में नजायज असलहा भी ( शेष पेज 4 )

# पहले विदेशी नियोक्ता की विश्वसनीयता को जांचें

- विदेश में नौकरी के इच्छुक भारतीयों को विदेश मंत्रालय ने दी सलाह
- देश छोड़ने से पहले भर्ती एजेंट की पृष्ठभूमि को भी सत्यापित करें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** ने विदेशों में नौकरी की तलाश कर रहे भारतीयों को सलाह दी है कि वे नौकरी के लिए देश से बाहर जाने से पहले अपने विदेशी नियोक्ताओं की विश्वसनीयता को सत्यापित करें और भर्ती एजेंटों की पृष्ठभूमि की जांच करें। सरकार ने यह परामर्श म्यांमा में कई भारतीयों को नौकरी देने के नाम पर की गई कथित धोखाधड़ी का मामला आने के बाद दिया है।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि बैंकॉक और म्यांमा स्थित भारतीय मिशन के संज्ञान में फर्जी रोजगार गिरोह के मामले आए हैं, जो थाईलैंड में संदिग्ध आईटी कंपनियों में नौकरी दिलाने का लालच दे रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा, हमारे बैंकॉक और म्यांमा स्थित दूतावासों के संज्ञान में फर्जी रोजगार गिरोह की ओर से भारतीय युवाओं को बहकाकर संदिग्ध आईटी कंपनियों द्वारा थाईलैंड में डिजिटल सेल्स और मार्केटिंग एक्जक्यूटिव की नौकरी दिलाने का लालच दिया जा रहा है। ये कंपनियां कॉलसेंटर घोटाले और क्रिप्टोकरेंसी फर्जीवाड़े में संलिप्त हैं। परामर्श में कहा गया, लक्षित समूह आईटी कौशल प्राप्त युवा हैं जिन्हें सोशल मीडिया विज्ञापन और दुबई एवं भारत में मौजूद एजेंटों के जरिए आकर्षक डाटा एंट्री की नौकरी का लालच देकर धोखाधड़ी की जाती है।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि खबर है कि अधिकतर पीड़ितों को गैर कानूनी तरीके से सीमा पार कराकर म्यांमा ले जाया जाता है और बंधक बनाकर कठिन परिस्थितियों में काम कराया जाता है। मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को ( शेष पेज 4 )

### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,098 | |
| निफ्टी | 17,327 | |
| सोना | 50,326 | /10g |
| चांदी | 58,366 | /kg |

### क्विक न्यूज


**अशोक गहलोत के आवास पर आज विधायक दल की बैठक**

**जयपुर।** कांग्रेस विधायक दल की एक बैठक कल यानी रविवार को शाम सात बजे यहां मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के आवास पर होगी। पार्टी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अखिल भारतीय कांग्रेस समिति (एसआईसीसी) के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने राजस्थान में कांग्रेस विधायक दल की बैठक के लिए प्रभारी महासचिव अजय माकन के साथ मल्लिकार्जुन खड़गे को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। एक सप्ताह के भीतर कांग्रेस विधायक दल की यह दूसरी बैठक है। इससे पहले 20 सितंबर को बैठक हुई थी। माना जा रहा है कि अशोक गहलोत यदि कांग्रेस अध्यक्ष बनते हैं तो सचिन पायलट मुख्यमंत्री पद के प्रमुख दावेदार होंगे।

## सोशल मीडिया पर चर्चा, नजरबंद हो गए चीनी राष्ट्रपति!

- भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने ट्वीट कर कहा- क्या शी जिनपिंग नजरबंद हैं, इसकी जांच होनी चाहिए
- चीनी मीडिया या सरकार ने जारी नहीं किया कोई बयान, अंतरराष्ट्रीय मीडिया भी साधे है चुप्पी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**सोशल** मीडिया पर इस दावे के साथ खबरें तेजी से वायरल हो रही हैं कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को नजरबंद कर चीनी सेना ने तख्तापलट कर दिया है। कई चीनी सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं का कहना है कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठों ने उन्हें पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के प्रमुख के पद से हटाकर यह कदम उठाया। ट्वीटर पर भी यह मामला ट्रेंड कर रहा था। भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने शनिवार को ट्वीट कर पूरे मामले की जांच की मांग की।

हालांकि अंतरराष्ट्रीय मीडिया इस मामले में चुप्पी साधे हुए है और चीनी प्रशासन से भी कोई बयान जारी नहीं किया गया है। न्यूज हाईलैंड विजन की एक रिपोर्ट में कहा गया कि चीनी राष्ट्पति को पूर्व राष्ट्रपति हू जिंताओ और पूर्व प्रधानमंत्री वेन जियाबाओ के कहने पर नजरबंद किया गया है, जिन्होंने स्थायी समिति के पूर्व सदस्य सोंग पिंग को चीन की सेंट्रल गार्ड ब्यूरो (सीजीबी) का नियंत्रण वापस लेने के लिए मना लिया है। रिपोर्टों में यह भी कहा गया है कि 16 सितंबर को एससीओ सम्मेलन में भाग लेकर समरकंद से लौटे शी जिनपिंग को हवाई अड्डे पर ही हिरासत में ले लिया गया। इस तरह के वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

इन दावों में कितनी सच्चाई है, इस बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। चीन से यह खबर जरूर पुष्ट हुई है कि पूर्व वाइस पब्लिक सिक्यारिटी मिनिस्टर सुन लिजून को मौत की सजा सुनाई गई है। चीन के सरकारी मीडिया का दावा है कि सुन लिजून को बड़े पैमाने पर घूस लेने का दोषी पाया गया है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक कोर्ट का यह फैसला दर्शाता है कि शी जिनपिंग पार्टी की अहम बैठक से ठीक पहले उच्चाधिकारियों के खिलाफ भी ऐक्शन लेने से नहीं चूक रहे हैं। भारत में इन ( शेष पेज 4 )

## महाराष्ट्र के गांव में लोग होते हैं डिजिटल डिटॉक्स

- शाम को सायरन बजते ही टीवी-फोन बंद कर देते हैं गांव वाले, फिर होती है पढ़ाई और गपशप
- जीवन की दैनिक डिजिटल अव्यवस्था को रोकने के लिए चुना विकल्प

**एजेंसी।** सांगली



डिजिटल डिटॉक्स समय में पढ़ाई करते मोहित्यांचे वडगाँव के बच्चे

**महाराष्ट्र** के सांगली जिले का एक गांव अपने निवासियों को हर शाम डिजिटल डिटॉक्स कराने के लिए प्रेरित कर आधुनिक जीवन में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की अव्यवस्था से बाहर निकलने का रास्ता दिखा रहा है।

यह विचार मोहित्यांचे वडगाँव गाँव के सरपंच विजय मोहिते ने रखा था और निवासी इस आदर्श पहल में उत्साह से भाग ले रहे हैं। स्थानीय मंदिर से शाम सात बजे एक सायरन बजता है, जो लोगों को अपने मोबाइल फोन और अन्य उपकरण एक तरफ रखने के साथ ही टेलीविजन सेट आदि को बंद करने तथा किताबें पढ़ने, अध्ययन करने और एक-दूसरे के साथ बात करने का संकेत देता है, जबकि दूसरा अलार्म रात 8.30 बजे बजता है जो डिटॉक्स अवधि के समाप्त होने का संकेत देता है। सरपंच ने कहा कि कोविड-19 से संबंधित लॉकडाउन और उसके बाद ऑनलाइन कक्षाओं के कारण स्कूल समाप्त होने के बाद भी लंबे समय तक बच्चों के हाथों में मोबाइल फोन रहने लगा, जबकि माता-पिता अधिक समय तक टेलीविजन देखने लगे।

उन्होंने कहा कि जब प्रत्यक्ष रूप से कक्षाएं फिर से शुरू हुईं, तो शिक्षकों ने महसूस किया कि बच्चे आलसी हो गए हैं, पढ़ना-लिखना नहीं चाहते और उनमें से ज्यादातर स्कूल के समय से पहले और बाद में अपने मोबाइल फोन में तल्लीन रहते हैं। इसलिए मैंने डिजिटल डिटॉक्स का विचार सामने रखा।' मोहिते ने कहा, शुरू में, लोगों को झिझक थी तथा वे कहते थे कि क्या मोबाइल और टीवी स्क्रीन से दूर रहना संभव है।

स्वतंत्रता दिवस पर, हमने महिलाओं की एक ग्राम सभा बुलाई और एक सायरन खरीदने का फैसला किया। तब डिजिटल डिटॉक्स के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविका, ग्राम पंचायत कर्मचारी और सेवानिवृत्त शिक्षक घर-घर गए। उन्होंने कहा कि मोहित्यांचे वडगांव स्वतंत्रता सेनानियों का गांव रहा है तथा इसे राज्य और केंद्र सरकारों से स्वच्छता पुरस्कार मिले हैं। सरपंच ने कहा कि गांव को सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के लिए जाना जाता है जहां हमेशा विकास कार्यों ( शेष पेज 4 )


## गठबंधन की गांठ

भगवा से विरत होकर हैंडपंप वाले दल का दामन थामने वाले नेताजी आजकल फार्म में हैं। विपक्ष की भूमिका में सरकार के खिलाफ बयान देने वाले नेताजी के पिछले दिनों दिए गए एक बयान से गठबंधन में गांठ सी पड़ गई है। हालाकी बयान के बाद दोनों दल इस मुद्दे पर सार्वजनिक तौर पर कोई भी बात करने से कतरा रहे हैं क्योंकि पिछले दिनों नेता जी ने एक बयान देते हुए कहा था कि पार्टी अगला निकाय चुनाव अपने बलबूते लड़ेगी। नेताजी के बयान सामने आने के बाद मानो ऐसा लगा जैसे गठबंधन की गांठ खुल गई हो। पर, स्थिति बिगड़ने से पहले ही पार्टी ने स्पष्ट करते हुए बयान दिया कि गठबंधन के तहत जो भी निर्णय होगा पार्टी उस पर अमल करेगी लेकिन हकीकत यह है कि पहले नेताजी का बयान आने के बाद से लेकर अब तक दोनों दल गठबंधन में साथ साथ नहीं दिखाई दे रहे हैं। अभी पिछले दिनों की बात है भैया जी ने जो सड़क पर विधानसभा लगाई थी तो उस समय हैंडपंप वाले पार्टी के विधायक विधानसभा में धरना दे रहे थे। भैया जी के अधिवेशन में ना तो हैंडपंप वाले माननीय पहुंचे और ना ही पीतांबर वाली पार्टी के नेता। मामले की किरकिरी जब चारों तरफफैली तो चौधरी साहब ने बयान देते हुए गठबंधन पर पर्दा डाला कि यह प्रदर्शन पार्टी का था ना कि गठबंधन का। अब वहीं दूसरी बात ले लीजिए सत्र चल रहा है लेकिन अंदर दोनों पार्टियों के माननीय एक दूसरे के साथ भी नजर नहीं आते हैं। ऐसे में क्या समझा जाए इस बात को बखूबी समझा जा सकता है।

## बीते हुए दिनों की चाह



चेयरमैन साहब बहुत संतोषी हैं। विभाग तो दूध दही का मिला है लेकिन बीघे में बनी खाली बिल्डिंग रखा रहे हैं। एक समय था जब इस खाली पड़ी बिल्डिंग में दूध दही की नदी बहती थी, लोगों का जमघट लगा रहता था, गाड़ियों की लाइन लगी रहती थी। यह नए चेयरमैन का दुर्भाग्य है कि उन्हें जिस चीज की जिम्मेदारी दी गई है वही उनके कार्यालय में नहीं है। सब तो चला गया नए कारखाने में। अब यहां केवल बन्द कमरे और पानी से भरा मैदान ही दिखाई दे रहा है। नाम की दृष्टि से देखा जाए तो वाकई में चेयरमैन साहब काफी संतोषी है। जो बीते चार पांच महीने से दो बीघे में बने खाली कारखाने में बैठे पुरानी फाइलों की धूल साफकरते दिखाई पड़ते हैं, मिलने भी कोई एक आध लोग चले आते हैं, वो भी गांव से अपनी समस्या लेकर। पेमेंट नहीं हो रहा, सुनवाई नहीं हो रही है, कृपया मदद करें। चेयरमैन साहब क्या बताएं कि वे खुद मदद की गुहार लगा रहे हैं कोई उन्हें यहां से निकल कर नए कारखाने में ले चले।




## वादे हैं वादों का क्या



नगर निगम ने 40-40 स्ट्रीट लाइटें एक वर्ष पहले प्रत्येक वार्डों में देने के लिए कहा था। शहर की प्रथम महिला ने वार्डों का अंधियारा दूर करने के लिए नगर निगम सदन में स्ट्रीट लाइटें देने की घोषणा की थी, लेकिन नहीं मिलीं। बेचारी! महिला पार्षद लाइटें मांगती रह गयी, कहते कहते थक गयीं। पर लालफीताशाही के आगे सब बेमतलब रह गया। चुनावी वर्ष होने के कारण सदन और कार्यकारिणी में लोक लुभावन प्रस्ताव तो पास कर दिए गए लेकिन कई प्रस्ताव सिर्फ सदन की कार्यवाही तक ही सीमित रह गये। भाजपा, कांग्रेस और सपा पार्षदों ने खत लिखकर मांग की, पर अफसर नहीं पिघले। स्ट्रीट लाइटें लगाने वाली संस्था ईईएसल पर कार्रवाई की मांग की।... पार्षदों ने सदन में भी शोर शराबा कर इस मुद्दे को उठाया, लेकिन बाहर आकर सब भूल गए। अब तो दोबारा चुनके पार्षद आने पर भले ही स्ट्रीट लाइटें मिल सकें, तब तक खाली खड़े पोलों को स्ट्रीट लाइटों का इंतजार रहेगा।

## हम नहीं सुधरेंगे

खाकी वाले आईपीएस को राजनेता बनने का चस्का ऐसा लगा कि उन्होंने अपने कॅरियर को भी दांव पर लगा दिया। अनुशासन की डोर से बंधी खाकी की सेवा में होने के बावजूद अपने वरिष्ठ अधिकारियों और सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलकर बैठ गए। नतीजन अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ा। सरकार ने जबरन सेवानिवृत्त करके घर बिठा दिया। इस पर भी उन्होंने कोई सबक नहीं लिया और अपने महकमे के आला हुक्मरानों व सत्ताशीर्ष पर बैठे राजनेताओं ने रोजाना पंगेबाजी करते रहे। फिर वही हुआ जो होना था। खाकी के जो कारिन्दे कभी उन्हें सलाम बजाते थे उन्होंने उठाकर उन्हें सींखचों के पीछे पहुंचा दिया। लंबा समय जेल में गुजरा और फिर किसी तरह जमानत पर बाहर आए। माना यह जा रहा था कि उनके स्वभाव में अब बदलाव आएगा लेकिन ऐसा हुआ नहीं। फिर तिकड़म बिठाने में जुट गए। राजनीति में कदम रखने के लिए एक सेना का गठन कर डाला। खाकी की कार्रवाई का शिकार बने साहब अब सीधे तौर पर ईडी से पंगा ले रहे हैं। जगह-जगह अपने भाषणों में ईडी पर निशाना साधते हुए बयान दे रहे हैं कि इसका फुल फार्म मोदी के राज में 'इनको देखो' हो गया है। उनका आशय है कि सरकार ने ईडी के लिए टारगेट सेट कर दिया है कि इनको देखना है। वह टारगेट एक्शन कर रही है। कहवात है कि दूध का जला माठा भी फूंक-फूंक कर पीता है लेकिन अब इन साहब को क्या कहा जाए। यह भविष्य ही तय करेगा कि इनकी अगली पंगेबाजी क्या गुल खिलाएगी।

# गोवंश रहा है देश की कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था का आधार

## मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय गौ-आधारित प्राकृतिक खेती कार्यशाला का किया शुभारम्भ

● प्राकृतिक खेती में उत्कृष्ट कार्यों के लिए पांच किसानों को सम्मानित किया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य स्तरीय गौ आधारित प्राकृतिक खेती के लिए विशेष कार्यशाला का आयोजन भारत की आस्था को बचाने के साथ-साथ धरती माता को उसके वास्तविक स्वरूप में बनाए रखने का एक अभियान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा व मार्गदर्शन में इस अभिनव कार्यक्रम को गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत द्वारा बढ़ाया जा रहा है। आचार्य का सानिध्य इस कार्यक्रम के लिए पूरे देश को प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री शनिवार को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्य स्तरीय गौ आधारित प्राकृतिक खेती कार्यशाला 2022 का शुभारम्भ करने के पश्चात अपने विचार व्यक्त रहे थे।



इस अवसर पर उन्होंने प्राकृतिक खेती विधा में उत्कृष्ट कार्यों के लिए 5 किसानों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विश्व में भारत एक कृषि प्रधान देश माना जाता रहा है। कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था का आधार भारत का गोवंश रहा है। आधुनिक तकनीक आने के पहले भारतीय किसान पुरातन काल से ही गोवंश आधारित खेती करते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूरोप में औद्योगिक क्रान्ति एवं भारत में ब्रिटिश शासन में परम्परागत खेती किसानी पर प्रहार के फलस्वरूप कृषि का पराभव शुरू हुआ। आजादी के बाद देश में खाद्यान्न की आत्मनिर्भरता का लक्ष्य प्राप्त किया गया। उन्होंने कहा कि नौजवानों के कैंसर, किडनी, लीवर आदि की गम्भीर बीमारियों से ग्रसित होने पर उनकी प्रतिभा व ऊर्जा का लाभ समाज को नहीं मिल पाता। इन गम्भीर बीमारियों का प्रमुख कारण बड़े पैमाने पर रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों का कृषि क्षेत्र में हो रहा प्रयोग है, जो खाद्यान्न को संदूषित कर देता है।

मार्गदर्शन में गौ आधारित प्राकृतिक खेती को मिशन मोड के रूप में प्रारम्भ किया गया। प्रदेश सरकार भी इस कार्यक्रम के साथ जुड़ी है। राज्य सरकार द्वारा बुन्देलखण्ड क्षेत्र के समस्त 7 जनपदों के सभी 47 विकासखण्डों में 11750 हेक्टेयर क्षेत्रफ्ल में 235 क्लस्टर बनाकर गौ.आधारित प्राकृतिक खेती के लिए बजट के प्राविधान के साथ-साथ अनुदान की भी व्यवस्था की गई है। इस मौके पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सभी के प्रेरणा स्त्रोत और भारतीय संस्कृति एवं परम्पराओं के पोषक हैं। 70 वर्ष के बीमारू प्रदेश को मुख्यमंत्री ने अपने विल पावर से 5 वर्ष में एक आदर्श राज्य में बदला है। उत्तर प्रदेश आज एक मॉडल के रूप में उभरा है। मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का जो बीड़ा उठाया वह सराहनीय है। मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक खेती के माध्यम से उत्पादित वस्तुओं की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह ओलख, ग्राम्य विकास राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी, कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# न्यायमूर्ति संजय मिश्र ने राज्यपाल को सौंपा लोकायुक्त प्रशासन-2021 का वार्षिक प्रतिवेदन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लोकायुक्त** न्यायमूर्ति संजय मिश्रा ने शनिवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से भेंटकर उनके समक्ष 'लोकायुक्त प्रशासन वर्ष 2021 का वार्षिक प्रतिवेदन' प्रस्तुत किया। लोकायुक्त न्यायमूर्ति संजय मिश्रा ने राज्यपाल को अवगत कराया कि वर्ष 2021 में कुल 1487 परिवाद निस्तारित किए गए। जिनमें 85 परिवादों में शिकायतकर्ताओं को उनके द्वारा की गयी शिकायत में पूर्ण राहत प्रदान करायी गयी। 82 परिवादों में शिकायतकर्ताओं को उनके सेवानिवृत्त देयकों के रूप में कुल धनराशि 25493286 रुपए का भुगतान कराया गया। उन्होंने बताया कि प्रशासन से पूर्ण राहत प्राप्त होने के फलस्वरूप 47 परिवादी और शिकायतकर्ताओं द्वारा आभार भी प्रकट किया गया है।



इसी क्रम में लोकायुक्त संजय मिश्रा ने राज्यपाल को बताया कि लोकायुक्त एवं उप लोकायुक्तों द्वारा वर्ष 2021 में कुल 40 प्रतिवेदन, अंतरिम प्रतिवेदन, संस्तुति तथा विशेष प्रतिवेदन भेजे गये। जिनमें प्रतिवेदन 33, अंतरिम प्रतिवेदन 01, संस्तुति 02, विशेष प्रतिवेदन 04 हैं, जिसके अंतर्गत 07 आई0ए0एस0 ए 07 नगर पालिका एवं नगर पंचायत अध्यक्षों ए 83 अन्य लोक सेवकों के विरूद्ध कार्यवाही के लिए संस्तुति की गयी है। राज्यपाल ने लोकायुक्त संगठन के सम्बन्ध में जन जागरूकता और विद्यार्थियों में प्रसार के बारे में चर्चा की। लोकायुक्त के वार्षिक प्रतिवेदन को राज्यपाल द्वारा आवश्यक कार्यवाही हेतु मुख्यमंत्री को प्रेषित किया जायेगा। इस अवसर पर प्रमुख सचिव राज्यपाल कल्पना अवस्थी, लोक आयुक्त प्रशासन से उप लोकायुक्त दिनेश कुमार सिंह, उप लोकायुक्त सुरेन्द्र कुमार यादव, अनिल कुमार सिंह, सचिव लोकायुक्त अपूर्व सिंह, मुख्य अन्वेषण अधिकारी राजेश कुमार, संयुक्त सचिव अवनीश शर्मा तथा अन्य सम्बंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# पंखुड़ी पाठक बनीं यूपी कांग्रेस सोशल मीडिया की चेयरमैन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा पंखुड़ी पाठक को उत्तर प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया का चेयरमैन एवं युवा नेता दानिश आजम वारसी, शालिनी सिंह, शुभम शुक्ला को प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया का उपाध्यक्ष, विपिन गुप्ता को कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया हैं। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सचिन रावत ने बताया कि इस अवसर पर खुशी जाहिर करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सतीश अजमानी, संगठन महासचिव दिनेश सिंह, प्रदेश सचिव-संगठन प्रभारी अनिल यादव, मीडिया संयोजक अशोक सिंह, अंशू अवस्थी, प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव, संजय सिंह, सचिन रावत, संजय सिंह, विशाल राजपूत, प्रभाकर मिश्रा, निशिकांत, हरे राम मिश्रा, प्रज्ञा सिंह, सुधा मिश्रा आदि ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया के नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

# किसानों को लेकर मुख्यमंत्री के दावों में कोई दम नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राज में किसान और नौजवान सबसे ज्यादा उत्पीड़न के शिकार हैं। सरकार इनके प्रति संवेदनहीन व्यवहार कर रही है। किसान कर्ज में डूबा है। नौजवान का भविष्य अंधेरे में है। मुख्यमंत्री के दावों में कोई दम नहीं है। भाजपा सरकार का सारा कामकाज कोरे बयानों से लोगों को बहकाने से ही चल रहा है। किसान अपने को ठगा महसूस कर रहा है। अखिलेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश के कई हिस्से बाढ़ या सूखे से प्रभावित हैं। खेती के काम आने वाला डीजल और कृषियंत्र समेत खाद, बीज, कीटनाशक सभी महंगे हैं। साधारण किसान महंगाई के कारण अभाव की जिंदगी जी रहा है। किसान की फसल वर्षा और बाढ़ से बर्बाद हो गयी है। लंपी बीमारी से किसानों के पशु मर रहे हैं। किसानों के गन्ना बकाया का भुगतान नहीं हो रहा है। सरकार झूठे आश्वासन दे रही है।



किसानों के नुकसान को देखते हुए भाजपा सरकार को तत्काल मुआवजा देने की घोषणा करनी चाहिए। सर्वे और आंकलन के बहाने किसानों को बहकाया जाना बंद हो। जब मुख्यमंत्री जी का मथुरा का अपना ही कार्यक्रम भारी वर्षा की वजह से रद्द हो गया तो उन्हें राहत देने के लिए किस प्रमाण की प्रतीक्षा है। अखिलेश ने कहा कि बारिश ने सरकारी दावों की पोल खोल दी है। जगह.जगह जल भराव से जनजीवन अस्तव्यस्त है। सड़कों पर बने गड्ढे जानलेवा साबित हो रहे हैं। वर्षा क्षेत्र में पशुओं की बीमारी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान तो भाजपा नेतृत्व ने कहा था उत्तर प्रदेश के किसानों को मुफ्त बिजली दी जाएगी। उनकी आय दोगुनी करने का वादा का तो अब भूले से भी कोई नाम नहीं लेता है। मुफ्त बिजली देने की बात से विधानसभा में मंत्री जी ने ही इंकार कर दिया। मतलब ये भी चुनावी जुमला था। अखिलेश ने कहा कि देश के भविष्य नौजवानों के साथ तो भाजपा सरकार और भी बुरा व्यवहार कर रही है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रों का उत्पीड़न हो रहा है। वहां के छात्र बढ़ी फीस की वापसी और छात्र संघ बहाली की मांग को लेकर लगातार धरना.प्रदर्शन कर रहे है। पुलिस लाठियां बरसा रही है। सरकार की यह निरंकुशता है।

अखिलेश ने कहा कि प्रयागराज विश्वविद्यालय में 400 प्रतिशत तक फीस बढ़ा दी गई है। फीस जहां पहले शून्य थी वहां अब 500 रूपये ली जा रही है। भाजपा सरकार के कार्यकाल में सभी की आय में गिरावट आई है। बेरोजगारी बढ़ी है। फिर छात्रों की पढ़ाई, हॉस्टल एवं अन्य खर्चे बढ़ाकर दंभी सरकार छात्रों और उनके अभिभावकों से किस बात का बदला लेना चाहती है। अखिलेश ने कहा कि वैसे भी भाजपा सरकार ने गरीबी और बेरोजगारी दोनों को खूब बढ़ावा दिया है।

## सपा प्रतिनिधिमंडल 26 को जाएगा देवरिया

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमण्डल 26 सितम्बर को देवरिया जायेगा। सपा प्रवक्ता ने बताया कि देवरिया के ग्राम तिलौली उर्फ डेहरी पोस्ट चोरडिहा, थाना खुखुन्दू निवासी पवन प्रधान पुत्र नन्दलाल यादव के ऊपर कोई भी आपराधिक मामला न होने के बाबजूद पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार फर्जी उत्पीड़न किया जा रहा है जिसकी जांच करने एवं पीड़ित परिवार से मिलने के लिए समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमण्डल ग्राम तिलौली उर्फ डेहरी जनपद देवरिया पहुंचेगा। सपा प्रतिनिधिमण्डल में गजाला लारी पूर्व विधायक, रामअवध यादव पूर्व सदस्य विधान परिषद, विजय बहादुर यादव पूर्व विधायक गोरखपुर, डॉ. दिलीप यादव निवर्तमान जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी देवरिया शामिल हैं।

# रिटायर्ड फौजी व उसके भाइयों ने विरोधियों को पीटा, गोली मारकर की एक की हत्या

● आबादी की जमीन पर कब्जे का विरोध किए जाने से नाराज होकर दिया वारदात को अंजाम

● तीन आरोपी गिरफ्तार, पिस्टल बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के गाजीपुर जिले के दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव में आबादी की जमीन पर जबरन कब्जा करने को लेकर रिटायर्ड फौजी और वर्तमान में सहायक अध्यपाक की नौकरी कर रहे जर्नादन यादव और उसके भाइयों ने विरोधी पक्ष के लोगों को जमकर पीटा और गोली मारकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी। मारपीट के दौरान कई लोग जख्मी हुए हैं। इस संबंध में पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज करके तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त पिस्टल बरामद कर ली है। मुख्य अभियुक्त अभी फरार है। ग्रामीणों का आरोप है कि रिटायर्ड फौजी जर्नादन यादव और उसके सहायक अध्यापक भाई ने गांव की कई सरकारी जमीनों पर कब्जा कर रखा है। लगातार इस संबंध में शिकायत किए जाने के बावजूद पुलिस-प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

घटना के संबंध में ग्राम सोइया, शिवपुर निवासी मुन्नू सिंह यादव की ओर से जर्नादन यादव, उसके दो भाइयों सुवास यादव, जयराम यादव और सुवास यादव के पुत्र व गोरखपुर में कांस्टेबल के पद पर तैनात संजय यादव और इनके घर की महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने आईपीसी की धारा 147,148,149,307,302 और 34 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मुन्नू सिंह यादव की ओर से पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक 23 सितबर की सुबह साढ़े पांच बजे वह शौच क्रिया के बाद वापस घर आ रहे थे। इस दौरान उन्होंने देखा कि उन लोगों द्वारा गड़वाए गए छह पिलर व तार विपक्षियों द्वारा उखाड़कर फेंक दिए गए हैं। मुन्नू के अनुसार वह अपने चचेरे भाई गुड्डू के घर गए और इसकी सूचना दी। वहां से वापस लौटते वक्त रिटायर्ड फौजी जनार्दन यादव, सुबास यादव, जयराम यादव तथा संजय यादव और उनके घर की महिलाओं ने एक साथ उनके ऊपर लाठी-डंडे से हमला कर दिया और घेरकर पीटने लगे। मैं चिल्लाया तो मुझे बचाने के लिए गुड्डू, दशरथ, इन्द्रजीत व शकुन्तला देवी दौड़ीं तो उक्त लोगों ने ईंट-पत्थर फेंकना शुरू कर दिया व लाठी-डंडे से पीटा। इसी बीच जर्नादन यादव ने लाइसेंसी असलहे से फायरिंग करते हुए जान से मारने की नीयत से गुड्डू को गोली मार दी। गोली गुड्डू के सीने में लगी। दूसरी गोली गुड्डू के पूत्र इंद्रजीत के पैर में लगी। मुन्नू के अनुसार उनके सिर और शकुंतला के शरीर में कई जगह चोट आई। गुड्डू और इंद्रजीत को एंबुलेंस से तुरंत जिला अस्पताल, गाजीपुर ले जाया गया जहां उसकी मृत्यु हो गई।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैं अपना नाम Ram Prakash Choudhary to Ram Prakash Chaudhary एवं मेरी पत्नी अपना नाम Mamta Choudhary to Mamta Chaudhary करवाना चाहती है। आज से मुझे मेरे नाम की बदली हुई स्पेलिंग से जाना जाय। पता A-142 Omaxe City Raebareli Road Lucknow- 226025

सूचना

सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल वर्ष 2002, इंटरमीडिएट वर्ष 2004, ग्रेजुएशन वर्ष 2007 और पीजी वर्ष 2009 के मूल दस्तावेज (मार्कशीट, प्रमाणपत्र व डिग्री) वास्तव में कहीं खो गए हैं। जिसे भी मिले, कृपया इस पते पर भेजें।

**रिचा कुमारी**
**पुत्री श्री बिनोद हिसारिया,**
**पत्नी श्री मानस झुनझुनवाला**
**सागर सदन, कोतवाली के सामने**
**अयोध्या रोड, बाराबंकी**

योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल के छह माह पूरे

# लोक कल्याण संकल्प पत्र को पूर्ण करने पर रहा पूरा फोकस

## एक्सप्रेस-वे, एयरपोर्ट और हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर ने प्रदेश के विकास को दी नई ऊंचाई

● मुख्तार अंसारी सहित 36 माफियाओं को आजीवन कारावास और दो को हुई फांसी की सजा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश की योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल के छह माह पूरे हो गए हैं। मुख्यमंत्री ने दूसरे कार्यकाल से पहले लोक कल्याण संकल्प पत्र में जो संकल्प लिए थे उन्हें सरकार ने 6 माह में एक-एक कर पूर्ण करने पर फोकस रखा। प्रदेश में युवाओं को रोजगार की बात हो, प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर को निवेश के लायक बनाने की चुनौती हो, एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हो या फिर माफिया-अपराधियों पर नकेल कसने का संकल्प हो, हर मुद्दे पर सरकार ने जनता के प्रति समर्पण के भाव से प्रभावशाली काम किया है।

यूपी में 1225 किलोमीटर तक फैले एक्सप्रेस-वे के जाल ने ना सिर्फ यात्राओं को सुगम और तेज बनाया है बल्कि इनके दोनों ओर डेवलप किये जा रहे औद्योगिक क्षेत्र प्रदेश के विकास को भी गति दे रहे हैं। आने वाले समय में यूपी में 6 नये एक्सप्रेस वे का जाल बिछाया जाना है। एक्सप्रेस-वे की रफ्तार के साथ ही प्रदेश में एयर कनेक्टिविटी का जाल बिछाने का कार्य भी तेज गति से चल रहा है। पांच अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों वाले यूपी में योगी सरकार सभी मंडलों को एयर कनेक्ट करने की महात्वाकांक्षी परियोजना पर मिशन मोड में काम कर रही है। हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर की बात करें तो प्रदेश के सभी 4600 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में हेल्थ एटीएम लगाये जा रहे हैं। 65 जिलों में मेडिकल कॉलेज के अलावा गोरखपुर-रायबरेली में एम्स का संचालन किया जा रहा है। 6.51 करोड़ प्रदेशवासियों को आयुष्मान कार्ड के जरिए 5 लाख रुपये तक के बीमा से कवर किया जा चुका है।

मुख्तार अंसारी सहित 36 माफिया और उनके शागिर्दों को आजीवन कारावास और दो को फ ांसी की सजा हुई है। साथ ही पिछले छह माह में प्रदेश स्तर पर चिन्हित 62 माफिया की अवैध रूप से कमाई गई 22 सौ करोड़ से अधिक की संपत्ति को जब्त और ध्वस्त किया गया है। सबसे कम समय में सजा दिलाने में भी उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर है। जनवरी में होने वाले ग्लोबल इंवेस्टर समिट से पहले दो दर्जन से अधिक नीतियों को अपग्रेड किया जा रहा है और नई इंडस्ट्रियल पॉलिसी, वेयर हाउसिंग और लॉजिस्टिक पॉलिसी और इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल पॉलिसी जल्द आने वाली है। प्रदेश में पिछले छह माह में 55 कंपनियों ने 45 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव आए हैं। पिछले पांच वर्षों में सबसे ज्यादा निवेश आईटी और इलेक्ट्रानिक्स सेक्टर में 94632 करोड़ रुपए का हुआ है। योगी सरकार में पिछले साढ़े पांच साल में चार लाख 68 हजार करोड़ रुपए के एमओयू हुए हैं, जिसमें तीन लाख 82 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत इस साल 21 अगस्त तक 205 रिफॉर्म्स लागू किए गए हैं और अन्य 142 रिफॉर्म्स 31 अक्तूबर तक लागू होंगे। योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल में ही सेवायोजन के तहत रोजगार मेला के जरिए 93 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मिला जबकि करियर काउंसिलिंग के तहत 1.42 लाख से अधिक को मार्गदर्शन मिला। खेलों में भी युवाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को राजपत्रित अधिकारी बनाने का निर्णय लिया गयाए जिसके तहत विभिन्न विभागों में 24 पद चिन्हित किए गए। कन्या सुमंगला के तहत राज्य में अब तक 13.67 लाख से अधिक बालिकाएं लाभान्वित हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सरकार ने उत्तर प्रदेश में अब तक आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की 191686 बेटियों के हाथ पीले किए हैं। 58000 ग्राम पंचायतों में बैंकिंग सखी की तैनाती का मकसद बेटियों और महिलाओं को मजबूत बनाना है। मुख्यमंत्री की पहल से लगभग 48000 महिलाओं को 5451 करोड़ रुपये के वित्तीय लेनदेन करने और 2020 से 14.15 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई करने में मदद मिल रही है। बिजली सखियों के रूप में डब्ल्यूएसएचजी के सदस्यों ने अब तक 173.5 करोड़ रुपये से अधिक के बिजली बिलों का संग्रह पूरा किया है।

**मोहिनी बी० मनवाणी गर्ल्स डिग्री कालेज**
(अल्पसंख्यक संस्थान)
सम्बद्ध-सी0एस0जे0एम0 विश्वविद्यालय, कानपुर
आवास विकास नं0-3, पनकी कल्यानपुर रोड, कल्यानपुर, कानपुर- 208017

**सूचना**

अल्पसंख्यक संस्थान में अल्पसंख्यक प्रबन्धकीय कोटे के अन्तर्गत एम0एड0 सत्र 2022-24 में प्रवेश हेतु दिनांक 26/09/2022 को होने वाली प्रवेश परीक्षा स्थगित है। अर्हता, नियम, शर्तें व मेरिट वरीयता पूर्ववत् ही लागू होगी। **नोट**- प्रवेश परीक्षा दिनांक 16/10/2022 को कालेज परिसर में होगी। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.mbmgdc.in पर जायें।

**प्रबन्धक**

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

नगर विकास मंत्री के नेतृत्व में निकाली गई स्वच्छता महारैली

# पंचामृत कार्यक्रम के लक्ष्य के साथ शहरों को स्वच्छ बनाने का दिलाया संकल्प



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के नेतृत्व में शनिवार को 1090 चौराहे से लालबाग चौराहा तक स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत शहरों को स्वच्छ बनाने एवं जन जागरूकता के लिए 'इंडियन स्वच्छता लीग' महारैली निकाली गई और प्रदेश को स्वच्छ बनाने का संदेश दिया गया। इस दौरान 1090 चौराहे पर हुए कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रैली को संबोधित करते हुए नगर विकास मंत्री ने हजारों की संख्या में सुबह से उपस्थित युवाओं, नगरवासियों, सफाई कर्मियों का उत्साहवर्धन करते हुए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के बाद यह पहला मौका है कि इतनी बड़ी संख्या में स्वच्छता के प्रति चलाए जा रहे आंदोलन में सभी लोग भागीदारी कर रहे हैं। उन्होंने स्वच्छता का संकल्प दिलाते हुए कहा कि प्रदेश को स्वच्छ बनाने के इस उत्साह में कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गांव से शहर की ओर लोग रोजी रोटी एवं रोजगार की तलाश में आते है और जिस शहर में जाकर वे बसते है। उसे अपने सपनों का शहर बनाने की कोशिश करते हैं। हम सब लखनऊ में रहते हैं। हमारा दायित्व लखनऊ को स्वच्छ बनाना है। कहा कि साफ सफाई, स्वच्छता हमारे सामाजिक जीवन का अभिन्न अंग है। स्वच्छता हमारे लिए बहुत आवश्यक कार्य है। इसको बनाये रखने के लिए युवाओं को आगे आना होगा।नगर विकास मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन को प्रदेश सरकार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2022 तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मना रही है। इसी क्रम में प्रदेश के सभी शहरों व कस्बों को साफ सुथरा एवं स्वच्छ बनाने के लिए सभी नगरीय निकायों में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर को मोदी के 72वें जन्मदिन के अवसर पर सभी निकाय अधिकारियों को पंचामृत कार्यक्रम के लक्ष्य के साथ शहरों को स्वच्छ बनाने का संकल्प दिलाया गया था। पंचामृत के संकल्प को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि पहला संकल्प सभी निकायों की प्रातःकाल 5 बजे से दैनिक साफ सफाई करना है। इस बार शहरों व कस्बों की प्रत्येक गली और मोहल्लों की भी सफाई सुनिश्चित करना है। नगर विकास मंत्री ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं मोदी के सपनों का देश हम सभी को मिलकर बनाना है। इसको साफ सुथरा, स्वच्छ बनाने का हम सभी संकल्प लें, जहां कहीं भी गंदगी दिखे, हमें स्वयं भी इसे साफ करने का प्रयास करना है तभी हमारा प्रदेश राज्य की राजधानी लखनऊ स्वच्छता के मामले में नंबर एक पायदान पर होगा। लखनऊ शहर देश में स्वच्छता के मामले में अभी 12वें स्थान पर है। उन्होंने इस मौके पर निकाय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शहरों व कस्बों के सभी हजारों गार्वेज पॉइंट को हटाना है। लखनऊ शहर में अभी भी लगभग 110 गार्बेज प्वाइंट हैं, इन्हें भी हटाना है। कार्यक्रम में महापौर लखनऊ संयुक्ता भाटिया, नगर आयुक्त, लखनऊ इंद्रजीत सिंह, के साथ नगर निगम एवं जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।

# रेप के मामले में जमानत पर छूटे ठेकेदार ने की आत्महत्या

## दुराचार का मुकदमा दर्ज कराने वाली पीडब्ल्यूडी की महिला अभियंता पर ब्लैक मेल करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



मृतक विजय सिंह की फाइल फोटो

**राजधानी** के गोमतीनगर विस्तार इलाके में ठेकेदार प्रशांत विजय सिंह (41) ने शुक्रवार देर रात फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि सात माह पूर्व पीडब्लूडी की महिला अधिशासी अभियंता ने ठेकेदार के खिलाफ गाजीपुर थाने में दुराचार का मुकदमा दर्ज कराया था जिसमें वह जेल गया और अब जमानत पर छूट कर बाहर आया था। बताया जा रहा है कि उसे लगातार पैसों के लिए महिला अधिकारी द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा था। यह बाते मृतक के अपने सुसाइड नोट में खुद लिखी हैं। जिसकी पुलिस जांच कर रही है। प्रशांत के भाई की तहरीर पर महिला अधिकारी और उसके पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं पुलिस सुसाइडनोट व अन्य तत्थों के आधार पर जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार शिप्रा अपार्टमेंट निवासी स्वतंत्र विजय सिंह के अनुसार शुक्रवार रात भाई प्रशांत भाभी नितिशा और उनका बेटा राघव घर में थे। देर रात प्रशांत ने बेटे को दूसरे कमरे में जाकर पढ़ने के लिए कहा। फिर खुद को कमरे में बंद कर लिया। कुछ देर बाद नितिशा ने पति के कमरे का दरवाजा खटखटाया। कई बार दस्तक देने पर जवाब नहीं मिला। उन्होंने मदद के लिए देवर स्वतंत्र को बुलाया। जिसने खिड़की से झांक कर देखा तो प्रशांत का शव पंखे में चादर के फंदे से लटकता मिला। स्वतंत्र के मुताबिक कमरे का दरवाजा तोड़ कर प्रशांत को फंदे से नीचे उतारा। इलाज के लिए वह लोग अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने प्रशांत को मृत घोषित कर दिया। स्वतंत्र विजय के मुताबिक भाई को महिला अधिशाषी अभियंता ने झूठे मुकदमें में फंसा दिया। वह भाई से रुपयों की मांग करती थी। भाई लाखों रुपये उसे दे चुके हैं। महिला और उसके पिता दोनों धमकी देते थे। स्वतंत्र की तहरीर पर महिला अधिकारी व उसके पिता के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। दोनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग स्वतंत्र ने की है। मौके से मिले सुसाइडनोट में प्रशांत सिंह ने लिखा है तुमने मेरे साथ ऐसा क्यों किया झूठा रेप का केस किया तुमने और तुम्हारे पापा ने ऐसा षड्यंत्र क्यों किया अगर ये गलती की थी तो उसकी सजा देती तुम्हारे पापा को फोन करना तुम्हारे ऑफिस में फोन करना तुम्हारे घर आना उसकी सजा देती आज मैं जा रहा हूं लेकिन भगवान तुम्हें कभी माफ नहीं करेगा। बताया जा रहा है कि राष्ट्रीय स्तर का शूटर था प्रशांत विजय की सोशल मीडिया प्रोफाइल के हिसाब से वह नेशनल लेवल का शूटर रह चुका है।

उसने गोल्ड मेडल भी जीता था। इससे जुड़ी कई तस्वीरें उसके फेसबुक पेज पर हैं। इसके साथ ही उसके फिल्म प्रोडक्शन और एक्टिंग से भी जुड़े थे। इसके चलते सोशल मीडिया पर उसकी फैन फॉलोइंग भी काफी ज्यादा थी। डीसीपी पूर्वी प्राची सिंह के मुताबिक प्रशांत के खिलाफ गाजीपुर थाना में एक पीडब्ल्यू की महिला अधिकारी ने रेप का मुकदमा लिखवाया था। उसी मामले में मई में गिरफ्तारी के बाद जुलाई में जमानत पर छूटा था। तभी से मानसिक तौर पर परेशान होने की बात सामने आई है। परिजनों के आरोपों के आधार पर मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# शातिर चोर गिरफ्तार, तीन बाइक बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राजधानी** की ठाकुरगंज पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की तीन मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पुलिस ने बताया कि शातिर ने अपने मित्र के साथ गाड़ियां चोरी करने की बात कबूल की है जिसकी तलाश की जा रही है। वहीं पारा पुलिस ने नाबालिग को भगाने व उसके साथ दुराचार करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। उधर कृष्णानगर पुलिस ने नशा का कारोबार करने वाले शातिर को दबोच लिया है। जिसके पास से स्मैक बरामद हुई है। उधर गुडम्बा पुलिस ने नाबालिग के साथ रेप किये जाने के मामले में फरार आरोपी को दबोचकर जेल भेज दिया है।

ठाकुरगंज थाने की रिंग रोड चौकी पुलिस ने नहरिया मौदा पारा के रहने वाले रवि राजपूत को गिरफ्तार कर चोरी की तीन मोटर साइकिल बरामद की है । रवि राजपूत के पास से बरामद यामाहा मोटर साइकिल उसने इसी महीने की 19 तारीख को अपने मित्र हिमांशु पाल के साथ मिलकर कैसरबाग बस अड्डे के पास से चोरी की थी पुलिस रवि राजपूत के मित्र हिमांशु पाल की सरगर्मी से तलाश कर रही है। बताया जा रहा है कि रवि राजपूत शातिर किस्म का चोर है और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर चोरी की दो वारदातों का खुलासा किया है। पारा पुलिस के द्वारा धोधा खेड़ा पारा के रहने वाले अर्पित श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया है अर्पित पर आरोप है कि उसने नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगाया और उसके साथ रेप किया था । महानगर पुलिस के द्वारा छठी गली निशातगंज महानगर के रहने वाले गोलू उर्फ जगलर और अभिषेक शर्मा को गिरफ्तार किया है अभिषेक शर्मा के खिलाफ 6 जुलाई को नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज किया गया था । इसके अलावा कृष्णा नगर पुलिस ने नशे का कारोबार करने वाले कलली पीजीआई के रहने वाले गौरीशंकर को बाराबीरवा सुलभ शौचालय के पास से उस समय गिरफ्तार किया गया जब वो अपनी वैगन आर कार में बैठकर नशे के आदि लोगों को स्मैक की पुड़िया बेच रहा था । पुलिस ने उसके पास से 18 ग्राम स्मैक और 4750 रुपए की नगदी और कार बरामद की है। इसके अलावा गुडंबा पुलिस ने सृष्टि अपार्टमेंट गुडंबा के रहने वाले मोहम्मद शोएब को गिरफ्तार किया है गिरफ्तार किए गए शोएब के खिलाफ 4 तारीख को नाबालिग किशोरी को भगा ले जाने का मामला दर्ज किया गया था।

# आपसी विवाद के चलते दलित किसान की गला रेतकर हत्या

## दो महिलाओं सहित चार लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** के गोसाईगंज में किसान रमेश रावत (45) की गला रेत कर हत्या कर दी गई और उसका खून से लथपथ शव खेत में बने कमरे में छोड़कर हत्यारे फरार हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर परिजनों की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है जिसमें पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बबूरिहाखेड़ा निवासी अवधेश रावत के अनुसार शुक्रवार शाम करीब चार बजे पिता रमेश रावत पर राम सिंह उसके बेटे रामभोला बेटी अर्चना और वन्दना ने हमला किया था। झगड़े की सूचना मिलने पर अवधेश पिता को छुड़ा कर घर ले आए थे। रात में पिता बिना बताए खेत पर बने कमरे में चले गए। सुबह नींद खुलने पर पिता को तलाशते हुए अवधेश कमरे पर पहुंचा। जहां उसे पिता का शव खून से लथपथ पड़ा मिला। उनके गले पर घाव था। वारदात की सूचना पर गोसाईगंज पुलिस पहुंची थी। रमेश रावत की हत्या के मामले में उनके पुत्र अवधेश रावत ने राम सिंह राम भोला वंदना और अर्चना सहित अन्य अज्ञात रिश्तेदारों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। बताया जा रहा है कि मृतक रमेश रावत का कल ही नामजद किए गए लोगों से विवाद और लड़ाई झगड़ा मारपीट हुआ था ।

डीसीपी दक्षिण राहुल राज ने बताया कि रमेश रावत नशा करने का आदी था। शुक्रवार को राम सिंह के साथ उसका विवाद हुआ था। इस बात की पुष्टि हुई है। राम सिंह और उसके बेटे रामभोला से पूछताछ की जा रही है। झगड़े के अलावा सम्पत्ति व रंजिश की दिशा में भी पुलिस जांच कर रही है।

# डीएम ने त्यौहारों की तैयारियों को लेकर की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आगामी** दुर्गा पूजा, नवरात्रि व दशहरा के तहत ऐशबाग रामलीला मैदान में ज़िलाधिकारी और संयुक्त पुलिस आयुक्त पीयूष मोर्डिया द्वारा बैठक कर सुरक्षा व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं करने के निर्देश दिए। उन्होंने मार्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों को अपनाते हुए सभी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिया। पांडालों की विद्युत वायरिंग को परखने और पार्किंग करने के निर्देश दिए। वहीं, पंडालों में बटने वाले प्रसाद की गुणवत्ता की जांच करने का भी आदेश दिया गया।

शनिवार को आगामी दुर्गा पूजा, नवरात्रि व दशहरा पर ऐशबाग रामलीला मैदान में ज़िलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार और संयुक्त पुलिस आयुक्त पीयूष मोर्डिया ने बैठक की गई। बैठक में ज़िलाधिकारी द्वारा सभी को आगामी त्योहारों की शुभकामनाएं दी गई। ज़िलाधिकारी ने बताया कि हमे अपने अंदर मर्यादा पुरुषोत्तम राम के आदर्शों को आत्मसात करना है और इसी प्रकार प्रशासनिक व्यवस्थाओ में भी मर्यादा पुरुषोत्तम राम के आदर्शो को अपनाते हुए सभी व्यवस्थाएं करनी हं। ज़िलाधिकारी ने भव्य आयोजनों के लिए जगह जगह पर अग्नि व्यवस्था से सम्बंधित व्यवस्था करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आगामी आयोजित होने वाली रामलीलाओं में सुरक्षा व्यवस्थाओं के साथ ही अन्य आवश्यक सुविधाओं में भी किसी प्रकार की कोई कमी न रहने दी जाएगी। ज़िलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि रामलीला क्षेत्रों के आस पास की सड़कों पर यदि मरम्मत की आवश्यकता है तो तत्काल उसकी मरम्मत की जाए। साथ ही रामलीला मैदानों में जनसमान्य की सुविधा के लिए नगर निगम द्वारा मोबाईल शौचालयों की व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि राम लीला स्थलों पर पुलिस बल एवं एम्बुलेंस की व्यवस्था की व्यवस्था को कराया जाए। इन्होंने बताया कि रामलीला स्थल एवं पण्डालों में जो प्रसाद के रुप में भोजन व फल आदि का वितरण किया जाता है उस प्रसाद की गुणवत्ता की जांच अवश्य करायी जाये।

# 2051 तक एक करोड़ की आबादी के विकास की होगी चुनौती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नेशनल** अर्बन प्लानिंग एंड मैनेजमेंट कॉन्क्लेव में एलडीए वीसी द्वारा विजन लखनऊ 2051 पर शहर के विस्तार का प्रजेंटेशन दिया गया। वीसी ने कहा कि बीते छह वर्षों में लखनऊ में नए मॉल खुले, स्मार्ट सिटी और परिवहन के लिए मेट्रो जैसे मॉस ट्रासपोर्ट का विकास हुआ है। इससे आकर्षित होकर आने वाले समय में एक करोड़ के करीब आबादी होगी, जिसके मुताबिक शहर को इंफ्रा स्ट्रक्चर विकसित करने की बड़ी चुनौती होगी।

शनिवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी ने नेशनल अर्बन प्लानिंग एंड मैनेजमेंट कॉन्क्लेव में विजन लखनऊ 2051 पर प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने कहा कि बीते पांच से छह वर्षों के दौरान लखनऊ काफी बदला है। नए मॉल खुले, रिवर फ्रंट, स्मार्ट सिटी और परिवहन के लिए मेट्रो जैसे कई विकास हुए हैं। आईटी हब बनाने के लिए सीजी सिटी विकसित की जा रही है। उन्होंने कहा कि राजधानी की साक्षरता दर भी 82.50 फीसदी है। बेहतर रोड कनेक्टिविटी और प्रमुख शहरों से एयर कनेक्टविटी है। हम स्टेट कैपिटल रीजन की परिकल्पना कर रहे हैं। दूसरी ओर कुछ कमियां हैं जिनको दूर करना चुनौती है। दूसरे शहरों, खासतौर पर पूर्वांचल से आने वाले पांच फीसदी वेंडरों को उचित स्थान दिलाना एक बड़ी चुनौती है। कुछ स्थानों पर मलिन बस्तियां बनती जा रही हैं। इसका भी समाधान ढूंढने की जल्द आवश्यकता है। उपाध्यक्ष ने कहा कि शहर के साथ आबादी भी तेजी से बढ़ रही है। वर्ष 2001 में आबादी 27 लाख 73 हजार 618 थी जो कि 2011 तक 35 लाख 48 हजार 732 हो गई। 2021 में आबादी 45 लाख 50 हजार 326 हो गई। वर्ष 2031 तक आबादी 65 लाख तक पहुंच जाएगी।

## सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध नगर निगम ने चलाया अभियान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के अनुपालन में सिंगल यूज प्लास्टिक पर लगाये गये प्रतिबन्ध को प्रभावी तरीके से लागू किए जाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा नगर में वृहद अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत विभिन्न क्षेत्रों के जोनल अधिकारियों के नेतृत्व में सेनिटरी अधिकारियों, कर निर्धारण अधिकारियों, कर अधीक्षकों तथा पुलिस कर्मियों एवं ईटीएफ के सहयोग से ज़ोन-2-क्षेत्रान्तर्गत वार्ड यहियागंज में निकट सिटी स्टेशन रोड पर स्थित 'न्यू बहराइच रोड कैरियर थोक विक्रेता' की दुकान से '10 क्विंटल' प्रतिबन्धित पॉलीथीन सहित अन्य थर्माकोल एवं प्लास्टिक उत्पाद जब्त करते हुए 20,000 रुपए का जुर्माना किया गया। इसी क्रम में ज़ोन-7-क्षेत्रान्तर्गत मुंशीपुलिया के आसपास अभियान चलाया गया। जिसमें लगभग 20 ठेलों / दुकानों पर जांच की गयी और मौके पर 3 दुकानों से पॉलीथिन जब्त करते हुए 1700 रुपए का जुर्माना जमा कराया गया।



जियामऊ में पीएम मोदी के जन्मोत्सव पर सेवा पखवाड़े के तहत भाजपा व दिव्यांग प्रकोष्ठ की ओर से ट्राई साइकिल वितरित की गईं

# प्लाट दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी

## जेसीपी कानून व व्यवस्था के निर्देश पर दर्ज हुआ मुकदमा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गोमतीनगर** विस्तार में प्लॉट दिलाने के नाम पर हुकुम सिंह से उनके रिश्तेदार ने करीब 68 लाख रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित ने जेसीपी कानून एवं व्यवस्था पीयूष मोर्डिया को घटना की जानकारी दी थी। जिनके निर्देश पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

गोमतीनगर विकासखण्ड निवासी हुकुम सिंह के मुताबिक उनकी बहन के दामाद वीरेंद्र कुमार सिंह हिमशिखर बिल्डर के नाम से फर्म चलाते हैं। वर्ष 2014 में वीरेंद्र ने खरगापुर में प्लॉटिंग किए जाने की जानकारी दी। रिश्तेदार के कई बार कहने पर हुकुम जमीन देखने गए थे। जगह पसंद आने पर सौदा 75 लाख में तय हो गया। हुकुम सिंह एक साथ इतने रुपये नहीं दे सकते थे। इसलिए किस्तों में रुपये देने की बात तय हुई। पीड़ित के अनुसार 26 दिसंबर 2014 से 27 अक्टूबर 2016 के बीच उन्होंने करीब 68 लाख 50 हजार रुपये वीरेंद्र के खाते में भेज दिए। रजिस्ट्री के लिए कहने पर आरोप टाल मटोल करने लगा। हुकुम सिंह ने रिश्तेदारों के जरिए भी आरोपी पर दबाव बनाने का प्रयास किया। जिस पर उन्हें आरोपी ने धमकी दी। रुपये वापस मिलने के सारे प्रयास विफल होते देख पीड़ित ने जेसीपी को घटना की जानकारी दी। इंस्पेक्टर गोमतीनगर विस्तन अनलि कुमार सिंह ने बताया कि वीरेंद्र के खिलाफ अमानत में खयानतए धोखाधड़ी और धमकी देने की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# अधिकारी, कर्मचारी जनसेवक की भावना से करें कार्य : कौशल किशोर

## केंद्रीय राज्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**केन्द्रीय** राज्य मंत्री कौशल किशोर द्वारा जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक विकास भवन में की गयी। बैठक में केन्द्रीय राज्यमंत्री द्वारा विभागों की प्रगति की समीक्षा की गयी। विभाग द्वारा बताया गया कि गोमती नदी को प्रदूषण रहित करने के लिए सिस और ट्रांसगोमती में गिरने वाले नालो व सीवर के इंटरसेप्शन एन्ड डायवर्सन प्लान का पर अपनी रिपोर्ट रखी, जिसमें निर्माणाधीन एसटीपी हैदर कैनाल का कार्य चल रहा है, जोकि दिसम्बर तक पूरा हो जाएगा। वहीं हेल्थ एटीएम पर महाप्रबंधक स्मार्ट सिटी द्वारा बताया गया कि 100 में 70 हेल्थ एटीएम लगाए जा चुके हैं, जिसमें 29 हेल्थ एटीएम पूरी तरह से कार्यशील है शेष में वाईफाई व विधुत का कार्य चल रहा है, जल्द ही सभी को कार्यशील कर दिया जाएगा। इसके साथ पीडब्लूडी द्वारा बारिश में खराब सड़कों की मरम्मत न कराने पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गयी। केन्द्रीय राज्यमंत्री ने अधिकारी और कर्मचारी जनता की सेवा भावना से कार्य करने के निर्देश दिए। पीएम ग्राम सड़क योजना की समीक्षा के दौरान जनप्रतिनिधियोंने बताया कि ग्राम सड़क योजना के तहत क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत विभाग द्वारा नही की जाती है।

# विश्व राजनीति की अमूल्य धरोहर थे अटलः योगेन्द्र उपाध्याय

## उच्च शिक्षा मंत्री ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का किया शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के उच्च शिक्षा, विज्ञान प्रौद्योगिकी, सूचना एवं इलेक्ट्रानिक मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि अटल जी का व्यक्तित्व वैश्विक था और वे वास्तव में विश्व राजनीति की अमूल्य धरोहर हैं। उनका समावेशी जीवन-दर्शन अनुकरणीय था और वे सच्चे अर्थों में दीन दयाल उपाध्याय की विचारधारा के पोषक थे। वे एक कुशल वक्ता एवं राष्ट्र के लिए समर्पित व्यक्ति थे। कहा कि अटल प्राणी मात्र के प्रति संवेदनशील तथा मानवता से ओतप्रोत थे। उन्होंने अटल से संबन्धित कई संस्मरण सुनाये और उनका बोध भी कराया। उच्च शिक्षा मंत्री ने आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अलीगंज में 'भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेईः मानवता, राष्ट्रवाद एवं राजनीति के कालजई अग्रदूत' विषयक आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस संगोष्ठी का आयोजन महाविद्यालय के रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य में साप्ताहिक श्रृंखला के अन्तर्गत भाऊराव देवरस सेवा न्यास के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। उच्च शिक्षामंत्री ने कहा कि अटल जी हिन्दुत्व के लिए जिये। वे अजातशत्रु थे। उनके अंदर समन्वय करने की अद्भुत क्षमता थी। उनके विचार पहउले भी प्रासंगिक थे और आज भी प्रासंगिक हैं। वास्तव में अटल और उनके विचार कालजयी हैं।

लखनऊ विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने संगोष्ठी को बतौर विशिष्ट अतिथि संबोधित करते हुये कहा कि राजधानी का विवि अटल के सपनों को पूरा कर रहा है। उन्होंने ये भी कहा



कि अटल को लखनऊ से विशेष प्रेम था। कहा कि सभी शैक्षिणिक संस्थान में बच्चों का सर्वांगीण विकास करना ही शिक्षा का मूल उद्देश्य है। बच्चों को वर्तमान परिस्थितियों के अनुरूप चलने के लिए तैयार करना होगा। लखनऊ उत्तर के विधायक डॉ नीरज बोरा ने कहा कि अटल मानवता, करुणा और प्रेम के संवाहक थे। लखनऊ के साथ उनका अटूट भावनात्मक लगाव था और इस महाविद्यालय के माध्यम से क्षेत्र की बालिकाओं की निरंतर प्रगति एवं नित नई ऊंचाइयां प्राप्त करना उनका स्वप्न था। नालन्दा विवि में संस्कृत के विभागाध्यक्ष तथा भाऊराव देवरस न्यास से जुड़े प्रोफेसर विजय कर्ण ने बताया कि अटल न्यास के पहले और संस्थापक अध्यक्ष थे। उनके अंदर सेवा-भाव भरा हुआ था। इग्नू की क्षेत्रीय निदेशक प्रोफेसर मनोरमा सिंह ने भी अटल को विराट व्यक्ति बताते हुये कहा कि उनकी समावेशी राजनीति और समाज के प्रति उनकी करुणा सदैव अनुकरणीय रहेगी।प्राचार्य प्रोफेसर अनुराधा तिवारी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा कहा कि 99 छात्राओं से शुरू हुआ ये महाविद्यालय वर्तमान में 2500 छात्राओं का विद्यालय है। जहां समाज के सभी वर्गों की छात्राएं पढ़ रही हैं। विज्ञान वाणिज्य और कला में स्नातक तथा पांच विषयों में स्नातकोत्तर कक्षाएं तथा नैक द्वारा दो बार बी ग्रेड मिलना इसकी पच्चीस साल की उपलब्धियों का साक्षी है। आयोजन सचिव डाक्टर जय प्रकाश वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। गोष्ठी में देश के विभिन्न भागों से आये शोधार्थियों एवं शिक्षाविदों ने हिस्सा लिया। गोष्ठी का संचालन डाक्टर शालिनी श्रीवास्तव एव डॉ श्वेता भारद्वाज ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर ई-स्मारिका तथा संस्थागत नवाचार परिषद के समाचार का विमोचन भी किया। इस दौरान उन्होंने आईआईसी की अध्यक्ष डाक्टर पूनम वर्मा के निर्देशन में लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया और बच्चों के ज्ञान व कौशल की सराहना की मुख्य अतिथि द्वारा महाविद्यालय में पिछले पच्चीस वर्षों में सेवारत रहे और वर्तमान में अवकाश प्राप्त प्राचार्यों एवं शिक्षकों का अभिनंदन भी किया गया।

# खेल परिसर में सभी सुविधाओं को अपग्रेड किया जाएः सहगल

## अपर मुख्य सचिव खेल ने गुरु गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कालेज का किया निरीक्षण

● कालेज में डाइटीशियन की नियुक्त का प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए





**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव खेल नवनीत सहगल ने शनिवार को गुरु गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कालेज का निरीक्षण किया। उन्होंने कालेज परिसर में निर्माणाधीन वेलोड्रोम (साईकिल ट्रैक) के निर्माण में धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

उन्होंने एक सप्ताह के अंदर साइकिल ट्रैक का पूरा सिड्यूल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर मुख्य सचिव को स्पोर्ट्स कालेज में खेल के मैदान पर घास बढ़ी मिली। इस पर उन्होंने नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि खेल परिसर में सभी सुविधाओं को अपग्रेड किया जाय। उन्होंने हॉकी मैदान से लेकर पूरे परिसर का विधिवत निरीक्षण किया। बच्चों के छात्रावास गये। बच्चों से मिलकर हॉस्टल में मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। अपर मुख्य सचिव खेल नवनीत सहगल ने हास्टल में बच्चों को दिये गये खाने को स्वयं चखा। साथ ही खाने की गुणवत्ता को और अधिक बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खाने की गुणवत्ता में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बच्चों के रहने का स्थान तथा बाथरूम का भी निरीक्षण किया। सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव ने जूनियर ऑल इण्डिया नेहरूकप विजेता खिलाड़ियों सहित एथलेटिक्स, फुटबाल, बैडमिंटन के विजेता खिलाड़ियों को ट्रैक सूट देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि आप सभी को खेल के साथ पढ़ने का मौका मिला है। इस सुविधा का पूरा लाभ उठायें। उन्होंने निर्देश दिये कि खेलों के हिसाब बच्चों को डाइट दी जाय। क्योंकि अलग-अलग खेलों के लिए उसी के अनुसार स्टेमिना की जरूरत होती है। उन्होंने कालेज में डाईटीशियन की नियुक्त का प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। यह भी कहा कि कालेज में वालीबाल एवं जिम के लिए इण्डोर हाल का निर्माण कराया जाय।

खिलाड़ियों के अभ्यास हेतु हॉकी का एक और स्ट्रोटर्फ तथा एथलेटिक्स के लिए नया सिंथेटिक ट्रैक तैयार कराया जाये। निरीक्षण के दौरान कालेज की प्रधानाचार्य मुद्रिका पाठक सहित वेलोड्रोम के निर्माण की कार्यदायी संस्था निर्माण निगम के अधिकारी मौजूद थे।

# सीएम आवास योजना ग्रामीण में दिव्यांगों को भी किया जाएगा शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य की पहल पर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के ऐसे दिव्यांग परिवार, जो आवासविहीन, कच्चे, जर्जर आवास में निवास कर रहे हैं, को मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण की पात्रता श्रेणी में सम्मिलित करने का निर्णय उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लिया गया है। इस संबंध में आवश्यक शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन ग्राम्य विकास विभाग द्वारा निर्गत कर दिया गया है। इस योजना में नियमानुसार चयन के लिए दिव्यांगजनों की श्रेणियां वही होंगी, जैसा कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की अनुसूची में परिभाषित हैं तथा दिव्यांगता की पात्रता वही होगी, जैसा कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम में है। विभाग द्वारा बताया कि मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण में निर्धारित पात्रता की प्राथमिकता श्रेणी दिव्यांग जनों की श्रेणी के पात्र व्यक्तियों को भी सम्मिलित किये जाने का निर्णय लिया गया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के क्रियान्वयन के लिए पूर्व के शासनादेशों द्वारा कतिपय वर्ग, जातियों, जनजातियों को योजनान्तर्गत निर्धारित पात्रता की विभिन्न प्राथमिकता श्रेणियों में सम्मिलित किया जाता रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य ने बताया कि उनके जनता दर्शन, विभिन्न जिलों के भ्रमण के दौरान कतिपय ऐसे दिव्यांगजन जो किन्ही कारणों से आवास नहीं पा सके है आवास उपलब्ध कराने की मांग करते हैं, इन स्थितियों को देखते हुए दिव्यांग जनों को मुख्यमंत्री आवास योजना की श्रेणी मे नियमों के तहत सम्मिलित करने का निर्णय लिया गया है।

# स्प्रिंग डेल कालेज ने अपने संस्थापक को किया याद



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**हर** साल स्प्रिंग डेल कालेज 24 सितंबर को अपने संस्थापक स्वर्गीय बी एस सूद को अनोखे ढंग से याद करते हुए अपने छात्रों को, उनके द्वारा सफलता प्राप्ति के लिए की गयी श्रम-साधना के लिए, तथा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने के लिए की गयी उनकी कड़ी मेहनत को सलाम करते हुए सम्मानित करता है। इस दिन को 'फेसेलिटेशन डे' के रूप में मनाया गया, जिसमें विख्यात शिक्षाविद प्रोफेसर डॉ अतुल सूद मुख्य अतिथि रहे। इस साल भी स्कूल कैम्पस में होनहार छात्रों एवं उनके गौरवान्वित अभिभावकों की शानदार उपस्थिति रही। टॉपर छात्रों के माता पिता, मुख्य अतिथि तथा स्प्रिंग डेल प्रबंधन कमेटी के सदस्यों द्वारा ज्ञान व प्रकाश की ज्योति जलाई गयी और प्रार्थना की गयी। छात्रों में आईएसी टॉपर हर्ष पाठक- 99. 25 प्रतिशत, और यश शर्मा-97.5 प्रतिशत का करतल ध्वनि से सम्मान करते हुए सभी टॉपर छात्रों को मेरिट सर्टीफिकेट और ट्राफी प्रदान की गयी। इस दौरान स्प्रिंग डेल कालेज के छात्र वरुण सिंह-लॉन टेनिस, अदिति सिंह-टेबल टेनिस, सृष्टि एवं इशिता-कराटे और चारू पाटिल-बास्केटबाल को भी यथोचित सम्मान प्रदान किया गया।

# अपर प्राइमरी स्कूल मस्तीपुर में धूमधाम से मनाया गया मीना का जन्मदिन



**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**अपर** प्राइमरी स्कूल मस्तीपुर में शनिवार को मीना का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। स्कूल भवन को रंगोली और झण्डियों से दूल्हन की तरह सजाया गया। मीना का किरदार निभा रही कक्षा.7 की छात्रा गुड़िया ने जन्मदिन का केट काटकर सहपाठी बच्चों और शिक्षकों को खिलाया। इस मौके पर स्कूल के बच्चों ने विभिन्न प्रकार के संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मीना के जन्मदिन समारोह में रंग भर दिए। प्रधानाध्यापक संजीव दीक्षित ने मीना मंच के बारे में उपस्थित लोगों को विस्तार से जानकारी दी। समारोह में मौजूद वरिष्ठ अधिवक्ता ललित मिश्र और भाजपा नेता अशोक तिवारी ने बच्चों की प्रस्तुतियों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। इस दौरान सहायक अध्यापिका शशि शुक्ला छाया गौड़ पुष्पा मीनू मिश्रा और अनुदेशक संगीता व अमित समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**क्या है मीना मंचः** मीना 9 साल की एक लड़की है जो यूनीसेफ की परिकल्पना है। हाजिर जवाब स्वभाव और उमंग उत्साह से भरी यह लड़की कमजोर वर्ग की आवाज बनकर जरुरतमंद लोगों की मदद करती है। मीना के काल्पनिक पात्र की रचना बांग्लादेशी कार्टनिस्ट मुस्तफा मोनवार ने की। मीना के काल्पनिक पात्र के जरिए समाज में व्याप्त लैंगिग भेदभाव समेत अन्य कुरीतियों को मिटाने और बच्चों को ईमानदारी से पढ़ाई के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# नवयुग में मनाया गया राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आजादी** के अमृत महोत्सव के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर नवयुग कन्या महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रसायन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य संरक्षण एवं जड़ी बूटी पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्या डॉ. सृष्टि श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती मां के माल्यार्पण के साथ किया गया। स्नातक विज्ञान प्रथम वर्ष की छात्रा आराध्या मिश्रा ने सरस्वती गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि को पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक तुलसी का पौधा भेंट किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना गीत से किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्वान वक्ता वरिष्ठ वैज्ञानिक फ र्माकोग्नासी एवं एथनोफार्मोकोलॉजी डिवीजन राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान लखनऊ के डॉक्टर संजीव ओझा रहे। उन्होंने जड़ी बूटियों के माध्यम से बताया कि स्वास्थ्य संरक्षण के लिए जड़ी बूटियां हमारे ऋषि-मुनियों ने कितने वैज्ञानिक तरीके से शोध परक ढंग से हम लोगों के लिए संरक्षित किया था। उन्होंने तुलसी, नीम और हल्दी के महत्व पर विशेष प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी लोगों को अपने आंगन में तुलसी और अपने दरवाजे पर नीम तथा रसोई में हल्दी अवश्य रखनी चाहिए।

## सीआरपीएफ में हुआ कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



**लखनऊ।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के समूह केंद्र, लखनऊ में 20 सितंबर से 24 सितंबर तक मध्य सेक्टर अंतरग्रुप/बटालियन (परिचालन) कबड्डी प्रतियोगिता-2022 का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में मध्य क्षेत्र, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के प्रशासनिक एवं परिचालन क्षेत्र में स्थित ग्रुप केंद्रों और बटालियन की कुल 12 टीमों एवं द्रुत कार्यबल के खिलाड़ियों ने हिसा लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच 24 सितंबर को ग्रुप केंद्र, लखनऊ एवं 91वीं वाहिनी, द्रुत कार्य बल के मध्य खेला गया। जिसमें कड़ी प्रतिस्पर्धा के पश्चात 91वीं वाहिनी, द्रुत कार्यबल को विजेता एवं ग्रुप केद्र लखनऊ की टीम को उपविजेता घोषित किया गया। प्रतियोगिता समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि एसपी सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक, ग्रुप केंद्र, लखनऊ ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों की भूरि-भूरि प्रशंसा की जिन्होंने बढ़-चढ़कर खेल भावना से अभिभूत होकर इस प्रतियोगिता में भाग लिया तथा विजेता एवं उपविजेता टीमों को बधाई देते हुए ट्रॉफी व खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किया एवं इस प्रतियोगिता के विधिवत समापन की घोषणा की।

## सीएमएस छात्र को मिली 58 हजार अमेरिकी डालर की स्कालरशिप



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस के छात्र आरव गुप्ता को उच्चशिक्षा के लिए अमेरिका की प्रतिष्ठित एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी द्वारा 58000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। आरव को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि आरव ने इस सफलता का श्रेय सीएमएस के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। संस्थापक डॉ. जगदीश गांधी ने सीएमएस छात्र की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। शर्मा ने बताया कि सीएमएस प्रदेश में एकमात्र एसएटी एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट टेस्ट सेन्टर है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने में मदद कर रहा है।

## नेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में जीता गोल्ड मेडल



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस की कक्षा-11 की छात्रा ज्योति यादव ने जमशेदपुर में आयोजित नेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर अपनी खेल प्रतिभा का परचम लहराया एवं विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता का आयोजित काउन्सिल फॉर इण्डियन स्कूल सार्टिफिकेट एक्जामिनेशन के तत्वावधान में किया गया। संस्थापक डॉ. जगदीश गांधी ने ज्योति के उज्जवल भविष्य की कामना की है। मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि इस चैम्पियनशिप में देश के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के चुने हुए छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सीएमएस स्टेशन रोड कैम्पस की इस प्रतिभाशाली छात्रा ने अपने दमखम व उत्कृष्ट तकनीक की बदौलत शानदार प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल जीतने का गौरव हासिल किया। शर्मा ने बताया कि सीएमएस अपने छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ उन्हें खेलों व अन्य सामाजिक क्षेत्रों के लिए भी विशेष रूप से तैयार करने में पूरे मनोयोग से संलग्न है। यही कारण है कि सीएमएस छात्र न सिर्फ शैक्षिक क्षेत्र में अपितु खेलों व समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं।

## 26 से 2 अक्टूबर के बीच होगा स्क्रूटिनी व पुनर्मूल्यांकन का रजिस्ट्रेशन

**लखनऊ।** प्राविधिक शिक्षा परिषद के सचिव ने बताया कि परिषद द्वारा आयोजित सम सेमेस्टर, वार्षिक, बैक पेपर, विशेष बैक पेपर परीक्षा जून 2022 का परीक्षा परिणाम प्राविधिक शिक्षा परिषद द्वारा 20 सितंबर 2022 को घोषित कर दिया गया है। परीक्षा से संबन्धित ऐसे परीक्षार्थी जो अपने अंकों से असंतुष्ट हैं, वे स्क्रूटनी अथवा पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सचिव ने बताया कि स्क्रूटिनी के लिए 60 रुपये प्रति विषय एवं पुनर्मूल्यॉकन हेतु 500 रुपये प्रति विषय की धनराशि निर्धारित है। स्क्रूटिनी एवं पुनर्मूल्यांकन के रजिस्ट्रेशन की तिथि 26 सितंबर 2022 से 2 अक्टूबर 2022 तक निर्धारित की गयी है। परिषद द्वारा स्क्रूटिनी एवं पुनर्मूल्यॉकन के लिए ऑनलाइन माध्यम के अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। सचिव ने बताया कि किसी भी प्रकार की असमंजस की स्थिति में 8127785481 पर संपर्क स्थापित कर उसका समाधान प्राप्त कर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी संस्थाओं को ईमेल के माध्यम से प्रेषित कर दी गयी है। साथ ही परिषद की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## तीर्थ क्षेत्र चंद्रवाड़ के सौन्दर्यीकरण के लिए 1.75 करोड़ की परियोजना स्वीकृत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि जनपद फिरोजाबाद स्थित तीर्थ क्षेत्र चन्द्रवाड़ के पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण के लिए लगभग 1.75 करोड़ रुपये की परियोजना स्वीकृत की गयी है। इसके अतिरिक्त इस तीर्थस्थल की एक बड़ी परियोजना बैंगलोर के आर्किटेक्ट द्वारा तैयार करवाई जा रही है। जिसकी स्वीकृति शासन द्वारा शीघ्र जारी कर दी जायेगी। पर्यटन मंत्री ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जनपद फिरोजाबाद स्थित ग्राम करहरा के सामौर बाबा तीर्थ स्थल के पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण के परियोजना के लिए 05 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। इसके अलावा जनपद फिरोजाबाद स्थित टूण्डला क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रजावली में कदमखण्डी वनखण्डेश्वर मंदिर के पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण के लिए लगभग 01 करोड़ रूपये की परियोजना स्वीकृत की गयी है। जयवीर सिंह ने बताया कि इन परियोजनाओं पर शीघ्र ही कार्यवाही शुरू करा दी जायेगी।

# पुलिस अभिरक्षा से फरार 50 हजार का ईनामी अपराधी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**एसटीएफ** ने वर्ष 2011 में पुलिस अभिरक्षा से फरार हुए हत्या व अपहरण के आरोपी और 50 हजार के ईनामी अपराधी राम आसरे केवट को वाराणसी से गिरफ्तार किया। राम आसरे कुख्यात रूदल गैंग का सदस्य है। एसटीएफ के अनुसार राम आसरे केवट वर्ष 2011 में देवरिया जेल गेट से फरार हो गया था।

गिरफ्तार अभियुक्त रामआसरे केवट से पूछताछ एवं अभिसूचना संकलन से पाया गया कि उत्तर प्रदेश-बिहार के सीमावर्ती जनपद कुशीनगर एवं पश्चिमी चम्पारण में कुख्यात अपराधी रूदल यादव का गैंग सक्रिय था। रूदल यादव अपने गैंग के साथ गिरफ्तार किए गए रामआसरे केवट के घर पर अक्सर आकर रुका करता था। इसके साथ-साथ इस गैंग द्वारा अपहरण कर अपहृत व्यक्ति को लाकर रामआसरे केवट के घर पर रखा जाता था। इसी दौरान रामआसरे केवट की जान-पहचान रूदल यादव एवं इसके गैंग के अन्य सदस्यों से हो गयी और इनके साथ मिलकर हत्या व अपहरण जैसे जघन्य अपराधों को अन्जाम देने लगा। इसी क्रम में वर्ष 2007 में रामआसरे केवट ने अपने गैंग के साथ मिलकर जनपद कुशीनगर के थाना जटहा बाजार क्षेत्रान्तर्गत इन्द्रासन चौरसिया व राम निवास चौरसिया का घर से ले जाकर सनसनीखेज तरीके से हत्या कर दी गयी थी। इसके बाद जनपद कुशीनगर के ही थाना हनुमानगंज क्षेत्रान्तर्गत किशुनदेव यादव एवं बीरबल यादव की हत्या कर राम आसरे केवट अपने साथियों के संग फरार हो गया था। इसी दौरान राम आसरे केवट द्वारा अपने गैंग के साथ मिलकर बिहार के जनपद पश्चिमी चम्पारण क्षेत्रान्तर्गत सूजीघाट से नारद के लड़के का अपहरण किया गया था। इसमें राम आसरे केवट आदि को बिहार पुलिस द्वारा गिरफ्तार करते हुये अपहृत की सकुशल बरामदगी की गयी थी।

# अधिकारियों की गैरमौजूदगी से मायूस लौटे फरियादी

**संवाददाता।** मोहनलालगंज




**अधिकारियों** की गैरमौजूदगी से शनिवार को थाना समाधान दिवस में शिकायत लेकर आए फरियादियों को मायूस होकर लौटना पड़ गया। समाधान दिवस की कुर्सियां खाली नजर आईं। इसी वजह से मोहनलालगंज थाना दिवस में महज दो शिकायत ही दर्ज की गईं। मोहनलालगंज कोतवाली में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में राजस्व विभाग के अधिकारी नदारद रहे। राजस्व विभाग से कुछ लेखपाल ही दिखाई दिए। स्वास्थ्य खराब होने से इंस्पेक्टर कुलदीप दूबे एसजीपीजीआई डाक्टर को दिखाने गए हुए थे। लिहाजा जनसुनवाई की जिम्मेदारी एसआई संभाले रहे। थाना समाधान दिवस की कुर्सियां खाली दिखाई दीं। अधिकारियों को नहीं पाकर शिकायत लेकर आए कई फरियादी वापस लौट गए। जबकि कुछ मामलों में कानूनी पेचीदगी बताकर राजस्व और पुलिसकर्मियों ने शिकायतकर्ता को वापस भेज दिया।

## पंचायतीराज निदेशक ने एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम का किया शुभारंभ



**लखनऊ।** असम राज्य से निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधि एवं पंचायतीराज एवं ग्राम विकास के अधिकारियों का 43 सदस्यीय-दल उत्तर प्रदेश की ग्राम पंचायतों में स्थानीय स्वशासन के क्रियाकलाप एवं कार्यो को देखने के लिए 24 सितंबर से 28 सितंबर तक 05 दिवसीय एक्सपोज़र विजिट के लिए लखनऊ आया हुआ है। आज पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान (प्रिट) अलीगंज लखनऊ में दीप प्रज्ज्वलित कर एक्सपोजर विजिट का शुभारंभ अनुज कुमार झा, निदेशक, पंचायती राज द्वारा किया गया, जिसमें असम राज्य से आये 43 सदस्यीय दल के साथ ए के शाही, संयुक्त निदेशक (पं0), प्रवीणा चौधरी, संयुक्त निदेशक, (प्रिट) गिरीशचन्द्र रजक, उपनिदेशक (पं0), लखनऊ मण्डल, लखनऊ व प्रदीप कुमार, वित्त एवं लेखाधिकारी 'प्रिट' उपस्थित थे। उद्घाटन के पश्चात् निदेशक महोदय द्वारा असम प्रतिनिधि मण्डल को उत्तर प्रदेश की ग्राम पंचायतों में हो रहे अभिनव कार्यों एवं पंचायत कल्याण कोष एवं मातृभूमि योजना के बारे में बताया गया। संयुक्त निदेशक (पं0) एवं संयुक्त निदेशक, 'प्रिट' द्वारा विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की गयी। उपनिदेशक (पं0), लखनऊ मण्डल, लखनऊ द्वारा स्ट्रेस मैनेजमेंट/तनाव प्रबन्धन की जानकारी दी गयी।

# पेज एक का शेष

## अंकिता की...

के सर्वेक्षण के आदेश दिए हैं, जबकि विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी ने राजस्व पुलिस प्रणाली की प्रभावशीलता पर सवाल उठाए हैं और राज्य में मजबूत भूमि कानूनों की आवश्यकता पर जोर दिया है। इस बीच, राज्य ही नहीं, दिल्ली में भी कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों ने मुद्दे को उठाया और न्याय की मांग की है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने ट्वीट कर हत्याकांड पर दुख जताया और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि इस मामले के आरोपी पुलकित आर्य और उसके पिता विनोद आर्य को भाजपा से निष्कासित किया जाना चुनिंदा ढंग से की गई दिखावे की कार्रवाई है। सत्तारूढ़ पार्टी को उन सभी नेताओं को बाहर का रास्ता दिखाना चाहिए, जिन पर महिला विरोधी अपराध के आरोप हैं, क्योंकि यह सब राजनीतिक संरक्षण के चलते हुआ है। कांग्रेस प्रवक्ता ने सवाल किया कि भाजपा की महिला नेता कहां हैं? प्रधानमंत्री मोदी देश से माफी कब मांगेंगे, क्योंकि वह लाल किले की प्राचीर से महिलाओं के सम्मान की बात कहते हैं और उनकी पार्टी के लोग महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराधों में लिप्त हैं। उन्होंने दावा किया कि जब अंकिता के साथ यह सब हुआ तो स्मृति ईरानी सोशल मीडिया पर अपनी रसोई की तस्वीर दिखाकर कहती हैं कि क्या पक रहा है? यह असंवेदनशीलता है। उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए या प्रधानमंत्री उन्हें बर्खास्त करें।

## भारत और...

भी लोगों की आवाजाही फिर से शुरू करने के लिए भारत-भूटान सीमा द्वार को खोल दिया गया है। दोनों देशों की सीमा को पर्यटकों के लिए फिर से खोले जाने के अवसर पर कई आगंतुक और व्यवसाई मौजूद रहे। इस मौके पर दोनों देशों के लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी। इससे पहले, भूटान सरकार ने 23 सितंबर से व्यापार, वाणिज्य और आधिकारिक पारगमन के लिए अपनी सीमाओं को फिर से खोलने की घोषणा की थी। पर्यावरण संरक्षण के अलावा पर्यटन क्षेत्र के लिए सेवाओं और बुनियादी ढांचे के विकास में सुधार के लिए भूटान आने वाले पर्यटकों से एक सतत विकास शुल्क (एसडीएफ) लिया जाएगा। अधिकारी के मुताबिक, यदि पर्यटक भूटान में ठहरते हैं तो भारतीय यात्रियों के लिए प्रति दिन ।,200 रुपए शुल्क होगा, जबकि अन्य देशों से आने वालों के लिए यह शुल्क 200 अमेरिकी डॉलर निर्धारित किया गया है। भारत से आने वाले लोगों को जांच चौकी पर मतदाता पहचान-पत्र, पासपोर्ट या कोई अन्य पहचान पत्र प्रमाण के रूप में प्रस्तुत करना होगा, जबकि बच्चों का जन्म प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

## शांति चाहने...

करता है, वह कभी सीमा पार आतंकवाद को प्रायोजित नहीं करेगा, न ही मुंबई के भयावह आतंकवादी हमले के साजिशकर्ताओं को आश्रय देगा और उसने विश्व समुदाय के दबाव के बाद ही हमलावरों के मुल्क में होने की जानकारी सार्वजनिक की। विनितो ने कहा कि ऐसा देश पड़ोसी मुल्क की जमीन पर न तो अन्यायपूर्ण और अस्पष्ट दावा करेगा, न ही उसकी जमीन को कब्जे में लेने या उसे गैर-कानूनी तरीके से खुद में मिलाने की कोशिश करेगा। उन्होंने कहा, लेकिन हमने आज सिर्फ पड़ोसी के सबंध में ही झूठे दावे नहीं सुने हैं, बल्कि मानवाधिकार, अल्पसंख्यकों के अधिकार और मौलिक सुचिता के बारे में भी झूठ सुना है। विनितो ने कहा, जब अल्पसंख्यक समुदाय की हजारों युवतियों का अपहरण एसओपी (मानक परिचालन प्रक्रिया) हो गया हो है तो उनकी मानसिकता को रेखांकित करने के लिए हम क्या आकलन करें? भारत ने जोर देकर कहा कि वह भारतीय उपमहाद्वीप में शांति, सुरक्षा और प्रगति का इच्छुक है, जिसे मूर्त रूप दिया जा सकता है। भारतीय राजनयिक ने कहा, यह निश्चित तौर पर हो सकता है, अगर सीमा पार से आतंकवादी गतिविधियां खत्म हों, सरकारें विश्व समुदाय और अपनी जनता के प्रति ईमानदार हों, अल्पसंख्यक समुदायों का उत्पीड़न न हो और सबसे अहम इस महासभा के समक्ष हम इन वास्तविकताओं को मान्यता दें। पाकिस्तान ने इसके बाद भारत की टिप्पणी पर जवाब देने के अधिकार का इस्तेमाल किया।

## प्रधानाचार्य ने...

लेकर गया। बैग को रखने के बाद असलहा निकालकर बाहर मौजूद प्रधानाचार्य रामसिंह वर्मा पर निशाना साधते हुए गोली चला दी, गोली चलते ही कालेज परिसर में भगदड़ मच गई। एक गोली लगने के बाद प्रधानाचार्य जान बचाने के लिए घर की तरफ भागे। फिर पीछे से हमलावर छात्र ने गोली चला दी। यह गनीमत रही, तीसरी गोली मिस कर गई। गोली लगने के बावजूद प्रधानाचार्य ने हमलावर छात्र को वह दबोच लिया। यह देख अन्य छात्रों ने भी साहस जुटाकर हमलावर छात्र को दबोच लिया लेकिन हमलावर छात्र कई छात्रों पर भारी पड़ा है और वह मौके से फरार हो गया। घायल प्रधानाचार्य को सबसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां लाया गया जहां से जिला अस्पताल और फिर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक दरअसल छात्र गुरुविन्दर सिंह का एक दिन पहले साथी छात्र रोहित मौर्य से विवाद हो गया था, जिसको लेकर प्रधानाचार्य रामसिंह वर्मा ने गुरुविन्दर को एक थप्पड़ जड़ दिया था। इसी बात से खुन्नस खाकर महज 17 साल के छात्र गुरुविन्दर सिंह पर प्रधानाचार्य का खून कर बदला लेने का जुनून सवार हो गया। पुलिस ने हमलावर छात्र गुरुविन्दर निवासी भागूपुर रेवान थाना रेउसा की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं।

## पहले विदेशी...

सलाह दी है कि वे सोशल मीडिया मंच या अन्य स्रोतों से आने वाले विज्ञापनों में नौकरी पेशकश के झांसे में न आएं। विदेश मंत्रालय ने कहा, भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि रोजगार के उद्देश्य से पर्यटन विजिट वीजा पर यात्रा करने से पहले वे विदेशी नियोक्ता की विश्वसनीयता को विदेश में मौजूद भारतीय मिशन के जरिए जांचासत्यापित करें। साथ ही किसी कंपनी की पेशकश स्वीकार करने से पहले भर्ती एजेंट की पृष्ठभूमि की भी जांच करें। गौरतलब है कि म्यांमा स्थित भारतीय दूतावास ने मियावाडी इलाके में फंसे 60 में से 30 भारतीयों को बचाया था, ये सभी थाईलैंड के अंतरराष्ट्रीय गिरोह के वादे के शिकार हुए थे।

## सोशल मीडिया...

चर्चाओं को तब हवा मिली जब भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने ट्वीट कर कहा कि इसकी जांच की जानी चाहिए कि क्या शी जिनपिंग नजरबंद हैं? माना जा रहा है कि जब जिनपिंग समरकंद में थे, तब चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं ने सेना के अध्यक्ष पद से हटा दिया था। उसके बाद अफवाह है कि उन्हें हाउस अरेस्ट किया गया है। स्वामी ने इसका एक वीडियो भी शेयर किया है। इस बीच चीन मामलों के एक विशेषज्ञ गॉर्डन सी चांग कहते हैं कि जहां धुआं निकलता है, वहां कहीं न कहीं आग जरूर होती है। उन?होंने दावा किया कि इस समय चीन अस्थिरता का सामना कर रहा है।

## महाराष्ट्र के...

पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। मोहिते ने कहा, 'वर्तमान में, शाम सात बजे से रात 8.30 बजे के बीच, लोग अपने मोबाइल फोन एक तरफ रख देते हैं, टेलीविजन सेट बंद कर देते हैं और पढ़ने-लिखने, अध्ययन करने और एक-दूसरे से बातचीत पर ध्यान केंद्रित करते हैं। इस पहल का पालन हो रहा है या नहीं, इसकी निगरानी के लिए एक वार्ड-वार समिति गठित की गई है।

# बिजली बचत के दावे खोखले सूरज को रोशनी दिखा रहीं स्ट्रीट लाइटें

**मोहनलालगंज।** बिजली बचत के तमाम दावे मोहनलालगंज में अफसरों की चौखट पर ही खोखले साबित हो रहे हैं। मोहनलालगंज नगर पंचायत और एक्सइएन आफिस के आसपास लगी स्ट्रीट लाइटें दिन में सूरज को रोशनी दिखाती नजर आती हैं। कमोवेश यही हाल नगर पंचायत के अन्य मोहल्लों में भी अक्सर देखने को मिलता रहता है। मोहनलालगंज नगर पंचायत और सेस तृतीय खण्ड के अधिशाषी अभियन्ता कार्यालय के आसपास मार्ग प्रकाश के लिए लगाई गई स्ट्रीट लाइटें भरी दोपहरी भी जलती नजर आती हैं। नगर पंचायत कर्मियों को दफ्तर के बाहर लगी स्ट्रीट लाइटों की भी सुध लेने की फुरसत नहीं मिल पाती है। यही हाल विद्युतकर्मियों का भी है खण्डीय कार्यालय और विद्युत उपकेन्द्र होने के बावजूद भी दिन में हो रही बिजली की बर्बादी की यह हकीकत विद्युतकर्मियों की आंखों से ओझल रहती है। यही नहीं नगर पंचायत और बिजली विभाग के अफसर भी इसी रोड से आवागमन करते हैं फिर भी बिजली की बर्बादी की स्याह हकीकत अफसरों की पकड़ में नहीं आ सकी है। उधर नगर पंचायत के अन्य मोहल्ले और गांवों में भी अक्सर दोपहर तक स्ट्रीट लाइटें जलती नजर आती हैं। मार्ग प्रकाश के लिए लगाई गई इन लाइटों के दिन में भी जलने से जहां बिजली की बर्बादी होती है वहीं लाइटें खराब होने से नगर पंचायत पर मरम्मत के खर्च का बोझ भी बढ़ता है।

# मुख्यमंत्री ने की मां विन्ध्यवासिनी की पूजा-अर्चना, विन्ध्य कारीडोर का जायजा लिया

## निर्माण कार्य में तेजी लाते हुये अगले छह्व माह के अन्दर इसे पूर्ण कराने का दिया निर्देश, आयुक्त कार्यालय सभागार में बैठक कर नवरात्र मेला के तैयारियों की भी की समीक्षा

संवाददाता। मीरजापुर

**प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ आज अपने जनपद भ्रमण कार्यक्रम के तहत विन्ध्याचल पहुँचकर माँ विन्ध्यवासिनी देवी का विधिवत मंत्रोच्चार के साथ दर्शन.पूजन कियाए तत्पश्चात निर्माणधीन विन्ध्य कारीडोर का भ्रमण कर स्थलीय निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री द्वारा आयुक्त सभागार में विन्ध्य कारीडोर एवं नवरात्र मेला से सम्बन्धित अधिकारियो के साथ बैठक कर कारीडोर के प्रगति एवं नवरात्र मेला की तैयारियो के बारे में विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्यमंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेलए मंत्री जल शक्ति विभाग एवं बाढ़ नियंत्रणए परती भूमिए लघु सिचाईए नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूति स्वतंत्र देव सिंह सहित विधायक नगर रत्नाकर मिश्रए मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेलए चुनार श्री अनुराग सिंहए मझवा डॉ विनोद बिन्दए एम0एल0सी0 श्री श्याम नरायण सिंह उर्फ विनीत सिंहए जिला पंचायत अध्यक्ष श्री राजू कनौजियाए अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मीरजापुर श्री मनोज जायसवालए जिला अध्यक्ष भाजपा श्री बृजभूषण सिंह व अपना दल इं0 राम लौटन बिन्द एवं प्रमुख सचिव उ0प्र0 शासन श्री मुकेश मेश्रामए ए0डी0जी0 वाराणसी जोन श्री राम कुमार सिंहए मण्डलायुक्त श्री योगेश्वर राम मिश्रए उप पुलिस महानिरीक्षक श्री आर0पी0 सिंहए जिलाधिकारी दिव्या मित्तलए पुलिस अधीक्षक श्री संतोष मिश्र उपस्थित रहें।

मुख्यमंत्री अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत दोपहर लगभग 02 बजकर 10 मिनट पर पुलिस लाइन हेलीपैड पर पहुँचेए जहॉ पर मा0 केन्द्रीय राज्यमंत्रीए मा0 विधायकगणए मण्डलायुक्तए उप पुलिस महानिरीक्षकए जिलाधिकारीए पुलिस अधीक्षक द्वारा गुलाब का पुष्प भेटकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। तदुपरान्त मा0 मुख्यमंत्री जी काफिला विन्ध्याचल के लिये रवाना होकर माँ विन्ध्यवासिनी देवी मन्दिर पहुँचकर लगभग 15 मिनट तक मंत्रोच्चार के साथ माँ विन्ध्यवासिनी देवी का विधिवत दर्शन पूजन किया गया। तत्पश्चात मन्दिर परिसर में स्थापित सभी देवी देवताओ का भी मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा चरण स्पर्श कर दर्शन किया गया। दर्शन पूजन मा0 विधायक नगरध्तीर्थ पुरोहित श्री रत्नाकर मिश्र व पंडित भूपत मिश्र के द्वारा कराया गया। दर्शन के उपरान्त मा0 मुख्यमंत्री जी निर्माणाधीन विन्ध्य कारीडोर का भ्रमण कर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान न्यू0वी0आई0पी0 मार्ग पर लगभग 50 से 60 मीटर आगे तक जाकर मार्ग पर बिछाये गये परकोटा को देखा गया। इस दौरान आस पास के दुकानदारो से मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा उनके कुशल.क्षेम के बारे भी जानकारी ली गयी। एक दुकान पर बैठे एक बच्चे को बुला कर भी मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा बात.चीत की गई। निरीक्षण के दौरान विन्ध्य परिक्रमा पथ पर खड़े किये गये पिलर तथा उस पर लगाये गये परकोटा व तराशे गये नक्काशी का भी परीक्षण करने के बाद कोतवाली मार्गए गंगा घाट की तरफ भी मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा निगाह दौड़ाकर देखा गया। तदुपरान्त जिला प्रशासन एक स्थान पर लगाये गये विन्ध्य कारीडोर का पूरा नक्शाध्नमूना को भी मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त की गयी।





निरीक्षणोपरान्त मुख्यमंत्री विन्ध्याचल से निकलकर लगभग 03 बजे आयुक्त कार्यालय सभागार में सभी मा0 जनप्रतिनिधियो एवं विन्ध्य कारीडोर व नवरात्र मेला से सम्बन्धित अधिकारियो के साथ बैठक कर माँ विन्ध्यवासिनी देवी परिसर में हो रहे निर्माण कार्यो के प्रगति की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व मण्लायुक्त श्री योगेश्वर राम मिश्र द्वारा विन्ध्य कारीडोर के कार्य एवं प्रगति सहित पहुँच मार्गो का सौन्दर्यीकरणए परकोटा एवं परिक्रमा पथए फसाड ट्रीटमेंट आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री को भूमि की उपलब्धतता के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि 566 दुकानो का कब्जा प्राप्त करने के सापेक्ष 560 दुकानोध्भवनो को तोड़कर कब्जा प्राप्त कर लिया गया हैं। 06 सम्पत्तियो पर मा0 उच्च न्यायालय प्रयागराज में याचिका लम्बित हैंए जिसकी अग्रिम तिथि 29 सितम्बर 2022 को निर्धातिर हैं। मन्दिर के पहुँच मार्गो के सौन्दर्यीकरण के बारे में जिलाधिकारी ने बताया कि पुराने वी0आई0पी0 मार्ग पर 400 मीटर के सापेक्ष 245 मीटर तथा न्यू0वी0आई0पी0 मार्ग 140 मीटर के सापेक्ष 121 मीटर कार्य पूर्ण करा लिया गया हैं। नाली एवं फुप्ाथ कार्य पुरानी वी0आई0पी0मार्ग पर प्रगति पर न्यू0वी0आई0मार्ग पर नाली का कार्य पूर्ण करा लिया गया हैं। पक्का घाअ कोतवाली मार्ग के प्रगति के बारे में भी जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्य द्वार तथा पक्का घाट पर कालम का कार्य पूर्ण करा लिया गया हैं। उन्होने बताया कि अब तक 40ण्18 करोड़ स्वीकृति धनराशि के सापेक्ष 11 करोड़ अवमुक्त किया गया है जिसमें 05 करोड़ रूपया व्यय करते हुये 30 प्रतिशत तक भौतिक प्रगति हैं। परकोटा एवं परिक्रमा पथ के बारे में बताया गया कि कुल 130 पिलर बनाये जाने है जिसमें 30 पूर्णए 35 छत स्तर तक पूर्णए 24 फुटिंग कार्य तथा 41 अनारम्भ हैं। गलियो के फसाड ट्रीटमेंट के बारे में बताया गया कि ध्वस्तीकरण के उपरान्त गृह मालिको द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा था अब फसाड ट्रीटमेंट का कार्य तेजी से कराया जायेगा। कार्य की गति बढ़ाने हेतु बताया गया कि दो शिफ्टो में कार्य कराया जायेगा। उन्होने बताया कि नवरात्र मेला के दृष्टिगत तैयारियो को लेकर 20 दिन से कार्य बाधित हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि नवरात्र मेला के दृष्टिगत सभी तैयारियां लगभग पूर्ण करा ली गयी हैं। कुछ कार्य अवशेष था जिसे आज रात्रि में पूर्ण करा लिया जायेगा। आने वाले श्रद्धालुओ को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये इसके लिये सभी बुनियादी सुविधाए व सुरक्षा हेतु पूरा प्रबन्ध किया गया हैं।

बैठक में मुख्यमंत्री निर्देशितक करते हुये कहा कि विन्ध्य कारीडोर का कार्य समयबद्ध तरीके से कार्य योजना बनाकर आगे बढ़ाया जाय। उन्होने कहा कि हर हाल में अगले 06 माह में कार्य को पूर्ण करा लिया जाय। उन्होने कहा कि कार्य की गुणवत्ता व समयबद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाय। गुणवत्ता के साथ किसी स्तर पर समझौता नही किया जायेगा। मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जिलाधिकारी द्वारा साप्ताहिक समीक्षा कर प्रगति रिपोर्ट की जानकारी भी ली जाय।

नगर की स्वच्छता एवं साफ सफाई के बारे में मुख्यमंत्री ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित करते हुये कहा कि मीरजापुर नगर सहित पूरे विन्ध्याचल में स्वच्छता के दृष्टिगत सेनिटाइजेशन कराते हुये नाले नालियो की सफाई एवं सभी मार्गो व गलियो की बेहतर साफ सफाई सुनिश्चित कराते हुये अन्य बुनियादी सुविधाए यथा शौचालय पेयजल आदि सुविधा उपलब्ध करायी जाय। उन्होने अध्यक्ष नगर पालिका श्री मनोज जायसवाल से भी कहा कि वे स्वयं रूचि लेते हुये साफ सफाई व्यवस्था निगरानी रखे तथा पूेर शहर व मेला क्षेत्र को बेहतर सफाई व्यवस्था दी जाये। उन्होने कहा कि आने वाले श्रद्धालुओ को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये। पुलिस व्यवस्था के बारे मेंमुख्यमंत्री ने कहा कि भीड़ के नियंत्रण के दृष्टिगत बेहतर पुलिसिंग व्यवस्था करायी जाय। श्रद्धालुओ के साथ किसी प्रकार की दुव्यवहार ने और मन्दिर व भीड़.भाड़ वाले स्थानो में यह सुनिश्चित किया जाय कि कही से भी भगदड़ की स्थिति न होने पाये। उन्होने घाटो पर फ्लड पी0ए0सी0ए गोताखोर बेहतर प्रकाश व्यवस्थाए बैरीकेटिंगए आदि की व्यवस्था के निर्देश दिये गये। मुख्यमंत्री ने कहा कि मन्दिर एवं विन्ध्य कारीडोर निर्माण के साथ.साथ कालीखोह एवं अष्टभुजा मन्दिर निर्माण व त्रिकोण मार्ग के चैड़ीकरणए सौन्दर्यीकरण के लिये भी कार्य योजना बनाया जाय ताकि आगे चलकर उसका भी विकास किया जा सकें। उन्होने यात्रियो के लिये अच्छे धर्मशालाओ एवं अच्छे होटलो का निर्माण कराने का भी सुझाव अधिकारियो को दिया। मेला स्वास्थ सुविधाओए चिकित्सको के शिविर दवाओं की उपलब्धतताए एम्बुलेंस तथा विद्युत विभाग को नवरात्र मेला के दौरान 24 घण्टे विद्युत आपूर्तिए अतिरिक्त ट्रांसफार्मरो की व्यवस्था के साथ.साथ अन्य आवश्यक व्यवस्थाए करने का भी निर्देश दिया गया। यात्रियो के लिये शुद्ध पेयजलए मेला बिकने वाले खाद्य सामाग्रियो की जॉच करानेए शुद्ध खाद्य सामाग्री उपलब्ध कराने आदि का निर्देश दिया गया। आगामी त्यौहारो यथा. दुर्गा पूजाए दशहराए दीपावली के दृष्टिगत प्रत्येक स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था साफ सफाई व अन्य बुनियादी सुविधाये उपलब्ध कराने का निर्देश जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन को दिया गया। उन्होने कहा कि त्यौहारो में पूरी सर्तकता बरती जाय प्रशासन अपने स्तर समीक्षा करते हुये यह सुनिश्चित करे कि किसी भी स्तर पर कोताही न होने पाये। उन्होने कहा यदि किसी प्रकार की कोई दिक्कत व परेशानी आती है तो शासन को तत्काल अवगत कराया जाय। अधिशाषी अभियन्ता एन0एच0 एवं लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करते हुये कहा कि किहा कि तीन दिन के अन्दर पूरे मीरजापुर नगर व विन्ध्याचल के मार्गो से कमर तोड़ ब्रेकरों को हटाकर टेबल टाप ब्रेकर बना दिया जाय। उन्होने कहा कि कही पर कमर तोड़ ब्रेकर नही होना चाहियें। उन्होंने कहा कि प्रयास किया जाए कि विन्ध्य कारीडोर में प्रयुक्त होने वाले पत्थरों को तराशने हेतु यही पर कार्यशाला स्थापित किया जाए ताकि यहाँ के लोगों को प्रशिक्षित कर आत्म निर्भर बनाया जा सके।

### बच्चे को बुलाकर सीएम ने पूछा हाल

**मीरजापुर** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज विन्ध्याचल में विन्ध्य कारीडोर निर्माण कार्य के स्थलीय निरीक्षण के दौरान न्यू0वी0आई0पी0 मार्ग पर निरीक्षण के समय मार्ग के समीप एक दुकान पर बैठे एक बच्चे को देखकर मुख्यमंत्री जी ने मुस्कुराते हुये बच्चे को अपने पास बुला लिया। प्रसन्नचित हुआ बालक बहुत खुशी से मुख्यमंत्री जी पास पहुँचकर उनका चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उसके सर पर हाथ रखते हुये मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा बच्चे से शिक्षा के बारे में पूछा गया कि कौन सी कक्षा में पढ़ते हो। उन्होने कहा कि स्कूल जाकर शिक्षा अवश्य ग्रहण करना। मा0 मुख्यमंत्री जी के इस ममतामयी उदारता को काफी लोगो के द्वारा सराहना की जा रही हैं। इस अवसर पर मा0 केन्द्रीय राज्यमंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेलए मा0 विधायक नगर श्री रत्नाकर मिश्रए मण्डलायुक्त श्री योगेश्वर राम मिश्रए जिलाधिकारी दिव्या मित्तल उपस्थित रहें।

### पत्रकारों को रोकने में व्यस्त पुलिस को नही दिखी स्कार्पियो

**विन्ध्याचल मीरजापुर ।** पत्रकारों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से दूर रखने में पुलिस ए प्रशासन को दर्शनपूजन के लिए मंदिर जाते समय मुख्यमंत्री के काफिले के ठीक आगे चल रही स्कार्पियो नही दिखाई दी । मजे की बात काली खोह मोड़ से पुरानी व्हीआईपी मार्ग तक पुलिस ने भारी सुरक्षाबल की तैनाती के साथ कई बैरिकेटिंग लगा रखी थी ए पर सफेद रंग की एक स्कार्पियों जीप जब पुरानी व्हीआईपी मार्ग पर पहुंची तो पीछे कुछ मीटर की दूरी पर मुख्यमंत्री का काफ़िला पहुँच चुका था । आनन फानन में मौके पर पुलिसअधीक्षक सहित पुलिस बल सहित उस वाहन के समीप पहुँचे और किसी तरह वाहन को रोककर वहीं किनारे पर खड़ा करा दिए । उसमें बैठे चार लोग बाहर निकले उनके पास भी कोई पास इत्यादि मौजूद नही था । हां वाहन पर भाजपा का झण्डा तथा एक स्टीकर चिपका हुआ था ।

# जाम से मुक्ति के दिए आईजी ने दिए टिप्स



संवाददाता। मुगलसराय चंदौली

**मिनी** महानगर मुगलसराय को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए शनिवार को आईजी के सत्यनारायण ने पी डी डी यू नगर पहुंचकर जाम को निजात दिलाने हेतु सड़क पर उतरकर चर्चा की। साथ ही जाम लगने वाली जगह एवं रेलवे परिसर में निरीक्षण कर जाम से मुक्ति हेतु वार्ता की। इस दौरान एसडीएम मुगलसराय सीओ पीडीडीयू नगर अनिरुद्ध सिंह कोतवाल मुगलसराय संतोष श्रीवास्तव पी डब्लू डी एक्स ई एन सहित अन्य अधिकारियों के साथ वार्ता की। बताया कि सड़क के किनारे बने पथवे को हटाकर सड़क का चौड़ीकरण करने के साथ ही सड़क पर खड़े वाहनों के लिए जगह मुहैया कराने एवं रेलवे स्टेशन परिसर गेट नंबर दो से यात्रियों को आने.जाने वह गेट नंबर एक से यात्रियों के निकासी हेतु बात कही। इस दौरान क्षेत्र वासियों ने आस लगाई कि शायद आई जी के आने से जाम की समस्या का निदान हो सके। इस दौरान क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध सिंह कोतवाल सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा। वहीं क्षेत्र के सम्मानित जनों का कहना है कि मिनी महानगर में जितने कट है वहां पर बैरिकेडिंग कर दी जाए जो इधर से उधर जाता है उस पर पुलिस कार्रवाई करें तो जाम की समस्या खुद ब खुद समाप्त हो जाएगी। सीओ अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि सपा कार्यालय के पास चौड़ीकरण कराना है और वीआईपी गेट के सामने काली माता मंदिर का निकास द्वार दूसरी दिशा में करना होगा वहीं उन्होंने कहा कि पड़ाव चौराहे पर टर्निंग प्वाइंट बनाने की योजना है उन्होंने फल व्यवसाई सब्जी मंडी वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष नारायण सोनकर से भी वार्ता कर दुकानदारों को सचेत करने की बात कही सभी दुकानदार अवैध रूप से सड़क पर जो कब्जा जमाए हुए हैं उन्हें चिन्हित कर उचित कार्रवाई की जाएगी। बताते चले कि जब से सीओ अनिरुद्ध सिंह पीडीडीयू के क्षेत्राधिकारी बने है जाम की झाम से छुटकारा पाने को लेकर नगरवासियो की उम्मीदे बढ़ गयी है ।

# भारत-बांग्लादेश का पहला अंतराष्ट्रीय दिव्यांग क्रिकेट मैच बीएचयू के मैदान में खेला गया





पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**काशी** हिंदू विश्वविद्यालय के आईआईटी जिमखाना में शनिवार को बांग्लादेश और भारत की इंटरनेशनल दिव्यांग क्रिकेट टीम के बीच मैच की शुरुआत पिच गीली होने के कारण काफी देर से हुई ।मैच में देरी होने के कारण 25-25 ओवर का ही मैच खेला गया। बांग्लादेश के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। भारत की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 5 विकेट खोकर 117 रन बनाए। आउट फील्ड खराब होने के कारण गेंद गिरने के बाद आगे नही बढ़ पा रही थी ।दोनों टीमों के खिलाड़ियों के साथ मैदान पर दीप प्रज्वलन से शुरुआत की गई। इसके बाद दीपा मलिक और सुनील ओझा की मौजूदगी में टॉस कराया गया। 'मैत्री कप' के नाम पर यहां एकदिवसीय मैच खेला जा रहा है ।भारत के खिलाड़ियों का कहना है कि बांग्लादेश की हार का बदला काशी में हो रहे मैच में लेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को समर्पित इस क्रिकेट सीरीज का नाम श्मैत्री कपश् रखा गया है। जो भारत और बांग्लादेश के संबंधों को मजबूती दिलाएगी। इसके बाद सीरीज का अगला मैच रांची में ज्-20 और लखनऊ में टेस्ट मैच खेला जाएगा ।इस क्रिकेट सीरीज का आयोजन ऑल इंडिया दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन और दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ऑफ इंडिया करा रही है ।क्रिकेट मैच का आनंद लेने और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए अंतराष्ट्रीय एथलीट पैरा ओलिंपिक की अध्यक्ष दीपा मलिक भी आई हैं ।मैच का समापन समारोह 5 बजे किया जायेगा । एसोसिएशन के महासचिव डॉ. संजय चौरसिया ने बताया कि यहां मैच देखने वाले 100 दर्शकों को टी-शर्ट भी दिया जाएगा। भारत में दिव्यांगजनों का पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेला जा रहा है ।मैच देखने पद्मश्री दीपा मलिक वाराणसी पहुंच चुकी हैं। प्रदेश के दिव्यांग कल्याण एवं सशक्तिकरण मंत्री नरेंद्र कश्यप, खेल मंत्री गिरीश यादव, स्टांप एवं पंजीयन मंत्री रवींद्र जायसवाल, आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, श्रम मंत्री अनिल राजभर, पूर्व मंत्री डा. नीलकंठ तिवारी, विधायक सौरभ श्रीवास्तव सहित प्रदेश सरकार के आधा दर्जन मंत्रियों ने खेल में भाग लिया।

# दिव्यांगजनों को स्वावलंबी बना रही भाजपा सरकार: भूपेश चौबे

संवाददाता। सोनभद्र

**देश** के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 72वें जन्म दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत विकास खण्ड राबर्ट्सगंज परिसर मे दिव्यांगो के बीच कृत्रिम अंग उपकरण का वितरण किया गया। कार्यक्रम मे बतौर मुख्यअतिथि राज्यसभा सांसद रामशकल भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे,सदर विधायक भूपेश चौबे व मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार ने ट्राई साइकिल छड़ी बैसाखी ध्वनी यंत्र सहित अन्य उपकरण जरुरतमंदों को सौंपा। इस मौके पर मुख्यअतिथि राज्यसभा सांसद रामशकल ने कहा कि दिव्यांगजनों को सशक्त बनाकर उन्हे समाज की मुख्यधारा से जोडना मोदी सरकार का मुख्य उद्देश्य है। हम सब जानते है की दिव्यांग शब्द ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देन है हम दिव्यांगजनों को स्वावलंबी बनाया है, जिससे वो भी सम्मान के साथ जीवन यापन कर सके। इस अवसर पर दिव्यांगजनों के लिए चल रही विभिन्न योजनाओं को भी गिनाया इसलिए किसी भी दिव्यांग को निराश होने की जरुरत नही है सरकार ने दिव्यांगों को सबसे ज्यादा लाभ दिलाया उपकरण हो या योजनाएं भाजपा सरकार मे सबसे ज्यादा दिव्यांगजनों तक लाभ पहुंचा है। इस मौके पर सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि दिव्यांगजनों को मुख्यधारा मे सहजता के साथ जीविकोपार्जन एवं अन्य क्षेत्रों को सहज व सरल बनाने के लिए भाजपा की सरकार द्वारा अनेको प्रयास किये जा रहे है। दिव्यांगजनों की सेवा करने मे जो आनन्द प्राप्त होता है वह शब्दो मे बयां नही किया जा सकता देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अनेको अनेक योजनाएं चला रखा है जिनमे से दिव्यांग सशक्तिकरण योजना भी प्रमुख है इस योजना के अंतर्गत बिना किसी भेदभाव के अपंगता के आधार पर दिव्यांगजनों को उपकरण वितरण किया जाता है, यह योजना दिव्यांगजनों को स्वावलंबी बना रही है। इस अवसर भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने कहा की भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सदैव समाज के अंतिम पायदान पर खडे व्यक्तियों के लिए कार्य करते है भाजपा सदैव समाज के अन्त्योदय पर खडे व्यक्ति को मुख्यधारा मे लाने हेतु कार्य करती है। कार्यक्रम मे मुख्यरुप से सदर ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत, कार्यक्रम संयोजक राकेश मेहता, उदयनाथ मौर्य, अभिषेक सिंह चन्देल, ओमप्रकाश दूबे, अशोक मौर्य, रामसुन्दर निषाद, कृष्णमुरारी गुप्ता, गोविन्द यादव, दयाशंकर पाण्डेय, बीएन गुप्ता, संतोष शुक्ला, कन्हैया जायसवाल, विनोद पटेल, कमलेश चौबे, अनूप तिवारी, सतीश पाण्डेय, महेन्द्र पाण्डेय, विनय श्रीवास्तव, पुष्पा सिंह, गुडिया त्रिपाठी सुरेन्द्र मौर्य सहित आदि मौजूद रहे।




# संघर्षो से मुकाबला कर राधिका पहुंचीं उप निरीक्षक के पद पर

**बीजपुर/सोनभद्र।** कहा जाता है कि यदि दिल मे सही लगन हो तो उसके सामने एक न एक दिन बाधाओ को भी सिर झुकाना पड़ता है। इस कहावत को अक्षरश: सत्य साबित करके दिखाया है आदिवासी समाज की एक मेधावी व संघर्ष शील बेटी राधिका ने। राधिका का जीवन शुरू से ही कठिनाइयों से भरा हुआ था। सोनभद्र जनपद के ग्राम सभा बीजपुर टोला पुनर्वास प्रथम की मूल निवासिनी राधिका पुत्री स्वर्गीय मोहन प्रसाद माता कौशल्या देवी की होनहार बेटी है। उसने अपने जीवन काल में बहुत ही कठिनाइयों का सामना किया और इनका बचपन बहुत ही संघर्ष पूर्ण रहा। पिता का सर से साया बचपन में ही उठ चुका था। इनकी मां कौशल्या देवी अपने संघर्षपूर्ण जीवन में एनटीपीसी रिहंद के आवासीय परिसर में स्थित एक छोटी सी मसाला चक्की की दुकान से अपने और दो बेटियों का भरण पोषण किया करती थीं।

# निकाय चुनाव में दमखम दिखाएगी अधिकार सेना: अमिताभ ठाकुर

संवाददाता। मऊ

**पूर्व** आईपीएस एवं अधिकार सेना के राष्ट्रीय संयोजक अमिताभ ठाकुर अधिकार सेना नामक संगठन के जरिए सियासी मैदान में पूरे दमखम के साथ जोर आजमाइश करेंगे। शनिवार को जनपद आगमन के दौरान हिन्दी भवन सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान पूर्व आईपीएस श्री ठाकुर ने कहा कि अधिकार सेना आम जन के अधिकारों के लिए गठित संगठन है। यह संगठन आगामी नगर निकाय चुनाव में पूरे दमखम के साथ प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारेगी। साथ ही साथ चुनाव में मुख्य मुद्दा आमजन की मूलभूत समस्याओं का समाधान करना होगा।

पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने कहा कि अधिकार सेना का गठन उन्होंने आम जन की समस्याओं के निराकरण के लिए किया है। कहा कि उनकी पार्टी वहीं लोग शामिल होंगेए जो जनता की समस्याओं के लिए पूर्ण रुप कटिबद्ध होंगे।श्री ठाकुर ने कहा कि राजनीति में वे सत्ता हासिल करने के लिए नहीं आए है। राजनीति में उन्हें सत्ता मिले अथवा नहीं मिले उनकी पार्टी आम जनता की समस्याओं का समाधान करने के लिए पूरी तरह से तत्पर रहेगी। श्री ठाकुर ने वर्तमान योगी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि वर्तमान सरकार में जनता घुटन महसूस कर रही हैए प्रदेश की जनता में डर एवं भय का माहौल बना हुआ है। बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिल रहा है। श्री ठाकुर ने कहा कि उनकी पार्टी आगामी नगर निकाय चुनाव में अध्यक्ष से लेकर सदस्य तक के लिए प्रत्याशी मैदान में उतारेगी। उनकी पार्टी का हर प्रत्याशी जनता की समस्याओं के समाधान के मुद्दे को लेकर उतरेगा।



# मांस-मदिरा से मुक्त हो काशी नगरी

## गुरुकुल के विद्यार्थियों ने निकाली विशाल रैली, सामूहिक हनुमान चालीसा से गूंजा कश्मीरीगंज का राममंदिर परिसर, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को मांगपत्र भेज संस्था ने किया अभियान तेज- लगा नारा 'मथुरा अयोध्या तो काशी क्यों नहीं?, बलशाली हनुमान के आराध्य प्रभु श्री राम के दरबार में आगमन और ब्रह्म सेना ने लगाई अर्जी

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**भोले** की नगरी काशी के अंतरगृही क्षेत्र में मांस और मदिरा पर प्रतिबंध लगाने की मांग अब तेज हो रही है। इसको लेकर शनिवार को अनोखे कार्यक्रम का आयोजन हुआ। आगमन सामाजिक संस्था और ब्रह्म सेना के पहल पर कश्मीरीगंज स्थित राम जानकी मंदिर में देव मूर्तियों के विधिपूर्वक पूजन अर्चन के बाद सैकड़ों बटुकों ने पं राम भरत शास्त्री के अगुवाई में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। 13 बार के सामूहिक पाठ के बाद बटुकों ने जनजागरण यात्रा की शुरुआत की जिसके जरिए लोगो को भी इस अभियान से जोड़ने और सरकार तक् अपनी आवाज पहुंचाने का प्रयास किया। पदयात्रा की शुरुआत प्रख्यात विद्वान प्रो. चंद्रमौली उपाध्याय, काशी विद्वत परिषद के प्रो. राम नारायण द्विवेदी, बीएचयू के ज्योतिष विभाग के प्रो. विनय पांडेय और प्रोफेसर सुभाष पांडेय ने नारियल तोड़कर की। जिसके बाद हर-हर महादेव के उदघोष के साथ सैकड़ो बटुकों की दो टोली हाथों में नारा युक्त तख्ती और सनातनी झंडा लेकर काशी को मांस मदिरा से मुक्त करने की आवाज को बुलंद की ।'काशी वासी करें पुकार। मांस - मदिरा मुक्त हो काशी दरबार।।' और 'दिव्य काशी, पवित्र काशी। मांस-मदिरा मुक्त हो काशी । के नारे से लोगों को जागरूक किया।



इस अभियान से ज्यादा से ज्यादा लोग जुड़े इसके लिए पम्पलेट भी बांटे गये ।11 किलोमीटर चलने वाली यह श्री राम यात्रा राम मंदिर से शुरू होकर कबीर नगर,दुर्गाकुंड, गुरुधाम होते हुए वापस राम मंदिर पहुंची जबकि दूसरा दल राममंदिर से गुरुधाम सोनारपुरा भेलुपूर चेतमणि होते हुए राममंदिर पर समाप्त हुई।

### डॉ रामविलास वेदांती महाराज ने कमान समाजसेवी रामप्रकाश को सौंपी

वाराणसी। राष्ट्रीय सुरक्षा महामिशन ट्रस्ट द्वारा संचालित मिशन मोदी पीएम अगेन भारत,अभियान के अंतर्गत ट्रस्ट की समिति की ओर से मिशन मोदी पीएम अगेन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रामविलास वेदांती महाराज ने समाजसेवी रामप्रकाश को दिल्ली प्रदेश की कमान सौंपी। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रामविलास वेदांती महाराज ने मनोनयन के करने के बाद कहा कि यह अवसर अति गौरवपूर्ण है कि रामप्रकाश राष्ट्र निर्माण की दिशा में अपनी सहभागिता निर्वहन करने जा रहे हैं। हम ईश्वर से इनकी सफलता के लिए हार्दिक शुभ कामना करते हैं। गौरतलब है कि समाजसेवी रामप्रकाश उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हैं और लंबे समय से डॉ रामविलास वेदांती महाराज के साथ हैं।

## भदोही में 15 अक्टूबर में लगेगा चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कालीन मेला

**भदोही।** कालीन नगरी के नाम से प्रसिद्ध उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में अंतरराष्ट्रीय कालीन मेले के लिए तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। यह चार दिवसीय मेला यहां 15 से 18 अक्टूबर तक लगेगा। केंद्रीय कपड़ा मंत्रालय के तहत गठित कालीन निर्यात संवर्धन परिषद इस द्विवार्षिक मेले का आयोजन करती है। इससे पहले अंतरराष्ट्रीय कालीन मेला नई दिल्ली या वाराणसी में आयोजित होता रहा है लेकिन भदोही में इसके आयोजन का यह पहला मौका होगा। कालीन निर्यात संवर्धन परिषद के अध्यक्ष उमर हमीद ने बताया कि 350 आयातकों और 60 देशों को इस मेले में आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा, करीब 300 आयातकों ने मेले में शामिल होने के लिए पंजीयन करवा लिया है। ए आयातक अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, बेल्जियम, जर्मनी और इटली से हैं। अखिल भारतीय कालीन विनिर्माता संगठन के महाप्रबंधक असलम महबूब ने बताया कि राज्य सरकार ने मेले को सुविधाजनक बनाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा, विदेशी आयातक वाराणसी हवाईअड्डे से मेला स्थल तक 30 मिनट में ही पहुंच जाएंगे।

## बरेका के छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूकता की शपथ दिलायी




**वाराणसी।** रेल मंत्रालय द्वारा आयोजित 16 से 30 सितंबर तक स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत महाप्रबंधक सुश्री अंजली गोयल के दिशा-निर्देश एवं मुख्य संरक्षा अधिकारी एस.बी.पटेल के नेतृत्व में बनारस रेल इंजन कारखाना में व्यापक रूप से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जन मानस को जागरूक किया जा रहा है एवं इसके महत्व को बताया जा रहा है । स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिया आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में बरेका में बच्चो में स्वच्छता सम्बंधित जन-जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत बरेका इंटर कालेज के शिक्षको एवं संरक्षा अधिकारी द्वारा प्रत्येक कक्षा के छात्र / छात्राओं को पर्यावरण एवं नो युज आफसिंगल वेस्ट प्लास्टिक' पर शिक्षित किया गया एवं साथ ही सभी छात्र / छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दी गयी।

## मजबूत की जाये बुनियादी शिक्षा: आयुक्त

**गोंडा।** मंडलायुक्त एम0पी0 अग्रवाल की अध्यक्षता में निपुण भारत मिशन एवं ऑपरेशन कायाकल्प के प्रचार-प्रसार हेतु एक दिवसीय मंडलीय कार्यशाला का आयोजन एक होटल में किया गया। मंडलायुक्त ने कहा कि मंडल स्तर पर ऑपरेशन कायाकल्प के कार्यों पर विशेष बल दिया जाए तथा निपुण भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु हाल में उपस्थित अधिकारियों एवं ए0आर0पी0/एस0आर0जी0 को मिशन व्यापक प्रचार-प्रसार एवं विभागीय कार्य योजना के अनुसार लक्ष्यों की समयान्तर्गत प्राप्ति के लिए प्रोत्साहित किया जाए। साथ ही निपुण भारत मिशन के बेसिक स्तर को प्राप्त करने के लिए बुनियादी शिक्षा को मजबूत बनाया जाये। राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ के वरिष्ठ विशेषज्ञ आनन्द पाण्डेय द्वारा निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत विभाग की आगामी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर सहायक शिक्षा निदेशक डॉ0 विनय मोहन वन ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन ज्ञान बहादुर द्वारा किया गया। कार्यशाला में मुख्य विकास अधिकारी गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती, समस्त डी0आई0ओ0एस0, डी0पी0आर0ओ0, बी0डी0ओ0, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## बाढ़ प्रभावितों को डीएम ने बांटा राशन किट




**गोंडा।** शनिवार को जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार ने तहसील तरबगंज अंतर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्र ढेमवाघाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एक्सईएन पीडब्ल्यूडी सीडी-1 को निर्देश देते हुए कहा कि रोड को शीघ्रता से सही कराया जाय। ताकि यहां पर आवागमन में कोई समस्या न आने पाये।निरीक्षण के दौरान डीएम ने तहसील क्षेत्र ग्राम ब्यौंदा माझा में जाकर बाढ़ से प्रभावित ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के बावतें जानकारी ली। उन्होंने बाढ़ से प्रभावित ग्रामवासियों को राशन किट का भी वितरण किया। अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का बराबर निरीक्षण करते रहें। ताकि बाढ़ से किसी भी ग्रामवासी को समस्या न होने पाये। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी तरबगंज शत्रोहन पाठक, जिला आपदा विशेषक राजेश श्रीवास्तव, एक्सईएन पीडब्लूडी सीडी-1 व अन्य अधिकारी, क्षेत्र के राजस्व निरीक्षक, लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

# योगी ने सांसद के पिता को दी श्रद्धांजलि

### नंदी, स्वतंत्र देव, गिरीश यादव समेत आधा दर्जन मंत्रियों व सांसद ने अर्पित की पुष्पांजलि

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**मुख्यमंत्री** महंत योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर के प्रीतमनगर स्थित आवास पहुंचकर दिवंगत पिता स्व अमरनाथ सोनकर को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम योगी ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रदांजलि देते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। साथ ही शोक संतृप्त परिवार को ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिजनों से भेंट कर संवेदना व्यक्त की। सांसद और अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद सोनकर के पिता का निधन बीमारी के चलते हो गया था। आज उनकी तेरहवीं संस्कार में मुख्यमंत्री समेत आधा दर्जन मंत्री और सांसद आज उनके आवास पहुंचे और उनके पिता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पूर्व डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक दसवें में सांसद के घर पर पहुँचकर श्रद्धासुमन अर्पित किया था। इसके अलावा कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह मंत्री गिरीश चंद्र यादव काबीना मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी राज्य मंत्री दिनेश खटीक राज्यसभा सांसद अरुण सिंह एवं तरुण चुक सांसद केसरी देवी पटेल पूर्व कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह विधायक वाचस्पति एमएलसी डॉ केपी श्रीवास्तव विधायक पीयूष रंजन निषाद जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारती महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी महापौर अभिलाषा गुप्ता पूर्व विधायक प्रभा शंकर पांडेय राजेश केसरवानी विवेक अग्रवाल राजू पाठक सुभाष वैश्य किशन जायसवाल गौरव गुप्ता भरत निषाद संजय कुशवाहा राजन शुक्ला आदि हजारों कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी अवधेश चंद्र गुप्ता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह गिरीश चंद्र यादव एवं राज्यमंत्री दिनेश खटीक और राज्यसभा सांसद अरुण सिंह एवं तरुण चुक को प्रयागराज आगमन पर बमरौली एयरपोर्ट पर रिसीव कर स्वागत किया। इस मौके पर राजेश केसरवानी राजू पाठक विवेक अग्रवाल राजन शुक्ला रॉबिन साहू आयुष अग्रहरि मुकेश लारा उच्च न्यायालय के अधिवक्ता राजेश खरे आदि ने सांसद के पिता को श्रद्धासुमन अर्पित किया।



सांसद विनोद सोनकर के पिता के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करते सीएम योगी।

## टेक्नो ने पोवानियो 5 जी फोन लॉन्च किया

**वाराणसी।** टेक्नो मोबाइल ने अपनी पोवासीरीज को और मजबूत करते हुए एक और परफॉर्मेंस ओरिएंटिड 5जी डिवाइस टेक्नो पोवानियो 5 जी को लॉन्च किया है। डिजिटल सेवी जनरेशन जेड उपभोक्ता अपने स्मार्टफोन में मल्टीपल एप्लिकेशन का इस्तेमाल करते हैं जिसकी वजह से अधिक डेटा कंज्यूम होता है।उपभोक्ता ऐसे में मजबूत पर फॉर्मेंस के साथ ज्यादा मैमोरी वाले स्मार्टफोन की तलाश में रहते हैं। टेक्नो मोबाइल इंडिया के सीईओ अरिजीत तालापात्रा ने पोवा सीरीज में एक और 5 जी स्मार्टफोन लॉन्च करने के अवसर पर कहा, स्मार्टफोन सेगमेंट में 5जी टेक्नोलॉजी सबसे आगे है।

## औसत परिवारों को पर्याप्त बिजली मिल सकेगी

**वाराणसी।** आज एमेज़ॉन ने भारत में अपने पहले यूटिलिटी-स्केल रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट्स - राजस्थान में तीन सोलर फार्म्स की घोषणा की। इसमें एक 210 मेगावॉट का प्रोजेक्ट भारत स्थित डेवलपर रिन्यू पॉवर द्वारा, 100 मेगावॉट का प्रोजेक्ट स्थानीय डेवलपर एंप एनर्जी इंडिया द्वारा, और 110 मेगावॉट का प्रोजेक्ट ब्रुकफील्ड रिन्यूएबल द्वारा विकसित किया जाएगा। हम 2025 तक अपने संपूर्ण व्यवसाय में 100 प्रतिशत रिन्यूएबल एनर्जी की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, ''पूरी दुनिया में विभिन्न देश क्लीन एनर्जी की अर्थव्यवस्था की ओर तेजी से बढ़ने के लिए प्रयासरत हैं, और इस दिशा में लगातार निवेश करने से उनके इस प्रयास में तेजी आ सकती है।

## नागरिकों को उत्कृष्ट सेवाओं की पहल

**वाराणसी।** यह साझेदारी देश में अडवान्स्ड मीटरिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर को सशक्त बनाने के लिए वन-स्टॉप समाधान उपलब्ध कराएगी तथा डिस्कॉम्स को नागरिकों को उत्कृष्ट सेवाएं उपलब्ध कराने में सक्षम बनाएगी। वी बिज़नेस स्मार्ट युटिलिटी में लीडर है, देश में हर 3 में से 2 स्मार्ट मीटर वी द्वारा पावर्ड हैं यह साझेदारी सरकार के डिजिटल भारत मिशन को सशक्त बनाएगी और देश भर में लक्षित 250 मिलियन बिजली के मीटरों को स्मार्ट मीटरों में बदल कर विद्युत वितरण सेक्टर में बड़ा बदलाव लेकर आएगी। नागरिकों एवं सेवा प्रदाताओं को सशक्त बनाने तथा स्मार्ट एवं स्थायी तरीकों को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है।

## नेपाली मजदूरों से भरी बस खुटार राजमार्ग पर पीछे से ट्रक में घुसी, 22 घायल

पीलीभीत।पूरनपुर खुटार राजमार्ग पर शनिवार को नेपाली मजदूरों से भरी एक मिनी बस ने पीछे से एक खड़े ट्रक को टक्कर मार दी जिससे इस हादसे में बस में सवार 22 मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।पुलिस ने बताया कि घायल श्रमिकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद राजमार्ग पर जाम लगा रहा। उन्होंने बताया कि हादसे के वक्त ए सभी मजदूर हिमाचल प्रदेश से नेपाल जा रहे थे। पूरनपुर कोतवली पुलिस के अनुसार पूरनपुर खुटार राष्ट्रीय राजमार्ग पर 730 ग्राम कढेर चौरा में शिवा ढाबा के निकट यह ट्रक खड़ा था।

**मिनी बस दुर्घटनाग्रस्त, दो विदेशी पर्यटक घायल:** मथुरा। उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में यमुना एक्सप्रेस-वे पर आगरा जा रही विदेशी सैलानियों की एक मिनी बस शनिवार सुबह आगे चल रहे अज्ञात वाहन से टकरा कर क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे इस घटना में चालक एवं दो ईरानी महिला पर्यटक घायल हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घायलों को मथुरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

## एसपी ने किया साप्ताहिक परेड का निरीक्षण



**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने शुक्रवार को पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में परेड की सलामी लेकर साप्ताहिक पुलिस परेड का निरीक्षण किया। परेड के दौरान एसपी ने सभी जवानों से दौड़ लगवाकर उन्हें मानसिक व शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए सचेत किया। परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक ने दोपहिया/चौपहिया पीआरवी वाहनों को भी चेक किया। परेड के उपरांत उन्होंने आरटीसी परिसर, बैरक, भोजनालय, पुलिस जलपान गृह, आरक्षी आवास, क्वार्टर गार्ड, शस्त्रागार व परिवहन शाखा आदि का निरीक्षण किया। परिसर में साफसफाई रखने हेतु प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही जो कमियां दिखीं उसे भी तत्काल दुरूस्त करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन मुन्ना उपाध्याय, परिवहन शाखा प्रभारी, यातायात प्रभारी, पुलिस लाइन व समस्त थानों के थानाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## रविवार को भी खुलेगा आरटीओ कार्यालय

**गोंडा।** जनहित व राजस्व हित में एक मुश्त समाधान योजना (ओ0टी0एस0) के टैक्स जमा करने हेतु रविवार 25.09.2022 को अवकाश के दिन भी संभाग के अन्तगर्त आने वाले सभी उप संभागीय परिवहन कार्यालय खुले रहेंगे।यह जानकारी देते हुए संभागीय परिवहन अधिकारी देवीपाटन मंडल उमाशंकर यादव ने बताया कि आमजन की सुविधा हेतु एक मुश्त समाधान योजना (ओ0टी0एस0) के टैक्स जमा करने के लिये सभी उप संभागीय परिवहन कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों को अपने-अपने कार्यालय खुले रखने संबंधी दिशा-निर्देश जारी कर दिये गये हैं।

**निजी बस संचालकों संग की बैठक:** गोंडा। संभागीय परिवहन कार्यालय में निजी बस के स्वामियों/ऑपरेटर्स के साथ बैठक आयोजित की गई। यह जानकारी देते हुए संभागीय निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि बैठक में प्रभारी सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी शैलेंद्र तिवारी, एआरएम आर0एम0 पांडेय ने निजी बसों को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम से अनुबंधित कराने की योजना पर विस्तार से चर्चा करते हुए बस मालिकों से अनुबंधन के लिए अपील किया। इस मौके पर सुनील शुक्ल, कमाल अहमद, संदीप मिश्र, वसी अहमद, वी0डी0 मिश्र सहित अन्य बस स्वमी व ऑपरेटर उपस्थित रहे।

# ब्रह्मराष्ट्र एकम परिवार ने पद्मश्री रामयत्न शुक्ल को किया भावपूर्ण नमन

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

'? पूर्णमदरू पूर्णमिदं पूर्णात् , पूर्ण मुदच्यते,'
'पूर्णस्य पूर्णमादाय, पूर्ण मेवा वशिष्यते।' ' शांति, शांति, शांति:'

अर्थात-वह जो दिखाई नहीं देता है, वह अनंत और पूर्ण है। यह दृश्यमान जगत भी अनंत है। उस अनंत से विश्व बहिर्गत हुआ। यह अनंत विश्व उस अनंत से बहिर्गत होने पर भी अनंत ही रह गया।

देश के उत्कृष्ट ज्ञाता एवं विशिष्ट व्यक्तित्व के धनी , काशी विद्वत परिषद के अध्यक्ष, संस्कृत जगत के गौरव, पद्मश्री अलंकार से अलंकृत प्रोफेसर रामयत्न शुक्ल जी के पंचतत्व में विलीन होने के संदर्भ में 'ब्रह्मराष्ट्र एकम' की तरफ से शुक्रवार को सायंकाल 6 बजे सिगरा स्थित गाँधी नगर कॉलोनी में सीपीसी पॉवर कार्यालय के प्रांगण में सभी सनातनियों द्वारा श्रद्धांजलि दी गयी। उनके इस तरह जाने से सभी हिंदु समाज और सनातन धर्मी आहत हैं। 'ब्रह्मराष्ट्र एकम' के संस्थापक 'सचिन सनातनी' ने कहा कि-ब्रह्मराष्ट्र एकम के स्थापना काल से ही उनका आशीर्वाद हम सबको मिलता रहा है और वे इस संस्था के संरक्षक रहें। वही संस्था के न्यासी प. सतीश चंद्र मिश्रा ने कहा की उनके जीवित रहने से कई शिष्यों को संस्कृत और वेदों पुराणों की शिक्षा मिली जो आज उच्च पदों को प्राप्त हैं। उनका इस तरह जाना हम सबके दु:ख का विषय है और रविन्द्र नाथ मिश्र ने श्रद्धांजलि देकर कहा कि हम सबने अपना एक विद्वत समाज से मुखिया खो दिया है। इस श्रद्धांजलि सभा में विशेष उपस्थिति रही अन्नपूर्णा शास्त्री, चला सुब्बा राव और संस्था से अजय दुबे, संतोष कश्यप, सुजीत अधिकारी, राजू राजभर, अंशुल पाठक, सौरभ शुक्ला, राजेश पांडेय, कमलेश शुक्ला, भानू श्रीवास्तव, गौरव त्रिपाठी, शिवदत्त द्विवेदी, डॉ सुधीर मिश्र, शशिप्रकाश सिंह, प्रेम श्रीवास्तव आदि संस्था के पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि देकर ईश्वर से उनके आत्मा को शांति प्रदान करने कि भावपूर्ण प्रार्थना की।



# सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं दुर्गा पूजा व दशहरा पर्व: जिलाधिकारी

### डीएम की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न, एसपी ने अफसरों से कहा-न बरतें कोताही

**गोंडा।** जिलाधिकारी डा0 उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में दूर्गा पूजा व दशहरा पर्व को सकुशल व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने हेतु शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिसमे जिलाधिकारी ने कहा कि सभी धर्मसमुदाय के लोग आपसी भाईचारे व सौहार्दपूर्ण वातावरण को बनायें रखते हुए दुर्गा पूजा व दशहरा पर्व को सम्पन्न कराने में सहयोग प्रदान करें। साथ ही उन्होंने अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण को निर्देश देते हुए कहा है कि गुड्डूमल चौराहे से दु:खहरण नाथ मंदिर को जाने वाली सड़क के किनारे विद्युत लाइनों को तत्काल ठीक कराना सुनिश्चित करें। अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि शहर में साफ-सफाई व शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कर लें, ताकि त्यौहार में किसी प्रकार का व्यवधान न आने पाये। पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने समस्त क्षेत्राधिकारी व थानों के प्रभारी निरीक्षकों को निर्देशित किया कि दूर्गा पूजा, रामलीला व दशहरा के त्यौहारों में सुरक्षा के मद्देनजर किसी भी प्रकार कोताही न बरती जाये। साथ ही सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखी जाय। कोई भी आपत्ति जनक पोस्ट करने पर उसके खिलाफ तुरन्त कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी सुरेश कुमार सोनी, मुख्य राजस्व अधिकारी जयनाथ यादव, नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, उप जिलाधिकारी तरबगंज, करनैलगंज, अपर उपजिलाधिकारी कुलदीप सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दूबे, पुलिस क्षेत्राधिकारीगण, सभी थानाध्यक्ष, चेयरमैन नगर पालिका/नगर पंचायत, केंद्रीय दूर्गा पूजा समिति के समस्त पदाधिकारीगण सहित नगर के सम्भ्रान्त नागरिक व सभी समुदाय के धर्मगुरु आदि उपस्थित रहे।



# दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल व एमआर किट वितरित

संवाददाता। अंबेडकर नगर





**प्रधान मंत्री** नरेंद्र मोदी के जन्म दिन से शुरू हुए सेवा पखवाड़ा अंतर्गत शनिवार को दिव्यांग सशक्तिकरण एवम समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित दिव्यांगजनों के हितार्थ अबुउद्देशीय शिविर में दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल और एम आर किट का वितरण लोहिया भवन में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य डाक्टर हरि ओम पाण्डेयभाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठीएजिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा ने जिला समाज कल्याण अधिकारी राकेश रमनएजिला पिछड़ा वर्ग कल्याणाध्दिव्यांग जन अधिकारी विकास मौर्य की उपस्थिति में किया।

दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल और एम आर किट वितरण के पूर्व विधान परिषद सदस्य डाक्टर हरि ओम पाण्डेय ने कहा कि सरकार ने दिव्यांग जनों की कल्याण के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाओं और कार्यक्रमों के द्वारा उनकी सम्मान और समृद्धि के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हमें अपने जनपद की बेटी अरुणिमा सिन्हा से प्रेरणा लेनी चाहिए जिन्होंने दिव्यांगता की अवस्था में एवरेस्ट की चोटी को फ़तह कर विश्व रिकॉर्ड बनाया।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार दिव्यांग जनों को बैटरी चालित ट्राई साइकिल देने जा रही है।

भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा कि जिला समाज कल्याण और पिछड़ा वर्ग कल्याणाध्दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग के माध्यम से दिव्यांगजनों की कल्याण के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम चला रही है।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने दिव्यांग जनों को मिलने वाली पेंशन को 300रुपए से बढ़ाकर 500 रुपए कर दिया है। कहा कि भाजपा सरकार लगभग 11 लाख 10 हजार दिव्यांग जन को प्रतिमाह पेंशन दे रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने शारीरिक रूप से अक्षम 1 लाख 70 हजार व्यक्तियों कृत्रिम अंग एवम सहायक उपकरण वितरित किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार कुष्ठ दिव्यांग जनों के पुनर्वास के लिए 2500 रुपए की आर्थिक सहायता प्रति माह दे रही है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रफ्त एजाज के संयोजन में संपन्न हुए कार्यक्रम का संचालन जिला समाज कल्याण अधिकारी राकेश रमन ने किया। मुख्य अतिथि डाक्टर हरि ओम पाण्डे,भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा ने भाजपा जिला मंत्री चंद्रिका प्रसाद,शिव पूजन राजभर, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी छोटे लाल गौतम के साथ रोली शर्मा, संतोष कुमार, तारा देवी, फूल चंद, मोव रईस, बाबू लाल, सुल्ताना खातून सहित 21 लोगों को ट्राई साइकिल और दुर्गेश, चंचल मौर्य, अनूप, अनीश, लवकुश, अभिषेक सहित 10 लोगों को एम आर किट वितरित किया।

# शिकायती प्रार्थनापत्रों को गंभीरता से लें अधिकारी: जिलाधिकारी




**अंबेडकर नगर।** जनसमस्याओं के निराकरण के संबंध में निर्गत शासनादेश के क्रम में कोविड.19 प्रोटोकॉल का पालन कराते हुए थाना समाधान दिवस का आयोजन सभी थानों में किया गया।

थाना, कोतवाली अकबरपुर में थाना समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन तथा पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में किया गया। थाना, कोतवाली अकबरपुर में थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी के समक्ष कुल 22 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से तीन शिकायती प्रार्थना पत्र का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त कराते हुए निर्देश दिया गया कि शिकायती प्रार्थना पत्रों को गंभीरता से लेते हुए समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। इस दौरान मौके पर पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा, कोतवाल अकबरपुर, कानूनगो लेखपाल तथा थाना कोतवाली के अन्य लोग उपस्थित रहे।

# ओम नमः शिवाय महाकुंभ में प्रतिदिन 25 लाख श्रद्धालुओं को कराएगा भोजन

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**माघमेला अर्धकुंभ** मेला और महाकुंभ मेला के दौरान मेला क्षेत्र में सबसे विशाल अन्न क्षेत्र चलाने वाली प्रमुख संस्था ओम नमः शिवाय महाकुंभ मेला 2025 की तैयारियां शुरू कर दिया है। संस्था की ओर से मेला क्षेत्र के सभी सेक्टरों में प्रतिदिन दिन रात 25 लाख श्रद्धालुओं को खाना खिलाया जाएगा। इसके लिए देश के कोने कोने से पांच हजार स्वयंसेवक आ रहे हैं। इतना ही नहीं सब्जी कचौड़ी पूड़ी सहित अन्य खाद्य सामग्रियां हाईटेक मशीनों से बनेगी। ओम नमः शिवाय संस्था के प्रमुख गुरुदेव ने बताया कि संस्था की ओर से करीब 50 वर्ष से माघ मेला अर्धकुंभ मेला और कुंभ मेला के दौरान मेला क्षेत्र के दर्जन भर स्थानों पर दो माह तक विशाल क्षेत्र चलता है। जिसमें लाखों श्रद्धालु परिवार सहित शिविर और चौराहों पर प्रसाद ग्रहण करते हैं। उन्होंने बताया कि इस बार महा कुंभ मेले की व्यापक स्तर पर तैयारियां अभी से शुरू हो गई है। इस बार महाकुंभ के दौरान मेला क्षेत्र के सभी सेक्टरों में और प्रमुख चौराहों पर दिन रात अन्न क्षेत्र चलाया जाएगा। पूरी कोशिश की जा रही है कि आम स्नान के दिन में कम से कम 25 लाख श्रद्धालुओं को खाना खिलाया जाएगा। जबकि मुख्य स्नान पर्व मकर संक्रांति माघी पूर्णिमा मौनी अमावस्या और महाशिवरात्रि पर 50 लाख से एक करोड़ लोगों स्नानार्थियों को खाना खिलाने की व्यापक स्तर पर तैयारियां चल रही है। इसके लिए गेहूं चावल दाल आलू सहितत अन्य सामग्रियों का व्यापक स्तर पर संग्रहण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कुंभ मेले के दौरान स्नानार्थियों श्रद्धालुओं को मेज और कुर्सी पर बैठा कर खाना खिलाया जाएगा। जिससे कि उनको परेशानी न होने पाये। बताया कि सब्जी काटने आटा गूंथने पूड़ी कचौड़ी बनाने सहित अन्य मशीन से होगा। जो खरीदी जा रही हैं। चावल बनाने और दाल बनाने की मशीन आ गयी हैं। रोटी बनाने की दो दर्जन मशीन खरीदी गयी है। एक मशीन एक घंटे में छह हजार रोटी बनाएंगी। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं को खाने में पूड़ी सब्जी कचौड़ी दाल मखानी पुलाव दाल चावल खिचड़ी तहरी डोसा इडली रसगुल्ला खीर सहित अन्य खाद्य सामग्री दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि दिन में रोटी सब्जी दाल चावल मखानी मिक्स वेज रसगुल्ला डोसा श्रद्धालुओं को खाने के लिए दिया जायेगा। जबकि रात के खाने में पूड़ी सब्जी पुलाव तहरी खिचडी सहित अन्य खाना खिलाया जायेगा। गुरुदेव ने बताया कि मेला क्षेत्र में संस्था का मुख्य शिविर नागवासुकी मंदिर के पास रहेगा। जबकि मेला क्षेत्र के सभी सेक्टरों में वही खाना बनेगा और शिविरों के अलावा मेला क्षेत्र के सभी चौराहों माघ मेला प्रशासन एसएसपी कार्यालय सहित अन्य विभागों के कार्यालय के सामने भी दिन रात अन्न क्षेत्र चलाया जाएगा। गुरुदेव ने बताया कि महाकुंभ मेला में आने वाले श्रद्धालुओं विभागीय कर्मचारियों और पुलिस जवानों को खाने के लिए कोई परेशानी न होने पाए इसके लिए दिन रात विशाल अन्नक्षेत्र मेला शुरू होने से लेकर खत्म होने तक चलता रहेगा। गुरुदेव ने बताया कि कोविड 19 के दौरान प्रयागराज कानपुर लखनऊ और अयोध्या में पूरे कोविड के दौरान दिन रात विशाल अन्य क्षेत्र कई दर्जन स्थानों पर चलता रहा। उन्होंने बताया कि प्रयागराज कानपुर लखनऊ और अयोध्या में दूसरे से प्रदेश से आने वाले लाखों श्रमिकों को नाश्ता खाना पानी की बोतल सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थी। उन्होंने बताया कि कोटा राजस्थान से आने वाले लाखों प्रतियोगी छात्रों को भी नाश्ता खाना बोतलबंद पानी सहित अन्य सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। इतना ही नहीं जरूरतमंद लोग जो फोन करते थे कि उनको खाने के लिए परेशानी हो रही है ऐसे हजारों लोगों के घर भी खाना पहुंचाया गया है।



भक्तों को संबोधित करते गुरुदेव

# जिलाधिकारी ने अंबेडकरनगर स्थापना दिवस महोत्सव की तैयारियों का गहन जायजा लिया

संवाददाता। अंबेडकर नगर



**जिलाधिकारी सैमुअल** पॉल एन द्वारा हवाई पट्टी अकबरपुर में अंबेडकरनगर स्थापना दिवसए महोत्सव .2022 में होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में तैयारियों का जायजा लिया गया। 28 सितंबर 2022 को सायं 4:00 बजे से 6:00 तक अंबेडकर नगर महोत्सव उद्घाटन उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ब्रजेश पाठक द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया जाएगा तथा 29 सितंबर 2022 को समापन समारोह मंडलायुक्त अयोध्या मंडल अयोध्या द्वारा किया जाएगा।अवगत कराना है कि अंबेडकरनगर महोत्सव के अंतर्गत दो दिवसीय कार्यक्रम 28 सितंबर तथा 29 सितंबर 2022 को किया जाना प्रस्तावित है। अंबेडकर नगर स्थापना दिवस ,महोत्सव . 2022 के अंतर्गत 28 सितंबर 2022 को प्रातः 7:00 बजे से प्रातः 9:00 बजे तक मैराथन 10 किलोमीटर एकलव्य स्टेडियम से टांडा रोड हवाई पट्टी तक, 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक स्कूली बच्चों द्वारा गीत,डांस,वन एक्ट प्ले एकरतल, विज्ञान प्रदर्शनी लोहिया भवन, 1:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक संस्कृति विभाग के स्थानीय कलाकारों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण हवाई पट्टी, 4:00 से सायं 6:00 बजे तक पीएसी बैंड,बच्चों का कार्यक्रम, लेजर शो हवाई पट्टी,सायं 6:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक स्वराज बैंड द्वारा प्रस्तुति हवाई पट्टी, रात्रि 9:00 बजे से 11:00 बजे तक कवि सम्मेलन हवाई पट्टी पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। तथा दिनांक 29 सितंबर 2022 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक रंगोली, फ्लावर रंगोली,पेंटिंग, थीम बोर्ड एवं स्पीच कंपटीशन ध्विज्ञान प्रदर्शनी लोहिया भवन, दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक फिल्म का प्रस्तुतीकरण लोहिया भवन,दोपहर 1:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक स्टैंडर्ड थिएटर प्रोग्राम, स्थानीय,प्रतिष्ठित कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम हवाई पट्टी, शाम 6:00 बजे से 7:00 बजे तक राजन श्रीवास्तव ;कॉमेडी शोद्ध हवाई पट्टी, शाम 7:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक मालिनी अवस्थी ;लोक गायिकाद्ध हवाई पट्टी,रात्रि 9:00 से 11:00 बजे रात्रि तक आकांक्षा शर्मा ;बॉलीवुड नाइटद्ध द्वारा हवाई पट्टी पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा अंबेडकर नगर महोत्सव कार्यक्रमो की हो रही तैयारियों के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी बिरेंद्र सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अकबरपुर बीना सिंह तथा अन्य लोग मौके पर उपस्थित रहे।

## कार्यक्रम को लेकर लोगों में खासा उत्साह

**प्रयागराज।** विभिन्न कार्यक्रमों के साथ अब कई आयोजन होंगे। डीआईडी सुपर मॉम्स के पिछले दो सीज़न ने कुछ ऐसी बेमिसाल मांओं को सामने लाया। जिनकी डांसिंग स्किल्स यंग डांसर्स को भी मात दे सकती हैं। दोनों सीज़न को मिले जबर्दस्त रिस्पॉन्स के बाद ज़ी टीवी ने हाल ही में अपने पॉपुलर नॉन फिक्शन शो डीआईडी सुपर मॉम्स का तीसरा संस्करण लांच किया। हर शनिवार और रविवार को प्रसारित किए जाने वाले इस नए सीज़न में रेमो डिसूज़ा भाग्यश्री दस्सानी और उर्मिला मातोंडकर जैसे जजों का एक शानदार पैनल है। जो इन टैलेंटेड मॉम्स के सफर के दौरान उनका मार्गदर्शन कर रहे हैं और उनके डांस के सपनों को पूरा करने में उनकी मदद कर रहे हैं। सभी टैलेंटेड मांओं की जोरदार परफॉर्मेंस का मजा लेने के लिए देखिए डीआईडी सुपर मॉम्स शनिवार रात नौ बजे सिर्फ ज़ी टीवी पर आएगा। जहां हफ्ते दर हफ्ते सुपर मॉम्स ने अपनी शानदार परफॉर्मेंस से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया है।

# हिंदी की भाषा वर्तनी और व्याकरण के सही प्रयोग का रखें ध्यान: द्विवेदी

## राजभाषा पखवाड़े के अंतर्गत नया भारत उपलब्धियां और चुनौतियां विषय पर हिंदी वाक प्रतियोगिता का आयोजन




हिंदी वाक प्रतियोगिता में मौजूद अधिकारी

**प्रयागराज।** हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में उत्तर मध्य रेलवे के मुख्यालय में 14 सितंबर से आयोजित राजभाषा पखवाड़े के अंतर्गत नया भारत उपलब्धियां और चुनौतियां विषय पर हिंदी वाक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाप्रबंधक कार्यालय के वि ?भिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने नए भारत की उपलब्धियों और चुनौतियों के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। देश की उन्निति की भावी रूपरेखा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर निर्णायक के रूप में उपस्थित उप मुख्य सामग्री प्रबंधक बिजली सर्वेश चंद्र द्विवेदी ने कहा कि सभी राजभाषा प्रतियोगिताओं का उद्देश्य प्रकारांतर से हिंदी को बढ़ावा देना है। हमें हिंदी की भाषा वर्तनी और व्याकरण के सही प्रयोग का हमेशा ध्यान रखना चाहिए। इस प्रक्रिया में हिंदी के देशज और इसमें समाहित विदेशी अभिव्यक्तियों और शब्दोंश का प्रयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में प्रतिभागिता इच्छा शक्ति और सफलता का निरंतर स्वप्न ? देखने रहने का महत्व सर्वोपरि होता है। इस अवसर पर दूसरे निर्णायक के रूप में उपस्थित उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं उप विसमुलेधि वित्त एवं बजट शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि जीवन के हर पक्ष में सुविचारित योजना तैयारी और स्पष्ट रूपरेखा सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है। अपनी भाषा और राजभाषा हिंदी के प्रयोग प्रसार और प्रतिभागिता के क्षेत्र में भी हमें इस दृष्टि से कार्य करना चाहिए। प्रतियोगिता में श्रीकृष्ण शुक्ला वाणिज्य निरीक्षक वाणिज्य विभाग को प्रथम स्थान अभिलेख पाराशर वरिष्ठ लिपिक वाणिज्य विभाग को द्वितीय स्थान तथा एम एस नजमी वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर टेली निर्माण को तृतीय स्थान मिला। सभी विजेता प्रतिभागियों को 29 सितंबर को राजभाषा पखवाड़ा के मुख्य समारोह के दौरान महाप्रबंधक द्वारा पुरस्कृतत किया जाएगा। प्रतियोगिता का संचालन राजभाषा अधिकारी यथार्थ पाण्डेय द्वारा किया गया।

## क्विक न्यूज

### मिशन मोदी पीएम अगेन भारत की कमान राम प्रकाश को

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय सुरक्षा महामिशन ट्रस्ट द्वारा संचालित मिशन मोदी पीएम अगेन भारत अभियान के अंतर्गत ट्रस्ट की समिति की ओर से मिशन मोदी पीएम अगेन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रामविलास वेदांती महाराज ने समाजसेवी रामप्रकाश को दिल्ली प्रदेश की कमान सौंपी। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रामविलास वेदांती महाराज ने मनोनयन के करने के बाद कहा कि यह अवसर अति गौरवपूर्ण है कि रामप्रकाश राष्ट्र निर्माण की दिशा में अपनी सहभागिता निर्वहन करने जा रहे हैं। हमें पूर्ण विश्वास है कि रामप्रकाश पवित्र राष्ट्र निर्माण कार्य में सदैव अपनी सकारात्मक दृष्टि मानसिक व चारित्रिक एवं कुशल व्यवहार से श्रेष्ठ कार्यों का सृजन करेंगे। उन्होंने कहा हमें अपेक्षा है कि रामप्रकाश राष्ट्र की सेवा के श्रेष्ठ कार्य करके मिशन लक्ष्य की प्राप्ति करेंगे और देश के सभी कानूनों एवं उपरोक्त ट्रस्ट और मिशन के नियम एवं दिशा निर्देशों का पालन करेंगे। गौरतलब है कि समाजसेवी रामप्रकाश उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हैं और लंबे समय से डॉ रामविलास वेदांती महाराज के साथ हैं। उन्होंने बताया कि 1994 से 1999 तक मछली शहर 1999 से 2004 तक प्रतापगढ़ में महाराज जी के साथ उनके कार्यों में योगदान करते रहे। 2014 से संघ के कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं। 2014 में कुंवर हरिवंश सिंह के साथ प्रतापगढ़ के लोकसभा चुनाव में तथा 2019 में सांसद संगम लाल गुप्ता के चुनाव में सक्रिय कार्य किया।

### बोनमैरो और ब्लड कैंसर में जागरूकता की जरूरत पर जोर

**प्रयागराज।** दुनिया भर में बाइस सितंबर को वर्ल्ड क्रॉनिक माइलॉयड ल्यूकेमिया डे मनाया गया। मेडिकल साइंस के विशेषज्ञों ने बोनमैरो और ब्लड कैंसर के तुलनात?मक रूप से असाधारण प्रकार पर लोगों को जागरूक करने की जरूरत पर जोर दिया। क्रॉनिक मॉइलॉयड ल्यूकेमिया सीएमएल प्रति वर्ष एक लाख मरीजों में 0054 या 3059 फीसदी मरीजों में पाया जाता है। यह समय के साथ बढ़ता है और पुरुष मरीजों में ज्यादा मिलता है। यह एक पुरानी बीमारी है। जिसमें रोगियों को आजीवन इलाज करना चाहिए। विशेषज्ञों ने इस स्थिति के उचित प्रबंधन और इलाज को जारी रखने की जरूरत पर जोर दिया। क्रोमोसोम में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी के कारण सीएमएल होता है। जिससे बीमार सफेद रक्त कोशिकाओं का निर्माण बड़ी संख्या में होता है। यह स्वस्थ रक्त कोशिकाएं से ज?यादा हो जाती हैं और बोन मेरो को नुकसान पहुंचता है। वाराणसी के टाटा मेमोरियल अस्पताल में क्लिनिकल हेमाटोलॉजी में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ सुजीत कुमार डीएम ने कहा क्रोनिक माइलॉयड ल्यूकेमिया श्वेत रक्त कोशिकाओं का बड़ा असाधारण तरह का कैंसर है। जो बोनमैरो के साथ धीरे धीरे बढ़ता है। इसमें कोई व्यक्ति दवाएं लेकर अपनी रोजमर्रा की जीवनशैली बरकरार रख सकता है। मरीजों को इस बीमारी के प्रारंभिक लक्षणों में ल्यूकोसाइटोसिस या सांस लेने में परेशानी आती है। इसमें कई लोग कार्डियोलॉजिस्ट के पास जाते हैं या उनको गैस की समस्या होती है या गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट के पास जाते हैं। जो मरीजों को हमारे पास रेफर करते हैं।

### टेक्नीशियनों और उनकी टीम का होगा सम्मान

**प्रयागराज।** साल दो हजार बाइस के दौरान अपने दर्शकों को पॉपुलर फिक्शन शोज़ और लीक से हटकर रियलिटी शोज़ दिखाने के बाद अब ज़ी टीवी के लिए साल का वो समय है। जब यह चैनल अपने ज़ी रिश्ते अवॉर्ड्स के जरिए उन एक्टर्स डायरेक्टर्स प्रोड्यूसर्स क्रिएटिव टीमों और टेक्नीशियनों का सम्मान करता है। जो सबका मनोरंजन करने के लिए दिन रात मेहनत करते हैं। भव्य समारोह में दर्शकों और उनके पसंदीदा किरदारों के बीच गहरे रिश्तों का अभूतपूर्व जश्न मनाया जाएगा। जहां यह शो अपने आप में एक जबर्दस्त जश्न होगा। जिसमें सभी के लिए ढेर सारा मनोरंजन होगा। वहीं इस साल यह मौका और भी खास होने वाला है। जहां ज़ी टीवी ज़ी रिश्ते अवॉर्ड्स के साथ अपने तीस गौरवशाली वर्षों का जश्न भी मना रहा है। ज़ी टीवी पर यह अवॉर्ड्स शो नौ अक्टूबर को शाम सात बजे से प्रसारित किया जाएगा। जहां इन दोनों सितारों की मस्त केमिस्ट्री और बेमिसाल एक्ट ने दर्शकों को काफी प्रभावित किया। वहीं उन्हें यह नहीं पता था कि श्रद्धा आर्य ने एक चोट से जूझते हुए इतना कमाल का एक्ट प्रस्तुत किया था।

### डीएम ने डीआईजी के साथा थाना रौनाही में सुनीं जनसमसएं

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार ने डी0आई0जी0 अमरेन्द्र प्रसाद सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री प्रशान्त वर्मा के साथ थाना रौनाही में सुनी जन समस्यायें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने भूमि विवाद से जुड़े मामलों में पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को आज ही मौके पर जाकर उभय पक्षों की उपस्थिति में यथा सम्भव सुलह.समझौते से मामलों को निस्तारित करने अथवा वैधानिक कार्यवाही करते हुये निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने विगत समाधान दिवसों में प्राप्त मामलों के गुणवत्ता को भी चेक करने के निर्देश दिये। उन्होंने उपस्थित लेखपालों को सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जनकल्याण कारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी रखने तथा अधिक से अधिक लागोंध्ग्रामीणों योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुये विभिन्न योजनाओं में पत्र लोगों को समय से लाभान्वित करने के निर्देश दिये। इस दौरान उपजिलाधिकारी सोहावल, सीओ सदर, एसओ रौनाही सहित सम्बंधित कानूनगों व लेखपाल उपस्थित रहे।

### डीएम ने प्रा.वि. जगनपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार ने तहसील सोहावल क्षेत्रान्तर्गत स्थित प्राथमिक विद्यालय जगनपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अध्यापकों एवं बच्चों की उपस्थितिए विद्यालय परिसर में साफसफाईए भवनों की स्थिति व शिक्षा की गुणवत्ता स्तर का जायजा लिया तथा बच्चों के शैक्षिक स्तर को परखा। जिलाधिकारी ने कक्षा 5 के कक्ष में विभिन्न बच्चों से गणित के सवाल व हिन्दी की किताबें पढ़वाकर तथा कक्षा 1 व कक्षा 2 के बच्चों से अंग्रेजी वर्णमाला सुनी व हिन्दी की पुस्तकों को पढ़वाकर उनके शैक्षिक स्तर को परखा। इस दौरान कई बच्चों का शैक्षिक स्तर ठीक पाया गया उनके द्वारा गणित के सवालों को ठीक से हल किया गया। हिन्दी की पुस्तकों के पाठों को सही से पढ़ा व सही.सही अंग्रेजी वर्णमाला सुनाया। जिलाधिकारी ने शेष बच्चों को भी लेबल वाइज लर्निंग प्रदान करने व प्रेरणा के शैक्षिक स्तर के मानक के अनुरूप लाने हेतु शिक्षकों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने शैक्षिक स्तर के अनुरूप सवालों को सही से हल करने वाले तथा किताबों व अंग्रेजी वर्णमाला को सही ढंग से पढ़ने व सुनाने वाले बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार भी प्रदान किया। इस दौरान विद्यालय परिसर में स्थित अतिरिक्त कक्ष को तकनीकी जांच कराकर उसे यथासम्भव मरम्मत कराकर अच्छे से रंगाई पोताई कराने के निर्देश दिये और विद्यालय परिसर को नियमित साफरखने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पंजीकृत कुल 107 बच्चों में से 60 बच्चें उपस्थित पाये गये। जिलाधिकारी ने बच्चों की उपस्थिति में सुधार लाने के निर्देश दिये। उन्होंने शिक्षा मित्र रुक्मणि देवी को अपने बूथ लेबल आफिसर ;बी0एल0ओ0द्ध सम्बंधित दायित्वों का निर्वाहन विद्यालय के समय ;प्रातः 8 बजे से अपरान्ह 2 बजेद्ध के उपरांत ही करने के निर्देश दिये। उन्होंने बच्चों को नियमित रोस्टर के अनुरूप पोष्टिकता से भरपूर भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये तथा समस्त शिक्षकों को अपने.अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का गम्भीरता से निर्वाहन करने तथा बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के निर्देश दियेए जिससे बच्चें रूचि लेकर पढ़ाई करें।

# पूरी सावधानी बरतें दुर्गा पूजा समितियां

## केंद्रीय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने कहा, व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने को लेकर विभागों के संपर्क में रहे

संवाददाता। अयोध्या




**दुर्गा पूजा** एवं रामलीला का महोत्सव विद्युत विभाग के कंधों पर एक बड़ी जिम्मेदारी है आप लोगों को दिन रात मेहनत करके जनपद का यह सबसे बड़ा पर्व सकुशल संपन्न कराना है थोड़ी सी भी लापरवाही किसी बड़े हादसे का सबक बन सकती है इसलिए आप सभी बेहतर योजना बनाकर विभाग से संबंधित समस्याओं को समय रहते दुरुस्त कर लें इसके साथ ही दुर्गा पूजा समितिओं को भी पूरी सावधानी बरतनी होगीण् विद्युत ने पूरी तैयारी कर रखी है किसी भी समिति को त्यौहार में कोई समस्या नही आने दी जायेगीण्यह कथन केंद्रीय दुर्गा पूजा एवं रामलीला समन्वय समिति और विद्युत विभाग की बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में पधारे लोकप्रिय सांसद माननीय लल्लू सिंह के हैं जो आज स्थानीय सर्किट हाउस में विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने कहा पिछले 2 वर्ष से दुर्गा पूजा एवं रामलीला का पर्व सांकेतिक रूप से ही मनाया गया था और पिछले 2 वर्षों में विद्युत विभाग से संबंधित कार्य लंबित रहे हैं लिहाजा इस बार समस्याएं बहुत ज्यादा है और समय अब बिल्कुल नहीं बचा है कल से मुख्य पर्व प्रारंभ हो रहा है लेकिन समस्याओं का अंबार लगा हुआ है 1 अक्टूबर से शहर में 12 से 15 लाख श्रद्धालुओं की भीड़ सड़क पर होगी ऐसे में कम समय में किस तरह से समस्याओं को निस्तारित किया जाएगा यह अब विद्युत विभाग की जिम्मेदारी हैण्श्री जायसवाल ने पूरे पर्व के दौरान अयोध्या जनपद को विद्युत कटौती से मुक्त रखने का भी मांग कियाण्केंद्रीय समिति के प्रमुख संरक्षक विजय कुमार गुप्ता ने कहा कि भारी भीड़ के समय विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे इसके लिए आवश्यक कार्य योजना अभी से बना लिया जाए भीड़ के समय कहीं लाइन ट्रिप होती है या विद्युत कटौती होती है तो असामाजिक तत्व सक्रिय हो जाते हैं जिससे कानून व्यवस्था भी बाधित हो सकती हैण् केंद्रीय समिति के रामलीला प्रभारी प्रेम नाथ राय ने कहा कि हम लोगों को हमेशा विद्युत विभाग का सहयोग प्राप्त होता रहा है ऐसे में इस बार पहले से ज्यादा मेहनत करने की आवश्यकता हैण्बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय समिति के विद्युत विभाग के प्रभारी सुप्रीत कपूर ने कहा हमारे जोनल और सेक्टर प्रमुखों ने बड़ी मेहनत से प्रत्येक आयोजन समितियों के पदाधिकारियों से संपर्क करके उनकी समस्याओं को एकत्र किया है।

# दुर्गा पूजा पंडालों की सुरक्षा करेंगे वालंटियर

## मूर्ति विसर्जन में 18 वर्ष से कम आयु के नहीं जाएंगे युवकः सीओ



**मिल्कीपुर अयोध्या।** नवरात्रए दुर्गा पूजा और दशहरा को लेकर कुमारगंज थाने में उपजिलाधिकारी अमित कुमार जायसवाल और क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र भूषण तिवारी मिल्कीपुर की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। क्षेत्र के संभ्रात व्यक्तियोंए मूर्ति स्थापित करने वाले लोगों और डीजे संचालकों और धर्मगुरुओं के साथ सीओ व एसडीएम ने शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की। एसडीएम ने बैठक में आए क्षेत्र के संभ्रांत लोगों से बिंदुवार चर्चा की। जिसमें दिनेश जायसवाल ने बताया कि जिस दिन मूर्ति विसर्जन होगी उस दिन कस्बा कुमारगंज में पीएनसी का कार्य बंद करवाया जाएए ताकि किसी प्रकार की कोई समस्या न हो। मूर्ति विसर्जन के दौरान सुरक्षा के लिए सिपाहियों की तैनाती भी की जाएगी।

सीओ ने कहा कि हर त्योहार हमें आपसी प्रेम और भाईचारगी की सीख देते हैं। इसलिए त्योहार मिल.जुलकर मनाएं। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि कोई नई परंपरा नहीं लागू की जाएगीए किसी भी प्रतिमा पर किसी भी व्यक्ति की फोटो नहीं होना चाहिए। सभी दुर्गा पूजा पंडाल व रामलीला की सुरक्षा वालंटियर करेंगे। इसके साथ साथ आयोजन स्थल के करीबी बाथरूम की भी व्यवस्था आयोजकों द्वारा कराई जाए ताकि आने वाली किसी भी महिला को कोई परेशानी न उठानी पड़े। मूर्ति विसर्जन में 18 साल से कम उम्र के युवक नहीं जाएंगे। जो लोग जाएंगे उनकी सूची तैयार करने का निर्देश भी दिया है। यदि बताए गये नियमों के अनुसार कमेटी के सदस्य कार्य नहीं करेंगे तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। गांव में घटित होने वाली घटनाओं के संबंध में तत्काल पुलिस को सूचित करें। साथ ही त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए प्रेरित किया गया।

### जब दिशा की बैठक में सांसद ने अधिकारियों की लगाई क्लास !

# अमृत सरोवरों का कार्य पूरा न होने पर जताया अंसतोष

- कई सवालों का बैठक में सही जवाब नहीं दे पाए अधिकारी
- विकास कार्यों में न हो लापरवाही, अधिकारियों को दिए निर्देश
- सड़क निर्माण कार्य को पूरा न करने वाले ठेकेदार को करें ब्लैक लिस्टेड
- कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई सांसद की अध्यक्षता में दिशा की बैठक

संवाददाता। सीतापुर

**जिला विकास** समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में उस समय सीतापुर सांसद राजेष वर्मा ने गहरी नाराजगी व्यक्त की जब उन्हें यह जानकारी हुई कि सीतापुर में अमृत सरोवरों का कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हुआ है, जिलें में एक भी अमृत सरोवर का निर्माण कार्य पूर्ण न होने पर सांसद ने अंसतोष व्यक्त किया और तत्काल कार्य पूर्ण किए जाने के निर्देष दिए। उन्होंने सरोवरों के लिए जारी बजट की भी जानकारी ली। कलेक्टेऊट सभागार में दिषा बैठक की अध्यक्षता करते हुए सांसद राजेष वर्मा ने कहा किकार्य की प्रगति की सहजता व गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुये समयबद्धता के आधार पर सभी अधिकारी समन्वय बना कार्य को पूरा करें, यही शासन की प्राथमिकता एवं मंशा है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना के अन्तर्गत अमृत सरोवरों से संबंधित जो भी लम्बित कार्य है, को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल पूर्ण किये जाने हेतु संबंधित को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कागजी कार्यवाही में ही समूहों का गठन न किया जाये, बल्कि कार्यप्रणाली में समूह गठित होना चाहिये। उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय के अन्तर्गत ब्लॉक स्तर पर की गयी कार्यवाही की जानकारी करते हुये कहा कि ब्लॉक स्तर पर कार्य को बढ़ाया जाये तभी उद्देश्य पूरा होगा। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत कराये जा रहे मार्गों के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुये कहा कि एक लिंक मार्ग से दूसरे लिंक मार्ग को नहीं जोड़ा जा रहा है, जिससे इस योजना का उद्देश्य ही पूरा नही हो रहा है, जो सड़क निर्माण की लम्बाई स्वीकृत हुयी है, उसको निर्माण कराये जाने से अधूरा नही छोड़ना है। उन्होंने रोष व्यक्त करते हुये कहा कि सड़क निर्माण संबंधी जिस ठेकेदार ने शासन के सारे पैसों का उपयोग तो कर लिया है किन्तु सड़क मानक के अनुरूप नही बनायी है, कार्य अधूरा है, ऐसे ठेकेदारों को चिन्हित कर ब्लैकलिस्टेड किया जाये। उन्होंने नैपालापुर सड़क की स्थिति की जानकारी करते हुये लहरपुर मार्ग पर पुलिया के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। बैठक में कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने स्कूलों की जर्जर भवनों को चिन्हित कर इसे तत्काल प्राथमिकता के आधार पर बनाये जाने को कहा। बैठक में सांसद मिश्रिख अशोक रावत, विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव, विधायक महोली शशांक त्रिवेदी, विधायक सेवता ज्ञान तिवारी, विधायक बिसवां निर्मल वर्मा, एम.एल.सी. पवन सिंह चौहान, जिलाधिकारी अनुज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा सहित समस्त संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिक्षकों पर ऐसी घटनाएं होना निदंनीय कड़ी कार्रवाई करे पुलिस:उमेश द्विवेदी

- शिक्षक एमएलसी उमेश द्विवेदी ने पीडब्लूडी में की पदाधिकारियों के साथ बैठक सीतापुर एसपी से बात कर शिक्षक एमएलसी ने कड़ी कार्रवाई करने की कही बात

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर में** स्कूल के अंदर प्रधानाचार्य को छात्र द्वारा गोली मारे जाने की घटना से वित्त विहीन षिक्षक संघ आक्रोषित है, इसको लेकर सीतापुर पहुंचे षिक्षक एमएलसी उमेष द्विवेदी ने पीडब्लूडी में पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में षिक्षक एमएलसी उमेष द्विवेदी ने कहा कि ऐसी घटनाओं से षिक्षक समाज में भय व्याप्त है, उन्होंने कहा कि इस पर पुलिस कड़ी कार्रवाई करें, षिक्षकों पर ऐसी घटनाएं होना निदंनीय है। उन्होंने कहा कि एसपी घुले सुषील चन्द्रभान से वार्ता की है, ऐसे लोगो पर कड़ी कार्रवाई करने का आष्वासन दिया है। आपको बता दें कि थाना सदरपुर इलाके के जहांगीराबाद में स्थित आदर्श रामस्वरूप विद्यालय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रामसिंह वर्मा रहते है जहां कोचिंग के लिए इंटर का छात्र गुरूविन्दर सिंह पढ़ने के लिए आता है, षनिवार को भी पहुंचा था, बैग के साथ लेकिन बैग में कापी किताबों के साथ असलहा भी था, बैग को कमरे में रखने के बाद असलहा निकालकर सीधे प्रधानाचार्य पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाना षुरू कर दी। गोली लगने से प्रधानाचार्य घायल हो गए। बताया जाता है इस घटना से एक दिन पूर्व दो छात्रों के बीच विवाद हुआ था जिसको लेकर प्रधानाचार्य ने हमलावर छात्र गुरूविंदर को एक थप्पड़ मार दिया था, यह बात उसे इतनी नागवार गुजरी कि वह प्रधानाचार्य की जान लेने पर अमादा हो गया। विद्यालय परिसर में प्रधानाचार्य को छात्र द्वारा गोली मारे जाने की घटना को लेकर वित्त विहीन षिक्षक संघ मे आक्रोष व्याप्त हो गया है, षिक्षको की सुरक्षा को लेकर वह चिंतित दिखाई दे रहे है। इसी को लेकर घटना के महज चंद घंटो बाद ही एक बैठक की जिसको षिक्षक एमएलसी उमेष द्विवेदी ने सम्बोधित किया और षिक्षको को सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए पुलिस कप्तान से मांग की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष पंकज पांडेय, अष्वनी सिंह, दिनेष सिंह, ज्ञानी गुरूदीप सिंह चीमा, संजय अवस्थी, कृष्ण प्रकाष, बेंचेलाल भार्गव, नवल मिश्रा, नैमिषरत्न तिवारी, भाष्कर मिश्रा, मनोज पांडेय, कमर बहादुर, दिनेष सहित अन्य षिक्षकगण मौजूद रहे।

### शहर में नासिर की दो करोड़ की सम्पत्ति सील

# सीतापुर में पांच गैंगेस्टर्स की 4 करोड़ की सम्पत्ति जब्त

- ढोल बजाकर, एनांउस कर की गई जब्ती की कार्रवाई
- वर्ष 2016 में नासिर ने डीएम आवास के पास हत्याकर मचाई थी सनसनी
- अपराधी रामखेलावन, जयप्रकाश, राजन सिंह की भी सम्पत्ति हुई जब्त

ंवाददाता। सीतापुर

**योगी के पुलिस की** अपराधियों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई जारी है। सीतापुर में षनिवार को पुलिस ने षातिर अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाकर गैंगेस्टर एक्ट के तहत सम्पत्तियों को जब्त करने की बड़ी कार्रवाई की। 5 गैंगेस्टर्स के विरूद्ध पुलिस ने जिलाधिकारी के आदेष पर करीब 4 करोड़ रूपये की सम्पत्ति को जब्त किया। ढोल नगाड़े के बीच प्रषासनिक और पुलिस अधिकारियों ने पहुंचकर अपराधिक कृत्यों से अर्जित की गई सम्पत्तियों को जब्त करने की कार्रवाई की इनमें वर्ष 2016 में डीएम आवास के पास हत्याकर सनसनी मचाने वाले षातिर अपराधी नासिर पुत्र रज्जाक भी षामिल है। सबसे पहले हम आपको षहर कोतवाली इलाके के अफसर कालोनी निवासी षातिर अपराधी 2016 में डीएम आवास के पास हत्या के आरोपी नासिर पुत्र रज्जाक की गैंगेस्टर एक्ट के तहत 1 करोड़ 99 हजार की सम्पत्ति जब्त की कार्रवाई को दिखाते है। ढोल नगाड़े के साथ एसडीएम सदर अनिल कुमार, सीओ सिटी सुषील कुमार सिंह और षहर कोतवाल टीपी सिंह दलबल के साथ षास्त्रीनगर मोहल्ला पहुंचते है, नासिर की जमीन पर नोटिस चस्पा बोर्ड लगाने की कार्रवाई कर जब्ती की जाती है। इस दौरान पुलिस एलाउंस भी करती है। इसके बाद अफसर कालोनी में स्थित नासिर के भाई हासिम के मकान को जब्त करती है, सम्पत्ति जब्तीकरण की इस कार्रवाई के बारे में एसडीएम सदर अनिल कुमार, सीओ सिटी सुषील कुमार सिंह ने नासिर के खिलाफकी गई कार्रवाई की जानकारी दी। इसी तरह थाना कमलापुर इलाके में तीन षातिर अपराधियों रामखेलावन पुत्र दुलारे निवासी सुरैंचा की 4 बीघा जमीन जिसकी कीमत 30 लाख 60 हजार रूपये, जयप्रकाष पुत्र रामखेलावन निवासी ग्राम सुरैंचा की 30 लाख 50 हजार की सम्पत्ति और राजन सिंह उर्फराजेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र देवेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ लल्लन सिंह निवासी सुजौलिया की 1 करोड़ 9 लाख 13 हजार की सम्पत्ति को गैंगेस्टर एक्ट के तहत जब्त करने की कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई सिधौली सीओ यादवेन्द्र यादव, तहसीलदार आरपी सिंह, कमलापुर एसओ पुस्पराज कुषवाहा की टीम ने ढोल नगाड़ो के बीच एलांउस कर अंजाम दी। गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की कड़ी में सीओ मिश्रिख सुषील कुमार यादव, सीओ प्रषिक्षणाधीन षोभित कुमार, तहसीलदार राजकुमार गुप्ता, थानाध्यक्ष नैमिषारण्य दिग्विजय पांडेय, क्राइम इंस्पेक्टर रवीद्र पांडे, मिश्रिख इंस्पेक्टर राकेष कुमार सिंह ने दलबल के साथ ढोल के बीच अपराधी संजय पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम नौव्वाखेड़ा के 25 लाख कीमत के पक्के मकान को जब्त करने की कार्रवाई को अंजाम दिया।

# सांसद ने दिव्यांगों को वितरित किए उपकरण

- प्रधानमंत्री के जन्मदिन पखवारे को लेकर वितरित किए उपकरण
- सांसद राजेश वर्मा और सांसद अशोक रावत रहे मुख्य अतिथि



संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर के राजा** कॉलेज मैदान में दिव्यांगो को कृत्रिम अंग वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका षुभारम्भ सीतापुर सांसद राजेश वर्मा ने किया। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर बहुत सारे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है इसमें कृत्रिम अंग वितरण कार्यक्रम भी है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री दिव्यांगों एवं गरीबों के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं, दिव्यांग आगे बढ़ेगा तभी हमारा प्रयास सफल होगा। उन्होंने कहा कि जिनकी दिव्यांगता 80 प्रतिशत होगी, उनको मोटराईज साइकिल भी दी जाएगी। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को कान की मशीन, बैशाखी, स्मार्ट कैन डिवाइज तथा ट्राईसाइकिल का वितरण किया। इस दौरान सांसद मिश्रिख अशोक रावत, राज्यमंत्री कारागार सुरेश राही, विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव, विधायक महोली शशांक त्रिवेदी, विधायक सेवता ज्ञान तिवारी, विधायक बिसवां निर्मल वर्मा, एम.एल.सी. पवन सिंह चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, जिलाधिकारी अनुज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। सितंबर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सीतापुर द्वारा कृत्रिम अंग वितरण कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 22 उत्तर प्रदेश बटालियन एनसीसी सीतापुर के राजकीय इंटर कॉलेज के कैडेटों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने दूरदराज से आए हुए दिव्यांग जनों को अपनी गोद में उठाकर व्हीलचेयर की सहायता से और उन को सहारा देकर उपकरण वितरण स्थल पर पहुंचाया कैडेटों ने ट्राई साइकिल वितरण में भी सहायता की। आए हुए लोगों और आगंतुकों ने कैडेटों की सराहना की। इस अवसर पर कैडेट शिवम कुमार ,तौफीक अली ,इमरान गाजी ,दीपांशु चौधरी ,आरिफ अली ,प्रदीप कुमार आदि उपस्थित थे।

# सेवा पखवाड़ा: दिव्यांगजनों को वितरित किए गए उपकरण

- भाजपा जिलाध्यक्ष व डीएम ने किया शुभारंभ

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी

**शनिवार को कलेक्ट्रेट** सभागार में सेवा पखवाड़े के तहत दिव्यांग जनों के लिए सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाध्यक्ष सुनील सिंह व प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह ने दीप जलाकर किया।कार्यक्रम की शुरुआत में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वीरपाल ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताइ। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि सेवा पखवाड़े के तहत आज दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का वितरण किया जा रहा। प्रशासन की ओर से उपलब्ध कराए जा रहे सहायक उपकरणों का उपयोग करें। सरकार प्राथमिकता के आधार पर सभी दिव्यांगजन को जरूरी उपकरण उपलब्ध करा रही है। केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ भी प्राथमिकता के आधार पर दिव्यांगों को दिलाया जा रहा है।प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह ने कहा कि दिव्यांगजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं का लाभ उपलब्ध कराना प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में है। जनप्रतिनिधियों एवं अफसरों ने मौजूद दिव्यांगजनों को 13 व्हील चेयर, स्मार्ट केन 15, बैसाखी 69 आदि वितरित की। इस दौरान सभी दिव्यांग जनों को लंच पैकेट, फल आदि का भी वितरण किया गया।कार्यक्रम में बीजेपी जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमारी, जिला महामंत्री रामजी मौर्य, राम जी दीक्षित भाजपा नेता उमेश शुक्ला, आशू मिश्रा, कुलभूषण सिंह, राम पांडे रचना शुक्ला उमा राज, दुर्गेश नंदन पांडेय व जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वीरपाल, डिप्टी कलेक्टर विधेश मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने 19 बच्चों को बांटे लैपटॉप

संवाददाता । लखीमपुर खीरी

**शनिवार को** कलेक्ट्रेट सभागार में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री सांसद अजय मिश्र टेनी ने प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह के संग उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत 19 बच्चों को लैपटॉप वितरित किया।

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सीएम बाल सेवा योजना के तहत जिन बच्चों को लैपटॉप प्रदान किया जा रहा है। वह अपनी शैक्षिक गतिविधियों में इसका इस्तेमाल करें और आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि कभी भी कोई समस्या हो तत्काल सूचित करें प्रशासन व सरकार उन्हें हर संभव मदद प्रदान करेगी।

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताइ। उन्होंने बताया कि कोविड-19 के कारण 01 मार्च 2020 के बाद ऐसे बच्चे जिन्होंने कोविड-19 के कारण अपने माता या पिता या दोनों को खो दिया ऐसे बच्चों को जो कक्षा 9 से 12 में पढ़ रहे थे, उनको लैपटॉप वितरित किए जाने की व्यवस्था है। साथ ही ऐसे बच्चों को 4000



प्रतिमाह की धनराशि भी उपलब्ध कराई जा रही है। यह धनराशि 18 वर्ष की आयु प्राप्त होने तक उन्हें मिलती रहेगी। उसके अलावा इन बालिकाओं की विवाह में विवाह के समय एक लाख एक हजार की आर्थिक सहायता भी इस योजना के अंतर्गत दी जाएगी।

डीपीओ संजय कुमार निगम ने बताया कि सीएम बाल सेवा योजना के तहत अबतक 173 ऐसे बच्चों को चिन्हित किया, उन्हें जिला अनुश्रवण समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। इनमें से 74 लाभार्थियों को चार हजार की दर से धनराशि प्रधान का कराई जा रही है। अन्य लाभार्थियों को शीघ्र ही बजट प्राप्त होने पर उन्हें लाभान्वित किया जाएगा।कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय निगम बाल कल्याण समिति सदस्य श्रीमती सुमन सिंह, सुरेंद्र पाल सिंह, संरक्षण अधिकारी अनुज चतुर्वेदी, संरक्षक सुंदरलाल, ओएससी की केंद्र प्रशासिका रश्मि चतुर्वेदी उपस्थित रही।

# एक मुश्त शास्ति समाधान योजना का उठाएं लाभ: एआरटीओ

- रविवार को खुलेगा एआरटीओ दफ्तर

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**एक मुश्त** शास्ति समाधान योजना के तहत 01 अप्रैल 2020 को या उसके पूर्व पंजीकृत एवं बकाया कर से आच्छादित परिवहन यानों पर देय शास्ति से शत-प्रतिशत छूट प्रदान की गई है। उक्त आशय की जानकारी एआरटीओ प्रशासन आलोक कुमार सिंह ने दी।उन्होंने बताया कि योजना के तहत अधिक से अधिक बकाया कर जमा कराने एवं राजस्व हित में मुख्यालय द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय, लखीमपुर-खीरी दिनांक 25 सितंबर को रविवार अवकाश के दिन कार्यालय पूरी तरह से खुला रहेगा, क्योंकि इस योजना के अन्तर्गत वाहन स्वामियों/आवेदकों से आवेदन प्राप्त करने एवं पंजीकरण किये जाने की अन्तिम तिथि 26 सितंबर है।

उन्होंने एक मुश्त शास्ति समाधान योजना के तहत समस्त व्यवसायिक वाहन स्वामियों को सूचित करते हुए बताया कि यदि उनके वाहन के प्रति कर बकाया है तो ऐसे वाहन स्वामी 26 सितंबर तक कार्यालय में आवेदन/ पंजीकरण कराकर, बकाया कर जमा कराकर देय शास्ति(पेनाल्टी) से शत-प्रतिशत छूट प्राप्त कर सकते हैं, इस हेतु 25 सितंबर को रविवार अवकाश को भी कार्यालय पूरी तरह से खोला गया है। उक्त तिथि 26 सितंबर के पश्चात इस योजना का लाभ कोई भी वाहन स्वामी/बकायेदार प्राप्त नही कर सकेगा।

# किसानों ने की जिंद बाबा स्थल पर विशाल जनसभा



**मैलानी-खीरी।** ब्लाक बांकेगंज की ग्राम पंचायत के किसानों गाडी घाट के निकट जिन्द बाबा स्थान पर एक विशाल सभा का आयोजन किया मंच का संचालन जवाहर लाल जिला कमेटी अध्यक्ष भाकपा माले ने किया। जिसमें लोगों ने अपने अपने विचारों को रखा ग्राम पंचायत सुआबोझ के अंतर्गत आने वाले 24 गांवो की 2290 एकड़ खेतिहर भूमि पर जिस पर काफी वर्षो से ग्रामीणो खेती करते चले आ रहे है उस भूमि पर फारेस्ट द्वारा वह भूमि जिसपर वह काफी वर्षो से खेती कर रहे है साथ आवास बनाकर रह भी रहै है उस भूमि पर फारेस्ट द्वारा उसे खाली करने का नोटिस जारी कर दिया गया जिसका वाद न्यायालय मे विचाराधीन है कि ग्रामीणो का कहना है कि यही हमारी रोज़ी रोटी है जिसपर हम लोग लगभग अस्सी वर्षो से काबिज है अब फारेस्ट द्वारा इसे बफर जोन बनाने के लिए हम किसानो को नोटिस जारी किए गये है किसानो ने भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि हम किसान का इस सरकार मे मानसिक व आर्थिक शोषण हो रहा है इससे पहले भी कयी सरकारें आई परन्तु किसानो से जमीन छीनने का काम नही किया यदि सरकार हम लोगों से जमीन छीन लेगी तो हम रोटी कहा से खायेंगे भाकपा माले की केन्द्रीय कमेटी सदस्य कृष्णा अधिकारी ने भी जमकर भाजपा सरकार की नीतियों गलत बताते हुए कहा यह सरकार किसानो की हितैशी नही ब्लकि किसानो की विरोधी है जो किसानो से उनकी जमीन छीनने का काम कर रही है साथ ही उन्होंने कहा कि हम सभी लोग आने 18 अक्तूबर को महिला व पुरुष सभी किसान एकत्र होकर राज्यपाल को ग्यापन सौपेगे किसी भी हालत मे जमीन को जाने नही क्यो न हमे अपने प्राणों की आहुति देनी पडे भाजपा सरकार पांच जनपदों मे इसी तरह फारेस्ट द्वारा किसानों को नोटिस जारी कराके किसानो की जमीन हड़पने मे लगी हुई साथ ही उन्होंने बताया कि आने 2024 इस सरकार से किसान सरकार द्वारा किए इस शोषण का जबाब मांगेंगे किसानो मे बलराम गुप्ता शम्भू नाथ राम जी मदन लाल यादव डाक्टर वीरेन्द्र अवतार सिह जगदीश निषाद हेम नारायण जसविन्दर सिह कैलाश सिह बनवारी लाल राम किशोर विनोद कुमार राम दुलारे राम निवास राम रतन रामाधार सहित तमाम महिलाए व पुरूष मौजूद रहे।

# तमंचा-कारतूस सहित भेजा जेल

**मैलानी-खीरी।** पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद मादक पदार्थों की विक्री व अवैध कच्ची शराब के निष्कासन पर रोकथाम के अभियान के पुलिस क्षेत्राधिकारी गोला आर के सिह के पर्यवेक्षण मे थाना प्रभारी निरिक्षक राम लखन पटेल की अध्यक्षता तथा चौकी पृभारी कुकरा सुरेश चन्द्र आरक्षी विपिन कुमार वर्मा वीरेन्द्र सिह व आरक्षी विजय प्रकाश सिह ने उमेश कुमार पुत्र छेदा लाल निवासी कुकरा थाना मैलानी जिला खीरी को एक अदद अवैध देशी तमन्चा 12बोर तथा एक अदद जिन्दा कारतूस 12बोर सहित गिरफ्तार करके जेल भेज दिया थाना प्रभारी निरिक्षक राम लखन पटेल ने उपरोक्त अभियुक्त पर इससे पहले भी मैलानी थाने कयी अभियोग दर्ज है यदि समय रहते गिरफ्तार नही किया जाता तो किसी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता था ।

# आरकेएसके और आरबीएसके सहित गोल्डन कार्ड की प्रगति को लेकर मंथन

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**राष्ट्रीय किशोर स्**वास्थ्य कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम सहित गोल्डन कार्ड की प्रगति को लेकर एक समीक्षा बैठक हम ऑफिस सभागार में की गई जिसकी अध्यक्षता एसीएमओ डा. अश्विनी कुमार ने की इस दौरान कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. बी पंत मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. बीसी पंत ने बताया कि समीक्षा बैठक के दौरान राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम सहित आयुष्मान गोल्डन कार्ड की प्रगति जानने के लिए जनपद एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें साथिया केंद्र, विफस कार्यक्रम, पियर एजुकेशन कार्यक्रम, किशोरी सुरक्षा योजना, कृमि मुक्ति दिवस एवं राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा की गई। साथ ही समस्त



विकास खण्ड में प्रस्तावित आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम में ब्लॉक स्तरीय हेल्थ एंड वेलनेस एम्बेसडर प्रशिक्षण की तैयारियों पर चर्चा गयी।

इस महत्वपूर्ण बैठक में ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर सीडीपीओ ब्लॉक शिक्षा अधिकारी आरबीएसके के डॉक्टर आरकेएसके के काउंसलर उपस्थित हुए थे इन सभी को इनके द्वारा क्षेत्र में व्यापक कार्य किए जाने के निर्देश दिए गए हैं साथ ही जन जन तक योजना का प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित कराने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमित बाजपेई, डीपीएम अनिल कुमार यादव, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला समन्वयक सचिन गुप्ता और राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला प्रबंधक अमित खरे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पुणे में पीएफआई के प्रदर्शन में लगे पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे

## ● महाराष्ट्र सरकार की तीखी प्रतिक्रिया, करेगी कड़ी कार्रवाई

**भाषा।** पुणे (महाराष्ट्र)

**पॉपुलर फ्रंट** ऑफ इंडिया (पीएफआई) द्वारा यहां आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान कथित तौर पर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने वाले प्रदर्शनकारियों का एक वीडियो सामने आया है। इस घटना के बाद महाराष्ट्र सरकार ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे नारे लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि राज्य में इस तरह के नारे बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे, जबकि उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इस नारेबाजी में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

वीडियो में दिख रहा है कि जब हिरासत में लिए गए पीएफआई कार्यकर्ताओं को पुलिस वाहन में ले जाया जा रहा था, तब यह नारा कई बार लगाया गया। इस घटना के बाद महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कुछ नेताओं ने इस तरह की नारेबाजी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। पुणे पुलिस ने कहा है कि वे इसकी जांच कर रहे हैं। पीएफआई के ठिकानों पर देशभर में हुई छापेमारी के विरोध में संगठन ने पुणे शहर में शुक्रवार को जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन आयोजित किया था। इस दौरान पुलिस ने लगभग 40 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया था। पुलिस द्वारा वाहन में बैठाते समय प्रदर्शनकारियों ने कथित तौर पर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस घटना के बाबत पूछे जाने पर पुलिस ने कहा कि वह मामले की जांच कर रही है। पुलिस उपायुक्त सागर पाटिल ने कहा, हमने अवैध रूप से प्रदर्शन करने के लिए पीएफआई सदस्यों के खिलाफ पहले से ही मामला दर्ज कर लिया है और हम नारेबाजी के मामले की जांच कर रहे हैं। इस बीच भाजपा के विधायक नितेश राणे ने ट्विटर पर कहा कि जिन्होंने पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाए हैं, उन्हें याद रखना चाहिए कि उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। राणे ने कहा, पुणे में पीएफआई के समर्थन में पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाने वाले सभी लोगें को चुन चुनकर मारेंगे...इतना याद रखना। पीएफआई को प्रतिबंधित करो। भाजपा के एक अन्य विधायक राम सतपुते ने भी नारे लगाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की।

## पीएफआई ने सरकारी नीतियों की गलत व्याख्या कर भारत के प्रति नफरत फैलाई : एनआईए

**कोच्चि।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने दावा किया है कि पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के कार्यालयों और उसके नेताओं के ठिकानों पर की गई देशव्यापी छापेमारी के दौरान जब्त दस्तावेजों में बेहद संवेदनशील सामग्री मिली है, जिसमें एक समुदाय विशेष के प्रमुख नेताओं को निशाना बनाया गया है। कोच्चि में विशेष एनआईए अदालत में सौंपी गई रिमांड रिपोर्ट में जांच एजेंसी ने यह आरोप भी लगाया है कि इस चरमपंथी इस्लामी संगठन ने युवाओं को लश्कर-ए-तैयबा और इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) जैसे आतंकवादी समूहों में शामिल होने के लिए बरगलाया।

एनआईए ने कोच्चि में दर्ज एक मामले के संबंध में 10 आरोपियों की हिरासत की मांग करते हुए 22 सितंबर को अदालत में रिपोर्ट सौंपी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पीएफआई ने हिंसक जिहाद के तहत आतंकवादी कृत्यों को अंजाम दिया और भारत में इस्लामी शासन की स्थापना की साजिश रची। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पीएफआई लोगों के एक वर्ग के समक्ष सरकारी नीतियों की गलत व्याख्या पेश कर भारत के प्रति नफरत फैलाने और सत्ता तथा उसके अंगों के खिलाफ घृणा का भाव उत्पन्न करने का काम करता है। एजेंसी ने कहा, जांच में सामने आया है कि प्राथमिकी में नामजद आरोपी संगठित अपराध और अवैध गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल थे। वे समाज के अन्य धार्मिक वर्गों और आमजन के बीच दहशत पैदा करने का काम करते थे। एनआईए ने 22 सितंबर को 11 राज्यों में छापेमारी कर पीएफआई के 106 नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया था। रिपोर्ट के मुताबिक, छापेमारी के दौरान जब्त किए गए दस्तावेजों में ऐसी सामग्री पाई गई है, जिससे पता चलता है कि एक समुदाय विशेष के प्रमुख नेताओं को निशाना बनाया जा रहा था। इस हिट लिस्ट से मालूम होता है कि पीएफआई अपने नेताओं के माध्यम से समुदायों के बीच तनाव पैदा करने का काम कर रहा था। एनआईए ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि संगठन का इरादा शांति और सद्भाव को भंग करना तथा वैकल्पिक न्याय व्यवस्था चलाना था। रिपोर्ट के अनुसार, पीएफआई ने युवाओं को लश्कर-ए-तैयबा, अल कायदा और आईएसआईएस जैसे आतंकवादी समूहों में शामिल होने के लिए बरगलाया। इसमें कहा गया है कि इस्लामी चरमपंथी संगठन ने हिंसक जिहाद के तहत आतंकवादी कृत्यों को अंजाम दिया और भारत में इस्लामी शासन की स्थापना की साजिश रची। एजेंसी ने कहा कि आरोपियों और पीएफआई के कार्यालय से जब्त उपकरणों को तिरुवनंतपुरम स्थित सी-डैक में विश्लेषण किए जाने की जरूरत है।

## ऐप के जरिए धोखाधड़ी करने के आरोपी आमिर खान को पुलिस हिरासत में भेजा

**कोलकाता।** कोलकाता की एक अदालत ने मोबाइल ऐप के जरिए धोखाधड़ी करने के आरोपी आमिर खान को शनिवार को 14 दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया। खान के घर से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 17.32 करोड़ रुपए नकदी जब्त की थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि खान को कोलकाता पुलिस के गुप्तचर विभाग ने उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से गिरफ्तार किया था और उसे कोलकाता लाया गया था। खान को 2021 में यहां एक थाने में कथित धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया गया था। मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट अदालत ने गुप्तचर विभाग की ओर से पेश लोक अभियोजक के अनुरोध पर खान को 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। ईडी ने धन शोधन की जांच के तहत 11 सितंबर को गार्डन रीच इलाके में एक मोबाइल गेमिंग ऐप कंपनी के प्रवर्तक खान के आवास से 17.32 करोड़ रुपए नकदी जब्त की थी।

# हिमाचल के मतदाताओं ने भी भाजपा सरकार दोहराने का मन बनाया: मोदी

**भाषा।** शिमला



**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने शनिवार को कहा कि हिमाचल प्रदेश के मतदाताओं ने राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार को दोहराने का मन बना लिया है, जैसा कि उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के मतदाताओं ने कुछ महीने पहले किया था।

प्रधानमंत्री मोदी ने मंडी में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) की एक रैली को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित किया, क्योंकि खराब मौसम के कारण कार्यक्रम स्थल तक वह हेलीकॉप्टर से नहीं पहुंच सके। रैली में व्यक्तिगत रूप से नहीं पहुंच पाने को लेकर प्रधानमंत्री ने खेद जताया। उन्होंने कहा कि इस पहले, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में मतदाताओं द्वारा हर पांच साल में सत्ताधारी दल को बदलने का चलन था, लेकिन अब उन्होंने इस चलन को छोड़ दिया है। इसी तरह, हिमाचल प्रदेश के मतदाताओं और युवाओं ने भाजपा सरकार को दूसरी बार मौका देने का मन बना लिया है, क्योंकि वे जानते हैं कि भाजपा एक स्थिर सरकार प्रदान करते हुए राज्य के विकास की दिशा में काम कर सकती है। मोदी ने कहा कि पहले देश में दशकों तक गठबंधन सरकार हुआ करती थी, जिसने दुनियाभर के लोगों के मन में संदेह पैदा किया कि क्या दलों के सहयोग से बनी गठबंधन सरकार बीच में ही गिर जाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आठ साल पहले साल 2014 में मतदाताओं ने केंद्र में मजबूत और स्थिर सरकार के लिए मतदान किया, जिसने कार्य संस्कृति और नीतियों में स्थिरता लाने का काम किया। उन्होंने कहा कि एक मजबूत आधार अब तैयार है और देश के एक आदमी से लेकर पूरे विश्व का सरकार में विश्वास है। उन्होंने कहा कि यही वजह है कि आज पूरा विश्व भारत से जुड़ने के लिए इच्छुक है। राज्य में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर के गृह जिले मंडी के पड्डल मैदान में इस युवा विजय संकल्प रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है, जिसने युवाओं को अधिकतम प्रतिनिधित्व प्रदान किया और उम्मीद जताई कि वे लोग भारत को एक विकसित देश बनाने के सपने को साकार करेंगे। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश उन तीन राज्यों में से एक है, जिसे दवा उद्योग के विकास के लिए चुना गया है। ड्रोन बनाने के मामले में अन्य राज्यों का नेतृत्व करने के लिए प्रधानमंत्री ने हिमाचल प्रदेश की भाजपा सरकार को बधाई दी। मोदी ने कहा कि वह जल्द ही हिमाचल प्रदेश का दौरा करके राज्य के लोगों के साथ आमने-सामने की बैठक करेंगे। मोदी ने कहा कि वह एकत्रित युवाओं के उत्साह का अंदाजा लगा सकते हैं, क्योंकि उन्होंने खुद को बारिश से बचाने के लिए कुर्सियों का इस्तेमाल छतरी के रूप में किया, लेकिन रैली का मैदान नहीं छोड़ा। इससे पहले दिन में, मोदी ने ट्वीट किया, हिमाचल प्रदेश के मंडी में भाजयुमो की युवा विजय संकल्प रैली में हमारे ऊर्जावान कार्यकर्ताओं से मिलने को उत्सुक हूं। राजग सरकार ने हमारी युवा शक्ति को सशक्त बनाने और वे आत्मनिर्भर हों, इस बात को सुनिश्चित करने के लिए कई पहल की है। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आयोजित रैली में शामिल होने के लिए पूरे राज्य से हजारों युवा पड्डल मैदान में पहुंचे थे।



कोलकाता में केले के पेड़ों से दुर्गा पूजा पंडाल बनाते कारीगर

## क्विक न्यूज

### केरल में पीएफआई की हिंसा पूर्व नियोजित, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा: मुख्यमंत्री पिनराई विजयन

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने शनिवार को कहा कि पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) द्वारा एक दिन पहले आहूत की गई हड़ताल के दौरान राज्य में हुई हिसा पूर्व नियोजित थी और दोषियों को बख्शा नही जाएगा। विजयन ने यहां वरिष्ठ पुलिस अधिकारी संघ के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हिंसा की निंदा की और कहा कि इससे राज्य में सार्वजनिक तथा निजी संपत्तियों को नुकसान पहुंचा है। विजयन ने कहा, "पीएफआई के नेतृत्व में कल की हड़ताल में केरल में पूर्व नियोजित हिंसा देखी गई। राज्य को उनकी (पीएफआई) ओर से एक संगठित और हिंसक स्थिति का सामना करना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप राज्य को भारी नुकसान हुआ" मुख्यमंत्री ने कहा कि यह राज्य के शांतिपूर्ण माहौल को नष्ट करने का प्रयास था और दोषियों को बख्शा नही जाएगा।

### आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रचने के तीन आरोपी गिरफ्तार : एनआईए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को कहा कि दिल्ली तथा देश के अन्य हिस्सों में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रचने के आरोप में शनिवार को आपराधिक गिरोहों के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। एनआईए के एक प्रवक्ता ने कहा कि दिल्ली के नीरज सहरावत उर्फ नीरज बवाना , हरियाणा में गुरुग्राम के कौशल उर्फ नरेश चौधरी और पंजाब में साहिबजादा अजीत सिंह नगर के भूपेंदर सिंह उर्फ भूपी राणा को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि यह मामला हत्या, आपराधिक गिरोह एवं गतिविधियों चलाने के लिए वसूली के वास्ते लोगों को डराने-धमकाने समेत विभिन्न तरह की आपराधिक गतिविधियों में आपराधिक गिरोहों की संलिप्तता से जुड़ा है। प्रवक्ता ने कहा, ए गिरोह मादक पदार्थ और हथियारों की तस्करी के जरिए ऐसी आपराधिक गतिविधियों के लिए पैसा भी जुटा रहे थे।

### कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव : 30 सितंबर को नामांकन दाखिल कर सकते हैं थरूर, गहलोत से मुकाबले के आसार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया आरंभ होने के पहले दिन शनिवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने एक प्रतिनिधि के जरिए नामांकन पत्र मंगवाया और वह इसे 30 सितंबर को दाखिल कर सकते हैं। अब इसकी प्रबल संभावना नजर आ रही है कि अध्यक्ष पद के चुनाव में थरूर का मुकाबला राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से हो सकता है। थरूर के प्रतिनिधि और अखिल भारतीय प्रोफेशनल्स कांग्रेस के पदाधिकारी अलीम जावेरी ने कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के प्रमुख मधुसूदन मिस्त्री से नामांकन पत्र लिया। कुछ दिनों पहले ही थरूर ने मिस्त्री से मिलकर नामांकन की पूरी प्रक्रिया के बारे में जानकारी हासिल की थी। सूत्रों का कहना है कि थरूर 30 सितंबर को नामांकन पत्र दाखिल कर सकते है।नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शनिवार को आरंभ हुई। नामांकन पत्र दाखिल करने की आखिरी तिथि 30 सितंबर है।उधर, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को स्पष्ट रूप से कहा कि वह पार्टी अध्यक्ष पद के चुनाव में उम्मीदवार होंगे और मुख्यमंत्री पद से उनके हटने की स्थिति में पार्टी नेतृत्व यह फैसला करेगा कि इस जिम्मेदारी को कौन संभालेगा।गहलोत ने राहुल गांधी से मुलाकात के बाद यह घोषणा की थी।

### समाजसेवी रामप्रकाश को मिली जिम्मेदारी

**लखनऊ।** राष्ट्रीय सुरक्षा महामिशन ट्रस्ट द्वारा संचालित मिशन मोदी पीएम अगेन भारत, अभियान के अंतर्गत ट्रस्ट की समिति की ओर से मिशन मोदी पीएम अगेन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रामविलास वेदांती महाराज ने समाजसेवी रामप्रकाश को दिल्ली प्रदेश की कमान सौंपी। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रामविलास वेदांती महाराज ने मनोनयन के करने के बाद कहा कि यह अवसर अति गौरवपूर्ण है कि रामप्रकाश राष्ट्र निर्माण की दिशा में अपनी सहभागिता निर्वहन करने जा रहे हैं। हम ईश्वर से इनकी सफलता के लिए हार्दिक शुभ कामना करते हैं। गौरतलब है कि समाजसेवी रामप्रकाश उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हैं और लंबे समय से डॉ रामविलास वेदांती महाराज के साथ हैं। उन्होंने बताया कि 1994 से 1999 तक मछली शहरए 1999 से 2004 तक प्रतापगढ़ में महाराज जी के साथ उनके कार्यों में योगदान करते रहे। 2014 से संघ के कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं। 2014 में कुंवर हरिवंश सिंह के साथ प्रतापगढ़ के लोकसभा चुनाव में तथा 2019 में सांसद संगम लाल गुप्ता के चुनाव में सक्रिय कार्य किया।

## पांच लाख की रिश्वत लेने के मामले में निर्दलीय विधायक के दो बेटों सहित चार गिरफ्तार

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने पांच लाख रुपए की रिश्वत लेने के मामले में शुक्रवार देर रात चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक निर्दलीय विधायक के दो बेटे और एक प्रखंड विकास अधिकारी (बीडीओ) शामिल है। एसीबी के महानिदेशक भगवान लाल सोनी ने शनिवार को यहां बताया कि शुक्रवार देर रात जयपुर-अलवर में विभिन्न जगहों पर एक साथ कार्वाई करते हुए बीडीओ नेतराम और मध्यस्थ लोकेश मीणा, कृष्णकांत मीणा तथा जय प्रताप सिंह को परिवादी से पांच लाख रुपए रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि इनमें लोकेश एवं कृष्णकांत थानागाजी विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय विधायक कांति प्रसाद मीणा के बेटे हैं। विधायक मीणा ने संवाददाताओं से कहा कि उनके बेटों को साजिश के तहत फंसाया गया है। उन्होंने कहा कि ठेकेदार की मंशा गलत है, ठेकेदार ने हमसे उधार पर पैसा लिया था और उसे वापस करना पड़ा, लेकिन ठेकेदार ने उसे वापस करने के बजाय मेरे बेटों को एसीबी से पकड़वा दिया। ब्यूरो के बयान के अनुसार परिवादी ने शिकायत दी है कि उसकी कंपनी को राजगढ़ क्षेत्र में ट्यूबवेल खुदाई के लिए किए गए कार्यों के लिए 14 लाख रुपए के बकाए का भुगतान किया जाना है। परिवादी ने आरोप लगाया है कि आरोपी लोकेश मीणा और जयप्रताप सिंह द्वारा बकाया भुगतान के एवज में कमीशन के रूप में बीडीओ नेतराम के नाम पर नौ लाख रुपए की रिश्वत की मांग कर उसे परेशान किया जा रहा है। एसीबी ने शिकायत के सत्यापन के लिए जयपुर-अलवर में एक साथ कार्वाई करते हुए लोकेश मीणा की निशानदेही पर जयपुर में उसके बड़े भाई कृष्णकांत मीणा को परिवादी से पांच लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। अधिकारियों के मुताबिक, इस मामले में एसीबी की तीन अलग-अलग टीमों ने आरोपी बीडीओ नेतराम, मध्यस्थ लोकेश मीणा और जय प्रताप सिंह को भी गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि चारों आरोपियों से पूछताछ जारी है।

# केंद्र के अनेक फैसले गांधीवादी दर्शन पर आधारित: उपराष्ट्रपति

**भाषा।** नई दिल्ली



**उपराष्ट्रपति जगदीप** धनखड़ ने शनिवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार का सबका साथ, सबका विश्वास, सबका विकास और सबका प्रयास का दर्शन एक गांधीवादी विचार है, जो हर तरह की राजनीति से परे है। उपराष्ट्रपति ने समाज के एक वर्ग के बीच इस धारणा को बहुत खतरनाक रुझान के रूप में वर्णित किया, जिसके तहत लोग मानते हैं कि केवल वही दर्शन सही है, जिसमें वे विश्वास करते हैं। उन्होंने यह भी जोड़ा कि गांधी जी सबकी बात को सुनते थे। वह यहां हरिजन सेवक संघ की स्थापना के 90 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि कानून के समक्ष सभी समान हैं और यह मायने नहीं रखता कि उनका इतिहास क्या है या वे कितने ताकतवर हैं। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति देश के कानून से बंधा है। धनखड़ ने कहा कि गांधी के सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए कोविड-19 महामारी के दौरान दो साल तक 90 करोड़ लोगों को मुफ्त में अनाज दिया गया, जो किसी देश की कल्पना से परे की बात है।धनखड़ ने कहा कि करोड़ों देशवासियों को कोरोना वायरस टीका की दो खुराक लगने से महात्मा की आत्मा संतुष्ट हुई होगी।उन्होंने कहा कि गांधीवादी दर्शन के अनुरूप 18 करोड़ परिवारों को मुफ्त गैस कनेक्शन दिया गया, ताकि वे खाना पकाने के लिए परंपरागत ईंधन के इस्तेमाल से मुक्ति पा सकें।उपराष्ट्रपति ने कहा कि पहले जो लोग बैंक में प्रवेश करने से डरते थे, उन्हें उनके दरवाजे पर पहुंचकर बैंकिंग प्रणाली में शामिल किया गया।उन्होंने जोर देकर कहा कि गांधीवादी आदर्श संविधान के मौलिक अधिकारों और नीति निदेशक सिद्धांतों में व्याप्त हैं। उपराष्ट्रपति के मुताबिक बापू की शिक्षाएं मानवता के लिए सदैव प्रासंगिक रहेंगी। उपराष्ट्रपति ने कहा, महात्मा गांधी द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों से मानवता को बहुत लाभ होगा। आज दुनिया में गरीबी, जलवायु परिवर्तन और युद्ध समेत कई तरह की समस्याएं हैं, लेकिन गांधी जी के विचार इन सबका समाधान उपलब्ध कराते हैं। उन्होंने गांधीजी के स्वराज का जिक्र करते हुए कहा कि इसका अर्थ पंक्ति में मौजूद अंतिम व्यक्ति का उत्थान है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि सरकार की खाद्य सुरक्षा, टीकाकरण, सार्वभौमिक बैंकिंग की सभी योजनाएं गांधीवादी भावना के अनुरूप हैं।

# भाजपा का सफाया होगा: लालू

**भाषा।** नई दिल्ली/पटना

**राष्ट्रीय जनता** दल (राजद) के अध्यक्ष लालूप्रसाद यादव ने शनिवार को कहा कि भाजपा का सफाया होगा। उन्होंने बिहार के सत्तारूढ़ महागठबंधन पर हमला करने को लेकर शनिवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर प्रहार भी किया। रविवार को यादव बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ कांग्रेस नेता सोनिया गांधी से भेंट कर सकते हैं।

दिल्ली रवाना होने से पहले पटना हवाई अड्डे पर उन्होंने कहा , चिंता मत कीजिए, भाजपा का सफाया हो जाएगा। पटना हवाई अड्डे पर पत्रकारों ने उनसे शुक्रवार को पूर्णिया रैली में शाह द्वारा बिहार की महागठबंधन सरकार को लेकर की गई तीखी आलोचना के बारे में पूछा, जिसके जवाब में उन्होंने यह बात कही। चारा घोटाले के कई मामलों में सजा तथा कई बीमारियों के चलते लालू सक्रिय राजनीति से दूर हैं। राजद प्रमुख ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से कहा, अमित शाह बिल्कुल पगलाए हुए हैं। वहां (बिहार में) उनकी सरकार हटा दी गई है। 2024 में उसका (भाजपा का) सफाया हो जाएगा। यही वजह है कि वह दौड़ते हुए वहां जा रहे हैं और जंगलराज एवं वे सारी बातें कह रहे हैं। जब वह गुजरात में थे, तब उन्होंने क्या किया। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने कहा, जब वह गुजरात में थे, तब वहां जंगल राज था। जब उनसे कहा गया कि भाजपा कह रही है कि नीतीश कुमार सत्ता की अपनी भूख में बाद में राजद को त्याग देंगे, तब यादव ने कहा कि अब वे दोनों साथ हैं। राजद अध्यक्ष ने कहा, हम विपक्षी एकता की हरसंभव कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी (सोनिया गांधी के साथ) बैठक का यही एजेंडा है। नीतीश कुमार का हरियाणा में एक रैली में बिहार के उप मुख्यमंत्री और यादव के बेटे तेजस्वी यादव के साथ हिस्सा लेने का भी कार्यक्रम है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला यह रैली कर रहे हैं जिसमें कई विपक्षी नेताओं के पहुंचने की संभावना है।

## अदालत का महिला के निर्वासन के लिए फिलहाल कदम न उठाने का निर्देश

### ● एनआरसी से नाम बाहर करने का मामला

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने उस महिला की याचिका पर केंद्र और असम सरकार से जवाब तलब किया है, जिसे विदेशी घोषित कर दिया गया था और उसका नाम अंतिम राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) से बाहर कर दिया गया था। न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया है कि महिला के निर्वासन के लिए कोई कदम न उठाया जाए। न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने गुवाहाटी उच्च न्यायालय के जून 2019 के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई पर सहमति जताई है।

बोंगाईगांव स्थित विदेशी न्यायाधिकरण ने जून 2017 में एक आदेश जारी कर महिला को विदेशी घोषित कर दिया था, जिसके खिलाफ महिला ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था लेकिन उसे वहां से राहत नहीं मिली थी तथा उसकी याचिका खारिज कर दी गई थी। महिला पर आरोप है कि वह 25 मार्च, 1971 के बाद अवैध रूप से बांग्लादेश से भारत में प्रवेश की थी। महिला की ओर से पेश अधिवक्ता पीयूष कांति रॉय ने शीर्ष अदालत को अवगत कराया कि याचिकाकर्ता के परिवार के अन्य सभी सदस्यों को एनआरसी में शामिल किया गया है।

पीठ ने कहा, नोटिस जारी किया जाए, जिसका जवाब तीन सप्ताह में देना होगा। इसके साथ ही न्यायालय ने मामले की सुनवाई 17 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी। शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को पारित अपने आदेश में कहा, (मामले के) सूचीबद्ध होने की अगली तारीख तक याचिकाकर्ता के निर्वासन के लिए कोई कदम नहीं उठाया जाएगा। याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि वह जन्म से भारत की नागरिक है।

# सीमा पर बुनियादी ढांचे को मजबूत करने को शीर्ष प्राथमिकता दी: शाह

**भाषा।** किशनगंज (बिहार)

**केंद्रीय गृह** मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने देश की सीमाओं को मजबूत करने को शीर्ष प्राथमिकता दी है और यही कारण है कि मौजूदा शासन के तहत इन इलाकों में बुनियादी ढांचा विकास पर खर्च बढ़ा है। नेपाल की सीमा से लगे बिहार के किशनगंज जिले में फतेहपुर चौकी पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के कर्मियों को संबोधित करते हुए शाह ने देश की अंतरराष्ट्रीय सीमा की पहरेदारी कर रहे जवानों की कल्याण जरूरतों के प्रति केंद्र के संवेदनशील होने का भी उल्लेख किया।

उन्होंने कहा, 2008 और 2014 के बीच, सालाना करीब 4,000 करोड़ रुपए सीमा पर बुनियादी ढांचे पर खर्च किए गए। बाद में, यह प्रतिवर्ष बढ़ कर 6,000 करोड़ रुपए हो गया। शाह ने फतेहपुर, रानीगंज, आमगाछी, पेकाटोला और बेरिया चौकियों के भवनों का उद्घाटन करते हुए यह कहा। गृह मंत्री ने कहा कि केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के तहत सीमावर्ती बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर 44,600 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। शाह ने कहा, इसके चलते सीमावर्ती सड़कों की कुल लंबाई 3.5 गुना बढ़ गई। उन्होंने कहा, सीमा पर तैनात हमारे कर्मी राष्ट्रीय आपदा के समय और कानून व्यवस्था से जुड़ी स्थितियों में भी योगदान देते हैं। सरकार ने इसे महसूस किया है और उन्हें तथा उनके परिवार को बेहतर सुविधाएं मुहैया करने पर काम रही है। उन्होंने कहा कि सरसरी तौर पर देखने पर ऐसा प्रतीत होता है कि नेपाल और भूटान जैसे मित्र देशों के साथ लगी सीमा की पहरेदारी करने के कारण एसएसबी का काम आसान है। शाह ने कहा, लेकिन हम जानते हैं कि आपके समक्ष आने वाली चुनौतियां कम नहीं हैं क्योंकि बाड़ रहित इलाकों में गश्त करना कठिन है। स्थानीय लोगों में आपकी छवि और सद्भावना एक अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि एसएसबी जवानों ने उत्साह के साथ हर घर तिरंगा अभियान में भाग लिया और नागरिकों को 10 लाख तिरंगा वितरित किया।



किशनगंज में बुद्धिकाली मंदिर में पूजा करते गृहमंत्री अमित शाह

### सीमावर्ती इलाकों में जनसांख्यिकी बदलाव बहुत चिंताजनक

**किशनगंज (बिहार)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि सीमावर्ती इलाकों में जनसांख्यिकी में हो रहे बदलाव बहुत चिंताजनक है और सुरक्षा बलों को सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने बिहार के किशनगंज जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के बाद यह कहा। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीत सरकार सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा और विकास के लिए हर कोशिश कर रही है। शाह को उद्धृत करते हुए एक अधिकारी ने कहा, लेकिन सीमावर्ती इलाकों में जनसांख्यिकी में हो रहे बदलाव बहुत चिंताजनक हैं और सुरक्षा बलों को सतर्क रहना चाहिए। बैठक में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी, भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और सीमा की प्रहरी करने वाले तीनों सुरक्षा बलों के प्रमुख के अलावा केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय भी शामिल हुए। शाह ने सुरक्षा बलों को फर्जी आधार, मतदाता पहचान पत्र जारी किए जाने, गायों की तस्करी, अवैध घुसपैठ पर रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सुरक्षा बलों को अतिरिक्त सतर्क रहने और इन मुद्दों से सख्ती से निपटने के निर्देश भी दिए। शाह ने एक ट्वीट में कहा कि उन्होंने बीएसएफ, एसएसबी और आईटीबीपी के महानिदेशकों तथा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक में सीमा सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों की समीक्षा की। उन्होंने कहा, सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास के साथ-साथ वहां की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है, इसके लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी और हर सम्भव सुविधाएँ सुरक्षा बलों को दी जा रही हैं। शाह ने किशनगंज जिले में भारत-नेपाल सीमा पर फतेहपुर सीमा चौकी का भी दौरा किया और खंभा संख्या 151 तथा 152 का अवलोकन किया। उन्होंने सीमा क्षेत्र में एसएसबी के साथ विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की। एसएसबी भारत-नेपाल सीमा पर पहरेदारी करता है।

# ईरान सरकार के खिलाफ प्रदर्शन और शहरों में फैला

भाषा। तेहरान

**ईरान में** 22 वर्षीय एक कुर्द युवती की हिरासत में हुई मौत को लेकर सरकार के खिलाफ व्यापक स्तर पर हो रहा प्रदर्शन करीब 80 शहरों में फैल गया है। उक्त महिला को पुलिस ने हिजाब से जुड़े सख्त कानून का कथित तौर पर उल्लंघन करने को लेकर गिरफ्तार किया था। माहसा अमीनी की मौत के बाद सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर उतर कर सरकार विरोधी नारे लगाए, जो इस्लामिक शासन को और देश के सर्वोच्च नेता आयातोल्ला अली खामेनेई के प्रति लक्षित थे। प्रदर्शनकारियों में ज्यादातर महिलाएं थीं। ईरानी सरकारी टेलीविजन ने शुक्रवार को कहा कि सुरक्षा बलों के साथ हिंसक झड़पों में मरने वालों की संख्या बढ़ कर 26 पहुंच गई है। बताया जाता है कि यह अशांति हाल के वर्षों में सबसे व्यापक है, जो करीब 80 ईरानी शहरों में फैल गई है। इससे बताया कि मशहद, कुचान, शिराज, तबरीज और करज में प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने की कोशिश के दौरान कम से कम पांच सुरक्षा कर्मी मारे गए हैं और कई अन्य घायल हो गए। अमीनी की मौत ने इस्लामी राष्ट्र में व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर पाबंदियों को लेकर लंबे समय से व्याप्त रोष को भड़का दिया है। पिछले कुछ दिनों में, कुछ प्रदर्शनकारी महिलाओं ने सड़कों पर अपने हिजाब जला दिए, जिसे एक अवज्ञा की एक अभूतपूर्व गतिविधि के तौर पर देखा जा रहा है। वहीं, प्रदर्शनकारी पुरुषों ने धार्मिक नगरी कोम और इस्फहान सहित कई शहरों में सर्वोच्च नेता के पोस्टर जलाए। प्रदर्शनकारियों ने रिवोल्युशनरी गार्ड के कमांडर कासिम सुलेमानी के पोस्टर फाड़ डाले और जला दिए। सुलेमानी जनवरी 2000 में अमेरिका के एक ड्रोन हमले में अपने गृह नगर केरमान में मारे गए थे। ईरानी कानून यह प्रावधान करता है कि सभी महिलाएं सार्वजनिक स्थानों पर सिर को कपड़ों से ढंक कर रखेंगी और ढीले परिधान पहनेंगी। 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से यह नियम लागू है। यह देश में हर महिला पर लागू होता है। उत्तर-पश्चिमी शहर साकेज की रहने वाली अमीनी की तीन दिनों तक कोमा में रहने के बाद 16 सितंबर को मौत हो गई थी। वह तेहरान में अपने भाई के साथ थी, जब उसे सैन्य पुलिस ने गिरफ्तार किया था। वह एक हिरासत केंद्र में गिरने के कुछ ही देर बाद कोमा में चली गई थी। मानवाधिकारों के लिए संयुक्त राष्ट्र के कार्यवाहक आयुक्त नदा अल नशीफ ने कहा कि खबरों में दावा किया गया था कि पुलिस ने अमीनी के सिर पर एक डंडे से वार किया और उसका सिर एक वाहन से टकरा दिया। हालांकि, पुलिस ने आरोपों से इनकार किया और कहा कि उसे दिल का दौरा पड़ा था। इस बीच, ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने कहा है कि पुलिस हिरासत में हुई मौत की शीघ्रता से जांच कराई जाएगी।

## ईरानी महिलाएं अधिक आक्रोशित

**न्यूयार्क।** ईरान में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रही महिलाओं से हाल के दिनों में मोबाइल फोन पर मिले संदेशों के बारे में बात करते हुए मसीह अलीनेजाद की आंखों में आंसू आ गए। देश के सख्त धार्मिक ड्रेस कोड का उल्लंघन किए जाने को लेकर पुलिस हिरासत में 22 वर्षीय एक युवती की मौत हो जाने के बाद ईरान में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं। अलीनेजाद को मोबाइल फोन पर मिले संदेशों में बताया गया है कि सुरक्षा बलों से आमना-सामना होने की स्थिति में उन्हें किस कदर खतरे का सामना करना पड़ रहा है। असंतुष्टों पर कार्रवाई करने का सुरक्षा बलों का एक लंबा इतिहास रहा है। संदेशों में, पुलिस के साथ हुए टकराव, महिलाओं के हिजाब उतारने और अपने बाल कटवाने के वीडियो भेजे गए हैं। अलीनेजाद (46)ने न्यूयार्क शहर में कहा, मैं मोबाइल फोन पर मिले संदेशों में प्रकट किए गए गुस्से को अभी महसूस कर रही हूं। ईरान में 2009 के चुनाव के बाद से देश छोड़ने के बाद यह लेखिका न्यूयार्क में निर्वासन में रह रही हैं। उन्होंने कहा, उन्हें (महिलाओं को) वर्षों से नजरअंदाज किया जा रहा है। यही कारण है कि वे आक्रोशित हैं। ईरानी महिलाएं अब गुस्से में हैं।

## नेपाल व भारत ने सप्त कोसी बांध परियोजना पर आगे बढ़ने पर सहमति जताई

भाषा। काठमांडू

**भारत और** नेपाल ने सप्त कोसी बांध परियोजना को लेकर और अध्ययन के बाद इस पर आगे कदम बढ़ाने पर सहमति जताई है। दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिकारियों ने यहां बैठक की और द्विपक्षीय जल क्षेत्र सहयोग की समीक्षा की। इस दौरान महाकाली समझौते के क्रियान्वयन तथा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सहयोग पर भी चर्चा हुई। जल संसाधन पर संयुक्त समिति (जेसीडब्ल्यूआर) की नौवीं बैठक शुक्रवार को काठमांडू में हुई जिसकी सह अध्यक्षता पंकज कुमार, सचिव जल संसाधन विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार और सागर राय, सचिव, ऊर्जा, जल संसाधन और सिंचाई मंत्रालय ने की। इससे पहले 21-22 सितंबर के बीच जल संसाधन पर संयुक्त स्थाई तकनीकी समिति की सातवीं बैठक हुई थी।



यूक्रेन के कीव में रूसी हमले से आहत एक महिला प्रदर्शन के दौरान विलखती हुई

## भारतीय मूल की गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन को महारानी एलिजाबेथ पुरस्कार मिला

भाषा। लंदन

**ब्रिटेन में** भारतीय मूल की गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन को यहां एक समारोह में महारानी एलिजाबेथ द्वितीय वुमन ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामित किया गया। इस श्रेणी में यह अब तक का पहला पुरस्कार है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री लिज ट्रस के मंत्रिमंडल में इस महीने शामिल की गईं ब्रेवरमैन (42) ने कहा कि दिवंगत महारानी को समर्पित एशियन एचीवर्स अवार्ड्स 2022 में नई भूमिका निभाने के लिए यह सम्मान मिला है। तमिल मूल की उमा और गोवा मूल के क्रिस्टी फर्नांडीस की बेटी ब्रेवरमैन ने समारोह को एक रिकार्ड किया हुआ संदेश भेजा, जहां उनके माता-पिता ने उनकी ओर से पुरस्कार ग्रहण किया। ब्रेवरमैन ने अपने संदेश में कहा, मेरी मां और पिता केन्या और मॉरीशस से 1960 के दशक में आए थे। वे हमारे एशियाई समुदाय के गौरवान्वित सदस्य हैं और मेरा जन्म वेम्बली में हुआ, जो एशियाई समुदाय का केंद्रीय स्थल है। उन्होंने कहा, गृह मंत्री का पद मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं आपको गौरवान्वित करूंगी। इन पुरस्कारों का यह 20वां वर्ष है। यह ब्रिटेन में दक्षिण एशियाई समुदाय के व्यक्तियों की उपलब्धियों को मान्यता देता है।

# क्वाड देशों ने संदिग्ध साइबर गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए एक-दूसरे की मदद का आह्वान किया

भाषा। वाशिंगटन

**क्वाड के** सदस्य देशों ने राज्य प्रायोजित दुर्भावनापूर्ण साइबर गतिविधियों के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा कि वे क्षेत्रीय साइबर अवसंरचना की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक-दूसरे का सहयोग करेंगे। क्वाड के सदस्य देशों में भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान शामिल हैं। ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेन्नी वोंग, भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर, जापान के विदेश मंत्री हयाशी योशिमासा और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने न्यूयॉर्क में आयोजित संयुक्त राष्ट्र महासभा के वार्षिक सत्र से इतर बैठक की। उन्होंने एक संयुक्त बयान जारी कर देशों से उनके क्षेत्र से संचालित रैनसमवेयर गतिविधियों से निपटने के लिए उचित कदम उठाने का आह्वान किया। क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों ने कहा, हम रैनसमवेयर सहित अन्य दुर्भावनापूर्ण साइबर गतिविधियों से अहम साइबर अवसंरचना पर मंडरा रहे खतरों से निपटने में एक-दूसरे का सहयोग करने को प्रतिबद्ध हैं। संयुक्त बयान में इस दिशा में कार्रवाई करने का आह्वान किया गया। विदेश मंत्रियों ने कहा कि क्वाड देश साइबर जगत के खुले, सुरक्षित, स्थिर, वहनीय और शांतिपूर्ण इस्तेमाल को लेकर प्रतिबद्ध हैं और वे साइबर जगत में जिम्मेदाराना व्यवहार के लिए संयुक्त राष्ट्र के मसौदे को लागू करने की दिशा में देशों की क्षमता बढ़ाने से जुड़ी क्षेत्रीय पहलों का समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा, हमारा दृढ़ विश्वास है कि हिंद-प्रशांत देशों की साइबर क्षमता बढ़ाने पर केंद्रित पहल से क्षेत्रीय साइबर अवसंरचना की सुरक्षा और लचीलापन सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। बयान में कहा गया, मंत्रियों ने रैनसमवेयर खतरे के खिलाफ लड़ाई के हमारे सामूहिक लक्ष्य को इंगित किया जो हिंद-प्रशांत अर्थव्यवस्था, विकास और सुरक्षा संबंधी साइबर अवसंरचना के लिए खतरा है। हम क्षमता विकास एवं पहल में और सहयोग करने को प्रतिबद्ध हैं जिसका लक्ष्य क्षेत्रीय साइबर सुरक्षा को बढ़ाना है। ग्यारह फरवरी को हुई पिछली क्वाड बैठक को याद करते हुए विदेश मंत्रियों ने कहा कि वे रैनसमवेयर के वैश्विक खतरे से निपटने को प्रतिबद्ध हैं क्योंकि यह हिंद प्रशांत क्षेत्र के आर्थिक विकास और सुरक्षा के लिए बाधा है।



## असैन्य पोतों का इस्तेमाल कर अपनी समुद्री क्षमता का विस्तार कर रहा चीन

भाषा। बैंकॉक

**श्रीलंका के** बंदरगाह पर कुछ सप्ताह पहले एक चीनी वैज्ञानिक पोत आया था, जो निगरानी उपकरणों से लैस था। दक्षिण चीन सागर में स्थित विवादित द्वीपों के आसपास मछली पकड़ने की सैकड़ों नौकाओं ने महीनों लंगर डाले थे और महासागर में जाने की क्षमता रखने वाली नौकाएं गश्त लगा रही थीं, जो भारी उपकरण और कई लोगों को ले जाने में सक्षम थीं। ए सभी असैन्य पोत थे, लेकिन विशेषज्ञों और इन गतिविधियों से असहज हुए देशों की सरकारों का कहना है कि ए चीन की समुद्री क्षमता को बढ़ाने के लिए नागरिक-सैन्य मिलीजुली रणनीति का हिस्सा हैं, जिसके बहुत से उद्देश्यों का खुलासा बीजिंग ने नहीं किया है। पोत की संख्या के मामले में चीन की नौसेना दुनिया की सबसे बड़ी नौसेना है। वह सैन्य विस्तार के दृष्टिकोण से तेजी से नए युद्धपोत बना रही है। चीन की नौसेना ने जून में अपना पहला स्वदेशी विमानवाहक युद्धपोत पेश किया था और उसके कम से कम पांच नए विध्वंसक युद्धपोत शीघ्र ही बनकर तैयार हो जाएंगे। चीन, क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ाना चाहता है और वह ताइवान के आसपास अपनी सैन्य गतिविधियों में इजाफा कर रहा है। चीन, प्रशांत महासागर में नए सुरक्षा समझौते कर रहा है और कृत्रिम टापुओं का निर्माण कर रहा है, वहीं, दक्षिण चीन सागर में उसके दावों को अमेरिका और उसके सहयोगी देशों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। असैन्य नौकाओं और पोतों के जरिए चीन वह काम करने की कोशिश कर रहा है, जो सीधे तौर पर सेना के जरिए नहीं किया जा सकता।

## जापान में मूसलाधार बारिश से जनजीवन प्रभावित, एक की मौत

**तोक्यो।** जापान में तूफान तलस के कारण शनिवार को देश के कुछ हिस्सों में मूसलाधार बारिश हुई जिससे जनजीवन प्रभावित रहा। इसके अलावा भूस्खलन के चलते ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित रही तथा इस दौरान तालाब में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मध्य जापान के शिजुओका प्रांत में एक तालाब में एक वाहन गिर गया, जिसके बाद चालक को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शिजुओका के एक अन्य हिस्से में भारी बारिश के कारण सड़क का एक हिस्सा धंस गया, जहां राहत और बचाव कार्य जारी है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, एक व्यक्ति वहां फंसे ट्रक से बाहर निकलने में कामयाब रहा, वहीं एक अन्य व्यक्ति लापता है। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, शिजुओका में भूस्खलन के कारण तीन लोग घायल हो गए हैं। शिजुओका के हमामात्सु शहर में नदियां उफान पर थीं। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में वाहनों में पानी भरते देखा जा सकता है।

## चालू वित्त वर्ष में भारत 100 अरब डॉलर का एफडीआई जुटाने की राह पर : सरकार

**नई दिल्ली।** भारत अपने आर्थिक सुधारों और कारोबार करने में सुगमता के प्रयासों के बूते चालू वित्त वर्ष में 100 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आकर्षित करने की दिशा में अग्रसर है। सरकार ने शनिवार को यह अनुमान जताया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा, देश में एफडीआई 101 देशों से आया जिसे 31 केंद्र शासित प्रदेशों और राज्यों में तथा 51 क्षेत्रों में निवेश किया गया। अपने आर्थिक सुधारों और कारोबार करने में सुगमता बढ़ाने के प्रयासों के बूते भारत चालू वित्त वर्ष में 100 अरब डॉलर का एफडीआई पाने की दिशा में बढ़ रहा है। देश को 2021-22 में अब तक का सर्वाधिक 83.6 अरब डॉलर का विदेशी निवेश प्राप्त हुआ था। मंत्रालय ने कहा कि विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए, सरकार ने उदार तथा पारदर्शी नीति अपनाई है जिसमें ज्यादातर क्षेत्र स्वचालित मार्ग के जरिए एफडीआई के लिए खुले हैं। सुधार के कदम अनावश्यक अनुपालन बोझ को कम करने, लागत घटाने और कारोबारी सुगमता को बढ़ाने के लिए उठाए गए हैं। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में भारत में एफडीआई इक्विटी प्रवाह छह फीसदी गिरकर 16.6 अरब डॉलर हो गया।


## ईडी ने बैंक धोखाधड़ी के मामले में राजकोट की कंपनी की संपत्तियां कुर्क कीं

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बैंक धोखाधड़ी के एक मामले में जारी धनशोधन जांच के तहत राजकोट की एक कंपनी के संयंत्र, मशीनरी, भूमि और भूखंड को कुर्क कर दिया है। जांच एजेंसी ने शनिवार को बताया कि यह मामला 44 करोड़ रुपए की बैंक कर्ज धोखाधड़ी का है। जांच एजेंसी ने बताया कि मंदीप इंडस्ट्रीज नाम की कंपनी की जिन संपत्तियों को कुर्की की गई है उनका मूल्य करीब 16 करोड़ रुपए है। कुर्की का आदेश धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत दिया गया है। इस कंपनी के खिलाफ प्राथमिकी केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दर्ज किया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि कंपनी ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को कर्ज अदायगी में चूक की जिससे बैंक को 44.64 करोड़ रुपए का नुकसान उठाना पड़ा।

# भूमंडलीकरण का समाधान विकेंद्रीकरणः जयशंकर

भाषा। न्यूयॉर्क

● कहा, बहुपक्षवाद का समाधान 1945 का स्वरूप न होकर सुधरे हुए बहुपक्षवाद के रूप में निकलता है



**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने कहा है कि भूमंडलीकरण का समाधान विकेंद्रीकरण है जबकि बहुपक्षवाद का समाधान 1945 का स्वरूप न होकर सुधरे हुए बहुपक्षवाद के रूप में निकलता है। जयशंकर ने शुक्रवार को यहां ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि फिलहाल हमले की जद में आ रही दो शब्दावली भूमंडलीकरण और बहुपक्षवाद की हैं। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता है कि इनमें से किसी के भी साथ कुछ गलत है। सवाल बस यह है कि इन्हें किस तरह लागू किया गया है। क्या बहुपक्षवाद ने हमें नाकाम किया है। मैं यही कहूंगा कि बहुपक्षवाद का यह स्वरूप अपना काम नहीं कर पाया है। जयशंकर ने यह बात एक परिचर्चा के दौरान कही जिसमें ब्रिटेन के विकास, राष्ट्रमंडल एवं विकास कार्यालय राज्य मंत्री विकी फोर्ड और विश्व आर्थिक मंच के अध्यक्ष बोर्ज ब्रेंडे भी शामिल थे। जयशंकर ने कहा कि इस समस्या का समाधान असल में अधिक बहुपक्षवाद ही है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक की ओर संकेत करते हुए कहा, हम सभी इस समय क्यों इकट्ठा हुए हैं। इसकी वजह यह है कि हम अब भी संयुक्त राष्ट्र के प्रति भरोसा रखते हैं और इसके जरिए मिलजुलकर रास्ता निकालने में यकीन करते हैं। उन्होंने कहा, लेकिन इस व्यवस्था के संरक्षकों की सोच में संकीर्णता होना गलत है। मैं कहूंगा कि भूमंडलीकरण के बारे में भी यही बात लागू होती है। भूमंडलीकरण का अत्यधिक केंद्रीकृत होना इसकी असल समस्या थी। इस स्थिति के समाधान की ओर इशारा करते हुए विदेश मंत्री ने कहा, भूमंडलीकरण का समाधान विकेंद्रीकरण है, विकेंद्रित भूमंडलीकरण। मैं कहूंगा कि बहुपक्षवाद का समाधान सुधरा हुआ बहुपक्षवाद है, न कि इसका 80 साल पहले का 1945 वाला स्वरूप। उनका इशारा 1945 में गठित संयुक्त राष्ट्र की तरफ था। उन्होंने कहा कि विकासशील देशों का बड़ा हिस्सा दुनिया की मौजूदा स्थिति को लेकर गुस्से में है क्योंकि राजनीतिक रूप से सही होने के नाम पर उन देशों को रोजाना फरेब का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को खुद से यह सवाल पूछने की जरूरत है कि मौजूदा व्यवस्था कब तक जारी रहने वाली है।

# रीट्स को वाणिज्यिक पत्र की मंजूरी मिलने से लघु अवधि के कर्ज जुटाना होगा आसान

भाषा। नई दिल्ली

**बाजार नियामक** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की तरफ से रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (रीट्स) को वाणिज्यिक पत्र जारी करने की अनुमति दिए जाने से कम ब्याज पर लघु अवधि का कर्ज जुटाने में मदद मिलेगी। रियल एस्टेट उद्योग के विशेषज्ञों का ऐसा मत है। रीट्स की शुरुआत भारत में कुछ साल पहले ही हुई है। इसका मकसद किराया देने वाली परिसंपत्तियों के मौद्रीकरण के जरिए रियल एस्टेट की ओर निवेश आकर्षित करना है। इससे रियल एस्टेट परिसंपत्तियों के व्यापक मूल्य का लाभ उठाने और खुदरा भागीदारी में मदद मिलती है। मौजूदा समय में भारतीय शेयर बाजारों में तीन सूचीबद्ध रीट्स हैं। जिनमें एम्बेसी ऑफिस पार्क्स रीट, माइंडस्पेस बिजनेस पार्क्स रीट और ब्रूकफील्ड इंडिया रियल एस्टेट ट्रस्ट हैं। सेबी ने बृहस्पतिवार को उभरते निवेश साधनों रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (रीट्स) और अवसंरचना निवेश ट्रस्ट (इनविट) को वाणिज्यिक पत्र जारी करने की अनुमति दी थी। पूंजी बाजार नियामक ने दो अलग-अलग परिपत्रों में कहा कि यह अनुमति कुछ शर्तों के अधीन है। एम्बेसी रीट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विकाश खदलोया ने कहा कि इस फैसले से रीट के लिए पूंजी लागत और घटेगी और पूंजी जुटाने के रास्ते बढ़ जाएंगे। कॉलियर्स इंडिया में प्रबंध निदेशक (पूंजी बाजार एवं निवेश सेवा) पीयूष गुप्ता ने कहा कि सेबी के निर्णय से लघु अवधि का कर्ज कम ब्याज पर जुटाने का एक रास्ता खुलेगा। यह कदम पिछले महीने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के वाणिज्यिक पत्र निर्देशों के बाद उठाया गया है। इन निर्देशों में संकेत दिया गया था कि कम से कम 100 करोड़ रुपए की कुल संपत्ति वाले इनविट और रीट वाणिज्यिक पत्र जारी कर सकते हैं।

# मूनलाइटिंग पर कर्मचारियों के पक्ष में आईटी राज्य मंत्री

● कहा- बंदिश लगाने का तरीका होगा विफल

भाषा। नई दिल्ली



**इलेक्ट्रॉनिक्स,** सूचना प्रौद्योगिकी और कौशल विकास राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने पेशेवरों के बीच मूनलाइटिंग के चलन को लेकर तेज हुई बहस के बीच कहा है कि ऐसे दिन अब बीत चुके हैं जब कर्मचारी बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों में नौकरी पाने के बाद अपना पूरा जीवन उसी नौकरी में बिता देते थे। जब कोई कर्मचारी अपनी नियमित नौकरी के अलावा स्वतंत्र रूप से कोई अन्य काम भी करता है, तो उसे तकनीकी तौर पर मूनलाइटिंग कहा जाता है। प्रौद्योगिकी पेशेवरों के बीच मूनलाइटिंग के बढ़ते चलन ने उद्योग में एक नई बहस को जन्म दिया है। सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी विप्रो लिमिटेड ने एक साथ दो जगह काम करने यानी मूनलाइटिंग के आरोप में हाल ही में अपने 300 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। इसके बाद यह मुद्दा बड़ी तेजी से चर्चा के केंद्र में आ गया है। चंद्रशेखर ने शुक्रवार को पब्लिक अफेयर्स फोरम ऑफ इंडिया (पीएएफआई) के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मूनलाइटिंग के मुद्दे पर पेशेवर कर्मचारियों के नजरिए की सराहना की। उन्होंने कहा कि अपने कर्मचारियों पर बंदिश लगाने और उन्हें अपना स्टार्टअप खड़ा करने से रोकने का कंपनियों का प्रयास निश्चित रूप से असफल होने वाला है। उन्होंने कहा, आज के युवा आत्मविश्वास से भरे हुए हैं, वे अपना मूल्य बढ़ाना चाहते हैं और ज्यादा पैसा कमाना चाहते हैं। इसलिए कंपनियों का ऐसा कहना कि आपको अपने स्टार्टअप पर काम नहीं करना चाहिए तथा कर्मचारियों पर रोक लगाने के उनके प्रयास निश्चित ही सफल नहीं होंगे। हालांकि मंत्री ने यह जरूर कहा कि मूनलाइटिंग की वजह से कंपनी के साथ किए गए अनुबंध दायित्वों का उल्लंघन नहीं होना चाहिए। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, चंद्रशेखर ने इस कार्यक्रम में कहा कि यह कर्मचारी-उद्यमियों का दौर है और कॉरपोरेट जगत एवं कंपनियों को यह समझना होगा कि युवा भारतीय तकनीकी कार्यबल की सोच और रवैए में बदलाव आया है। उन्होंने कहा, बंदिश लगाने का हर तरीका विफल होगा। नियोक्ता चाहते हैं कि कर्मचारी उनके साथ जुड़े रहते हुए उद्यमशील भी बने रहें। लेकिन इस बात को यही कर्मचारी खुद अपने पर भी तो लागू कर सकते हैं। चंद्रशेखर ने कहा, यह वैसे ही है जैसे कि वकील या परामर्शदाता करते हैं। भविष्य में काम इसी प्रकार से होगा।

## त्योहारी सेल को ग्राहकों की शानदार प्रतिक्रिया मिलने से ई-कॉमर्स कंपनियां उत्साहित

भाषा। नई दिल्ली

**देश में त्योहारों** का मौसम शुरू होने से पहले ही विभिन्न ई-कॉमर्स कंपनियों की सेल भी शुरू हो चुकी है जिसे ग्राहकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिलने से ऑनलाइन विक्रेताओं का उत्साह बढ़ा है। खास बात यह है कि 23 सितंबर से शुरू हुई विभिन्न सेल में ऑनलाइन खरीदारी करने वालों में अब दूसरी, तीसरी श्रेणी के शहरों के निवासी महानगरों को भी पीछे छोड़ते दिख रहे हैं। दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन इंडिया ने शनिवार को बताया कि त्योहारों के अवसर पर उसकी सेल के पहले 36 घंटों में उसे मिले ऑर्डर से पता चलता है कि दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में उसका ग्राहक आधार दोगुना बढ़ गया है। 75 फीसदी ग्राहक दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों से हैं। इस श्रेणी के शहरों में हमारे ग्राहकों की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में दो गुना बढ़ गई है। कंपनी की सेल 23 सितंबर से शुरू हुई है और अगले महीने दीपावली से पहले तक जारी रहेगी। सेल के पहले 36 घंटे में छोटे और मध्यम उद्यमों और स्टार्टअप के खास उत्पादों की रिकॉर्ड दस लाख बिक्री हुई है। उपाध्यक्ष एवं कंट्री मैनेजर मनीष तिवारी ने कहा, छोटे और मध्यम उद्यम, स्टार्टअप, कलाकार, महिला उद्यमी भारत भर के हमारे ग्राहकों को व्यापक उत्पादों की पेशकश कर रहे हैं जो उत्साहजनक है।

# कर्नाटक में लॉजिस्टिक पार्क के विकास के लिए करार

भाषा। नई दिल्ली

**औद्योगिक** एवं लॉजिस्टिक पार्क के विकास से जुड़ी फर्म लॉजी स्पेसेज ने कर्नाटक के नरसापुरा में करीब 300 करोड़ रुपए के निवेश से एक नई परियोजना शुरू करने के लिए एए होल्डिंग्स के साथ गठजोड़ किया है। हाल ही में गठित फर्म एए होल्डिंग्स ने एक बयान में लॉजी स्पेसेज के साथ हुए गठजोड़ की जानकारी दी। इसके मुताबिक, दोनों फर्म मिलकर नरसापुरा में 10 लाख वर्ग फुट इलाके में एक औद्योगिक एवं लॉजिस्टिक पार्क का विकास करेंगी। इस परियोजना पर 3.7 करोड़ डॉलर (करीब 300 करोड़ रुपए) का निवेश किया जाएगा। सितंबर 2023 तक इसका निर्माण पूरा हो जाने की संभावना है।

## गारंटीड रिटर्न प्लान में निवेश करें

**मुंबई।** एक सही इन्वेस्टमेंट प्लान वो है जो आपको टैक्स बेनिफिट के साथ हाई रिटर्न देती है। ताकि आप बढ़ती महंगाई से लड़ सकें और समय के साथ अपने जीवन यापन करने के स्तर में सुधार कर सकें। विवेक जैन हेड इन्वेस्टमेंट्स, पॉलिसीबाजार डॉट कॉमरु गारंटीड रिटर्न प्लान की खासियत यह है कि यह बाजार में उतार-चढ़ाव की परवाह किए बिना जोखिम मुक्त रिटर्न प्रदान करता है। इन्वेस्टमेंट पर हाईए टैक्स-फ्री और गारंटीड रिटर्न प्रदान करने की वजह से ये योजना निवशकों के बीच काफी लोकप्रिय है। नए जमाने की योजनाओं मेंए रिटर्न 7 प्रतिशत जितना अधिक होता है जो कि लंबी अवधि के धन के निर्माण के लिए बहुत ही फायदेमंद है, खासकर अगर हम इसकी तुलना बाजार में उपलब्ध अन्य पारंपरिक इन्वेस्टमेंट विकल्पों पर रिटर्न से करते हैं। इस प्रोडक्ट में लाइफ इंश्योरेंस तत्व न केवल टैक्स बचाने में मदद करता है बल्कि आश्रितों के लिए सुरक्षा भी प्रदान करता है। ये सुविधाएं गारंटीड रिटर्न प्लान को एक संपूर्ण निवेश मार्ग बनाती हैं।

## बिड़ला का अक्षय प्लान

**मुंबई।** आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड (एबीसीएल) की जीवन बीमा सहायक कंपनी आदित्य बिड़ला सन लाइफ इंश्योरेंस (एबीएसएलआई) ने नए दौर के बचत समाधान एबीएसएलआई अक्षय प्लान को लॉन्च करने की घोषणा की, जो एक नॉन लिंक्ड प्रतिभागी व्यक्तिगत बचत जीवन बीमा है। इसमें नकद बोनस ;यदि घोषित हो, सुविधा के माध्यम से तत्काल तरलता का विकल्प भी उपलब्ध है। यह योजना आपके परिवार की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए एक व्यापक जीवन बीमा कवर और आय के नियमित स्रोत का लाभ प्रदान करती है। एबीएसएलआई अक्षय प्लान के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए कमलेश राव एमडी और सीईओए आदित्य बिड़ला सन लाइफ इंश्योरेंस ने कहा कि एबीएसएलआई अक्षय प्लान हमारे पॉलिसीधारकों को पहले पॉलिसी वर्ष के अंत से लिक्विडिटी का फायदा प्रदान करता है, जिससे उन्हें किसी भी घटना का सामना करने की स्थिति में आवश्यक वित्तीय सहारा मिल सकेगा।

## पाकिस्तान ने पेरिस क्लब से कर्ज भुगतान की अवधि बढ़ाने का अनुरोध किया

भाषा। इस्लामाबाद

**नकदी** संकट के बीच भीषण बाढ़ की चपेट में आए पाकिस्तान ने समृद्ध देशों के समूह पेरिस क्लब से दस अरब डॉलर के कर्ज की भुगतान अवधि बढ़ाने का अनुरोध किया है। पाकिस्तान इन दिनों भीषण बाढ़ के बाद 3.3 करोड़ से अधिक लोगों के पुनर्वास की चुनौती से जूझ रहा है। ऐसी स्थिति में उसने कर्ज के मोर्चे पर कुछ राहत की उम्मीद लगाई हुई है। पाकिस्तान के वित्त मंत्री मिफ्ताह इस्माइल ने एक ट्वीट में कहा, पाकिस्तान में जलवायु परिवर्तन की वजह से आई आपदा की वजह से हम द्विपक्षीय पेरिस क्लब लेनदारों से कर्ज राहत का अनुरोध करते हैं। हालांकि हम वाणिज्यिक बैंकों या यूरो में लेनदेन करने वाले कर्जदाताओं से किसी तरह की राहत नहीं मांग रहे।

# हर प्राथमिक विद्यालय एक-एक बालक बालिका को बनायेगा ब्राण्ड एम्बेस्डर



निपुण बालक, बालिका खोज प्रतियोगिता 2022 का शुभारंभ करती डीएम — पायनियर

संवाददाता। उरई (जालौन)

**जनपद** के बेसिक शिक्षा विभाग के भविष्य में तील का पत्थर साबित होगी और यह बहुत अच्छे परिणाम देगी। इस प्रतियोगिता के द्वारा जनपद के बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना भी विकसित होगी। उक्त बात जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने जनपद स्तरीय निपुण बालक, बालिका खोज प्रतियोगिता 2022 का शुभारंभ करते हुये कही। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता बेसिक शिक्षा विभाग के सभी शिक्षकों के लिये चुनौती है कि हर प्राथमिक

### इस प्रतियोगिता से जनपद के बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना भी विकसित होगी: डीएम

विद्यालय से ऐसे निपुण बच्चे तैयार हों जो जनपद स्तर पर अपने विद्यालय के ब्राण्ड एम्बेस्डर के रूप में प्रतिभाग करके विद्यालय के शिक्षा के स्तर को प्रदर्शित करें और निपुणा जालौन के सपने को सामार कर सकें। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम की रूपरेखा का फीता खोलकर अनावरण करके प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। विद्यालय स्तर, न्याय पंचायत स्तर, ब्लाक स्तर के बाद जनपद स्तर पर प्रतियोगिता के बाद कक्षा 1, 2 व 3 के चयनित बालक, बालिकाओं को 30 दिसंबर को पुरुस्कार दिया जयोगा। निपुण भारत अभियान के अंतर्गत उत्तर प्रदेश को निपुण प्रदेश बनाने तथा जनपद जालौन को निपुण जनपद बनाने के लिए जनपद के 1188 प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों के एक अच्छा कक्षा 1 से 3 तक के सभी बालक, बालिकाओं की चार स्तरीय परीक्षा आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डा. शिवाकांत द्विवेदी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एनडी शर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कुमार, खंड शिक्षाधिकारी मुक्तेश कुमार, अमर सिंह, रंगनाथ चौधरी, शैलेंद्र उत्तम, नेत्रपाल सिंह, ज्ञान प्रकाश अवस्थी, सुनील राजपूत, दिग्विजय सिंह, अंकित सिंह, जिला समन्वयक विश्वनाथ प्रताप दुबे प्रशिक्षण, श्यामजी गुप्ता सामु. सह., सौरभ पाण्डेय निर्माण, एसआरजी लोकेश पाल, अभिलाष तिवारी, नितिन आनंद पाल उपस्थित रहे।

## समाधान दिवस में फरियादियों ने दर्ज करायीं शिकायतें

**कोंच (जालौन)।** लोगों की समस्याओं खासतौर पर राजस्व संबंधी विवादों आदि के निराकरण के लिए आयोजित होने वाले थाना समाधान दिवस में शनिवार को बारिश के चलते इक्का दुक्का फरियादी ही पहुंचे। हालांकि कोतवाली में फिर भी ठीक ठाक फरियादी पहुंचे लेकिन कैलिया और नदीगांव थानों में फरियादियों की संख्या नगण्य रही। कोतवाली में प्रभारी तहसीलदार आलोक कुमार कटियार की अध्यक्षता और अतिरिक्त निरीक्षक वीरेंद्र सिंह की मौजूदगी में आयोजित समाधान दिवस में 7 समस्याएं आईं जिनमें से एक का निस्तारण मौके पर किया गया, शेष के लिए टीमें बनाई गई। प्रभारी तहसीलदारध् नायब तहसीलदार कटियार ने राजस्व कर्मियों को हिदायत दी कि जो भी समस्याएं आईं हैं उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण मौके पर जाकर करें। समस्याएं लंबित रखने पर नप सकते हैं। कैलिया में इंस्पेक्टर रवींद्रनाथ यादव की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में बरसात का असर दिखाई दिया, एक भी फरियादी नहीं पहुंचा।

## वाद-विवाद प्रतियोगिता में रेड हाउस ने मारी बाजी, प्रबंधक ने दिया पुरस्कार



**संतकबीरनगर।** प्रतियोगिता के माध्यम से छात्र-छात्राओं में वैचारिक प्रखरता बढ़ती है और मन की झिझक दूर होती है जिससे काफी आत्म बल मिलता है वाद-विवाद एक औपचारिक चर्चा है। जिससे तार्किक सुसंगती, तथ्यात्मक परिशुद्धता एवं भावनात्मक जुड़ाव मुख्य अंग होते हैं और यह व्यक्तित्व विकास में भी सहायक होता है- डॉ0 उदय प्रताप चतुर्वेदी (प्रबंध निदेशक) सूर्या इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में निजीकरण विषय पर चारों हाउस रेड, ग्रीन, येलो एवं ब्लू हाउस की कक्षा 9वीं से लेकर 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपने-अपने तर्कों के माध्यम से अपना विचार रखा। इस प्रतियोगिता में चारों हाउस से रेड हाउस प्रथम, ब्लू हाउस द्वितीय, येलो हाउस तृतीय व ग्रीन हाउस चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ0 उदय प्रताप चतुर्वेदी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रतियोगिता के माध्यम से छात्र-छात्राओं में वैचारिक प्रखरता बढ़ती है और मन की झिझक दूर होती है जिससे काफी आत्मबल मिलता है। वाद-विवाद एक औपचारिक चर्चा है जिससे तार्किक सुसंगती, तथ्यात्मक परिशुद्धता एवं भावनात्मक जुड़ाव मुख्य अंग होते हैं और यह व्यक्तित्व विकास में भी सहायक होता है। साथ ही साथ विद्यालय के प्रबंध निदेशिका श्रीमती सविता चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों के वाद-विवाद प्रतियोगिता के विषय शिनजीकरणश् के संदर्भ में कुछ मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की और कहा कि अवसर छोटा हो या बड़ा कभी गवाना नहीं चाहिए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रविनेश श्रीवास्तव, उप प्रधानाचार्य शरद त्रिपाठी, जीपीएस प्राचार्य डॉ0 सी0पी0 श्रीवास्तव सहित शिक्षक-शिक्षिकाए उपस्थित रही।

## दिव्यांग बेटी ने ईको फ्रेंडली गोबर से दीपक व लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों का किया निर्माण

संवाददाता। जालौन (उरई)



**नगर की** दिव्यांग बेटी ईको फ्रेंडली गोबर से बने आकर्षक दीयों और लक्ष्मी, गणेश की मूर्ति का निर्माण कर रही है। इन दीयों और मूर्तियों को सेवा पखवारा व वोकल फॉर लोकल अभियान के तहत भाजपा नगर अध्यक्ष की टीम लोगों से खरीदने की अपील करेगी।

नगर के ऐतिहासिक मुरलीमनोहर तालाब पर स्थित श्रीवर्धन गोशाला के माध्यम से नगर के मोहल्ला गणेशजी में रहने वाली दिव्यांग व होनहार बेटी चारू ताम्रकार पुत्री सुनील ताम्रकार ने दो वर्ष पूर्व से गोबर के अलावा प्राकृतिक तत्व व रंगों से बने हुए ईको फ्रेंडली दीये बनाने का काम शुरू किया था। दीयों को आकार देने एवं रंगों के माध्यम से आकर्षक रूप से सजाने का कार्य चारू ताम्रकार पूरी मेहनत और लगन से करती हैं। उनके द्वारा की जा रही मेहनत लोगों के लिए प्रेरणादयाक है। भले ही वह चलने फिरने में अक्षम है लेकिन अपनी कला का वह जीवंत प्रदर्शन कर लोगों की सराहना बटोर रही हैं। चारू ने बताया कि गोशाला से प्राप्त होने वाले गोबर से वह दीयों का निर्माण शुरू किया था। अब वह दीयों के साथ ही लक्ष्मी गणेश की मूर्तियां, स्वास्तिक आदि का भी निर्माण कर रही हैं। मूर्तियों को आकर्षक व चिकना बनाने के साथ ही चटकने से बचाने के लिए उसमें मुल्तानी मिट्टी को मिलाया जाता है। सुखाने के बाद उस पर कलर किया जाता है। बताया कि पिछले दो सालों से वह गरीब परिवारों को निशुल्क दीये व मूर्तियां वितरित कर रही हैं। इन मूर्तियों के माध्यम से उनकी इच्छा है कि लोग पर्यावरण सुरक्षा के प्रति आकर्षित हों। इससे प्रेरणा लेकर लोग गोपालन की सार्थकता को समझें और व्यवसायिक तौर पर इन दीयों का उत्पादन कर आर्थिक लाभ भी अर्जित कर सकें। उनके बारे में जब भाजपा नगर अध्यक्ष अभय सिंह राजावत को पता चला तो वह चारू के ताम्रकार के घर पहुंचे और उनकी बनाई मूर्तियों और दीयों को देखकर उनकी सराहना भी की। उन्होंने कहा कि सेवा पखवारा व वोकल फॉर लोकल अभियान के तहत वह गोबर से बनाए इन दीयों को खरीदने के लिए लोगों से अपील करेंगे। ताकि लोकल उत्पाद को बढ़ावा मिल सके और लोग ईको फ्रेंडली दीपावली मना सकें। इस मौके पर कुंवर सिंह यादव, प्रदीप सक्सेना, आलोक भदौरिया, पप्पू चौहान, धीरज बाथम, अनिल शिवहरे, मनोज गुप्त आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### चयन प्रक्रिया 26 सितम्बर से होगी शुरू

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर जिला क्रीडाधिकारी शिवकुमार यादव ने बताया है कि वर्ष 2022-23 में आवासीय क्रीडा छात्रावास में प्रवेश हेतु टेबुल टेनिस, बास्केटबाल, तीरंदाजी, कबड्डी, बैटमिंटन, जूडो, तैराकी, कुश्ती एवं क्रिकेट खेलों में जिला, मण्डल तथा राज्य स्तरीय चयन/ट्रायल्स का आयोजन किया जायेगा। जिला स्तरीय चयन का अयोजन 26 सितम्बर को प्रात: 11 बजे से स्पोर्ट्स स्टेडियम भिनगा श्रावस्ती में किया जायेगा। जिला स्तरीय चयन/ट्रायल्स में भाग लेने हेतु दस रुपये जमा कर आवेदन पत्र जिला खेल कार्यालय स्पोर्ट्स स्टेडियम, श्रावस्ती से कार्यालय अवधि में प्राप्त किया जा सकता है। जिसमें जिला स्तरीय चयन ट्रायल्स 26 सितम्बर को स्पोर्ट्स स्टेडियम भिनगा में मण्डल स्तर पर चयन 27 सितम्बर को क्षेत्रीय खेल कार्यालय गोण्डा में एवं राज्य स्तरीय चयन/ट्रायल्स की तिथि 29 से 30 सितम्बर को के0डी0 सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में किया जायेगा। उन्होने बताया कि उक्त चयन/ट्रायल्स में भाग लेने हेतु 1 अप्रैल 2022 को बालक/बालिकाओं की तैराकी खेलों में आयु 12 वर्ष से कम तथा अन्य खेलों में 15 वर्ष से कम होनी चाहिये।

### थाना दिवस में एसडीएम, सीओ ने सुनी समस्यायें

**कोटरा( जालौन )।** शनिवार को कोटरा में थाना दिवस के अवसर पर एसडीएम राजेश सिंह और सीओ सदर गिरजा शंकर त्रिपाठी, अधिशासी अधिकारी प्रदुमन कुमार लेखपाल देवेंद्र गौतम एवं थाना प्रभारी कृष्ण पाल सिंह सरोज की उपस्थिति में शिकायतों का निस्तारण किया गया। शिकायतें कोटरा और धुरट ग्राम की थीं जिसका निस्तारण हो चुका था। थाना दिवस के अवसर पर एसडीएम राजेश सिंह ने कहा कि शिकायतों का निस्तारण करना एवं जनता की सुरक्षा का देखभाल करना भी अहम जिम्मेदारी है।

### समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्यायें



**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने राजापुर थाने में समाधान दिवस में फरियादियों की समस्यायें सुनकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिये। शनिवार को डीएम-एसपी ने राजापुर थाने में फरियादियों की समस्यायें सुनकर कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस व थाना दिवस में जनसुनवाई में जो समस्यायें मिलती हैं, उनका निस्तारण शासन की मंशानुसार कराया जाये, ताकि शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण बाबत समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भूमि संबंधी मामले पुलिस व राजस्व टीमें मौके पर जाकर निस्तारित करें। जिलाधिकारी ने सहायक चकबन्दी अधिकारी को निर्देश दिये कि चकबन्दी की शिकायतों का मौके पर जाकर निस्तारण करें। थाना समाधान दिवस में एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झां, प्रशिक्षु सीओ राजकमल, अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत बीएन कुशवाहा, नायब तहसीलदार राजापुर पुष्पेन्द्र सिंह, थानाध्यक्ष दीपेन्द्र कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### नियुक्त किये जेल पर्यवेक्षक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति ने मेरठ और बरेली मण्डल में जेल पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। आज यहां समिति के मुख्यालय में हुयी बैठक में इस आशय का निर्णय लेते हुये मेरठ मंडल इकाई से एडवोकेट रंजीत गिरिए बरेली मंडल से संजीव प्रजापति और रवि गौतम को गाजियाबाद मंडल से सचिव जेल पर्यवेक्षक का नियुक्ति पत्र सौंपा। प्रांतीय सचिव दीपक गुप्ता एवं प्रांतीय सह सचिव विजय भारद्वाज की उपस्थित में हुयी बैठक में विजय भारद्वाज ने उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति की मूल सिद्धान्तों पर प्रकाश डालते हुए बताया की अपराधी से नहीं अपराध से धृणा करो उत्तर प्रदेश को अपराध मुक्त प्रदेश बनाने में हम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संकल्पों के साथ खड़े हैं।

### कामधेनु पूर्वी उप्रदेश में हिस्सेदारी बढ़ाएगी

**गोरखपुर।** ब्रांडेड टीएमटी बार के खुदरा बाजार में भारत के सबसे बड़े विनिर्माता एवं विक्रेताए कामधेनू लिमिटेड पूर्वी उत्तर प्रदेश में अपने व्यवसायिक योजनाओं को विस्तार देगी। इसलिए कामधेनु ने अपने डीलर एवं वितरक नेटवर्क को और बढ़ाने की दिशा में काम करना शुरू कर दिया है। कंपनी इस वित्त वर्ष के अंत तक अपने नेटवर्क में 100 और नए डीलर एवं वितरक शामिल करेगी। इस समय इस क्षेत्र में स्ट्रक्चरल स्टील सैगमेंट में कंपनी के पास 110 डीलरों एवं वितरकों का नेटवर्क है। कामधेनु ने उपभोक्ताओं के लिए एक किफायती मूल्य बिंदु पर उच्च गुणवत्ता वाली निर्माण आपूर्ति के निर्माता और आपूर्तिकर्ता के रूप में अपना नाम बनाया है। कामधेनु लिमिटेड के निदेशक सुनील अग्रवाल ने कहा कि ग्रुप की प्रगति के लिए पूर्वी उत्तर प्रदेश बहुत अहम बाजार है क्योंकि यहां इंफ्रस्ट्रक्चर एवं निर्माण उद्योग के विकास के लिए विशाल संभावना मौजूद हैं।

## हाईटेंशन लाइन के खंभे में आये करंट से गाय की मौत

**जालौन (उरई)।** हाईटेंशन लाइन के खंभे में आ रहे करंट के चलते पालतू गाय की मौत हुई। पीड़ित पशुपालक ने गाय की मौत होने की सूचना कोतवाली में दी। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिकरीराजा निवासी पशुपालक अशोक कुमार ने पुलिस को बताया कि वह अपने पशुओं को चराने के लिए खेत पर ले जाते हैं। प्रतिदिन की भांति शनिवार की सुबह भी वह अपने पशुओं को चराने के लिए खेत पर ले जा रहे थे। रास्ते में हरसहाय के खेत में बिजली की हाईटेंशन लाइन का खंभा लगा है। बारिश के चलते उक्त खंभे में करंट आ रहा था। उनकी गाय चरते हुए खंभे के पास पहुंच गई। जहां खंभे में आ रहे करंट से चिपककर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गाय की मौत से उसे आर्थिक नुकसान पहुंचा है। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज करने की गुहार लगाई है।

## पात्र छात्र-छात्राओं को मिलेंगे 12 सौ रुपये: एबीएसए

संवाददाता। चित्रकूट




प्रधानाध्यापकों की बैठक में बोलते एबीएसए — पायनियर

**महानिदेशक** स्कूल-शिक्षा एवं जिला बेसिक शिक्षाधिकारी लवप्रकाश यादव के निर्देश पर विकासखण्ड कर्वी के सभी प्राथमिक विद्यालयों, उच्च प्राथमिक विद्यालयों एवं कम्पोजिट विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की मासिक समीक्षा बैठक में खण्ड शिक्षाधिकारी एनपी सिंह ने निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने की कार्य योजना बनाई। शनिवार को छत्रपति साहूजी महाराज महिला महाविद्यालय में हुई समीक्षा बैठक में खण्ड शिक्षाधिकारी एनपी सिंह ने बैठक में मौजूद सभी एआरपी, नोडल शिक्षा संकुल व एसआरजी से विचार साझा किये। खासतौर पर गतिमान निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने की कार्य योजना बनाई। डीबीटी के तहत सभी पात्र छात्र-छात्राओं को शासन से अनुमन्य 12 सौ रुपये का लाभ दिलाना कायाकल्प के अवशेष कार्यों को पूरा करने की रणनीति बनाई। कम्पोजिट ग्रांट से छोटे-छोटे कार्यों को पूर्ण कराते हुए सुविधाओं को क्रियाशील करने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा के आवेदन, इंस्पायर एवार्ड आवेदन, शिक्षक छात्र के मध्य आत्मीय संबंध विकसित करने, मध्यान्ह भोजन संचालन, खाद्यान्न वितरण आदि बिन्दुओं पर प्रतिभागी प्रधानाध्यापकों को दिशा-निर्देश दिये। खण्ड शिक्षाधिकारी ने बेहतर कार्य करने वाले प्रधानाध्यापकों के कार्यों की सराहना की। ऐसे शिक्षकों से प्रेरणा लेने को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर वरिष्ठ शिक्षक विद्यासागर सिंह, प्रधानाध्यापक ऊषारानी त्रिपाठी, इन्द्रेश श्रीवास्तव, महेन्द्र सिंह, अशर्फीलाल सिंह, एआरपी दिलीप सिंह, संतोष साहू, अशोक पठारी आदि शिक्षक व शिक्षिकायें मौजूद रहे।

## एमबीबीएस के ओवरऑल टॉपर बन डा. सरल मिश्रा ने रच दिया इतिहास

### ● राज्यपाल ने डायरेक्टर मैडल बैच 2017 से किया सम्मानित

संवाददाता। उरई (जालौन)

**राम मनोहर** लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में 2017 बैच एमबीबीएस के ओवरऑल टॉपर बने इनको राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा डायरेक्टर मेडल बैच 2017 का अवार्ड दिया। डॉ. सरल मिश्रा ने तीसरे और चौथे वर्ष में मेडिसिन नेत्र रोग पेडियाट्रिक और प्रसूति रोग व स्त्री रोग में प्रथम व द्वितीय वर्ष में फार्मोकोलॉजिकल एनाटॉमी और पैथोलॉजी में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करके अपने माता-पिता का नाम वह अपने शहर उरई जनपद जालौन का नाम रोशन किया। डॉ. सरल मिश्रा के पिता चंद्रहास मिश्रा उरई में एक मेडिकल स्टोर संचालित करते हैं। श्री मिश्र का कहना था कि उनके बेटे की बचपन से ही डॉक्टर बनने चाहत थी। डॉ. सरल मिश्रा की इंटर तक की शिक्षा मॉर्निंग स्टार सीनियर सेकेंडरी अकेडमी में हुई उसके बाद उन्होंने नीट का एग्जाम क्वालीफाई कर डॉक्टर राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में एमबीबीएस में दाखिला मिला था। डॉक्टर सरल मिश्रा ने 2017 बैच में ओवरऑल टॉप किया था। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार, नारायण ग्रुप ऑफ अस्पताल के संस्थापक अध्यक्ष और पदम विभूषण डॉक्टर देवी प्रसाद शेट्टी विशेष अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। जहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने डॉ. सरल मिश्रा को सम्मानित किया। डॉ. सरल मिश्रा अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व अपने गुरुजन सुरेंद्र त्रिपाठी व आशुतोष शर्मा को देते हैं।

## पीड़ितों की समस्याओं का तत्काल किया जाये समाधान: एडीएम

**जालौन (उरई)।** अपर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में आयोजित हुए थाना समाधान दिवस में मात्र दो फरियादियों ने ही अपनी शिकायत दर्ज कराई। जिन्हें संबंधित को सौंपा गया। अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी की अध्यक्षता में कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में पूर्व सभासद कमलाकांत ने बताया कि उनकी मोहल्ला दलालनपुरा औरैया रोड पर मकान निर्माण सामग्री की दुकान है। उनकी दुकान से ग्राम सींगपुरा निवासी दीपक कुमार ने निर्माण सामग्री खरीदी थी। जिसका उन्होंने 20 हजार रुपये उधार किया था। अब वह उधार रुपये नहीं चुका रहे हैं। जब वह रुपये मांगते हैं तो पहले तो वह बहाने बनाकर टहलाते रहे अब उन्होंने रुपये देने से साफ इंकार कर दिया। इतना ही नहीं रुपये मांगने पर झगड़ा फसाद पर आमादा हैं। थाना समाधान दिवस में आई शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश एएसपी ने अधीनस्थों को दिए हैं।

## ग्रामोदय विवि में स्वतंत्रता संग्राम में जनजाति नायकों के योगदान पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

संवाददाता। चित्रकूट



**मध्यप्रदेश** शासन के राज्यमंत्री रामखेलावन पटेल ने आव्हान किया कि राजनीतिक लोग जनजाति के एक - एक परिवार को गोद लेकर उनके बच्चों को पढ़ने के लिए स्कूल भेजने का संकल्प लें। केंद्र और राज्य सरकार के अनुसचित जनजाति के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है।आवश्यकता है ,जनजाति के सभी परिवारों को इन योजनाओं से लाभान्वित कराने के लिए सार्थक और सशक्त पहल की।

श्री पटेल आज महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित स्वतंत्रता संग्राम में जनजाति नायकों के योगदान पर राष्ट्रीय संगोष्ठी, प्रदर्शनी और छात्र संवाद का उदघाटन करने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में आये थे। श्री पटेल ने इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम में जनजाति के नायकों के योगदान को बताते हुए कहा कि देश की आजादी, एकता व अखंडता में जनजाति के नायकों ने अविस्मरणीय योगदान किया है। स्वतंत्रता संग्राम में यातनाएं सही है। बलिदान दिया है।जब जब भी आवश्यकता हुई है जनजाति के लोगों ने अपने राष्ट्र के आवश्यक योगदान किया। बावजूद इसके जनजाति के लोगों के संघर्ष, बलिदान, योगदान का इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान नही दिया गया है।मुझे विश्वास है कि ऐसे आयोजनों से जनजाति समाज की गौरवशाली परंपरा और स्वतंत्रता संग्राम के संघर्ष व बलिदान से सर्वसमाज रूबरू होगा और जनजाति समाज भी महिमा मंडित होगा। सीएमसीएलडीपी सभागार में सम्पन्न राष्ट्रीय संगोष्ठी की अध्यक्षता ग्रामोदय विवि के कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने की। रामराज सिंह अध्यक्ष वीदुग्राविशो समिति मझगवां विशिष्ट अतिथि रहे। जनजाति कार्य विभाग मध्यप्रदेश में विशेष सहायक श्रीमती डॉ उमा कुमरे परते मुख्य वक्ता रही। अनुसूचित जनजाति आयोग नई दिल्ली में सहायक उपनिदेशक श्रीमती मीनाक्षी शर्मा विषय विशेषज्ञ रही। इस दौरान दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन मौजूद रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ संगोष्ठी स्थल से सटे परिसर में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग नई दिल्ली द्वारा लगाई गई नयनाभिराम प्रदर्शनी के उद्घाटन के हुआ। राज्य मंत्री श्री पटेल भारतीय संस्कृति के अनुरूप नारियल तोड़ कर प्रदर्शनी का उदघाटन किया।मंत्री श्री पटेल प्रदर्शित जनजाति नायकों के चित्रों और उनके योगदान को पढ़कर काफी प्रफुल्लित हुए।मध्यप्रदेश राज्य के जनजाति के नायकों की जानकारी को प्रदर्शनी में पाकर उपस्थित लोगों को भी बताया कि हमारे राज्य के जनजाति समाज का भी योगदान स्वतंत्रता संग्राम में रहा।ललित कला की छात्राओं द्वारा आयोजन स्थल के प्रवेश द्वार पर बनाई गई भगवान विरसा मुंडा की आकर्षक रंगोली को उन्होंने सराहा और कलाकार छात्राओ के साथ चित्र भी खिंचवाया। मंत्री श्री पटेल ने आजादी के संग्राम में जनजाति के नायकों के योगदान की सूची और विवरण को पढ़ते हुए कहा कि अभी भी इसमें बहुत कुछ जोड़ने की आवश्यकता है।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के नेतृत्व में जनजाति के सर्वांगीण विकास हेतु किये जा रहे कार्यों और योजनाओं पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने कहा कि देश की आजादी में हर छेत्र, हर वर्ग के लोगो का योगदान रहा है।प्रो मिश्रा ने स्वतंत्रता संग्राम में जनजाति के नायकों के योगदान को बताते हुए कहा कि जनजाति समाज के लोगों के योगदान को ठीक से प्रस्तुत नहीं किया गया था।

# भारत ने इंग्लैंड का सूपड़ा साफ किया

## झूलन का अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच, 16 रन से हारे अंग्रेज

● दीप्ति, स्मृति और रेणुका चमके

**भाषा।** लंदन



**आलराउंडर** दीप्ति शर्मा और सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना के अर्धशतक के बाद रेणुका सिंह की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने शनिवार को यहां कम स्कोर वाले रोमांचक तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को 16 रन से हराकर पहली बार मेजबान टीम का उसकी सरजमीं पर सूपड़ा साफ किया।

इंग्लैंड की टीम लार्ड्स पर 170 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रेणुका (29 रन पर चार विकेट), झूलन गोस्वामी (30 रन पर दो विकेट), और राजेश्वरी गायकवाड़ (38 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 43.3 ओवर में 153 रन पर ढेर हो गई जिससे भारत ने श्रृंखला 3-0 से अपने नाम की। अनुभवी तेज गेंदबाज झूलन का यह अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच था। इंग्लैंड के खिलाफ ही चेन्नई में छह जनवरी 2002 को जीत के साथ अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने वाली झूलन के लिए यह श्रृंखला यादगार रही। इंग्लैंड की ओर से चार्ली डीन ने सर्वाधिक 47 रन बनाए। उन्होंने 80 गेंद की अपनी पारी में पांच चौके जड़े। कप्तान ऐमी जोन्स (28) और सलामी बल्लेबाज ऐमा लैंब (21) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे। भारत इससे पहले दीप्ति (106 गेंद में नाबाद 68, सात चौके) और स्मृति (79 गेंद में 50 रन, पांच चौके) के अर्धशतक के बावजूद 45.4 ओवर में 169 रन पर सिमट गया। इन दोनों के अलावा पूजा वस्त्रकार (22) ही दोहरे अंक में पहुंचने में सफल रही। चार्ली डीन और फ्रेया डेविस (नाबाद 10) ने 10वें विकेट के लिए 35 रन जोड़कर इंग्लैंड की जीत की उम्मीदें जगा दी थी। दीप्ति (24 रन पर एक विकेट) ने हालांकि समझदारी दिखाते हुए अपनी ही गेंद पर चार्ली डीन को रन आउट कर दिया। फ्रेया डेविस ने दीप्ति की गेंद पर सीधा शॉट खेला। गेंद दीप्ति के पास पहुंची लेकिन चार्ली डीन गेंदबाजी छोर पर काफी आगे निकल चुकी थी और भारतीय गेंदबाज ने गलती नहीं करते हुए उन्हें रन आउट करके भारत को जीत दिला दी। इससे पहले टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने लार्ड्स पर नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 29 रन तक ही चार विकेट गंवा दिए थे। स्मृति और दीप्ति ने पांचवें विकेट के लिए 58 रन की साझेदारी करके पारी को संवारने की कोशिश की। स्मृति हालांकि अर्धशतक पूरा करने के तुरंत बाद तेज गेंदबाज केट क्रॉस की गेंद पर बोल्ड हो गईं। दीप्ति को पूजा वस्त्रकार (22) के रूप में उम्दा जोड़ीदार मिला। दोनों ने सातवें विकेट के लिए 40 रन जोड़कर टीम का स्कोर 150 रन के करीब पहुंचाया। चार्ली डीन ने पूजा को पगबाधा करके इस साझेदारी को तोड़ा जिसके बाद भारतीय पारी को सिमटने में अधिक समय नहीं लगा। दीप्ति हालांकि इससे पहले अपना अर्धशतक पूरा करने में सफल रहीं और नाबाद वापस लौटीं। इंग्लैंड की ओर से तेज गेंदबाज केट क्रॉस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 26 रन देकर चार विकेट चटकाए। फ्रेया कैंप (24 रन पर दो विकेट) और सोफी एक्लेस्टोन (27 रन पर दो विकेट) ने भी दो-दो विकेट हासिल किए।

## भारत की जूनियर ट्रैप टीम ने शॉटगन विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत

**भाषा।** ओसिएक (क्रोएशिया)

**भारत ने शनिवार** को यहां फाइनल में इटली को 6-4 से हराकर आईएसएसएफ शॉटगन विश्व चैंपियनशिप में जूनियर पुरुष ट्रैप टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। यह चैंपियनशिप का भारत का पहला पदक भी है। अमेरिका ने कांस्य पदक जीता। शपथ भारद्वाज, शारदुल विहान और आर्य वंश त्यागी की तिकड़ी के लिए यह कोई मामूली उपलब्धि नहीं है क्योंकि इटली ने शॉटगन वर्ग में लंबे समय से दबदबा बनाया हुआ है। इतना ही नहीं भारतीय टीम एडोआर्डो एंटोनियोली, इमानुएल इज्जी और जियानमारको बारलेटा की इटली की टीम से 0-4 से पीछे चल रही थी जिसके बाद उसने जोरदार वापसी की। इससे पहले शपथ, शार्दुल और आर्य वंश ने क्वालीफिकेशन चरण में संयुक्त 205 का स्कोर किया था जहां प्रत्एक सदस्य ने 25-25 लक्ष्यों के तीन दौर में निशानेबाजी की। इटली की टीम 206 अंक के साथ शीर्ष पर रही। भारतीय टीम ने दूसरे स्थान पर रहते हुए स्वर्ण पदक के मुकाबले में इटली के साथ जगह बनाई। भारतीय टीम के लिए कुछ भी आसान नहीं था। क्वालीफिकेशन में अमेरिकी टीम ने भी उसके समान स्कोर बनाया लेकिन भारतीय टीम ने शूट आफ में 2-0 की जीत से फाइनल में जगह बनाई।

# पश्चिम क्षेत्र जीत के करीब

● दलीप ट्राफी फाइनल

**भाषा।** कोयंबटूर



सरफराज खान का शतक

**पश्चिम** क्षेत्र वापसी करते हुए यादगार जीत दर्ज करने के करीब पहुंच गया है जिसने शनिवार को यहां दलीप ट्राफी फाइनल में जीत के लिए 529 रन का असंभव लक्ष्य देने के बाद दक्षिण क्षेत्र के शीर्ष और मध्यक्रम को झकझोर दिया। चौथे दिन स्टंप तक दक्षिण क्षेत्र छह विकेट पर 156 रन बनाकर करारी हार की कगार पर है जो अब भी 375 रन से पिछड़ रहा है। पहली पारी में अपनी प्रतिद्वंद्वी से 57 रन से पिछड़ने के बाद पश्चिम क्षेत्र ने चार विकेट पर 585 रन के विशाल स्कोर पर दूसरी पारी घोषित की। उसके लिए बीती रात के दोहरे शतकवीर यशस्वी जायसवाल के 265 रन पर आउट होने के बाद सरफराज खान ने जिम्मेदारी उठाई और नाबाद शतक (178 गेंद में 127 रन) जड़ा। पश्चिम क्षेत्र ने तीन विकेट पर 376 रन से आगे खेलना शुरू किया, तब जायसवाल 244 गेंद में 209 रन बना चुके थे। जायसवाल ने सुबह भी उसी लय में बल्लेबाजी जारी रखी और तीसरे दिन के 23 चौकों में सात चौके और जोड़े। लेकिन अंत में वह ऑफ स्पिनर कृष्णप्पा गौतम का शिकार बने। उन्होंने अपनी दोहरी शतकीय पारी में 330 गेंद का सामना किया और सरफराज के साथ चौथे विकेट के लिए 164 रन की भागीदारी निभाई। सरफराज ने फिर दक्षिण क्षेत्र के गेंदबाजों को जरा भी राहत नहीं लेने दी और अपनी टीम के स्कोर को बढ़ाना जारी रखते हुए उसे मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। सरफराज ने 11 चौके और दो छक्के जड़े तथा हेत पटेल (नाबाद 41 रन) के साथ 103 रन की अटूट साझेदारी से दक्षिण क्षेत्र की परेशानी बढ़ा दी। सरफराज के दलीप ट्राफी पदार्पण में शतक पूरा करते ही पश्चिम क्षेत्र के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने दूसरी पारी घोषित कर दी। पहली पारी में 98 रन की पारी खेलने वाले हेत पटेल ने तेजी से रन जुटाए, उन्होंने महज 61 गेंद का सामना किया जिसमें सात चौके और एक छक्का जड़ा था। पांच सत्र तक बल्लेबाजी कर पश्चिम क्षेत्र ने प्रतिद्वंद्वी टीम को निराश कर दिया और दक्षिण क्षेत्र की टीम इस सदमे से नहीं उबर सकी। यह दूसरी पारी में बल्लेबाजी के दौरान साफ दिखाई दिया जिसमें रोहन कुनुमल (100 गेंद में 93 रन) को छोड़कर उसके बल्लेबाज चुनौती देने में असफल रहे।

## सिंगापुर ने भारतीय फुटबॉल टीम को 1-1 से ड्रॉ पर रोका

**हो ची मिन्ह सिटी।** शानदार प्रदर्शन के बावजूद भारतीय टीम जीत दर्ज नही कर सकी और निचली रैंकिंग वाली सिंगापुर टीम ने उसे फीफा अंतरराष्ट्रीय दोस्ताना फुटबॉल मैच मे1-1 से ड्रॉ पर रोक दिया। सिंगापुर के लिए इखसान फांडी ने 37वें मिनट मे गोल किया लेकिन छह मिनट बाद ही भारत के आशिक कुरुनियन ने कप्तान सुनील छेत्री की मदद से बराबरी का गोल दाग दिया। जैक्सन सिंह ने सिंगापुर के हाफ मे प्रवेश किया और गेंद छेत्री को सौपी जिन्होने इसे आगे कुरुनियन को थमाया।

## फीफा अंडर 17 महिला विश्व कप की भारतीय टीम स्पेन रवाना

**नई दिल्ली।** भारत मे 11 अक्टूबर से होने वाले अंडर 17 फीफा महिला विश्व कप की भारतीय टीम अगले सप्ताह दोस्ताना अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने स्पेन रवाना हो गई। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने हालांकि यह नही बताया कि किन टीमो के खिलाफ भारत को खेलना है। एआईएफएफ ने एक विज्ञप्ति मे कहा , फीफा अंडर 17 महिला विश्व कप की तैयारी के लिए ए मैच हो रहे है जो भारत मे 11 अक्टूबर से शुरू होगा। मैचो का ब्यौरा जल्दी ही दिया जाएगा।

## बांग्लादेश, आयरलैंड ने विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया

**दुबई।** बांग्लादेश और आयरलैंड की महिला क्रिकेट टीमो ने अबुधाबी मे क्वालीफाइंग प्रतियोगिता मे अपने सेमीफाइनल जीतने के साथ ही दक्षिण अफ्रीका मे 2023 मे होने वाले महिला टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। बांग्लादेश की महिला टीम ने शुक्रवार को थाईलैंड पर 11 रन की जीत हासिल की जबकि आयरलैंड ने जिम्बाब्वे को चार रन से मात दी। इस तरह दोनो टीमे आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और वेस्टइंडीज के साथ शामिल हो गई है जिन्होने पहले ही 10 टीम के टूर्नामेंट के लिए अपनी जगह पक्की कर ली थी।

## स्कूली क्रिकेट टीम घोषित

**लखनऊ।** रायबरेली में होने वाली मंडलीय विद्यालयी सब जूनियर बालक अंडर.14 स्कूली क्रिकेट प्रतियोगिता और मंडलीय विद्यालयी जूनियर बालिका अंडर-19 स्कूली क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए लखनऊ जनपद की टीमों की घोषणा कर दी गई। मंडलीय स्कूली क्रिकेट प्रतियोगिता रायबरेली में 26 सितंबर से होगी। जिले की बालक अंडर-14 कि केट टीम में वसीम खान, अमन वर्मा, हिमांशु यादव, राजवीर श्रीवास्तव, पुरू पांडेय, तनिष्क दिवाकर, रोनित सिंह, शौर्य श्रीवास्तव,उत्कर्ष शर्मा, जैन अली, मोहम्मद शेहफ ाज, वीर सक्सेना, मोहम्मद हम्माद खान, निपुण छाबड़ा, अभय भारती, ईशान श्रीवास्तव का चयन हुआ है। जूनियर बालिका अंडर-19 स्कूली क्रिकेट टीम : सलोनी राजपूत, आशीर्वा कश्यप, रिया वर्मा, आपसा, अवंतिका, तनिष्का सिंह, शशि बालन, निधि सिंह, क्रिस्टीना सिंह, शिवानी मौर्या,महक रावत, आकांक्षा रावत, यशी सिंह, नेहा गुप्ता, साजिया खान, रितु सेठ, टीम मैनेजर रू राज कुमार त्रिपाठी, कोच रू कोमल चौरसिया।

## एरिगेसी फाइनल में

**न्यूयॉर्क।** युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी ने जूलियस बाएर जेनरेशन कप ऑनलाइन रैपिड शतरंज टूर्नामेंट मे वियतनाम के लिएम क्वांग लि को हराकर फाइनल मे प्रवेश किया, जिसमे उनका सामना दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन से होगा।

# नेट पर भी आक्रामक गेंदबाजी करती थीं झूलन : मिताली

● विदाई पर बोलीं

**भाषा।** नई दिल्ली



**झूलन** गोस्वामी की क्रिकेट के प्रति प्रतिबद्धता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि वह नेट में भी आक्रामक गेंदबाजी करती थी और उनके सामने अकसर बल्लेबाजी करते हुए उनकी लंबे समय की साथी और कप्तान मिताली राज हुआ करती थीं। जुलाई में अपने करिश्माई करियर को अलविदा कहने वाली भारत की शानदार महिला बल्लेबाज मिताली ने महान तेज गेंदबाज झूलन का पूर्व क्रिकेटरों के क्लब में स्वागत किया। झूलन का विदाई मैच इंग्लैंड के खिलाफ लार्ड्स पर शनिवार को खेला जा रहा भारत का तीसरा और अंतिम वनडे होगा। दो दशक तक साथ में ड्रेसिंग रूम साझा करने वाली मिताली और झूलन ने भारत में महिला क्रिकेट के विकास को देखा है, दोनों यादगार जीत में साथी रही हैं और दोनों ने कुछ बुरी हार भी देखी हैं। झूलन के अनंत प्रभाव, लंबे समय तक खेलने और इतने वर्षों के अथक परिश्रम पर पीटीआई से बात करते हुए मिताली ने चकदा एक्सप्रेस के शुरूआती दिनों से बातचीत शुरू की जब वह 19 साल थी और भारतीय टीम में शामिल हुई थीं। मिताली ने कहा, हम हमउम्र हैं, इसलिए हम दोनों काफी सहज रहती और हमारी बातचीत भी ऐसी ही होती। उनसे बात करना बहुत आसान रहता। वह हमेशा मैदान पर ऊर्जा से भरी रहती थीं, शायद इसलिए कि वह तेज गेंदबाज हैं। झूलन (39 वर्ष) अपने अथक समर्पण की बदौलत ही वनडे में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाली गेंदबाज बनीं। हालांकि स्विंग उनका सबसे बड़ा हथियार नहीं था लेकिन अपनी सटीक गेंदबाजी और सीम के बखूबी इस्तेमाल से वह इतने सारे विकेट अपनी झोली में डालने में सफल रहीं। मिताली ने याद करते हुए कहा कि नेट में भी उनका प्रतिस्पर्धी भाव दिखाई देता था। उन्होंने कहा, नेट पर मैं अकसर उनसे कहती, तुम गेंदबाजी में इतनी आग क्यों उगलती हो (आक्रामक गेंदबाजी करती हो), आखिर मैं तुम्हारी साथी ही हूं ना। फिर वह कहतीं, तुम्हें आउट करना सबसे मुश्किल है। वह हमेशा प्रतिस्पर्धी रहतीं, घरेलू क्रिकेट में भी, जिसमें भी हम अकसर एक दूसरे के खिलाफ खेलते थे। मुझे इस प्रतिद्वंद्विता में भी मजा आता था। एक तेज गेंदबाज से उम्मीद होती है कि वह बाहर से दिखने में सख्त हो लेकिन झूलन अंदर से बहुत नरम दिल की हैं। मिताली ने घरेलू क्रिकेट में एक मैच का वाकया बताया जिसमें झूलन का यह पक्ष दिखता है। मिताली ने कहा, हम सेमीफाइनल (रेलवे बनाम बंगाल) में खेल रहे थे। घरेलू सत्र में मैं हेलमेट नहीं ले जाती। झूलन मेरे सिर पर ही निशाना बनाए थी और मैंने उने कई बाउंसर छोड़ दिए थे। थोड़ी देर बाद वह मेरे पास आईं और बोलीं, तुम हेलमेट क्यो नहीं पहन रहीं ? मैंने कहा, मैं हेलमेट नहीं लाई , तो कैसे पहनूंगी ? वो भी मजेदार दिन थे। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा कि प्रतिद्वंद्वी भी उनका पूरा सम्मान करते थे, विशेषकर जब वह अपने शिखर पर थीं। उनकी सटीक गेंदबाजी उन्हें सबसे अलग करती थी। वह स्विंग में इतनी अच्छी गेंदबाज नहीं थी, वह गेंद को अंदर बाहर कर सकती थीं। कटर गेंद उनकी ताकत थी। जब वह अपने शिखर पर थीं तो वह कभी भी ढीली गेंद नहीं फेंकती थीं। तेज गेंदबाज रूमेली धर और अमिता शर्मा के संन्यास के बाद झूलन भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण में अहम बन गईं, भले ही टीम स्पिन पर निर्भर रहती। मिताली और झूलन ने ऐसे समय में एक साथ खेलना शुरू किया था जब महिला क्रिकेट की काफी अनदेखी की जाती थी। लेकिन 2006 में बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के अंतर्गत आने के बाद इसमें बदलाव शुरू हुआ।

## ईडन गार्डंस पर एक स्टैंड का नाम झूलन के नाम पर रख सकता है कैब

**कोलकाता।** बंगाल क्रिकेट संघ ईडन गार्डंस पर एक स्टैंड का नाम भारत की महान गेंदबाज झूलन गोस्वामी के नाम पर रखने की सोच रहा है। पश्चिम बंगाल के चकदा कस्बे की रहने वाली 39 वर्ष की झूलन इंग्लैड के खिलाफ शनिवार को तीसरे और आखिरी वनडे के साथ क्रिकेट को अलविदा कह देंगी। कैब अध्यक्ष अविषेक डालमिया ने कहा , हम ईडन गार्डंस पर एक स्टैंड का नाम झूलन के नाम पर रखने की सोच रहे है।वह खास क्रिकेटर है और लीजैंड मे उनका नाम दर्ज होता है। हम जल्दी अनुमति के लिए सेना से संपर्क करेंगे। हम वार्षिक दिवस पर उनके लिए विशेष सम्मान समारोह की भी योजना बना रहे है। कैब मे हम महिला क्रिकेट को भी समान तवज्जो देते हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को भले ही वह अलविदा कह रही है लेकिन हम चाहेगे कि वह महिला आईपीएल खेले।

## झूलन को गार्ड आफ आनर दिया गया

**लंदन।** शानदार करियर का आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रही भारतीय महिला टीम की तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी को शनिवार को यहां इंग्लैड के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे मे बल्लेबाजी के लिए उतरते समय मेजबान टीम की खिलाडियो ने गार्ड आफ आनर दिया। मैच के 40वे ओवर मे नौवे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरी महिला क्रिकेट की अब तक की सबसे बड़ी खिलाड़ियों मे से एक 39 वर्षीय झूलन को इंग्लैड की क्रिकेटरो ने प्रतिष्ठित लॉर्ड्स मैदान मे दो पंक्तियो मे खड़े होकर सम्मान दिया। झूलन महिला क्रिकेट मे सबसे अधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज के रूप मे अपने दो दशक के शानदार करियर का अंत करेंगी।

# हर्षल व चहल की फॉर्म पर होगी निगाह

● भारत का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरा और निर्णायक मैच आज

**भाषा।** हैदराबाद



## टी20 अंतरराष्ट्रीय में नए सिक्सर किंग बने रोहित शर्मा

**नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नागपुर में शुक्रवार को खेले गए दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच मे अपनी नाबाद 46 रन की पारी के दौरान पहला छक्का जड़ते ही क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। अब तक 138 मैच खेल चुके रोहित ने 20 गेंद की अपनी पारी मे चार छक्के लगाए और टी20 अंतरराष्ट्रीय मे अपने कुल छक्को की संख्या 176 पर पहुंचाई जो कि नया रिकॉर्ड है। रोहित ने न्यूजीलैंड के बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 121 मैचो में 172 छक्के लगा रखे हैं। गुप्टिल अक्टूबर मे ऑस्ट्रेलिया मे होने वाले टी20 विश्वकप मे सातवी बार भाग लेंगे और तब उनके और भारतीय कप्तान के बीच छक्को की जंग भी रोचक होगी। रोहित और गुप्टिल के अलावा फिलहाल किसी भी अन्य खिलाड़ी के इस जंग मे शामिल होने की संभावना नही है क्योंकि टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मे सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाजो की सूची मे तीसरे नंबर पर वेस्टइंडीज के क्रिस गेल काबिज है। वह 124 छक्को के साथ रोहित और गुप्टिल से काफी पीछे हैं। भारत की तरफ से रोहित के अलावा विराट कोहली (106 मैचो मे 104 छक्के) ने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मे 100 से अधिक छक्के लगाए है। विश्व के कुल 10 बल्लेबाज क्रिकेट के इस सबसे छोटे प्रारूप मे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 100 से अधिक छक्के लगा चुके है।

**पिछले मैच** में जीत दर्ज करके श्रृंखला को बराबर करने वाला भारत रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जब तीसरा और निर्णायक टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेलने के लिए उतरेगा तो उसकी निगाह अपने दो प्रमुख गेंदबाजों हर्षल पटेल और यूज़वेंद्र चहल की फॉर्म पर टिकी रहेगी। भारत ने नागपुर में दूसरे मैच में छह विकेट से जीत दर्ज करके श्रृंखला बराबर की लेकिन उसके लिए अपने गेंदबाजों विशेषकर हर्षल और चहल की फॉर्म चिंता का विषय है। भारतीय टीम टी20 विश्व कप से पहले इन दोनों को फॉर्म में वापसी करते हुए देखना चाहेगी। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह की वापसी अच्छी खबर है लेकिन वरिष्ठ तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की खराब फॉर्म चिंता का विषय है। भुवनेश्वर एशिया कप और फिर आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले मैच में भी नहीं चल पाए थे। उन्हें दूसरे मैच से बाहर कर दिया गया था क्योंकि कप्तान रोहित शर्मा मैदान गीला होने के कारण आठ ओवर का कर दिए गए इस मैच में केवल चार गेंदबाजों के साथ उतरना चाहते थे। डेथ ओवरों के विशेषज्ञ हर्षल ने चोट से उबरने के बाद वापसी की है लेकिन वह आत्मविश्वास से भरे हुए नहीं दिखे। उन्हें लय हासिल करने के लिए एक दो मैच और खेलने होंगे। अपनी विविधतापूर्ण गेंदबाजी के लिए मशहूर इस तेज गेंदबाज ने वर्तमान श्रृंखला में छह ओवरों में 81 रन लुटाए हैं और वह सबसे महंगे गेंदबाज साबित हुए हैं। हर्षल को लेंथ हासिल करने में दिक्कत आ रही है और उन्हें अभी तक एक भी विकेट नहीं मिला है। भारत बीच के ओवरों में स्पिनरों पर निर्भर है तथा जहां अक्षर पटेल का अच्छा प्रदर्शन उसके लिए अच्छी खबर है वहीं चहल की खराब फॉर्म चिंता का विषय। बल्लेबाजी में भारतीय शीर्ष क्रम में शामिल रोहित, केएल राहुल और विराट कोहली को अपने प्रदर्शन में निरंतरता दिखाने की जरूरत है। सूर्यकुमार यादव भी पिछले कुछ मैचों में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए लेकिन अच्छी बात यह है कि हार्दिक पंड्या लगातार अच्छा खेल दिखा रहे हैं। भारत के बल्लेबाजों की एक और कमजोरी लेग स्पिन है। लेग स्पिनरों के खिलाफ उनका संघर्ष जारी है और एडम जंपा भी उनकी इस कमजोरी का फायदा उठा रहे हैं। भारतीय टीम में फिनिशर की भूमिका निभा रहे दिनेश कार्तिक को आगे भी मौका मिलने की संभावना है। रोहित चोटिल जडेजा की जगह लिए गए अक्षर को भी टीम में बनाए रखना चाहेंगे। ऑस्ट्रेलिया भी भारत की तरह अपने गेंदबाजों के प्रदर्शन को लेकर चिंतित है।

# फेडरर ने टेनिस को अलविदा कहा,नडाल के साथ जोड़ी बनाई



**भाषा।** लंदन

**यह टेनिस के** लिए विशेष दिन था, जब रोजर फेडरर अपना आखिरी मैच खेलने के लिए कोर्ट पर उतरे और उनका साथ कोई और नहीं बल्कि वह राफेल नडाल दे रहे थे जिनके साथ उनकी कई वर्षों तक कड़ी प्रतिद्वंदिता रही। फेडरर ने शुक्रवार की रात को अपने चमकदार करियर को अलविदा कहा। इस 41 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने करियर में 20 ग्रैंडस्लैम खिताब जीते और वह कई सप्ताह तक दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी भी रहे। उन्होंने लेवर कप में अपना आखिरी मैच खेला जिसमें वह टीम यूरोप की तरफ से युगल मैच खेलने के लिए कोर्ट पर उतरे। उनके जोड़ीदार नडाल थे और इन दोनों दिग्गज खिलाड़ियों को टीम विश्व के फ्रांसिस टियाफो और जैक सॉक से हार का सामना करना पड़ा। टीम विश्व के खिलाड़ियों ने इस मैच को 4-6, 7-6 (2), 11-9 से जीता लेकिन यह केवल रिकॉर्ड के लिए है क्योंकि इस मैच के मायने कुछ और थे। यह विश्व टेनिस पर लंबे समय तक राज करने वाले फेडरर को विदाई देने का अवसर था। जब मैच समाप्त हुआ और फेडरर ने पेशेवर टेनिस को अलविदा कहा तो उन्होंने सबसे पहले नडाल और फिर टियाफो और सॉक को गले लगाया। फेडरर इसके बाद भावुक हो गए और जब वह टीम यूरोप के अन्य खिलाड़ियों से मिलने जा रहे थे तो वह अपने आंसुओं को नहीं रोक पाए। स्टेडियम में मौजूद दर्शक तालियां बजा रहे थे लेकिन साथ ही उनकी सिसकियां भी निकल रही थी। फेडरर ने इसके बाद दर्शकों का आभार व्यक्त किया जो दो घंटे से अधिक समय तक चले और रात 12 बजकर 30 मिनट पर समाप्त हुए मैच के दौरान अलविदा फेडरर, अलविदा फेडरर कह रहे थे। स्विजरलैंड के इस स्टार खिलाड़ी ने पिछले सप्ताह घोषणा की थी कि वह इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता के बाद टेनिस से संन्यास ले लेंगे। इसके बाद उन्होंने स्पष्ट किया कि युगल मैच उनका आखिरी मैच होगा। फेडरर को पिछले साल विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में हार के बाद अपने दाहिने घुटने के तीन ऑपरेशन कराने पड़े थे। इसके बाद वह कोर्ट पर नहीं उतर पाए और इस तरह से विंबलडन का वह मैच उनका आखिरी एकल मैच साबित हुआ। फेडरर ने पिछले दिनों एक साक्षात्कार में कहा था, जब मैंने तय किया कि यह (संन्यास लेना) सर्वश्रेष्ठ फैसला है तो मैं दुखी था। मुझे इसका दर्द महसूस हो रहा था। शुक्रवार को मैच से पहले फेडरर ने ट्वीट किया, मैंने हजारों बार ऐसा किया है लेकिन यह अलग तरह का अहसास है। आज रात मैच देखने के लिए आने वाले सभी का आभार। इस दिग्गज टेनिस खिलाड़ी ने अपने करियर में 20 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते जिनमें विंबलडन में आठ, ऑस्ट्रेलियाई ओपन में छह, अमेरिकी ओपन में पांच और फ्रेंच ओपन में एक खिताब शामिल है। फेडरर ने कुल मिलाकर 103 एकल खिताब जीते और वह 310 सप्ताह तक एटीपी रैंकिंग में नंबर एक पर काबिज रहे। इसके अलावा उनके नाम पर डेविस कप खिताब और ओलंपिक पदक भी दर्ज है। खेल से इतर उन्हें एक आदर्श खिलाड़ी माना जाता था जिन्होंने टेनिस को नई उंच्चाइयां प्रदान की।

## भावुक हो गए दोनों दिग्गज

### कोर्ट पर कड़ी प्रतिद्वंद्विता पर दिल में सम्मान

**नई दिल्ली।** टेनिस के दो महारथियो रोजर फेडरर और रफेल नडाल ने एक-दूसरे के बगल में बैठकर हाथ पकड़कर एक साथ रोते हुए लोगो को एक और अविस्मरणीय पल दिया जिसे भविष्य मे भी कभी नही भूला जा सकेगा। लंदन के ओ टू एरेना मे एक भी आंख ऐसी नही थी जो नम नही हो जहां फेडरर ने लीवर कप के दौरान टेनिस के खेल से अश्रुपूर्ण विदाई ली। यह अविस्मरणीय और भावनात्मक क्षण था। जो खिलाड़ी फौलाद के बने प्रतीत होते थे वे भावनाओ मे पिछलते नजर आ रहे थे। कोई संकोच नही था, कोई शर्म नही थी। यह ऐसा ही अवसर था। जब फेडरर अपना आखिरी मैच खेलने के बाद अपने साथियों, अपने प्रशंसको और परिवार का शुक्रिया अदा करने लगे तो उनकी आंखो से आंसू छलक पड़े और फिर वह जोर-जोर से रोने लगे। यह अविस्मरणीय क्षण था, आखिर फेडरर भी इंसान ही है। इसमे कोई संदेह नही कि ए दोनो टेनिस कोर्ट पर कदम रखने वाले सबसे कड़े प्रतिद्वंद्वी रहे जिन्होंने खेल को फिर से परिभाषित किया। उन्होंने दिखाया कि मानव शरीर को कितना मजबूत किया जा सकता है और क्या हासिल किया जा सकता है। और इसके बावजूद उन्होंने दिखाया कि उनके फौलादी शरीर के अंदर उनके पास बच्चों जैसा दिल है जो जीत के उत्साह और हार की पीड़ा से कही अधिक चीजे समझता है। उन्होंने दिखाया कि खेल के मैदान मे कड़े प्रतिद्वंद्वी होने के बावजूद आप अपने प्रतिद्वंद्वियो के प्रति सम्मानपूर्ण सकते है। यह एक प्रेरक मानवीय पहलू है जो फेडरर और नडाल को आज की दुनिया मे एक अलग मुकाम पर ले जाता है जब आक्रामकता की आड़ मे दूसरे का अपमान करना फैशन बन गया है। उन्होने अपने हाथ मे रैकेट लेकर जो किया वह हमेशा नवोदित खिलाड़ियों के लिए बहुमूल्य शिक्षा रहेगी।


# हरमीत-सुतिर्था को एकल खिताब

**भाषा।** सूरत



**गुजरात के** हरमीत देसाई ने शनिवार को यहां शानदार प्रदर्शन की बदौलत पुरूष एकल टेबल टेनिस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि पश्चिम बंगाल की सुतिर्था मुखर्जी ने दबदबे भरी जीत से महिला एकल खिताब अपने नाम किया। स्थानीय नायक हरमीत ने फाइनल में हरियाणा के सौम्यजीत घोष को 4-0 से और ओलंपियन सुतिर्था ने महिलाओं के फाइनल में राष्ट्रीय चैम्पियन श्रीजा अकुला को 4-। से मात दी। सुतिर्था ने इस तरह राष्ट्रीय खेलों का समापन तीन स्वर्ण पदक से किया, उन्होंने महिला एकल के अलावा युगल और टीम स्पर्धा में सोने का पदक जीता। हरमीत और एक अन्य गुजराती टेबल टेनिस खिलाड़ी मानुष शाह ने दो दो स्वर्ण पदक जीते। गुजरात के पुरूषों ने टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता था। मानुष शाह ने कृत्विका सिन्हा रॉय के साथ मिलकर गुजरात के लिए मिश्रित युगल स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया जिससे खचाखर्च भरे स्टेडियम में दर्शकों ने उनके लिए खड़े होकर तालियां बजाईं। पश्चिम बंगाल टेबल टेनिस स्पर्धा में चैम्पियन रहा, जिसके नाम चार स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक रहे।

## राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा नहीं लेंगी चोटिल सिंधू, उद्घाटन समारोह के दौरा मौजूद रहेंगी



**हैदराबाद।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा नहीं लेंगी क्योंकि वह टखने की चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाई हैं। यह दिग्गज खिलाड़ी हालांकि उद्घाटन समारोह में मौजूद रहेगी। बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान टखने में चोट लगा बैठी सिंधू 29 सितंबर को अन्य स्टार खिलाड़ियों के साथ उद्घाटन समारोह के लिए गुजरात में मौजूद रहेंगी। सूरत में दो अक्टूबर से बैडमिंटन की स्पर्धाएं शुरू होंगी। सिंधू ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि मैं चोट के कारण खेलों में प्रतिस्पर्धा पेश नहीं कर पा रही हूं। अगर मैं फिट होती तो निश्चित रूप से अपने राज्य (तेलंगाना) का प्रतिनिधित्व करती।

# वोकल फार लोकल प्रदर्शनी का आयोजन

**● पीएम मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

संवाददाता। फर्रुखाबाद




**शहर के** एक गेस्ट हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस उपलक्ष्य में सेवा पखवारा के चलते ओडीओपी प्रदर्शनी वोकल फार लोकल यानी जनपद में बनी विभिन्न चीजों का उत्पादन एवं इस्तेमाल करने हेतु तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया प्रदर्शनी का उद्घाटन सांसद मुकेश राजपूत ने जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह अशोक कुमार उपाध्याय उपायुक्त उद्योग जिला विकास अधिकारी भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता के साथ प्रदर्शनी में लगे विभिन्न विद्यालयों का अवलोकन करने से पूर्व ड्डा के माध्यम से समूह की महिला अध्यक्षों द्वारा लगाई गई । विभिन्न खाद्य सामग्री स्टॉल का फीता काटकर एवं मंच के पास दीप प्रज्वलित कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

वही जनपद में उत्पादन हुए जरदोजी ,रेडीमेड, ,, नमकीन, चाय, समोसा, चाय की पत्ती, छपाई उद्योग में विभिन्न प्रकार के स्टाल ,चादर ,साबुन ,अगरबत्ती, मोमबत्ती एवं समूह अध्यक्षों द्वारा बनाए गए। विभिन्न आइटम जैसे पानी के बताशे दाल की गुजिया एवं दिवाली पर जलने वाले मिट्टी के दिए एवं लिजिगंज सिविल अस्पताल के डॉक्टर ऋषि नाथ गुप्ता द्वारा अपने स्टाफ के साथ स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों को दवाइयां वितरित की गई । वही अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुकेश राजपूत व जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता को बैज लगाकर एवं बुके भेंट कर उनका सम्मान किया गया । इस मौके पर सांसद मुकेश राजपूत ने कहा की फर्रुखाबाद सफाई उद्योग की जननी है। फर्रुखाबाद का नाम विश्व में प्रसिद्ध है । फर्रुखाबाद आलू तंबाकू, दालमोठ पापड़ी आदि उत्पादन ओ के नाम से विश्व का भारत में जाना जाता है । जनपद वासी नए.नए उत्पादन पैदा कर जहां अपना रोजगार बनाएं। वही फर्रुखाबाद का नाम देश विदेश में रोशन करें । उन्होंने बताया है कि फर्रुखाबाद आलू उत्पादन के नाम से प्रसिद्ध है आलू से ही छपाई का डटा बनाकर छपाई होती थी अब आलू में चीनी मिलाकर उसकी बर्फी बनाई जाए जोकि व्रत के दौरान इस्तेमाल की जाए। इसी तरीके से अच्छी क्वालिटी के नमकीन वह मूंगफली दानों से दी मिठाई बनाई जाए। वही जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने भी नए.नए उत्पादन पैदा कर स्वरोजगार हासिल करें । इस मौके पर बैंक ऑफ इंडिया के अग्रणी जिला प्रबंधक डीएन पाल एवं यूको बैंक मैनेजर को उद्यमियों को लोन वितरण कर उन्हें रोजगार प्रदान करने हेतु सांसद एवं डीएम ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सूर्य प्रकाश भारद्वाज, वीरेंद्र सिंह राठौर, जिला आलू अधिकारी आर यन वर्मा परियोजना अधिकारी, जय विजय सिंह ,जूली शुक्ला, डॉ ऋषि नाथ गुप्ता, मुकेश गुप्ता, संजय गर्ग, रोहित गोयल सहित विभिन्न अधिकारी व नेता गण मौजूद रहे।

## फांसी लगा युवती ने किया आत्महत्या

**फतेहपुर।** किशनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बिकौरा अपने मायके में रह रही 19 वर्षीय युवती ने घर के अन्दर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। वहीं मृतका के दादा ने पति व ससुरालीजनों पर दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करना व मारपीट के बाद घर से भगाने का आरोप लगाया है। जिसके कारण युवती ने घटना को अंजाम दिया। बिकौरा गांव निवासी मेवालाल ने अपनी पुत्री रीतू की शादी 3 मई 2022 को गाजीपुर थाना क्षेत्र के बड़ागांव मझरिया गांव निवासी फूलचन्द्र पुत्र मोनू के साथ की थी। बताते है कि शाम नीतू ने घर के अन्दर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुँची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के दादा रामस्वरूप ने बताया कि शादी के बाद से ही ससुरालीजन वाशिंग मशीन व भैंस की मांग को लेकर आए दिन पुत्री को प्रताड़ित करते व मारते पीटते थे। रक्षाबंधन के पर्व पर वह अपने मायके आई थी तब से वही रह रही थी।

# महादेव वर्मा को स्मरण किया गया



**फर्रुखाबाद।** राजकीय बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़ का नाम महीयसी महादेवी वर्मा के नाम कर दिये जाने के उपलक्ष्य में स्कूल के सभागार में आभार कार्यक्रम का आयोजन किया गया । अभिव्यंजना की संस्था प्रमुख डा.रजनी सरीन, राष्ट्रीय स्तर के कवि डा, शिवओम अम्बर ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रतियोगियों ने महीयसी महादेवी वर्मा के जीवन पर चर्चा करके अपने विचार व्यक्त किया । आयोजित की गयी निबंध व काव्यपाठ प्रतियोगियों में लगभग 60 विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। राजकीय इंटर कालेज फर्रुखाबाद के छात्र प्रकाश मणि ने काव्यपाठ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अध्यक्षता डा, शिवओम अंबर ने की व संचालन अभिव्यंजना के समन्वयक भूपेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में पर्यटन अधिकारी डा चित्रगुप्त श्रीवास्तव मौजूद रहे। डा राजकुमार सिंह, डा शशि किरण सिंह प्राचार्या एन ए के पी डिग्री कालेज,कालेज की प्रधानाचार्य रिचा तिवारी, राजकुमार सिंह अभिव्यजना के पूर्व समन्वयक ने मंचासीन रहकर विचार व्यक्त किये। सभी को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में डा संतोष पाण्डेय , महेश पाल उपकारी, बी के सिंह ,वैभव सोमवंशी , भारती मिश्रा , गरिमा पाण्डेय, कौशलेंद्र यादव ,डा श्रीकृष्ण गुप्त, राघवेन्द्र बाजपेई, अनिल सिंह, विशाल श्रीवास्तव, त्रिलोकी गुप्ता, उपकार मणि सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। सभी बच्चों को मेडल पहनाकर, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया इसके अलावा कालेजों के प्रधानाचार्यों को एक एक महादेवी वर्मा का चित्र भेट किया गया।

# घाटमपुर के 17 हजार कार्ड धारकों को अब 25 से 28 तक मिलेगा माह जून का खाद्यान

**● 25 से 28 तक बितरण होगा गेंहू-चावल जारी हुआ रोस्टर**

**घाटमपुर।** बीते माह अगस्त में प्रधान मंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का खाद्यान जिन गरीबों को नही मिला था उनको अब 25 से 28 तक गेंहू-चावल मिलेगा, भारत सरकार द्वारा माह जून के खाद्यान उठान की तिथि एक सप्ताह बिस्तार करने के बाद प्रदेश के खाद्य तथा रसद आयुक्त मार्कण्डेय शाही ने कोटेदारों को खाद्यान आवंटित करने का आदेश जारी कर दिया है, जिससे जिन कोटेदारों को गल्ला नही मिला था, मालुम हो कि तहसील के 86 कोटेदारों को गेंहू-चावल उनकी दुकान तक नही पंहुचा था जिसको लेकर 20 अगस्त को यहाँ समाधान दिवस में पंहुचे एडीएम आपूर्ति सतीश चंद्र से उचित दर बिक्रेता सेवा समिति के अध्यक्ष सुभाष चंद्र द्विवेदी के नेत्रत्व में मिले थे, इस खबर को हिन्दी पायनियर ने अपने 21 अगस्त के अंक में दुकान तक खाद्यान पहुचाने की योजना पहली बार ही हुई धड़ाम शीर्षक से प्रकाशित की थी, उधर प्रदेश के खाद तथा रसद आयुक्त ने भारत सरकार के कार्यालय से आये पत्र संख्या-एफ न0 7-1 2019 बी0पी0-।।। (बी0टी0) -।।। दिनांक 08.09.2022 का हवाला देते हुए प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को पत्र लिख कर आवंटन माह जून 2022 के खाद्यान उठान एंव निर्गमन की तिथि बढ़ा दिये जाने की बात कह भारत सरकार के कार्यालय से जारी पत्र की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर यानी 15 सितम्बर तक राशन का उठान/निर्गमन सुनिश्चित कराये जाने का आदेश दिया है। आपूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार ने बताया कि बिकास खंण्ड घाटमपुर 54, भीतरगांव 22 और पतारा के 10 कोटेदारों के दुकान में राशन पंहुच गया है।

# महाविद्यालय में विधायक ने स्मार्टफोन वितरित किया



**फतेहपुर।** किरन सिंह महाविद्यालय गाजीपुर में स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित टेबलेट/स्मार्टफोन वितरण योजना के अर्न्तगत महाविद्यालय के स्नातक तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किये गये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा विधायक अयाह शाह विकास गुप्त ने छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किये और कहा कि स्मार्टफोन का सदुपयोग करते हुये इससे अधिक से अधिक ज्ञानार्जन करना चाहिये। कार्यक्रम मे विशिष्टि अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्रबन्धक एवं उदय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के चैयरमैन उदय प्रताप सिंह ने स्मार्टफोन वितरित करते हुये कहा कि वे मोबाइल नेटवर्क के माध्यम से राष्ट्रीय एवं अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध ज्ञान को अर्जित करने का प्रयास करें और परीक्षा में अव्वल आकर महाविद्यालय का नाम रोशन करें। इस अवसर पर एए इण्टर कॉलेज के प्रवक्ता डॉ अश्वनी कुमार शुक्ल सहित अन्य स्थानीय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज प्रवक्ता डॉ विकास त्रिवेदी ने किया। प्राचार्य डॉ प्रमोद कुमार शुक्ल ने कहा कि इस योजना के अन्तर्गत छात्र-छात्राएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देश को डिजिटल इण्डिया बनाने के सपने को साकार करें और इण्टरनेट के जरिये अपना चौमुखी विकास करें। कार्यक्रम को सफ्लतापूर्वक संपन्न करने में महाविद्यालय के रवि तिवारी, प्रबोध कुमार, लालसा सिंह, वीरेन्द्र सिंह, रमा रमण द्विवेदी, कुमारी वंदना, दरक्शा रहमान, संदीप कुमार, चंदमौली शुक्ला, विकास कुमार और श्रुति तिवारी का विशेष योगदान रहा।

## पुलिस और राजस्व कर्मी आपस में समन्वय बनाकर करें शिकायतों का निस्तारणः डीएम

**फतेहपुर।** जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति व पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने थाना समाधान दिवस में थाना कोतवाली नगर में फरियादियों की जन शिकायतें सुनी। कुछ शिकायतों का मौके पर निस्तारण भी किया गया। डीएम ने शेष शिकायतों का जल्द निस्तारण करने के सख्त निर्देश दिए। चतुर्थ शनिवार को थाना समाधान दिवस पर जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व कर्मी व पुलिस विभाग आपस मे समन्वय बनाकर शिकायतों का निस्तारण तत्परता से करें। जन शिकायतों के मामले में जरूरत मुताबिक मौके पर जाकर शिकायतों के निस्तारण कराये। सभी राजस्व कर्मी अपने अपने क्षेत्र के शिकायत रजिस्टर में शिकायतों को दर्ज करते हुए शीघ्र उनका निस्तारण गुणवत्तापूर्ण करें। यदि राजस्व कर्मियों को कहीं भी पुलिस की जरूरत पड़ती है तो वह तत्काल थाने से पुलिस बल लेकर प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त जन शिकायतों का निस्तारण करें। वही हुसैनगंज थाने में अपर पुलिस अधीक्षक अनिरुद्ध कुमार ने लोगों की शिकायतें सुनी।

## क्विक न्यूज

### उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का आगमन 28 को



**फर्रुखाबाद ।** 28 सिंतबर को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जी के जनपद आगमन के दृष्टिगत जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा हैलीपैड व जनसभा स्थल ग्राम दहलिया थाना राजेपुर का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा.निर्देश दिये गये। वही जिलाधिकारी श्री संजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना राजेपुर में जनसमस्याओं को सुना गया एवं प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

### वरिष्ठ पत्रकार मुन्ना सिंह चौहान का निधन



**घाटमपुर।** वरिष्ठ पत्रकार मुन्नासिंह चौहान का आज सबेरे निधन हो गया वो 68 वर्ष के थे तथा कानपुर से प्रकाशित एक बड़े समाचार पत्र में लम्बे समय तक जुड़े रहे। वो कलम के धनी और मिलन सार पत्रकारों में उनकी गिनती होती थी, और इसी के चलते मुन्ना सिंह चौहान पत्रकारों के अलावा समाजिक और राजनैतिक क्षेत्र में उनकी सेवायें लम्बे समय तक याद रहेंगी। महानगर के हरबंस मोहाल निवासी एस0पी0 सिंह उर्फ मुन्ना चौहान की लोक प्रियता का अंन्दाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वो घाटमपुर क्षेत्र के गांव गड़ाथा के ग्राम प्रधान भी चुने गये थे तथा 5 सालों तक जनता की सेवा कर सब के चहेते बन गये थे, परिजनों के मुताविक उनका अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने पर हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहॉ आज सवेरे उन्होंने अन्तिम सांस ली। वो अपने पीछे पत्नी गीता सिंह चौहान पुत्र अनुरुद्व सिंह उर्फअन्नू व प्रबुध सिंह उर्फरानू तथा पुत्री मानू को बिलखता छोड़ गये है, भाजपा कानपुर ग्रामीण के जिला मंत्री दलजीत सिंह, भाजपा बरीपाल मंण्डल के महामंत्री पुष्पेंन्द्र सिंह, गड़ाथा निवासी धर्मेन्द्र सिंह और वरिष्ठ पत्रकार अनिल विद्यार्थी ने उनके निधन पर गहरा दुख ब्यक्त किया है उनकी आत्मा की शान्ति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की है। उनका अन्तिम संस्कार भगवत दास घाट में कर दिया गया, इस अवसर पर बड़ी संख्या में बिधायक सलिन बिश्नोई, अभिताप बाजपेयी के अलावा बड़ी संयख में पत्रकार, राजनैतिक दलों व सामजिक संगठनों के लोग मौजूद थे।

### ट्रक ने अधेड़ को रौंदा, मौत

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मौहार के समीप एनएच-2 में सुबह खेत से पैदल घर जा रहे 57 वर्षीय अधेड़ को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौहार गांव निवासी स्व0 रामऔतार चौहान का पुत्र शत्रुघन सिंह चौहान सुबह खेत से घर वापस आ रहा था। जब वह हाइवे किनारे जा रहा था। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार आ रहे ट्रक ने उसे रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाद घर में मातम छा गया।

### जनपद न्यायाधीश ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

**फतेहपुर।** जिला कारागार का जनपद न्यायाधीश रणंजय कुमार वर्मा, जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति, पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने सयुक्त रूप से औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कारागार में स्थित चिकित्सालय, दवा भण्डारण कक्ष (स्टोर रूम), चिकित्सा कक्ष, पाकशाला (रसोई घर) बैरकों, आंगनवाड़ी केन्द्र, महिला पाठशाला को देखा। जनपद न्यायाधीश ने पाया कि उपस्थित निरुद्ध बंदी मरीजों को उचित ढंग से उपचार किया जा रहा है। दवा भंडारण कक्ष (स्टोर रूम) में दवाओं के उपयोग के वैधता दिनांक को देखा जो उपयोग के लिए वैध पायी गयी। पाकशाला (रसोई घर) में भोजन बनाया जा रहा था। जहां साफ्सफाई की व्यवस्था सही पायी गई। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग हाईस्कूल की 29 निरुद्ध बंदियों ने परीक्षा दिया। जिसमें 22 निरुद्ध बन्दियों ने परीक्षा में पास हुये। पास हुए बंदियों को जिला जज, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने प्रमाण पत्र दिया। जनपद न्यायाधीश ने बैरक में निरुद्ध बन्दियों से व्यवस्थाओ के बारे पूंछतांछ की। बन्दियों के बैगों की भी जांच की गई। जेल अधीक्षक ने बताया कि महिला बंदियों के बच्चों के शिक्षा के लिए आगनवाड़ी केंद व सुरक्षा के साथ जेल से बाहर स्कूल भी जाते है। जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने बन्दियों की समस्याओ को सुना। जनपद न्यायाधीश ने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि नियमानुसार कार्यवाही करते हुए पत्राचार करें। जिससे कि बन्दियों की समस्याओं को निराकरण हो सके।

### अमेज़न का ग्रेट इंडियन फेस्टिवल सेलीब्रेशन

**लखनऊ।** अमेज़न डॉट इनग्रेट का सबसे बड़ा फेस्टिव सेलीब्रेशन अमेज़ॅन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2022 लाखों सेलर्स, छोटे और मध्यम बिजनेस और लोकप्रिय ब्रांडों के प्रोडक्ट पर शानदार डील्स ऑफर करता है। ग्रॉसरी, अमेज़ॅन डिवाइसए होम एंड किचन और अन्य कैटेगारी में टॉप ब्रांड के प्रोडक्ट के विशाल सलेक्शन पर शानदार डील्स प्राप्त कर सकते हैं। कस्टमर्स को सभी कैटेगरी में टॉप इंडियन और ग्लोबल ब्रांडों और लाखों छोटे बिजनेस के शानदार ऑफर के साथ अमेज़ॅन लॉन्चपैड, अमेज़ॅन सहेली, अमेज़ॅन कारीगर जैसे प्रोग्राम के अंतर्गत अमेज़ॅन सेलर्स के प्रोडक्ट खरीदने का मौका मिलेगा। ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान खरीदारी करने वाले कस्टमर्स एसबीआई बैंक जैसे प्रमुख पाटर्नर बैंकों के आकर्षक ऑफर प्राप्त कर सकते हैं।

### पुलिस मुठभेड़ में गौ तस्कर को लगी गोली, साथी फरार

**फतेहपुर।** पुलिस मुठभेड़ में शुक्रवार रात गोली लगने से एक गोकस घायल हो गया। जबकि उसका दूसरा साथी भागने में सफल रहा। पुलिस ने जंगल में दूसरे साथी की तलाश में छापामारी की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। एसपी राजेश कुमार सिंह मौके ने मौके पर पहुंचकर टीम को 25 हजार का ईनाम दिया। थरियांव थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह और स्वॉट टीम द्वितीय प्रभारी विंध्यवासिनी तिवारी की संयुक्त टीम रात करीब 11 बजे गोकसी की सूचना मिली। सूचना के आधार पर टीम फैजुल्लापुर नहर पुलिया के पास पहुंची। एसपी ने बताया कि नहर पुलिया जंगल में पुलिस की जीप देखकर गोकसों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में हथगाम थाने के रायपुर मुआरी निवासी मोहम्मद इमरान के पैर में गोली लगी। उसका साथी बल्लू उर्फ आमिर निवासी हसवा अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। उसे पकड़ने के लिए काफी देर तक टीम सर्च अभियान चलाए रही। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मौके पर मोहम्मद इमरान का तमंचा, बाइक, गोकशी के उपकरण बरामद हुए। गोकशी के लिए गोवंश को पेड़ पर बांधा गया था। पुलिस सही समय पर नहीं पहुंचती तो गोकशी कर आरोपी भाग जाते। आरोपी मोहम्मद इमरान खिलाफगोकशी के छः मुकदमे दर्ज हैं। दो बार पहले गैंगस्टर लगाया जा चुका है।

# डीएम और एसपी ने सिकन्दरा व सट्टी थाना समाधान दिवस में सुनीं समस्यायें

संवाददाता। कानपुर देहात

**डीएम नेहा** जैन व एसपी सुनीति ने सिकन्दरा व सट्टी थानों में आयोजित थाना समाधान दिवस पर जनसुनवाई करते हुये फरियादियों की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के निर्देश दिये। जनपद के रूरा, अकबरपुर, शिवली, रसूलाबाद, गजनेर,मॅगलपुर, देवराहट, अमराहट, भोगनीपुर सहित अन्य थानों पर भी थाना समाधान दिवस आयोजित किया गया।



रूरा थाना समाधान दिवस में फरियादी से प्रार्थना पत्र लेते थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव

सिकन्दरा व सट्टी थाने पर आयोजित समाध्धान दिवस में डीएम व एसपी ने जनसुनवाई करते हुये थाने पर आये पीडितों/फरियादियों की समस्याओं को बारी-बारी से गम्भीरता के साथ सुना। मौके पर मौजूद पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को तत्काल मौके पर जाकर शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिये। रूरा थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार यादव की अध्यक्षता में फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। जनपद में अपनी योग्य पुलिस अधिकारियों में शुमार होने वाले प्रवीण कुमार यादव ने अधीनस्थों को तत्काल प्रभाव से मौके पर जाकर पीडितों को न्याय शुलभ कराने के निर्देश दिये। रूरा थाने में आयोजित सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में रूरा चौकी ईंचार्ज मॅजीत दयाल सहित अन्य पुलिस अधिकारी, क्षेत्रीय लेखपाल व भारी सॅख्या में फरियादी मौजूद रहे। रूरा एसओ द्वारा फरियादियों की शिकायतों के निस्तारण में त्वरित कार्यवाही से फरियादी संतुष्ट नजर आ रहे थे। जनपद के अन्य थानों पर भी थाना समाधान दिवस आयोजित कर पीडितों की समस्यायें सुनी गयी।

## शिवली पुलिस ने 4 सौ ग्राम से अधिक चरस के साथ आरोपी को पकड़ा

**कानपुर देहात।** एसपी सुनीति के निर्देश पर अपराध एवॅ अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत शिवली पुलिस ने शनिवार को चार सौ बीस ग्राम चरस के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। शिवली पुलिस को शुक्रवार को ही मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति कुछद मादक पर्दाथ लेकर जा रहा है जिसकी सूचना को तस्दीक करते हुये शिवली पुलिस टीम ने अविलम्ब कार्यवाही करते हुये घटना स्थल पर पहुॅचकर एक व्यक्ति को हिरासत में ले उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 420 ग्राम अवैध चरस मिली। पूॅछतॉछ में अभियुक्त ने अपना नाम अशोक नाथ पुत्र लाखन नाथ उम्र करीब 35 वर्ष बतायी तथा उसने अपना पता दुन्दपुर जोगरी डेरा थाना शिवली कानपुर देहात बताया। गिरफ्तार किये गये अभियुक्त को नियमानुसार न्यायालय में पस्तुत करने के बाद जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है।

# केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आज जनपद में

**कानपुर देहात।** केन्द्रीय सडक एवॅ परिवहन मंत्री नितिन गडकरी आज जनपद का दौरा करेंगे। केन्द्रीय मंत्री के साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी भी मौजूद रहेंगे। आज जनपद के कॅचौसी गॉव में पॅडित दीनदयाल उपाध्याय की जयॅती के अवसर पर एक कार्यक्रम के साथ जनसभा का आयोजन किया गया है। जिसमें शिरकत करने के लिये केन्द्रीय सरकार के प्रभावशाली मंत्री नितिन गडकरी का आगमन हो रहा है। केन्द्रीय सडक व परिवहन जैसे महत्वपूर्ण विभाग का जिम्मा सम्भालने के बाद सडकों व परिवहन के क्षेत्रों में क्रान्तिकारी कदमों से देश की तस्वीर व तकदीर बदलने वाले केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र कुमार चौधरी भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले करीब एक हजार व्यक्तियों को सम्मनित भी किया जायेगा। कार्यक्रम आयोजक सॉसद देवेन्द्र सिंह भोले ने प्रेस वार्ता कर कार्यक्रम के विषय में विस्तार से जानकारी दी।

## जिलाधिकारी के निर्देशन में पशुपालन विभाग की 31 टीमें गठित

**फतेहपुर।** जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति के निर्देश के क्रम में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 हरीशंकर वर्मा ने बताया कि जनपद में लम्पी स्किन डिजीज के बचाव हेतु गौवंशीय पशुओं में एल0एस0डी0 टीकाकरण हेतु पशुपालन विभाग की 31 टीमें गठित की गयी हैं। समस्त टीमें कल तहसील बिन्दकी अंतर्गत विकास खंड देवमई, अमौली एवं मलवां के ग्रामो में टीकाकरण अभियान चलाते हुए गौवंशीय पशुओं को एल0एस0डी0 टीकाकरण से आच्छादित करेंगी। उन्होंने गौपालकों से अपील की है कि उक्त ब्लॉकों के ग्रामो के गौपालक टीकाकरण टीम के पहुंचने पर अपने गोवंश को लम्पी स्किन डिजीज से बचाव हेतु आवश्यक रूप से टीकाकरण से आच्छादित कराये।

# सीडीओ ने तहसील सिकंदरा के विकास खण्ड राजपुर के ग्राम रमऊ में विकास के सभी घटकों का किया गहन निरीक्षण

**कानपुर देहात।** ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देने व कुशल अनुश्रवण करने हेतु आज मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय द्वारा तहसील सिकंदरा के विकास खण्ड राजपुर के ग्राम रमऊ में विकास के सभी घटक जैसे विद्यालयए आंगनवाड़ी केंद्रए शौचालयए साफ सफाई व्यवस्थाए पोषण वाटिकाए स्वास्थ्य केंद्रए टीकाकरणए पुष्टाहारए एस0एच0जी0 समूह की आजीविका में वृद्धिए राशन वितरणए कुपोषण हटाओ अभियानए तालाबए अमृत सरोवरए विद्युत व्यवस्थाए सड़क निर्माणए सोलर लाइटए सहित अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण कर एवं आवश्यक सुधार किए जाने हेतु संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पंचायत घरए रमऊ में विभागीय अधिकारियों के साथ वार्ता करते हुए विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत ग्रामीण जनता को मिलने वाले लाभके संबंध में चर्चा करते हुए फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत समीप ही बन रहे खेल मैदान के निर्माण का जायजा लिया। उन्होनें खेल मैदान में पूर्व से ही योगाए वॉलीबालए ओपन जिम व बच्चों हेतु स्थल शीघ्र तैयार किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने नावनिर्माणाधीन उपस्वास्थ्य केंद्र व आंगनवाड़ी केंद्र का अवलोकन किया जिस हेतु कार्यदायी संस्था आरईएस को ज़हीघ्र कार्य पूर्ण कर आंगनवाड़ी केंद्र पर पेंटिंग कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राथमिक विद्यालयए रमऊ का भी निरीक्षण किया जिसमें पुस्तकालय कक्ष का निरीक्षण कियाए जिसको परौख प्राथमिक विद्यालय की तर्ज पर तैयार करने के निर्देश प्रधानाध्यापक को दिए। उन्होंने कक्षा 5 में अध्यनरत छात्रा रमज़ा से कहानी सुनी व छात्र आर्यन से गणित के प्रश्न को बोर्ड पर कराया गया जिसके उपरान्त उन्होनें छात्र छात्राओं को सराहा व शिक्षक को निपुण भारत लक्ष्य के अनुरूप शिक्षण कार्य किये जाने के निर्देश दिए।

# कैबिनेट व राज्यमंत्री ने ओडीओपी प्रदर्शनी के दूसरे दिवस का किया शुभारंभ

**● रोजगार मेले में 476 अभ्यर्थियों का हुआ चयन, कैबिनेट व राज्य मंत्री ने चयनित अभ्यर्थियों को वितरित किए नियुक्ति पत्र**

संवाददाता। कानपुर देहात

**प्रधानमंत्री** के 17 सितंबर जन्मदिवस से सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत लोकल फॉर लोकल के अन्तर्गत जनपद कानपुर देहात के ओडीओपी उत्पादों एवं हस्तशिल्पीयो द्वारा निर्मित वस्तुओं (यूटेन्सिल्सए प्लास्टिक प्रोडक्ट एवं अन्य उत्पाद) की प्रदर्शनी एवं बिक्री का आयोजन किया गया, उक्त कार्यक्रम के दूसरे दिवस कैबिनेट मंत्री राकेश सचान व राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया, कार्यक्रम में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

कार्यक्रम में मिशन निदेशक, उप्र कौशल विकास मिशन लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में कौशल विकास मिशन, आईटीआई एवं सेवायोजन द्वारा संयुक्त रुप से जनपद स्तरीय वृहद रोजगार मेला इको पार्क, माती मुख्यालय, कानपुर देहात में आयोजित किया गया। रोजगार मेले का शुभारम्भ मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राकेश सचान द्वारा किया गया साथ ही राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थिति रहीं।

उक्त रोजगार मेले में कौशल विकास मिशन एवं आईटीआई उत्तीर्ण व गैर तकनीकि प्रशिक्षार्थियोंध्अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। रोजगार मेले में सुनील ऑटो गुड़गांव, केएचवाई इलेक्ट्रानिक इण्डिया नोएडा, एमटी ऑटोकार्पोरेशन हिमांचल, क्वांटम केनाईट.3 तमिलनाडू, मिण्डा गुजरात, टाटा मोटर्स गुजरात, सुजुकी मोटर्स गुजरात, पुखराज हेल्थकेयर कानपुर, इशिता टेक्सटाईल कानपुर, ब्राईट फ्यूचर लखनऊ, फ्रन्टियर एलाय स्टील लि0 रनियां, नेरोलेक पेन्टस जैनपुर, अरविन्द फुटवियर कानपुर देहात आदि कुल 19 कम्पनीज द्वारा रजिस्टर्ड 1184 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार किया, जिसमें 476 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। कार्यक्रम में सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत कैबिनेट मंत्री राकेश सचान जी, राज्य मंत्री महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग प्रतिभा शुक्ला जी, भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रामजी मिश्रा एवं अन्य जनप्रतिनिधियां के साथ.साथ मुख्य विकास अधिकारी महोदया सौम्या पाण्डेय जी की गरिमामयी उपस्थिति में 57 दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल का वितरण किया गया। इसके पश्चात जनपद की 23 ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं 07 सहायिकाओं को 02.02 साड़ियों का वितरण कर साड़ी वितरण का शुभारम्भ किया गया एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड के दौरान जिनके माता पिता की मृत्यु हो गयी थी उनके बच्चों को कैबिनेट मंत्री व राज्यमंत्री ने 18 लाभार्थियों को लैपटॉप वितरित किये गये एवं उद्योग लगाने हेतु उद्योग विभाग द्वारा ऋण स्वीकृत लोन की चेक लाभार्थियों को वितरित की गयी।

## कंचौसी में आयोजित जनसभा के दृष्टिगत रूट डायवर्जन

**कानपुर देहात।** कॅचौसी में केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी के आगमन व जनसभा को दृष्टिगत रखते हुये जनपद के प्रमुख मार्गों में रूट डायवर्जन किया गया है। बिरहाना अण्डर पास से भारी वाहन औरैया होकर दिबियापुर होते हुये बेला की ओर जायेंगे। बिरहाना से छूटे हुये या बीच में किसी अन्य इन्ट्री प्वॉइण्ट से मॅगलपुर की ओर आने वाले वाहन ढोमुआ तिराहा थाना क्षेत्र मॅगलपुर से डेरापुर की ओर डायवर्ट कर दिये जायेंगे। रसूलाबाद से लहरापुर की ओर आने वाले भारी वाहन सीधे न जाकरबेला औरैया होकर सिकन्दरा आ सकेंगे।रसूलाबाद की ओर आने वाले वाहन करियाझाला तिराहा से कंचौसी न जाकर झींझक होते हुए नहर पटरी से सिठमरा होते हुए वाया चिलौली डेरापुर होकर मुॅगीसापुर एनएच 19 पर जा सकेंगे।

# हर्ष फायरिंग में शिवगढ़ पुलिस ने एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**● बर्थडे पार्टी में तलवार से काटा गया था केक की गई थी हर्ष फायरिंग**

संवाददाता। शिवगढ़,रायबरेली



**बर्थडे पार्टी में** तलवार से केक काटे जाने के साथ ही हर्ष फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस आरोपियों तक तो पहुंच गई है। किन्तु पुलिस आरोपियों को बचाने में जुटी हुई है। गौर तलब हो कि शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें तलवार से केक काटने के साथ ही बंदूक से हर्ष फायरिंग की जा रही थी। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हरकत में आई शिवगढ़ ने जब जांच पड़ताल शुरू की तो मामला शिवगढ़ थाना क्षेत्र के धौकलगंज मजरे अलीपुर गांव का निकला। आरोप है कि जहां रवि नाम के युवक ने बर्थडे में तलवार से केक काटा था और बंदूक से हर्ष फायरिंग की थी। पुलिस ने आरोपी रवि को तो गिरफ्तार कर लिया है किन्तु पुलिस ने बंदूक के मालिक के खिलाफ खबर लिखे जाने तक कोई कार्यवाही नही की। वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि बर्थडे पार्टी में सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे। कुछ लोग छत पर खड़े होकर बर्थडे पार्टी को देख रहे थे, ऐसे में किसी को गोली भी लग सकती थी। ज्ञात हो कि हर्ष फायरिंग एवं शस्त्र प्रदर्शन पर सख्त प्रतिबंध है इसके बावजूद बर्थडे पार्टी में बेखौफ होकर तलवार से केक काटा जा रहा था, हर्ष फायरिंग की जा रही थी। पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त करने एवं ऑनलाइन ऑर्डर मेंटेन करने के उद्देश्य से अभी हाल ही में गरुड़ अभियान की शुरुआत की है। इसके बावजूद इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं। विडम्बना है कि सैकड़ों की संख्या में मौजूद लोगों की उपस्थिति में बर्थडे पार्टी में तलवार से केक काटा गया और हर्ष फायरिंग की गई और शिवगढ़ पुलिस को भनक तक नहीं लगी। आखिर कहां गया पुलिस का खुफिया तंत्र। इस बाबत जब थानाध्यक्ष राकेश चंद्र आनंद से बात की गई तो उन्होंने बताया कि एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है और जिसकी बन्दूक है उसको बुलाया गया है।

# आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिलाने के लिए स्वास्थ्य विभाग प्रयासरत: पूर्णिमा श्रीवास्तव

संवाददाता। रायबरेली

**आयुष्मान भारत** प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की चौथी वर्षगांठ पर बचत भवन में आयुष्मान भारत दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष पूर्णिमा श्रीवास्तव ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना का अधिक से अधिक लोगों को लाभ दिलाने के लिए स्वास्थ्य विभाग प्रयासरत है। उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनवाने और वितरित करने में स्वास्थ्य विभाग का हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रति परिवार प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक की मुफ्त इलाज की सुविधा सरकारी/चिन्हित निजी चिकित्सालय में प्राप्त कर सकता है। कोई भी लाभार्थी अपना आधार कार्ड, राशन कार्ड, श्रमिक बोर्ड से पंजीकरण पहचान पत्र या श्रम कार्ड, अंत्योदय कार्ड, प्रधानमंत्री या फिर मुख्यमंत्री की चिट्ठी इत्यादि ले जाकर किसी भी जिला अस्पताल, जिला महिला अस्पताल, सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र), जन सेवा केंद्र पर जाकर निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। इसके साथ ही पंचायत सहायक से भी मिलकर आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं।इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, डॉ0 अरुण वर्मा, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी डीएस अस्थाना, जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ हरीश वैश्य, आयुष्मान मित्र शंकर भारती एवं आशीष त्रिवेदी तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

## क्विक न्यूज

### किशोरी को भगाने वाले छह आरोपियों के विरुद्ध मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**खीरों (रायबरेली)।** थाना क्षेत्र के एक गांव की एक महिला ने अपने ही गांव के युवक पर अपनी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। खीरों पुलिस ने किशोरी की मां की तहरीर के आधार पर एक महिला समेत कुल छह आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर किशोरी की खोजबीन शुरू कर दी है। किशोरी कि माता ने खीरों थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि 19 सितंबर 2 बजे घर में मेरी बेटी अकेली थी। थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार अवस्थी ने बताया कि किशोरी के माता की तहरीर के आधार पर नामजद आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। किशोरी की खोजबीन की जा रही है।

### जिलाधिकारी ने आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनवाने की अपील की

**रायबरेली।** जिलाधिकारी श्रीमती माला श्रीवास्तव ने कहा कि जनपद में 15 से 30 सितम्बर तक आयुष्मान पखवाड़ा के तहत गोल्डन कार्ड बनाये जाने का अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र वासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पंचायत सचिव आदि के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में गोल्डन कार्ड बनवाएं जिस पर अधिकतम 5 लाख रुपये तक की निःशुल्क इलाज की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जनपद की समस्त पीएचसी, सीएचसी तथा चिकित्सालयों में गोल्डन कार्ड बनाये जा रहें हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में जनपद रायबरेली में गोल्डन कार्ड बनाये जाने के कार्य की प्रगति संतोषजनक है, इस प्रगति को उच्चतम स्तर पर पहुंचाने में सहयोग करें।

### आरक्षी राहुल सिंह के अन्तिम संस्कार में पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की

**रायबरेली।** जिलाधिकारी श्रीमती माला श्रीवास्तव ने थाना सरेनी के गांव दुलापुर के राहुल सिंह, आरक्षी सशस्त्र सीमा बल में तैनात, की असामयिक मृत्यु के उपरान्त उनके अन्तिम संस्कार हेतु उपजिलाधिकारी लालगंज को निर्देश दिये कि नियमानुसार अन्तिम संस्कार में उपस्थित रहें। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में क्षेत्राधिकारी पुलिस एवं नायब तहसीलदार तथा अन्य अधिकारियों ने अंतिम संस्कार में प्रतिभाग किया। इससे पूर्व उपजिलाधिकारी लालगंज आदि ने आरक्षी राहुल सिंह के शोक संतप्त परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की। आरक्षी श्री राहुल सिंह 50वीं वाहिनी बलरामपुर में तैनात थे जिनका 22 सितम्बर 2022 को अचानक निधन हो गया।

### एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस सम्पन्न

**ऊंचाहार।** कोतवाली परिसर में एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस सम्पन्न हुआ, इस दौरान कुल आयी 8 शिकायतों में एक भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं किया जा सका, सभी शिकायतों के निस्तारण के लिए टीम गठित कर मौके पर भेजी गई है।एसडीएम आशीष कुमार मिश्रा ने आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की समस्या सुनी।पट्टी रहस कैथवल निवासी रंजीत सिंह ने गांव के ही चार लोगों पर भूमि कब्जाने का आरोप लगाते हुए शिकायत की तो अड्डा कल्यानी निवासी रामजियावन ने पैतृक मकान में हिस्सा दिलाये जाने को लेकर प्रार्थना पत्र दिया,पूरे गुलाब कंदरांवा निवासी मीना देवी ने गांव के ही कुछ लोगों पर भूमि कब्जाने व गालीगलौज करने का आरोप लगाते हुए शिकायत की है। इस मौके पर कोतवाल संजय त्यागी, अपराध निरीक्षक दिग्विजय प्रताप समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### बालिका के साथ छेड़छाड़ पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया

**ऊंचाहार-**कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी दस वर्षीय बालिका के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। गाँव निवासी एक युवक ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया था कि उसकी दस वर्षीय बेटी शुक्रवार की दोपहर बाद गांव के पास बकरी चराने गई थी, तभी गांव के ही एक अधेड़ व्यक्ति का उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी, बालिका के शोर मचाने पर आरोपी मौके से भाग निकला, देर शाम परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर आरोपी व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाल संजय त्यागी ने बताया कि छेड़छाड़ के मामले में बदलू लोधी के विरुद्ध पॉक्सो समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

### एस.जे.एस बछरावां के छात्रों का जेईई व नीट की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बछरावां।** रायबरेली होनहार बिरवान के होत चिकने पात की पंक्ति को चरितार्थ करते हुए एक बार पुनः एस.जे.एस विद्यालय के बच्चों ने जेईई व नीट की इस वर्ष की परीक्षा में अपना परचम लहराया है। जिनका सम्मान समारोह विद्यालय में आज दिनांक 24 सितंबर 2022 को विद्यालय के प्रबंधक अग्रज सिंह एवं सह प्रबंधिका डॉ. अनुश्री सिंह एवं विद्यालय की प्रधानाचार्य सुधा सिंह के द्वारा किया गया। विद्यालय प्रबंधन इन बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक सुधाकर सिंह, अमित बच्चन, सुनील राठौर, पवन सोनकर, कमलेश सिंह अम्बुजा मिश्रा व अमिता श्रीवास्तव उपस्थित रहे।




# न्याय पंचायत खुर्रमपुर में निपुण लक्ष्य की योजना पर शिक्षक अतीश कुमार के नेतृत्व में हुई संगोष्ठी'

**ऊंचाहार।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत पू मा वि खोजनपुर में शिक्षक संकुल की सितम्बर माह की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें निपुण लक्ष्य प्राप्ति के लिए विद्यालय कार्ययोजना, खेलकूद प्रतियोगिता,आधार विहीन छात्रों के आधार नामांकन,क्ठज् कार्य और क्ळैम् के आदेशों का शत प्रतिशत अनुपालन व आनलाइन शिक्षक प्रशिक्षण करने के निर्देश खण्ड शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार सिंह द्वारा दिए गए।बैठक में ए आर पी शैलेंद्र पांडे अरविंद मिश्र, शिक्षक संकुल सत्येश वर्मा, जितेन्द्र सिंह, जितेन्द्र गुप्ता, अतीश कुमार और अन्य विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे।

# हैपी बर्थडे की धुन पर थिरके बच्चे



**रायबरेली।** विकासखण्ड राही के प्राथमिक विद्यालय गदियानी में मीना-राजू का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। मीना जन्मदिवस के दिन विद्यालय के कक्षा एक के बच्चे का जन्मदिन होने पर दोनों का साथ-साथ जन्मोत्सव मनाया गया। उल्लेखनीय है कि नन्हें मुन्ने बच्चों को अपनी प्रतिभा निखरने के उद्देश्य से मीना मंच का गठन किया गया है। मीना के जन्मदिन के अवसर पर सभी विद्यालयों में बच्चों के साथ मीना जन्मोत्सव मनाने के निर्देश के क्रम में राही विकासखण्ड के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों में जन्म दिन मनाया गया। इसी के क्रम में प्राथमिक विद्यालय गदियानी में मीना जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। आज के दिन विद्यालय के कक्षा एक के छात्र अनुरूद्ध का जन्मदिन होने पर मीना और अनुरूद्ध का जन्मोत्सव साथ साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने हैपी बर्थडे गाने पर खूब धमाल मचाया। विद्यालय के इस कार्यक्रम को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धर्मचन्द, पूर्व प्रधान कुंवर बहादुर समेत मौजूद अभिभावकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाध्यापक सुनील कुमार मौर्य, साधना वर्मा, आरबी सिंह व प्रशिक्षु नैंसी यादव मौजूद रहे।

# एनटीपीसी में आयोजित हिंदी पखवाड़ा में प्रतिभागियों ने जमकर दिखाया उत्साह

**ऊंचाहार।** एनटीपीसी में 14 सितंबर से 29 सितंबर 2022 तक हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। हिंदी के प्रचार-प्रसार हेतु पखवाड़े के पहले सप्ताह में मुख्य महाप्रबंधक अभय कुमार समैयार का संदेश जारी किया गया। इस संदेश में उन्होंने कर्मचारियों से दैनिक कार्यों को हिंदी में करने की अपील की और सभी कर्मचारियों को हिंदी के प्रसार के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही निबंध, श्रुतलेख, ऑनलाइन प्रश्नोतरी व राजभाषा नीति ज्ञान के अवलोकन हेतु नोटिंग-ड्राफ्टिंग प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जा गया है। अगले सप्ताह में स्कूली बच्चों, महिलाएं व टाउनशिप निवासियों के लिए निबंध, श्रुतलेख, संस्मरण लेखन व हिंदी लोकगीत प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाएगा। समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन 29 सितंबर 2022 को किया जाएगा। इसके अलावा अपने दैनिक कार्यों में राजभाषा में काम करने वाले व हिंदी के संवर्धन के लिए निरंतर प्रयास करने वाले कर्मचारियों को राजभाषा सहयोग सम्मान से भी सम्मानित किया जाएगा।

# पीजी कॉलेज में मनाया गया एनएसएस का स्थापना दिवस

**● गहरा नीला रंग उस ब्रह्मांड को इंगित करता है जिसका एन एस एस छोटा हिस्सा है जो मानव जाति के कल्याण के लिए अपने हिस्से का योगदान करने के लिए तैयार है**

संवाददाता। अमेठी

**राजर्षि रणंजय** सिंह आसल देव पी जी कालेज पीपरपुर अमेठी में राष्ट्रीय सेवा योजना ;एनएसएसद्ध का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती व पूज्य बुढ़ऊ महाराज जी के चित्र पर पुष्पाचर्न एवं दीप प्रज्वलन व लक्ष्य गीत के साथ हुआए राष्ट्रीय सेवा योजना भारत सरकार के युवा और खेल मंत्रालय का एक केंद्रीय क्षेत्र सक्रिय कार्यक्रम है जिससे औपचारिक रूप से 24 सितंबर 1969 को शुरू किया गया थाएएन एस एस का उद्देश्य इसके गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को समाज के लोगों के साथ मिलकर समाज के हित के लिए कार्य करना है। बीएएण् फाइनल के छात्र नीरज कश्यप वालियंटियर्स ने एनएसएस का आदर्श वाक्य श्मैं नहीं बल्कि आप हैश् इसका अर्थ बताया कि सामुदायिक विकास करना है। एन एस एस वॉलिंटियर्स रूपा यादव ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रतीक चिन्ह उड़ीसा के कोणार्क सूर्य मंदिर के रथ के पहिये से लिया गया है सूर्य मंदिर के यह विशाल चक्र से जन संरक्षण तथा समय और स्थान से पूरे जीवन में गति व महत्व मिलता हैं।प्राचार्या डॉ0 संगीता सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना ध्वज का प्रतीक लाल रंग इंगित करता है कि स्वयंसेवक युवा रक्त से भरे रहेए जो जीवंतए सक्रियए ऊर्जावान और उच्च भावना से भरा है। गहरा नीला रंग उस ब्रह्मांड को इंगित करता है जिसका एन एस एस छोटा हिस्सा है जो मानव जाति के कल्याण के लिए अपने हिस्से का योगदान करने के लिए तैयार है। एन एस एस गीत का गान भी हुआ श्स्वयं सजे वसुंधरा सँवार दे।हम उठे उठे उठेगा जग हमारे संग साथियों हम बढ़े तो सब बढ़ेगे आपने आप साथियों् कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हूआ कार्यक्रम में डां हरी राम संतोष गौतम नंद कुमार यादव वंदना सिंह व राजन अग्रहरि व प्राध्यापक भी उपस्थित रहे।

# जिलास्तरीय सतर्कता व मानिटरिंग समिति की बैठक

**● बैठक में अनुसूचित जातिध्जनजाति उत्पीड़न से संबंधित लंबित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित करने के दिए निर्देश**

संवाददाता। अमेठी



**अनुसूचित जाति** अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के अंतर्गत वर्ष 2022.23 में उत्पीड़ित व्यक्तियों को सहायता राशि प्रदान किए जाने को लेकर आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानिटरिंग समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एके सिंहए अपर पुलिस अधीक्षक मुख्य चिकित्सा अधिकारी मा विधायक तिलोई प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह माण् विधायक अमेठी प्रतिनिधि अनिल प्रजापति सहित अन्य अधिकारी व समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे। बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी आरके शर्मा ने बताया कि अनुसूचित जातिध्जनजाति अत्याचार उत्पीड़न से संबंधित 249 मामले पुलिस विभाग द्वारा प्राप्त हुए हैं जिनमें 31 जुलाई 2022 तक 148 प्रकरणों में सहायता राशि वितरित की जा चुकी है तथा 1 अगस्त से 20 सितंबर तक कुल 101 प्रकरण लंबित हैं जिन पर समिति के अनुमोदन के उपरांत पीड़ित व्यक्तियों को सहायता राशि दी जानी हैए जिसमें से 29 प्रकरण प्रथम किस्त केए 34 प्रकरण द्वितीय किस्त तथा 38 प्रकरण तृतीय किस्त के शामिल हैं। बैठक में लंबित 101 प्रकरणों में पीड़ित व्यक्तियों को सहायता राशि दिए जाने को लेकर समिति द्वारा सहमति दी गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि एससी एसटी एक्ट के प्रकरणों में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए मामला प्रकाश में आने पर तत्काल कार्यवाही करें जिससे अपराधी को सजा तथा पीड़ित व्यक्ति को सहायता राशि दिलाई जा सके। बैठक के दौरान उक्त के अतिरिक्त जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंहए वरिष्ठ कोषाधिकारी आलोक राजवंशी जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव सहायक जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

### तालाब में डूबने से युवक की मौत

**ऊंचाहार-**कोतवाली क्षेत्र के पूरे ननकू मजरे पट्टी रहस कैथवल गांव निवासी एक युवक ने अज्ञात कारणों से गांव के समीप गहरे तालाब में छलांग लगा दी। ग्रामीण युवक को निकालकर सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टरों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गांव निवासी विपिन कुमार 18 वर्ष पुत्र शिव कुमार ने शनिवार की दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में गांव के पास गहरे तालाब में छलांग लगा दी। और वह पानी में डूबने लगा। दूर खड़े लोगों ने विपिन को तालाब के पानी में कूदता देख चिल्लाना शुरू कर दिया। जिसके बाद कुछ ही क्षणों में तालाब पर काफी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए। जिसके बाद गांव के ही युवक दीपेंद्र यादव ने तालाब में कूदकर युवक को बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने युवक के सीने पर पंपिंग कर बचाने का काफी प्रयास किया। लेकिन सफलता नहीं मिली। अंत में चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ल ने बताया कि काफी देर तक कि युवक के पानी में डूबे रहने की वजह से उसकी अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो चुकी थी।

# जिला पेयजल व स्वच्छता समिति की बैठक डीएम की अध्यक्षता में हुई आयोजित

**अमेठी।** जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद अमेठी में प्रस्तावित 240 ग्रामों में पाइप पेयजल परियोजना को लेकर अब तक की गई कार्यवाही के संबंध में जानकारी ली। जिस पर अधिशासी अभियंता जल निगम ने बताया कि इस योजना अंतर्गत जनपद अमेठी में कुल 240 गांव प्रस्तावित हैं जिसमें से 240 ग्राम पंचायतों में संबंधित संस्था द्वारा सर्वे का कार्य पूरा कर लिया गया है तथा 106 ग्राम पंचायतों की डीपीआर जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के माध्यम से राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को भेजी गई है जिसमें से 79 नग ग्राम पंचायतों की डीपीआर स्वीकृत हो चुकी हैए जिलाधिकारी ने शेष ग्राम पंचायतों की डीपीआर शीघ्रातिशीघ्र तैयार करने के निर्देश संबंधित संस्था वेलस्पन प्राइवेट लिमिटेड मुंबई को दिएए उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों की डीपीआर स्वीकृत हो गई है वहां शीघ्र अतिशीघ्र कार्य प्रारंभ किया जाए। अधिशासी अभियंता जल निगम ने बताया कि 75 नग परियोजनाओं पर कार्य प्रारंभ कर दिया गया हैए जिनमें से 47 परियोजनाओं में नलकूप की बोरिंग हो गई हैए 39 परियोजनाओं में बाउंड्री वाल का कार्य प्रारंभ किया गया हैए 64 परियोजनाओं में पाइप लाइन बिछाने का कार्य प्रारंभ किया गया हैए अब तक 8170 घरों में कनेक्शन दिए गए हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाब ?ाए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाण् विमलेंदु शेखरए अधिशासी अभियंता जल निगमए जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादवए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंहए कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# गांवों में दम तोड़ती नजर आ रही है प्रधानमंत्री की डिजिटल इंडिया मुहिम

संवाददाता। तिलोई अमेठी

**देश के** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिजिटल इंडिया मुहिम ग्राम पंचायतों में दम तोड़ती नजर आ रही है। तिलोई तहसील क्षेत्र की 151 ग्राम पंचायतों में 130 से अधिक में पंचायत भवन कायाकल्प योजना के तहत बनने के साथ रेनोवेट हो गए हैंए लेकिन अब तक ये हाईस्पीड इंटनरेट से नहीं जुड़ सके हैं। इसके चलते पंचायत भवन से होने वाले जरूरी कार्य मोबाइल से करने पड़ रहे हैं जिनमे बहुत समय लगता है साथ ही समय से हो भी नहीं पा रहे हैं।

करीब दो साल पूर्व भारत सरकार की तरफ से गांवों को हाईस्पीड इंटरनेट सेवा से जोड़ने की कवायद शुरू की गई थी। इसके तहत तहसील के तीनों विकास खंडों के सभी 151 ग्राम पंचायतों को हाईस्पीड इंटरनेट सेवा से जोड़ने के लिए ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाए जाने की शुरूआत की गई थी। केबल बिछाने की जिम्मेदारी बीएसएनएल को सौंपी गई। दो चरणों में तहसील के सिंहपुर की 58 तिलोई की 59 और बहादुर पर की 34 ग्राम पंचायतों में केबल बिछा दिए गएए लेकिन कनेक्टिविटी नहीं मिली और साथ ही गांव वालों के लिए वाई.फाई की शुरुआत नहीं हो सकी। भारत सरकार की योजना थी कि पंचायत भवनों तक पहुंचने वाले इस इंटरनेट से गांव में बैठकर ही ग्रामीणों के तमाम काम हो सकते हैंए लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते प्रयास अभी अधूरा है। इसके चलते सरकार की मुहिम ग्राम पंचायतों में परवान नहीं चढ़ पा रही है। पंचायत राज विभाग के आंकड़ों के अनुसार तहसील क्षेत्र की सभी 151 ग्राम पंचायतों में से सभी में ईपंचायत व्यवस्था के तहत पंचायत भवन में काम शुरू हो चुके हैं।और इसके लिए बकायदे पंचायत सहायक भी नियुक्त कर दिए गए हैंए लेकिन कनेक्टिविटी न होने से विभागीय कामकाज को लेकर दिक्कत होती है। ग्राम पंचायतों में इंटरनेट की सुविधा नहीं होने से ग्राम पंचायत अधिकारी निजी कंपनियों के डोंगल से जरूरी काम करते हैं हालांकि ग्रामीणों को जरूरी काम कराने के लिए बाजारों में जाना पड़ता है। अगर इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध हो जाए तो उन्हें पेंशन संग अन्य जरूरी कागज पंचायत भवन से ही मिल सकते हैं। बीएसएनएल के एसडीओ का कहना है कि भारतीय संचार निगम लिमिटेड को केबल बिछाने का काम मिला था।जो लगभग तहसील क्षेत्र के सभी गांवों में काम पूरा हो चुका है। आगे का काम बीबीएनएल भारत ब्राडबैंड नेटवर्क लिमिटेड को दिया गया है। उधरए डीपीआरओ श्रीकांत यादव का कहना है कि जिले में जितनी भी ग्राम पंचायतें हैं। निजी इंटरनेट व्यवस्था से गांवों में सचिवालयों का संचालन भी शुरू हो चुका है। गांवों में ऑप्टिकल फाइबर केबल तो पहुंचा हैए लेकिन कनेक्शन नहीं मिल सका है। इसके चलते हाई स्पीड इंटरनेट सुविधा नहीं मिल रही है। इंटरनेट का कार्य अन्य विकल्पों से किया जा रहा है।तहसील तिलोई के तीनों विकास खंड कार्यालयों सिंहपुर तिलोई बहादुरपुर को भी इंटरनेट की व्यवस्था नहीं मिल सकी है।प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी ने बताया कि ग्राम पंचायतों में तैनात सचिव प्रधानों के ऊपर दबाव बना रहे हैं कि स्वयं की व्यवस्था से नेटवर्क के लिए वाई फाई डिवाइस खरीदें।उन्होंने बताया कि हमने जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी तथा जिला पंचायतराज अधिकारी से ग्राम पंचायतों को अविलंब इंटरनेट व्यवस्था से जोड़ने के लिए पत्र लिखा है और अविलंब ब्राड बैड कनेक्शन देने की मांग की है।जिससे प्रधान मंत्री की डिजिटल भारत योजना परवान चढ़ सके।



शो पीस बना ब्राडबैंड




पंचायत भवन

# डिप्टी सीएम ने परखीं जनता से जुड़ीं सुविधाएं और योजनाएं

● मगहर में कबीर एकेडमी देखाने गए गौशाला में गौ पूजा कस्तूरबा विद्यालय व अस्पताल का किया निरीक्षण, जनप्रतिनिधियों से भी मिले

● कानून व्यवस्था का किये समीक्षा, पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को दिए निर्देश

संवाददाता। संतकबीरनगर





मगहर के गौशाला में पूजा करते डिप्टी सीएम व अस्पताल का निरीक्षण व कस्तूरबा विद्यालय में बच्चों को शिक्षा उपयोगी समाग्री वितरित करते उप मुख्यमंत्री पायनियर

**जनपद** संतकबीरनगर में भ्रमण पर आये उप मुख्यमंत्री/स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक मगहर कबीर स्थली पहुँचकर कबीर एकेडमी का निरीक्षण किये। उनके आगमन पर जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्र ने बुक्के देकर उनका स्वागत किया। उप मुख्यमंत्री को नगर पंचायत अध्यक्षा श्रीमती संगीता वर्मा ने अंग वस्त्र प्रदान कर उनका स्वागत की। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक नगर पंचायत मगहर स्थित गौशाला का निरीक्षण कर पशुओं के संख्या की जानकारी ली। उन्होंने गौ पूजा कर गायों को मिष्ठान व फल खिलाया। इस दौरान प्रभारी ई0ओ0 नगर पंचायत मगहर नवीन श्रीवास्तव एवं अध्यक्षा प्रतिनिधि राजेश वर्मा गुड्डू उपस्थित रहे। अपने निरीक्षण के क्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक बघौली स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में पहुँचकर बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखा। उन्होने छात्राओं को शिक्षा उपयोगी सामाग्री दिये। बगल के उच्च प्राथमिक विद्यालय बघौली में बच्चों के साथ बैठकर भोजन किये। डीघा बाईपास सोनी होटल पर भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रीय राजमार्ग पर एकाएक भीड़ को नियन्त्रित करने के लिए पुलिस व भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प भी हुई। बघौली पहुँचते ही खलीलाबाद विधायक अंकुर राज तिवारी, मेंहदावल विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी व धनघटा विधायक गणेश चन्द्र चौहान, जिलाध्यक्ष जगदम्बा लाल श्रीवास्तव ने उपमुख्यमंत्री को बुक्के देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार तिवारी, डीसी रजनीश वैद्यनाथ सहित शिक्षिकाए उपस्थित रही। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक जिला अस्पताल में पहुँचकर मरीजों से वार्ता किये। सीएमएस डॉ0 ओ0पी0 चतुर्वेदी से जनपद वासियों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के विषय में जानकारी ली। उप मुख्यमंत्री टेमारहमत पेयजल परियोजना का निरीक्षण करने के बाद भाजपा कार्यालय पर पहुँचकर जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों से भेंट किये। उन्होने अपने सम्बोधन में कहा है कि संतकबीरनगर के जनपद से उनका पुराना नाता है। कार्यकर्ताओं के ताकत से भारतीय जनता पार्टी देश की शक्तिशाली पार्टी है। उन्होने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं का वह सम्मान करते है। उनके आगमन पर जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक कलेक्ट्रेट सभागार में पहुँचकर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कानूनी व्यवस्था का समीक्षा किये। उन्होने पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाये रखे सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को पारदर्शिता के साथ दिया जाय। इसमें लापरवाही नही होनी चाहिए। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने डूडा एवं उद्योग विभाग के लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिया। इस दौरान मण्डलायुक्त बस्ती मण्डल गोविन्द राजू एन0एस0, आई0जी0 रेंज बस्ती आर0के0 भारद्वाज, डीएम प्रेम रंजन सिंह, एसपी सोनम कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मनोज कुमार सिंह, डीएसटीओ एन0के0 सिंह सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। देर शाम उन्होने मीरगंज में चौपाल लगाकर जनता की समस्याओं को सुने तथा आगनबाड़ी केन्द्र पर गोद भराई एवं अन्न प्राशन कराये। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने चौपाल कार्यक्रम के बाद दिव्यांगजनो को ट्राई साईकिल दिया। इस दौरान जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी श्रीमती प्रियंका यादव उपस्थित रही।

## फर्जी सहायक अध्यापक गिरफ्तार




● नकली अभिलेखों के आधार पर कर रहा था बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षक की नौकरी

संवाददाता। श्रावस्ती, इकौना

**विकास** खण्ड इकौना के प्राथमिक विद्यालय रमवापुर में फर्जी अभिलेखों के आधार पर सहायक अध्यापक के पद पर नौकरी कर रहे सियाराम चौधरी पुत्र रामसुंदर चौधरी को उसके गांव ग्राम मच्छिया पोस्ट मंझरिया विक्रम थाना कोतवाली बस्ती जनपद बस्ती से उप निरिक्षक सतेंद्र नारायण राय मय टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती अरविंद कुमार मौर्य जे निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी इकौना महेंद्र पाल शर्मा के नेतृत्व में उप निरिक्षक सतेंद्र नारायण राय मय टीम द्वारा थाना श्रावस्ती पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 0059/2022 धारा 419,420, 467, 468, 471 ढ्ढक्कष्ट से संबंधित अभि0 सियाराम चौधरी पुत्र रामसुंदर चौधरी निवासी ग्राम मच्छिया पोस्ट मंझरिया विक्रम थाना कोतवाली बस्ती जनपद बस्ती को जनपद बस्ती से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त की पहचान ग्राम प्रधान रमवापुर तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा की गई। खंड शिक्षा अधिकारी इकौना श्रावस्ती सुश्री प्रिया पाठक द्वारा 8 जुलाई 2022 को थाना नवीन मार्डर्न पुलिस थाना श्रावस्ती पर उपस्थित होकर राम कुमार प्राथमिक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय रमवापुर विकास खंड इकौना श्रावस्ती के विरुद्ध फर्जी अभिलेखों के आधार पर सहायक अध्यापक के पद पर नियुक्ति प्राप्ति करने का अभियोग पंजीकृत करवाया था। विवेचना के दौरान प्रकाश में आया कि राम कुमार प्राथमिक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय रमवापुर विकास खंड इकौना श्रावस्ती के नाम पर सियाराम चौधरी पुत्र रामसुंदर चौधरी निवासी ग्राम मच्छिया पोस्ट मंझरिया विक्रम थाना कोतवाली बस्ती जनपद बस्ती सहायक अध्यापक के पद पर फर्जी कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर नौकरी कर रहा था।

## डायरेक्टर की परीक्षा में बस्ती पास सिद्धार्थनगर और संतकबीरनगर फेल

● डायरेक्टर के सवालों का जबाव दोनों जनपदों के सचिव और प्रधान नहीं दे पाए

● सभी को प्रषिक्षण दिलाने का दिया निर्देश 'सोख्ता' और 'लीच पिट' का अंतर तक नहीं बता पाए

संवाददाता। बस्ती




**षौचालय** के नाम पर करोड़ो रुपये की हेराफेरी करने वाले प्रधान और सचिवों को यह तक नहीं मालूम कि 'सोख्ता' और 'लीच पिट' में क्या अंतर है। प्रेमेषन फेटो की साइज तक नहीं बता पाए। महिला सचिव से जब आरआरसी बनाने के लिए कितने जमीन की आवष्यकता पड़ती है, के बारे में पूछा तो वह नहीं बता पाई। इससे नाराज होकर कहा कि अगर सुधार नहीं हुआ तो सचिवों की बर्खास्तगी भी हो सकती है। नाराज पंचायती विभाग के डायरेक्टर ने जनपद सिद्धार्थनगर और सतंकबीरनगर के 31 प्रधानों और सचिवों को प्रषिक्षण पर भेजने का निर्देष दिया। देखा जाए तो पंचायती राज विभाग के डायरेक्टर की परीक्षा में जनपद सिद्धार्थनगर और संतकबीरनगर दोनों 'फेल' हो गए, वहीं इस परीक्षा में जनपद बस्ती 'पास' हो गया। पहली बार विभाग के डायरेक्टर ने मंडल के 44 प्रधान और इतनी ही संख्या में सचिवों से सीधा संवाद किया। डायरेक्टर को यह देख कर हैरानी हुई कि प्रधान और सचिवों को सोख्ता और लीच पिट के अंतर का ज्ञान नहीं है। असल में इस महत्वपूर्ण बैठक में असली प्रधानों ने ही भाग लिया गया, अब चूंकि असली प्रधान के स्थान पर अधिकांष ग्राम पंचायतों में नकली प्रधान ही ग्राम पंचायतों का कामकाज देखते है, यही कारण असली प्रधान डायरेक्टर के सवालों का जबाव नहीं दे पाए। इसी लिए उन्होंने सभी डीपीआरओ से कहा कि हम्हें इस बात का एतराज नहीं कि नकली प्रधान काम देख रहे हैं, मगर नकली के साथ में असली प्रधान को भी साथ होना चाहिए, ताकि सरकार की मंषा पूरी हो सके। से जब विभाग ने डायरेक्टर ने सोख्ता और लीच पिट में अंतर पूरा तो दोनों नहीं बता पाए। पता चला कि बैठक के बाद डायरेक्टर अनुज झा ने फेल होने वाले दोनों जिलों के डीपीआरओ और डीसी की खूब क्लास ली। इस कार्यषाला में बस्ती के 13 प्रधान और 13 सचिव, संतकबीरनगर के नौ प्रधान और नौ सचिव और जनपद सिद्धार्थनगर के 22 सचिव और 22 प्रधान सहित तीनों जनपदो के डीसी ने भाग लिया। एक होटल में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस टू फेस की समीक्षा विभाग के डायरेक्टर अनुज झा, मिषन के नोडल डिप्टी डायरेक्टर एसएन सिंह और स्टेट कंसलटेंट सुषील पांडेय और संतोष सिंह ने किया। मंडल के तीनों जनपदों के मुख्य विकास अधिकारी जिला पंचायत राज अधिकारी समस्त जिला सलाहकार व डीपीएम, मॉडल ग्राम पंचायतों के रूप में चयनित ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों व ग्राम सचिवों के साथ मॉडल ग्रामों में ओडीएफ प्लस के तहत की जा रही गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा बहुमूल्य सुझाव दिए गए। संतकबीरनगर की समीक्षा में यह प्रकाश में आया कि तरल और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के विभिन्न विकल्पों के तकनीकी जानकारी का अभाव है। जिला पंचायत राज अधिकारी संतकबीरनगर को निर्देशित किया गया कि वह एक बार पुन: समस्त ग्राम प्रधान व सचिवों की का प्रशिक्षण कराएं. जनपद सिद्धार्थनगर की समीक्षा में समस्त ग्राम पंचायतों में आरआरसी की भूमि चयन पूर्ण होना पाया गया तथा थोड़े बहुत निर्माण कार्य प्रत्येक ग्राम पंचायत में चल रहा है निदेशक महोदय द्वारा बृहद वृहद स्तर पर श्रमिकों को लगा कर निर्माण कार्यों को 2 माह के भीतर पूर्ण करने तथा चयनित ग्राम पंचायतों को मांडल गांव के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया गया। जनपद बस्ती की समीक्षा में ग्राम पंचायत महासों सिकंदरपुर जमदाशाही तथा बानपुर में निर्माण कार्य होता हुआ गया तथा निदेशक द्वारा ग्राम पंचायत महसों में कराए गए विकास कार्यों की प्रशंसा भी की गई।

## प्रताड़ना के बाद पत्नी की हत्या के आरोपी पति को हुई 3 वर्ष की सजा

**श्रावस्ती, भिनगा।** पत्नी के द्वारा पति के अवैध संबंध का विरोध किये जाने पर पति द्वारा पत्नी को प्रताडित कर उसकी हत्या करने के आरोपी पति को अपर सिविल जज प्रवर खण्ड /एसीजेएम अनिल कुमार द्वादश ने तीन वर्ष के साधारण कारावास की सज़ा सुनाई है साथ ही 5 हज़ार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया गया है।अर्थदंड अदा न कर पाने पर 15 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सहायक अभियोजन अधिकारी विजय पाल ने बताया कि पड़ोसी जनपद बहराइच के थाना रामगांव क्षेत्र के ग्राम टेपरा चक निवासी चंद्रिका प्रसाद पांडेय ने अपनी बहन मधुरा देवी की शादी श्रावस्ती जिले के लक्ष्मण नगर बाजार निवासी सुकई के साथ की थी शादी के बाद सुकई का अवैध संबंध उसकी भाभी के साथ हो गया था जिसकी जानकारी होने पर पत्नी मधुरा देवी विरोध शुरू कर दिया यह बात सुकई को नागवार गुजर रही थी जिसके चलते सुकई अपने भाभी के साथ मिलकर उसका शारिरिक व मानसिक उत्पीड़न करने लगा, लगातार उत्पीड़न के चलते 11 मई 2002 को मधुरा देवी की मौत हो गई। इस मामले में मृतका के भाई चंद्रिका प्रसाद पांडेय की तहरीर पर थाना सोनवा में सुकई व उसकी भाभी भूरा उर्फ सुशीला के विरुद्ध गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले के विचारण के बाद एसीजेएम अनिल कुमार द्वादश ने पति सुकई को दोष सिद्ध ठहराते हुए तीन वर्ष के साधारण कारावास की सज़ा सुनाई है साथ ही 5 हज़ार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। अर्थदण्ड की आधी धनराशि वादी मुकदमा को देने के आदेश दिए है। मामले की अन्य आरोपी भूरा की दौरान मुकदमा मृत्य हो गई थी।

## रोजगार मेले में 155 बेरोजगारों को मिली नौकरी: वर्मा

संवाददाता। बस्ती

**सेवायोजन** कार्यालय में आयोजित एक दिवसीय वृहत्त रोजगार मेले में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय/मॉडल कैरियर सेंटर बस्ती द्वारा एक दिवसीय बृहद रोजगार मेले में 223 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें 155 का चयन हुआ। यह जानकारी सेवायोजन अधिकारी अवधेन्द्र प्रताप वर्मा ने दी। बताया कि रोजगार मेले में राजकीय परिवहन निगम बस्ती में संविदा चालक पद के लिए हैवी डीएल धारक एवं निजी क्षेत्र की कंपनियों में 10 पास से लेकर स्नातक व आईटीआई तथा डिप्लोमा धारक अभ्यर्थी नि:शुल्क साक्षात्कार देकर रोजगार प्राप्त किया। बताया कि राजकीय परिवहन निगम बस्ती में संविदा चालक पद पर भर्ती प्रक्रिया एआरएम सर्वजीत वर्मा की अध्यक्षता में साक्षात्कार कर 33 अभ्यर्थियों का चयन बस चालक टेस्ट प्रक्रिया हेतु किया गया। निजी क्षेत्र की कम्पनी इंटरनेशनल प्रोटेक्शन गुजरात द्वारा



102 अभ्यर्थियों का डिप्लोमा इंजीनियरिंग ट्रेनी के पद पर चयन किया गया तथा ब्राइट फ्यूचर ऑर्गेनिक लखनऊ द्वारा 20 अभ्यर्थियों का प्रोडक्शन मैनेजर के पद पर चयन किया गया। बताया कि रोजगार मेले में 223 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग लिया, जिसमें 155 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। इस अवसर पर विजय लक्ष्मी इंचार्ज स्टेशन रोडवेज, सेवायोजन विभाग के दयाराम वर्मा, पंकज कुमार श्रीवास्तव, कृष्ण देव पाण्डेय, मो वसीम खान, प्रमोद कुमार व यंग प्रोफेशनल जय कुमार, सतीशकर मौर्य, लालजी, राजकुमार एवं सुरेश सहित अन्य उपस्थित रहे।

## दादा-दादी, नाना-नानी के साथ खेल चहक उठे नौनिहाल



संवाददाता। बस्ती

**दादी-दादा,** नाना-नानी के साथ जब नौनिहालों को अवसर मिला तो चहक उठे। बच्चें ने अपने दादा-दादी और नाना-नानी के साथ स्कूल में खूब मस्ती किया। ऐसे माहौल से पूरा स्कूल परिसर महक उठा। मौका था, किड्सजी प्री स्कूल में ग्रैंड पेरेंटस डे का। बच्चें की मस्ती देखने लायक रहा। ऐसा लगा मानों बच्चों को अनमोल खुषियां मिल गई हो। परेंटस ने स्कूल की व्यवस्था और कुषल प्रबंधन को देख खुषी का इजहार किया। काउंसलर श्रुति पांडेय का का कहना है, कि ग्रैंड पेरेंट्स डे मनाए जाने का उद्देश्य स्कूल में पढ़ रहे बच्चों को उनके परिवार में बड़ों के महत्व से परिचित कराना और उनके अनुभवों से सीख हासिल करना रहा। स्कूली वातावरण से अलग परिवार के बड़े बुजुर्गों के साथ खेलकूद का माहौल मिला तो बच्चे भी उनका सान्निध्य पाकर खुशी से झूम उठे। उनकी हंसी और खिलखिलाता चेहरा देखकर दादा-दादी नाना-नानी भी खुश हो उठे। ऐसा लगा कि उनकी पुरानी यादें लौट आयीं, जब बच्चे उनके सानिध्य में बैठकर कहानियां सुनते थे और खेला करते थे। कहा कि किड्ज़ी समय-समय पर बच्चों और उनके पेरेंट्स के लिए ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है ताकि शिक्षा के साथ बच्चों को अपने परिवार को भी समझने और उनके बीच खुशियां साझा करने का अवसर मिलता रहे। किड्ज़ी के निदेशक अनुराग पांडेय ने बताया कि प्री स्कूल के बच्चों को बड़े बुजुर्गों का महत्व बताने के लिए इस तरह के आयोजन किए गए ताकि बच्चे परिवार का महत्व समझ सके और उनके अनुभवों से सीख कर अपने उज्जवल भविष्य का निर्माण कर सकें। आज की आपाधापी के दौर में जिस तरह लोग एकाकी होते जा रहे हैं, उसके लिए किड्ज़ी का यह प्रयास निश्चित रूप से उन्हें जोड़ने की कड़ी बनेगा। बताया कि बच्चे शिक्षा को बोझ नहीं बल्कि अपने भविष्य निर्माण और परिवार की एकता के सूत्र के बीच की कड़ी के रूप में महसूस करेंगे। कार्यक्रम को सार्थक बनाने में शिखा, अंजली, शिवाली, मानवी, साक्षी एवं बच्चों सहित ग्रैंड पेरेंट्स की भूमिका सराहनीय रहा।

## कायाकल्प अवार्ड से सम्मानित हुए पीएचसी सीएचसी व एचडब्लूसी प्रभारी




**बस्ती।** डीएम प्रियंका निरंजन ने कायाकल्प अवार्ड से पुरस्कृत अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी, हेल्थ वेलनेस सेंटर तथा स्वास्थ्य उप केंद्र के प्रभारियों को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कायाकल्प अवार्ड से सम्मानित होने वालों में जिला महिला अस्पताल तथा टीबी अस्पताल प्रमुख हैं। इनके सीएमएस को जिलाधिकारी ने प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किया। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा कायाकल्प योजना में पुरस्कृत अस्पतालों को एकमुश्त धनराशि अवस्थापना संबंधी सुविधा के लिए दी जाती है। डीएम ने सीएचसी कप्तानगंज, साऊघाट, रुधौली, दुबौलिया, गौर! पीएचसी हलुवा, कुदरहा, सल्टौआ गोपालपुर, सिकंदरपुर, ओडवारा, मूसहा! हेल्थ वेलनेस सेंटर बक्सर, दसिया, तिलकपुर, ओड़वारा, गढागौतम, डेगरहा, छावनी, खजुराहा, सोनूपार, बैरागल, करमहिया के सीएचओ को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार अर्बन हेल्थ सेंटर बरदहिया, नरहरिया के प्रभारी सच्चिदानंद चौरसिया को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीएमओ डॉक्टर आर.पी. मिश्रा, डॉक्टर आलोक वर्मा, डीडीओ अजीत श्रीवास्तव, एसीएमओ डॉक्टर ए.के. गुप्ता, अर्बन नोडल डॉ. ए.के. कुशवाहा उपस्थित रहे।

## एससी के जीवन में पीएम 'अजय' योजना लाएगा क्रांतिकारी परिवर्तन: विश्वनाथ

संवाददाता। बस्ती

**उ.प्र. अनुसूचित** जाति वित्त एवं विकास निगम के उपाध्यक्ष विष्वनाथ ने बस्ती प्रवास के दौरान बताया कि सरकार ने प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति के लोगों के आर्थिक सषक्तिकरण के लिए बड़ा कदम उठाया है। बताया कि सरकार पीएम अजय योजना लागू करने जा रही है, इस योजना के लागू हो जाने के बाद अनुसूचित जाति के लोगों के जीवन स्तर को उंचा करने में क्रान्तिकारी परिवर्तन लाएगा। बताया कि पीएम अजय स्कीम में रोजगारपरक योजनाओं के आलावा पीएम आदर्ष ग्राम योजना तथा बाबू जगजीवनराम छात्रावास योजना को भी जोड़ दिया गया है। बताया कि इस योजना के तहत छह नये छात्रावासों का निर्माण होगा। इसके अतिरिक्त 261 छात्रावासों को मरम्मत करवाकर उसे छात्रावास योग्य बनाया जाएगा। बताया कि उन स्थानों पर बालिका छात्रावास का निर्माण होगा जहां पर बालिकाओं की साक्षरता कम होगी।




यहां पर महिला सुरक्षा गार्ड से लेकर महिला अधीक्षक तक की तैनाती होगी। पुराने 50 बेड की की क्षमता वाले छात्रावासों की मरम्मत के लिए सरकार पांच लाख, 100 वाले को दस लाख और 150 वाले को 15 लाख देगी। प्रदेष में 6171 एससी बाहुल्य वाले गांवों को पीएम आदर्ष ग्राम योजना में चयन होगा और प्रत्येक गांव में बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 20 लाख व्यय किया जाएगा। बताया कि अभी तक निगम की योजनाओं में पात्रता के लिए ग्रामीण आय सीमा क्षेत्र के लिए 46080 रुपया और षहरी क्षेत्र के लिए 56460 रुपया वार्षिक तथा दस हजार अनुदान देने का प्राविधान था, मगर अब सरकार उन लोगों को भी योजना में प्राथमिकता देगी जिनकी वार्षिक आय 2.50 लाख या उससे कम होगा। इसके आलावा अनुदान की धनराषि दस हजार से बढ़ाकर 50 हजार कर दिया गया है। बताया कि वित एवं विकास निगम में पहले से चल रही जितनी भी योजनाएं हैं, उन्हें अब पीएम अनुसूचित जाति अभ्युदय यानि पीएम अजय योजना के नाम से जाना जाएगा। इस योजना में व्यक्तिगत के बजाए अब कलस्टर समूह में प्रोजेक्ट स्थापित होगा। प्रोजेक्ट को लागू कराने से पहले प्रषिक्षण दिया जाएगा, प्रोजेक्ट इम्पलीमेंट यूनिट यानि पीआईयू लागू होगा। और उत्पादन के लिए बाजार की भी व्यवस्था कराई जाएगी। एक सवाल के जबाव में कहा कि यह सही है, कि एससी वर्ग के मुकदमें नहीं लिखी जा रही है, और न ही उनकी समस्याओं का निस्तारण ग्राम और तहसील स्तर पर हो रहा है। जिसके चलते सरकार की छवि खराब हो रही है।

# पूरी दुनिया में पीएम मोदी ने बढ़ाया भारत का गौरवः सांसद

● गरीबों के कल्याण के लिए हुआ है पीएम मोदी का जन्मः आरके सिंह पटेल

● सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में 53 दिव्यांगों को बांटे गये उपकरण

संवाददाता। चित्रकूट

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के 72वें जन्मदिन के उपलक्ष्य पर भाजपाईयों द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत शनिवार को भजन संध्या स्थल सीतापुर में दिव्यांग कल्याण शिविर को आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि रहे बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार दिव्यांगों को विकास की मुख्य धारा से जोडने के लिए संकल्पित है। केंद व प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेकर दिव्यांग आज हर क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना रहे है। सांसद ने दिव्यांगजनों से पदम विभूषण से सम्मानित जगदगुरू स्वामी रामभद्राचार्य महाराज एवं दृष्टि संस्था के निदेशक शंकर लाल गुप्ता को अपना आदर्श बनाकर प्रगति के पथ पर अर्ग्रसर होने का आहवान किया। शनिवार को सेवा पखवाडा कार्यक्रम के तहत भजन संध्या स्थल पर वरिष्ठ भाजपा नेता शक्ति प्रताप सिंह तोमर द्वारा समाज कल्याण विभाग के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम का उदघाटन बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने किया।इस मौके पर सांसद श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म गरीबों के कल्याण के लिए हुआ है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के 72वें जन्मदिन को भाजपाईयों द्वारा पूरे देश में सेवा पखवाडा कार्यक्रम के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री



सम्बोधित करते सांसद आर के सिंह पटेल पायनियर

नरेंद्र मोदी ने पूरी दुनिया में भारत का गौरव बढाने का काम किया है।उन्होने कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकार दिव्यांगों को विकास की मुख्य धारा से जोडने के लिए संकल्पित है। सरकार द्वारा दिव्यागों को ट्राई साइकिल,व्हील चेयर आदि सहायक उपकरणों का गांव-गांव कैम्प लगाकर वितरण किया जा रहा है। उन्होने कहा कि जगदगुरू रामभद्राचार्य महाराज ने दिव्यांग होने के बावजूद चित्रकूट में एशिया के प्रथम दिव्यांग विश्वविद्यालय की स्थापना कर ऐतिहासिक कार्य किया है।इसके साथ ही अपनी विलक्षण प्रतिभा के दम पर चित्रकूट का सम्मान पूरे विश्व में बढाने का काम किया है। वहीं दृष्टि संस्था के संस्थापक शंकर लाल गुप्ता ने स्वयं दृष्टिहीन होने के बावजूद दिव्यांगों को शिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में किये जा रहे कार्य दिव्यांगों के लिए अनुकरणीय है। वहीं भाजपा के प्रदेश मंत्री एवं जिले के प्रभारी देवेश कोरी ने कहा कि आज किसी भी क्षेत्र में दिव्यांग सकलांगों से पीछे नही है। कहा कि कई दिव्यांगों ने सौ फीसदी दिव्यांगता के बावजूद अपनी प्रतिभा के दम पर आईएएस बनकर आदर्श प्रस्तुत किया है।वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव एवं भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे ने केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार द्वारा दिव्यांगों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दी। वहीं मुख्य विकास अधिकारी अमृत पाल कौर ने कहा कि सरकार दिव्यांगों के उत्थान के लिए समर्पित है।जिले में लगातार कार्यक्रम का आयोजन कर अधिक से अधिक दिव्यांगों को उपकरणों का वितरण किया जा रहा है। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता,बुंदेलखंड विकास बोर्ड के सदस्य लवकुश चतुर्वेदी,पंकज अग्रवाल,वरिष्ठ अश्वनी अवस्थी,नेता दिनेश तिवारी,राजेश्वरी द्विवेदी,ममता तिवारी,आशीष रघवंशी,जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी सुश्री प्रतिभा पाल,जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया,क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम अग्रवाल आदि सैकडों लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन साकेत बिहारी शुक्ला ने किया।

# मयंक की पुण्यतिथि पर 30 को होगी काव्य गोष्ठी



संवाददाता। हमीरपुर

**बुंदेलखंड** अभिव्यक्ति साहित्यिक संस्था हमीरपुर की एक आवश्यक बैठक नारायण प्रसाद रसिक की अध्यक्षता में बलदाऊ मंदिर परिसर में हुई जिसमें 30 सितंबर को सुवह बुंदेलखंड के प्रख्यात कवि गीतकार स्व. मंजुल मयंक की पुण्य तिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा और अपरान्ह दो बजे से बलदाऊ मंदिर परिसर में स्मृति काव्य गोष्ठी होगी. बैठक के बाद काव्य गोष्ठी भी हुई. महामंत्री प्रेमपाल द्विवेदी ने पढ़ा श्मेरे देश के राजदुलारे, कल के सूरज चंदा तारे, जागो जागो आँखें खोलो, सारा हिंदुस्तान पुकारेश, साहित्य परिषद के प्रांतीय मंत्री रेवती रमण पाठक ने कहा शिगरिराज सुता अवलोकि जलंधर, ठान लई यहि मैं बरिहौं, यहु बेगहि छीनि कै शंकर से, निज चाहत पूरन करिहौंश, संचालन कर रहे डॉ. गणेश सिंह श्विद्यार्थीश् ने पढ़ा श्राह गुलों की न भाती मुझको, आह शूलों की बढ़ाती मुझको, अब गुहार करो या मनुहार करो, मत मेरी परवाह करोश, अध्यक्षता कर रहे संस्थापक नारायण प्रसाद रसिक ने पढ़ा श्दीप बनकर जिंदगी जिसकी जली है, उसको अंधेरा चीरकर उषा मिली हैश, डॉ. जी. के. द्विवेदी ने पढ़ा श्अब प्रवासी चल पड़े पैदल ही मेरे गांव के, लम्बा रास्ता नाप लेंगे, छाले उनके पाँव केश. कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र कृष्ण, बिष्णु कुमार खरे, शिवबाबू, पुजारी जगत प्रसाद, महेश पालीवाल, अखिलेश आदि उपस्थित रहे।

# रंगदारी मांगने के आरोप में भाजपा नेता ने सपा नगर अध्यक्ष पर दर्ज कराया मुकदमा

संवाददाता। कोंच (जालौन)

**भाजपा** नेता और सपा नगर अध्यक्ष के बीच शुक्रवार की शाम हुआ विवाद पुलिस के लिए परेशानी का सबब बन गया है और उसके माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई दे रही हैं। ये घटना पुलिस को किस तरह छका रही है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि किसने किसको मारा की तह में पहुंचने और मामले की हकीकत को जानने की कोशिश में रात भर वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालती रही। अब उन फुटेज में क्या मिला यह तो नहीं पता लेकिन मामला राजनीति से जुड़ा होने के कारण पुलिस फूंक फूंक कर कदम रख रही है। इन्हीं सब गतिविधियों के बीच शनिवार दोपहर पुलिस ने सपा अध्यक्ष के खिलाफ रंगदारी मांगने सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। दरअसल, शुक्रवार की देर शाम कोतवाली पुलिस के समक्ष एक ऐसा मामला पहुंचा जिसने पूरे पुलिस महकमे को चकरघिन्नी बना कर रख दिया। इसमें दो पक्षों में विवाद और मारपीट का मामला था। पुलिस के लिए परेशानी का सबब मारपीट की घटना नहीं बल्कि इसमें शामिल सियासत है। विवाद भाजपा के स्थानीय नेता नरेंद्र विश्वकर्मा और सपा नगर अध्यक्ष रिजवान मंसूरी उर्फ छोटू टाइगर के बीच हुआ जिसमें एक दूसरे पर मारपीट के आरोप लगाए गए। दोनों दलों के कमोवेश आधा सैकड़ा नेता और कार्यकर्ता आधी रात तक कोतवाली में जमे रहे। इस मामले ने पुलिस को परेशान करके रख दिया क्योंकि एक तरफ सत्ताधारी दल और दूसरी तरफ सपा नगर अध्यक्ष। सीओ शैलेंद्र कुमार वाजपेयी भी घंटों कोतवाली में जमे रहे। बताए गए घटनास्थल के आसपास पुलिस रात भर सीसीटीवी कैमरों में कैद फुटेज खंगालती रही। अब इन फुटेज में क्या मिला यह तो नहीं पता लेकिन भाजपा नेता की तहरीर पर सपा नगर अध्यक्ष छोटू के खिलाफ शनिवार की दोपहर घर में घुसकर मारपीट तथा रंगदारी मांगने की धाराओं में एफआईआर जरूर दर्ज हो गई। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पूर्व नगर अध्यक्ष रहे नरेंद्र विश्वकर्मा ने सपा नगर अध्यक्ष रिजवान मंसूरी उर्फ छोटू टाइगर के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है जिसमें रंगदारी में उनसे पच्चीस हजार रुपए मांगने के आरोप लगाए गए हैं। नरेंद्र ने बताया कि छोटू ने उनसे कहा कि उसके पास नरेंद्र के किसी महिला से संबंध होने के प्रमाण हैं। अगर वह बदनाम नहीं होना चाहते तो पच्चीस हजार रुपए दें। जब रुपए देने से मना किया तो उसने मारपीट कर दी।

# कमिश्नर साहब पानी बिना सूख रहे हैं हलक

● छह शिकायतों में एक भी शिकायत का नहीं हुआ थाना दिवस में निस्तारण

संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)

**नगर के** कोतवाली परिसर में आयोजित थाना दिवस मंडलायुक्त की मौजूदगी में संपन्न हुआ। आधा दर्जन शिकायती मामलों में एक भी मामले का मौके पर निस्तारण न होने से फरियादियों में मायूसी देखी गयी।

कुल 6 फरियादी मामले आए जिसमें एक भी मामले का निस्तारण मौके पर नहीं हो सका। ग्राम कमरिया के दर्जनों किसानों ने मंडलायुक्त से गुहार लगाई कि गांव के कुछ अराजक तत्वों ने बड़ी नहर को काटकर पाइप द्वारा पानी बाहर निकालने को लेकर शासन से मांग की थी लेकिन यदि ऐसा होता है तो उनकी सैकड़ों बीघा भूमि जलमग्न हो जाएगी उन्होंने



थाना दिवस में भाग लेते कमिश्नर व डीआईजी पायनियर

मामले की जांच पड़ताल कर उचित कार्यवाही की मांग की है। वही नगर के कांशी राम आवास कॉलोनी मराठी पुरा के बाशिंदों ने कॉलोनी का नलकूप खराब हो जाने के कारण पेयजल की किल्लत की शिकायत के अलावा सीवर लाईने लीकेज हो जाने के कारण संक्रमित बीमारियां मिलने का अंदेशा जता इन दोनों समस्याओं के निदान की मांग की है। इसके अलावा अन्य फरियादियों ने भी अपनी समस्याएं मंडलायुक्त के समक्ष रख उनके निदान की मांग की। इस मौके पर डीआईजी, जिला अधिकारी चंद्र भूषण त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक, उप जिला अधिकारी सुरेंद्र सिंह व पुलिस क्षेत्राधिकारी विवेक यादव समेत क्षेत्र के आला अधिकारी मौजूद रहे। वही बड़े अधिकारियों की मौजूदगी के बावजूद मौके पर आए एक भी मामले का निस्तारण न हो पाने से फरियादियों में मायूसी देखी। इधर मंडलायुक्त, डीआईजी, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के थाना दिवस से जाते ही स्थानीय अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

## महिला ने खाया जहर, उपचार हेतु ले जाते रास्ते में हुई मौत

**कोंच( जालौन )।** 32 वर्षीय एक महिला ने जहर खा लिया। उपचार हेतु झाँसी ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लौना निवासी किसान विजय सिंह अपने परिजनों के साथ नगर में बाबू पैलेस के समीप बने अपने मकान में रहता था।शुक्रवार की शाम करीब 3 बजे किसी बात को लेकर विजय सिंह की 32 वर्षीय पत्नी संतोषी देवी ने जहर खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई।वहीं हालत बिगड़ती देख परिजन उसे एक निजी नर्सिंग होम लेकर गये जहां गंभीर हालत देख चिकित्सक ने उसे झाँसी मेडिकल कॉलिज रिफर कर दिया।रास्ते में ही संतोषी की मौत हो गई।झाँसी मेडिकल कॉलिज के चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही झाँसी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मृतका संतोषी का मायका ग्राम गड़ेरना थाना रेंढ़र है।

# विद्यालय भवन जर्जर होने से पेड़ों के नीचे बैठने पर विवश हैं नौनिहाल

संवाददाता। सुमेरपुर (हमीरपुर)

**ग्राम बंडा** के प्राथमिक विद्यालय का भवन जर्जर होने से नौनिहाल पेड़ो के नीचे बैठकर शिक्षा गृहण करने पर मजबूर हैं, भवन निर्माण की सुधि न लेने पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि की शिकायत पर सांसद ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को भवन निर्माण को प्राथमिकता देने को कहा है ।

ग्राम बंडा के ग्रामीणों ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय का भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है, भवन की छत, दीवारें, फर्स आदि सब कुछ बेकार हो गया है,1990 में बना भवन बच्चो के लिए कभी भी अप्रिय हो सकता है, इसलिए बच्चो को कभी खुले आसमान के नीचे या कभी पेड़ो के नीचे बैठाकर पढ़ाई की जा रही है, किन्तु विभागीय अधिकारी भवन निर्माण की दिशा में कोई गौर नहीं कर



रहे हैं, विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिनेश गुप्ता ने जानकारी लेने पर बताया कि विद्यालय में 1से 5 तक के 160 छात्र अध्ययनरत है, छात्रों की सुरक्षा को ध्यान रखते हुए, गर्मी होने पर पेड़ो के नीचे तथा बरसात होने पर एकल कक्ष और बरामदे में बैठाकर पढ़ाई की जाती है, भवन जर्जर होने की जानकारी विभाग को पूर्व में दी जा चुकी है, गांव के प्रधान प्रतिनिधि महेंद्र सिंह ने बताया कि उन्होंने इस समस्या से दो दिन पूर्व सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल को अवगत कराया था तो उन्होने बेसिक शिक्षा अधिकारी को फोन करके भवन निर्माण को प्राथमिकता देने के लिए कहा है, आगे क्या होता है, भवन बनने की नौबत कब तक आती है या नहीं आती वक्त पर पता चलेगा।

# बारिश से नष्ट हुई फसल से परेशान किसान ने मदद की लगाई गुहार



**कोंच( जालौन )।** लगातार हो रही बारिश से किसानों की फसलें लगभग पूरी तरह बर्बाद हो चुकी हैं। यहां तक कि उनकी लागत भी घुटनों तक पानी से भरे खेतों में डूब गई है। ऐसे ही एक किसान देवगांव के रहने वाले परशुराम भी हैं जिनके करीब 25 बीघे खेत पूरी तरह जलमग्न हैं और उसमें बोई गई खरीफ की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। उन्होंने हुए नुकसान का मुआवजा और बीमा राशि दिलाने की मांग की है। परशुराम पुत्र रतन सिंह निवासी देवगांव ने शनिवार को एसडीएम कृष्ण कुमार सिंह को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनकी गाटा संख्या 120 रकवा 5.168 हेक्टेयर में सोयाबीन, मूंगफली, मूंग, अरहर व तिल की फसलें बोई गई हैं। कई दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से सभी फसलें जलमग्न हैं। इस पानी के कारण अधिकांश फसलें बर्बाद हो चुकी हैं और जो बची खुची हैं वे भी बर्बादी के कगार पर हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि नुकसान का स्थलीय सर्वेक्षण कराकर सरकारी इमदाद तथा बीमा राशि दिलाई जाए।

## क्विक न्यूज

### डिप्टी सीएम केशव मौर्य का चित्रकूट दौरा आज

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 25 सितम्बर को धर्म नगरी चित्रकूट के दौरे पर रहेगें।इस दौरान डिप्टी सीएम विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत कर पात्रों को योगी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देगें। भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 25 सितम्बर को सुबह 9बजकर 50मिनट पर हेलीकाप्टर से चित्रकूट पुलिस लाइन पहुंचेगें।इसके बाद 10 बजे लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में पार्टी पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से भेंट करेंगें।इसके बाद 11 बजे रामायण मेला परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कारोडों की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्साय करने के बाद पात्रों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओ से लाभान्वित करेंगें।

### दस एमबी के ट्रांसफार्मर में खराबी से ठप रही ढाई घंटे आपूर्ति

**जालौन (उरई)।** उरई मार्ग स्थित बिजली घर में रखे 10 एमवी के ट्रांसफार्मर में खराबी आ आने से नगर व ग्रामीण क्षेत्र की बिजली ढाई घंटे के लिए ठप रही। बिजली आपूर्ति ठप रहने से लोग पेयजल के लिए परेशान हुए। शनिवार की सुबह लगभग 7 बजे बिजलीघर में रखे 10 एमवी के ट्रांसफार्मर की क्लेम अचानक जल गई और ट्रांसफार्मर से तेल का रिसाव शुरू हो गया। ट्रांसफार्मर में आई खराबी के कारण उसे ठीक करने के लिए नगर व ग्रामीण क्षेत्र की बिजली बंद करनी पड़ी। ट्रांसफार्मर में आई खराबी को ठीक करने एवं क्लेम को बदलने में लगभग ढाई घंटे का समय लगा। जिसके चलते सुबह 7 बजे ठप हुई बिजली साढ़े 9 बजे के बाद ही बहाल हो सकी। जेई पैश्वनीराम, टीजीटू नरेंद्र सोलंकी की निगरानी में कर्मचारी सामीर अली, आलोक कुमार, मुजफ्फर ने खराबी को ठीक किया और ट्रांसफार्मर में हो रहे तेल रिसाव बंद किया। सुबह के समय ढाई घंटे के लिए बिजली बंद रहने से लोग पेयजल के लिए परेशान रहे।

### अहिल्या उद्धार लीला का हुआ शानदार मंचन

**जालौन (उरई)।** श्रीरामलीला समिति के तत्वावधान में चल रहे ऐतिहासिक रामलीला महोत्सव 2022 के मंचन में ताड़का वध व अहिल्या उद्धार की लीला का मंचन किया गया। जिसमें राजा दशरथ के साथ मुनि विश्वामित्र के संवाद का सुंदर मंचन हुआ। मंचन में ताड़का व उनके सेवक चिरपोटन के अभिनय को सभी दर्शकों ने जमकर सराहा। इसके अलावा नृत्यकार साहिल व पायल ने भी अपनी नृत्यकला से दर्शकों का मन मोह लिया।

### नाले में डूबकर मृत मोहन के परिवार को 50 हजार की मदद

**उरई (जालौन)।** मोहन सिंह निवासी तिलक नगर उरई विगत दिवस मलंगा नाला में डूब गया जिसे गोताखोरों द्वारा ढूढ़ने का प्रयास किया गया था लेकिन उसे बचाया नहीं जा सकता था। बाद में उसका शव नाले से बरामद किया गया था। उक्त घटना का संज्ञान जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने लिया था और फिर उन्होंने उक्त परिवार की दयनीय स्थिति देखते हुए मोहन सिंह की पत्नी सुनीता को रेडक्रॉस सोसाइटी से 50 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान कराई गई।

### एक किलो गांजा संग गिरफ्तार

**कोंच (जालौन)।** कोतवाली पुलिस ने एक व्यक्ति को एक किलो से अधिक गांजे के साथ गिरफ्तार कर लिया है। कोंच कोतवाली में पदस्थ दरोगा कमल किशोर ने शनिवार को गश्त के दौरान पंचानन चौराहे के समीप संदिग्ध अवस्था में खड़े अखिलेश ढीमर पुत्र खच्चू मूल निवासी ग्राम बिलाटी थाना एरच जिला झाँसी हाल निवासी आराजी लेन कोंच को रोक लिया।पुलिस ने जामातलाशी में अखिलेश के पास से एक किलो 100 ग्राम अबैध गांजा बरामद करते हुए उसके खिलाफएनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

### फ्लिपकार्ट बिग बिलियन डेज़ का धमाल

**लखनऊ।** फ्लिपकार्ट के सालाना प्रमुख आयोजन द बिग बिलियन डेज़ का नवां संस्करण समावेशन इनोवेशन और इंपैक्ट यानी प्रभाव की नई ऊंचाइयों तक पहुंच गया है जिससे लाखों भारतीय ग्राहकों और लाखों ब्रैंड्सए छोटे विक्रेताओंए कारीगरोंए किराना मालिकों और रोज़गार चाहने वाले लोगों को त्योहारों की खुशियां मिली हैं बीते वर्षों के दौरान त्योहारों के समय में होने वाली खरीदारी में काफी बदलाव हुए हैं ऐसे में टीबीबीडी ने ग्राहकों को पहुंच के लिहाज से आसानए किफायती और सुविधाजनक अनुभव सभी क्षेत्रों और सामाजिक.आर्थिक तबके के ग्राहकों को उपलब्ध कराया है इसके साथ ही उद्यमियों और ऑफलाइन कारोबारों को कारोबारी वृद्धि और आधुनिकीकरण के लिए ई.कॉमर्स अपनाने के फायदों को समझने का अवसर भी मिला ह। मंजरी सिंघल सीनियर डायरेक्टर कस्टमर ग्रोथ एंड इवेंट्सए फ्लिपकार्ट ने कहा बिग बिलियन डेज़ उन सबसे बड़े आयोजनों में से एक है।

## चलती बाइक से गिरने से आंगनबाड़ी कार्यकत्री की मौत

**कुसमिलिया ( जालौन )।** कानपुर-झांसी हाईवे पर सोमई रेलवे क्रासिंग के पास शनिवार सुबह चलती बाइक से गिरने से एक आंगनवाड़ी कार्यकत्री की मौत हो गई। महिला के साथ में मौजूद पति ने ग्रामीणों की मदद से जिला अस्पताल लाए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पति ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ दवा लेने सोमई जा रहे थे। तभी दुर्घटना घटित हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मुहाना निवासी हेमा 52 वर्ष शनिवार सुबह मोटरसाइकिल से अपने पति हीरा सिंह राजपूत पत्रकार के साथ एट थाना क्षेत्र के ग्राम सोमई दवा लेने जा रही थी। इस दौरान जब बाइक सवार दंपति झांसी-कानपुर रेल मार्ग की सोमई रेलवे क्रॉसिंग से गुजर रहे थे। तभी ब्रेकर पर रफ्तार तेज होने की वजह से चलती बाइक से हेमा गिर गई और उसका सिर फट गया। अचेत हालत में पति ने ग्रामीणों की मदद से उसको जिला अस्पताल लाये। जहां महिला को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# नौकरी दिलाने के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह के तीन आरोपी पुलिस गिरफ्त में

● उत्तराखंड,यूपी में फैला है गिरोह का संजाल,हर नौकरी का फिक्स कर रखा था रेट

संवाददाता। हमीरपुर

**नौकरी दिलाने** के नाम पर अब तक पंद्रह करोड़ की ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे में से हजारो रुपये नगदी,विभिन्न बैंको की चेकबुक के साथ साथ 190 व्यक्तियों के आधार व पेन कार्ड बरामद किये है। पुलिस अधीक्षक शुभम पटेल ने बताया कि मौदहा थाना क्षेत्र के मदारपुर गांव निवासी शहवाज खान से नौकरी दिलाने के नाम पर नामजद अभियुक्त इंतजार खान ने करीब तीन लाख रुपये लिये थे जब उसे नौकरी नही मिली तो



पुलिस हिरासत में आरोपी पायनियर

मौदहा थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी पुलिस ने मामले की छानबीन की जिसमे मौदहा क्षेत्र से अंकित त्रिपाठी निवासी लच्छीपुर थाना मल्लावा जिला हरदोई,सूरज कुमार निवासी ग्राम हरथला थाना सिविल लाइन जिला मुरादाबाद व इंतजार खान निवासी मधिया थाना मुगलसराय जिला चंदौली को गिरफ्तार किया गया जिनके पास से चार पहिया गांडी,चार लैपटाप,13 मोवाइल,अठारह विभिन्न बैंको की पास बूक,अगूठी लाकेट,विधायक का स्टीकर,दस मोवाइल सिम के अलावा 190 व्यक्तियों के फोटो आधार कार्ड,पेन कार्ड,सौ कंपनियों के लोगो,ज्वाइनिंग लेटर का फर्मेटसमेत ढेर सारा अवैध सामग्री बरामद की गयी है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इन्होने तीन साल में पूजा सिंह पत्नी सुबोध निवासी आवास विकास थाना कल्यानपुर जिला कानपुर से 38 लाख, अजीत निवासी ग्राम हरेवल थाना मल्लावा जिला हरदोई से 15 लाख,यतेंद्र निवासी ग्राम कालागढ़ उत्तराखंड से 70 लाख,दीपक नेगी निवासी ग्राम सिरौर उत्तराखंड से 9 लाख,अनुज उपाध्याय निवासी ग्राम बिलारीगढ़ जिला मुरादाबाद से तीस लाख,कैलाश ग्राम नंदाव थाना सरायमीर जिला आजमगढ़ से तीन लाख की ठगी का खुलासा पुलिस कर पायी है। इनके गैंग में अमित,अनुराग त्रिपाठी,अभिषेक पांडेय भी शामिल है जिसका तलाश पुलिस कर रही है। पुलिस ने बतायाा कि गैग के सदस्यों ने हर नौकरी का अलग अलग रेट फिक्स कर रखा था। बेरोजगार अभ्यर्थियों को बुलाकर अपनी बातो में फंसाकर उनसे पैसे ऐठे जाते थे। गैंग ने कथित तौर पर कानपुर में घंटाघर,रेलवे स्टेशन,गुजैनी,इनकम टैक्स आफिस में फर्जी ढंग से ट्रेनिंग भी दी जाती थी। पुलिस ने दावा किया है कि तीनो फरार आरोपियों की खोज जारी है।

## 96 घंटे से कैंथ में पसरा अंधेरा, फिर भी नहीं बदला गया ट्रांसफार्मर

**जालौन ( उरई )।** चार दिन से ट्रांसफार्मर फुंकने से गांव में अंधेरा पसरा है। लोग अपने मोबाइल फोन भी चार्ज नहीं कर पा रहे हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से ट्रांसफार्मर बदले जाने की मांग की है। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम कैथ में बिजली की आपूर्ति के लिए हनुमानजी के मंदिर के पास ट्रांसफार्मर रखा हुआ है। चार दिन पूर्व उक्त ट्रांसफार्मर अचानक से फुंक गया। ट्रांसफार्मर फुंकने से गांव की बिजली नहीं आ रही है। जिन लोगों के यहां इंवर्टर लगे थे वह भी कुछ घंटों के बाद जबाव दे गए। बिजली न आने से लोग इलेक्ट्रिक उपकरण उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। यहां तक कि गांव के लोग अपने मोबाइल चार्ज करने के लिए भी परेशान हैं। वह अपनों से जरूरी बात नहीं कर पा रहे हैं। गांव के रविंद्र, धर्मेंद्र कुमार, श्यामसुंदर, अवध नारायण आदि ने बताया कि ट्रांसफार्मर फुंकने से गांव के लोग परेशान हैं। दिन में गर्मी और रात में मच्छरों के प्रकोप के चलते लोग चौन की नींद भी नहीं ले पा रहे हैं। ट्रांसफार्मर को बदलवाने के लिए पिछले चार दिनों में कई बार बिजली विभाग को सूचित किया है। लेकिन अब तक ट्रांसफार्मर बदला नहीं गया है।